नमस्ते जी

ऋषि दयानंद द्वारा प्रचारित वैदिक विचारधारा ने सैकड़ो हृदय को क्रन्तिकारी विचारो से भर दिया | जो वेद उस काल में विचारो से भी भुला दिए गए थे | ऋषि दयानंद ने उन हृदयों को वेदों के विचारो से ओतप्रोत कर दिया और देश में वेद गंगा बहने लगी | ऋषि के अपने अल्प कार्य काल में समाज की आध्यात्मिक, सामाजिक, और व्यक्तिगत विचार धारा को बदल के रख दिया | ऋषि के बाद भी कही वर्षो तक यह परिपाटी चली पर यह वैचारिक परिवर्तन पुनः उसी विकृति की और लौट रहा है | और इसी विकृति को रोकने के लिए वैदिक विद्वान प्रो० राजेंद्र जी जिज्ञासु के सानिध्य में "पंडित लेखराम वैदिक मिशन" संस्था का जन्म हुआ है | इस संस्था का मुख्य उद्देश्य वेदों को समाज रूपी शरीर के रक्त धमनियों में रक्त के समान स्थापित करना है | यह कार्य ऋषि के जीवन का मुख्य उद्देश्य था और यही इस संस्था का भी मुख्य उद्देश्य है | संस्था के अन्य उद्देश्यों में सम्लित है साहित्य का सृजन करना | जो दुर्लभ आर्य साहित्य नष्ट होने की और अग्रसर है उस साहित्य को नष्ट होने से बचाना और उस साहित्य को क्रम बद्ध तरीके से हमारे भाई और बहनों के समक्ष प्रस्तुत करना जिससे उनकी स्वाध्याय में रूचि बढ़े और वे तुलनात्मक अध्यन कर सकें जिससे उनकी स्वधर्म में रुचि बढ़े और अन्य मत मतान्तरों की जानकारी उन्हें प्राप्त हो और वे विधर्मियो द्वारा लगाये जा रहे विभिन्न आक्षेपों का उत्तर दे सकें विधर्मियो से स्वयं भी बचें और अन्यो की भी सहयता करें | संस्था का उद्देश्य है समाज के समक्ष हमारे गौरव शाली इतिहास को प्रस्तुत करना जिससे हमारा रक्त जो ठंडा हो गया है वह पुनः गर्म हो सके और हम हमारे इतिहास पुरुषो का मान सम्मान करें और उनके बताये गये नीतिगत मार्ग पर चलें | संस्था का अन्य उद्देश्य गौ पालन और गौ सेवा को बढ़ावा देना जिससे पशुओ के प्रति प्रेम, दया का भाव बढ़े और इन पशुओ की हत्या बंद हो, समाज में हो रहे परमात्मा के नाम पर पाखण्ड, अन्धविश्वास, अत्याचार को जड़ से नष्ट करना और परमात्मा के शुद्ध वैदिक स्वरुप को समाज के समक्ष रखना, हमारे युवा शक्ति को अनेक भोग, विबिन्न व्यसनों, छल, कपट इत्यादि से बचाना |

इन कार्यो को हम अकेले पूरा करने का सामर्थ्य नहीं रखते पर, यह सारे कार्य है तो बड़े विशाल और व्यापक पर अगर संस्था को आप का साथ मिला तो बड़ी सरलता से पूर्ण किये जा सकते है | हमारा समजिक ढांचा ऐसा है की हम प्रत्येक कार्य की लिए एक दुसरे पर निर्भर है | आशा करते है की इस कार्य में आप हमारी तन, मन से साहयता करेंगे | संस्था द्वारा चलाई जा रही वेबसाइट www.aryamantavya.in और www.vedickranti.in पर आप संस्था द्वारा स्थापित संकल्पों सम्बन्धी लेख पड़ सकते है और भिन्न-भिन्न वैदिक साहित्य को निशुल्क डाउनलोड कर सकते है | कृपया स्वयं भी जाये और अन्यो को भी सूचित करे यही आप की हवी होंगी इस यज्ञ में जो आप अवश्य करेंगे यही परमात्मा से प्रार्थना करते है |

जिन सज्जनों के पास दुर्लभ आर्य साहित्य है एवं वे उसे संरक्षित करने में संस्था की सहायता करना चाहते हैं वो कृपया निम्न पते पर सूचित करें

ptlekhram@gmail.com

धन्यवाद !

पंडित लेखराम वैदिक मिशन

आर्य मंतव्य टीम

परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य-

श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना निर्मितम्

संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्वितम्

एकत्रिंशत्तमाध्यायतश्चत्वारिंशत्तमाध्यायपर्य्यन्तम्

अजमेरनगरे वैदिकयन्त्रालये मुद्रितम्

(चतुर्थो भागः)

संवत् १९६१

मूल्य २) डाक व्यय ।)

ओ३म्

अथैकत्रिंशत्तमाध्यायारम्भः

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद्भद्रं तन्न आसुव ॥ १ ॥

सहस्रशीर्षेत्यस्य नारायण ऋषिः। पुरुषो देवता।
निचृदनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

अथ परमात्मनउपासनास्तुतिपूर्वकं सृष्टिविद्याविषयमाह ॥
अब इकतीशवें अध्याय का आरम्भ है। उस के प्रथम मंत्र में परमात्मा की उपासना, स्तुतिपूर्वक सृष्टि विद्या के विषय को कहते हैं ॥

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात्। स भूमिꣳसर्वतः स्पृत्वाऽत्यतिष्ठद्दशाङ्गुलम् ॥ १ ॥

सहस्रशीर्षेति सहस्रऽशीर्षा। पुरुषः। सहस्राक्षऽइति सहस्रऽअक्षः। सहस्रपादिति सहस्रऽपात्। सः। भूमिम्। सर्वतः। स्पृत्वा। अति। अतिष्ठत्। दशाङ्गुलमिति दशऽअङ्गुलम् ॥ १ ॥

पदार्थः—(सहस्रशीर्षा) सहस्राण्यसङ्ख्यातानि शिरांसि यस्मिन् सः (पुरुषः) सर्वत्र पूर्णो जगदीश्वरः पुरुषः पुरिषादः पुरिशयः पूर्त्तेर्वा पूरयत्यन्तरित्यन्तरपुरुषमभिप्रेत्य॥ यस्मा-

स्परं नापरमस्ति किञ्चिद्यस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति किञ्चित्। वृक्षइव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येकस्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वमित्यपि निगमो भवति ॥ निरु० अ० २ । ख० ३ ।

(सहस्राक्षः) सहस्राण्यसंख्यान्यक्षीणि यस्मिन् सः (सहस्रपात्) सहस्राण्यसंख्याताःपादा यस्मिन् सः (सः) (भूमिम्) भूगोलम् (सर्वतः) सर्वस्माद्देशात् (स्पृत्वा) अभिव्याप्य (अति) उल्लङ्घने (अतिष्ठत्) तिष्ठति (दशाङ्गुलम्) पञ्चस्थूलसूक्ष्मभूतानि दशाङ्गुलान्यङ्गानि यस्य तज्जगत् ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यः सहस्रशीर्षा सहस्राक्षः सहस्रपात्पुरुषोऽस्ति स सर्वतो भूमिं स्पृत्वा दशाङ्गुलमत्यतिष्ठत्तमेवोपासीध्वम् ॥ १ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यस्मिन् पूर्णे परमात्मन्यस्मदादीनामसंख्यातानि शिरांस्यक्षीणि पादादीन्यङ्गानि च सन्ति यो भूम्याद्युपलक्षितं पञ्चभिः स्थूलैर्भूतैः सूक्ष्मैश्च युक्तं जगत् स्वसत्तया प्रपूर्य यत्र जगन्नास्ति तत्राऽपि पूर्णोऽस्ति तं सर्वनिर्मातारं परिपूर्णं सच्चिदानन्दस्वरूपं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं परमेश्वरं विहायाऽन्यस्योपासनं यूयं कदाचिन्नैव कुरुत किन्त्वस्योपासनेन धर्मार्थकाममोक्षानलं कुरुत ॥ १ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (सहस्रशीर्षा) सब प्राणियों के हजारों शिर (सहस्राक्षः)हजारों नेत्र और (सहस्रपात्) असङ्ख्य पाद जिस के बीच में हैं ऐसा (पुरुषः) सर्वत्र परिपूर्ण व्यापक जगदीश्वर है (सः) वह (सर्वतः) सब देशों से (भूमिम्) भूगोल में (स्पृत्वा) सब ओर से व्याप्त हो के

(दशाङ्गुलम्) पांच स्थूल भूत पांच सूक्ष्म भूत ये दश जिस के अवयव हैं उस सब जगत् को (अति, अतिष्ठत्) उल्लंघकर स्थित होता अर्थात् सब से पृथक् भी स्थिर होता है ॥ १ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जिस पूर्ण परमात्मा में हम मनुष्य आदि के असंख्य शिर आंखें और पग आदि अवयव हैं जो भूमि आदि से उपलक्षित हुए पांच स्थूल और पांच सूक्ष्म भूतों से युक्त जगत् को अपनी सत्ता से पूर्ण कर जहां जगत नहीं वहां भी पूर्ण हो रहा है उस सब जगत के बनाने वाले परिपूर्ण सच्चिदानन्द स्वरूप, नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्तस्वभाव परमेश्वर को छोड़ के अन्य की उपासना तुम कभी न करो किन्तु उस ईश्वर की उपासना से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त करो ॥ १ ॥

पुरुष इत्यस्य नारायण ऋषिः । ईशानो देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

पुरु॑ष एवेदᳬ सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्य॑म् । उ॒ता मृ॑त॒त्वस्येशा॑नो॒ यदन्ने॑नाति॒रोह॑ति ॥ २ ॥

पुरु॑षः । एव । इदम् । सर्व॑म् । यत् । भूतम् । यत् । च । भाव्य॑म् । उ॒त । अमृतत्वस्येत्य॑मृत॒ऽत्वस्य॑ । ईशा॑नः । यत् । अन्ने॑न । अतिरोहतीत्य॑ति॒ऽरोह॑ति ॥ २ ॥

पदार्थः—(पुरुषः) सत्यैर्गुणकर्मस्वभावैः परिपूर्णः (एव) (इदम्) प्रत्यक्षाऽप्रत्यक्षात्मकं जगत् (सर्वम्) सम्पूर्णम् (यत्) (भूतम्) उत्पन्नम् (यत्) (च) (भाव्यम्) उत्पत्स्यमानम् (उत) अपि (अमृतत्वस्य)

अविनाशिनो मोक्षसुखस्य कारणस्य वा (ईशानः) अधिष्ठाता (यत्) (अन्नेन) पृथिव्यादिना (अतिरोहति) अत्यन्तं वर्द्धते ॥ २॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यद्भूतं यच्च भाव्यमुतापि यदन्नेनाऽतिरोहति तदिदं सर्वममृतत्वस्येशानः पुरुष एव रचयति ॥ २ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! येनेश्वरेण यदा यदा सृष्टिरभूत्तदा तदा निर्मिता इदानीं धरति पुनर्विनाश्य रचयिष्यति यदाधारेण सर्वं वर्त्तते वर्द्धते च तमेव परेशं परमात्मानमुपासीध्वं नाऽस्मादितरम् ॥ २ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यत्) जो (भूतम्) उत्पन्न हुआ (च) और (यत्) जो (भाव्यम्) उत्पन्न होने वाला (उत) और (यत्) जो (अन्नेन) पृथिवी आदि के सम्बन्ध से (अतिरोहति) अत्यन्त बढ़ता है उस (इदम्) इस प्रत्यक्ष परोक्ष रूप (सर्वम्) समस्त जगत् को (अमृतत्वस्य) अविनाशी मोक्ष सुख वा कारण का (ईशानः) अधिष्ठाता (पुरुषः) सत्य गुण कर्म स्वभावों से परिपूर्ण परमात्मा (एव) ही रचता है ॥ २ ॥

भावार्थः— हे मनुष्यो ! जिस ईश्वर ने जब २ सृष्टि हुई तब २ रची इस समय धारण करता फिर विनाश करके रचेगा। जिस के आधार से सब वर्त्तमान है और बढ़ता है उसी सब के स्वामी परमात्मा की उपासना करो इस से भिन्न की नहीं ॥ २ ॥

एतावानित्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

एतावा॑नस्य महि॒मातो॒ ज्याया॑ꣳश्च॒ पूरु॑षः । पादो॑ऽस्य॒ विश्वा॑ भू॒तानि॑ त्रिपाद॑स्या॒मृतं॑ दि॒वि ॥ ३ ॥

एतावा॑न् । अस्य॒ । म॒हि॒मा । अत॑: । ज्याया॑न् । च॒ । पूरु॑षः । पुरु॑षुऽइति॒ पुरु॑षः । पाद॑: । अ॒स्य॒ । वि॒श्वा॑ । भू॒तानि॑ । त्रि॒पादिति॑ त्रि॒ऽपात् । अ॒स्य॒ । अ॒मृत॑म् । दि॒वि ॥ ३ ॥

पदार्थः—(एतावान्) दृश्यादृश्यं ब्रह्माण्डरूपम् (अस्य) जगदीश्वरस्य (महिमा) माहात्म्यम् (अतः) अस्मात् (ज्यायान्) अतिशयेन प्रशस्तो महान् (च) (पूरुषः) परिपूर्णः (पादः) एकोंऽशः (अस्य) (विश्वा) विश्वानि सर्वाणि (भूतानि) पृथिव्यादीनि (त्रिपात्) त्रयः पादा यस्मिन् (अस्य) जगत्स्रष्टुः (अमृतम्) नाशरहितम् (दिवि) द्योतनात्मके स्वस्वरूपे ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! अस्य परमेश्वरस्यैतावान्महिमाऽतोऽयं पूरुषो ज्यायानस्य च विश्वा भूतान्येकः पादोऽस्य त्रिपादमृतं दिवि वर्त्तते ॥ ३ ॥

भावार्थः—इदं सर्वं सूर्यचन्द्रादिलोकलोकान्तरं चराचरं यावज्जगदस्ति तच्चित्रविचित्ररचनानुमानेनेश्वरस्य महत्त्वं सम्पाद्योत्पत्तिस्थितिप्रलयरूपेण कालत्रये ह्रासवृद्ध्यादिनाऽपि परमेश्वरस्य चतुर्थांशे तिष्ठति नैवास्य तुरीयांशस्याप्यवधिं प्राप्नोति । अस्य सामर्थ्यस्यांशत्रयं स्वे ऽविनाशिनि मोक्षस्वरूपे सदैव वर्त्तते नानेन कथनेन तस्याऽनन्तत्वं विहन्यते किन्तु जगदपेक्षया तस्य महत्त्वं जगतोन्यूनत्वञ्च ज्ञाप्यते ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (अस्य) इस जगदीश्वर का (एतावान्) यह दृश्य अदृश्य ब्रह्माण्ड (महिमा) महत्त्व सूचक है (अतः) इस ब्रह्माण्ड से यह (पूरुषः) परिपूर्ण परमात्मा (ज्यायान्) अतिप्रशंसित और बड़ा है (च)

और (अस्य) इस ईश्वर के (विश्वा) सब (भूतानि) पृथिव्यादि चराचर जगत् एक (पादः) अंश है और (अस्य) इस जगत् स्रष्टा का (त्रिपाद्) तीन अंश (अमृतम्) नाशरहित महिमा (दिवि) द्योतनात्मक अपने स्वरूप में है॥ ३॥

भावार्थः-यह सब सूर्य्य चन्द्रादि लोकलोकान्तर चराचर जितना जगत् है वह सब चित्र विचित्र रचना के अनुमान से परमेश्वर के महत्व को सिद्ध कर उत्पत्ति स्थिति और प्रलय रूप से तीनों काल में घटने बढ़ने से भी परमेश्वर के एक चतुर्थांश में ही रहता किन्तु इस ईश्वर के चौथे अंश की भी अवधि को नहीं पाता। और इस ईश्वर के सामर्थ्य के तीन अंश अपने अविनाशि मोक्षस्वरूप में सदैव रहते हैं। इस कथन से उस ईश्वर का अनन्त पन नहीं बिगड़ता किन्तु जगत् की अपेक्षा उस का महत्व और जगत् का न्यूनत्व जाना जाता है॥ ३॥

त्रिपादित्यस्य नारायण ऋषिः। पुरुषो देवता।

अनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥

फिर उसी वि०॥

त्रिपादूर्ध्व उदैत्पुरुषः पादोऽस्येहाभवत्पुनः।
ततो विष्वङ् व्यक्रामत्साशनानशने अभि॥ ४॥

त्रिपादिति त्रिऽपात्। ऊर्ध्वः। उत्। ऐत्। पुरुषः। पादः। अस्य। इह। अभवत्। पुनरिति पुनः। ततः। विष्वङ्। वि। अक्रामत्। साशनानशने इति साशनानशने। अभि॥ ४॥

पदार्थः-(त्रिपात्) त्रयः पादा अंशा यस्य सः (ऊर्ध्वः) सर्वेभ्य उत्कृष्टः संसारात् पृथक् मुक्तिरूपः (उत्) (ऐत्) उदेति

(पुरुषः) पालकः (पादः) एको भागः (अस्य) (इह) जगति (अभवत्) भवति (पुनः) पुनः पुनः (ततः) ततोऽनन्तरम् (विष्वङ्) यो विषु सर्वत्राञ्चति प्राप्नोति (वि) विशेषेण (अक्रामत्) व्याप्नोति (साशनानशने) अशनेन भोजनेन सह वर्त्तमानं साशनं न विद्यतेऽशनं यस्य तदशनं साशनञ्चानशनञ्च ते प्राण्यप्राणिनौ (अभि) अभिलक्ष्य ॥ ४ ॥

अन्वयः—पूर्वोक्तस्त्रिपात्पुरुष ऊर्ध्व उदैत् । अस्य पाद इह पुनरभवत् । ततः साशनानशने अभि विष्वङ् सन् व्यक्रामत् ॥ ४ ॥

भावार्थः—अयं परमेश्वरः कार्य्यजगतः पृथगंशत्रयेण प्रकाशितः सन् एकांशस्वसामर्थ्येन सर्वं जगत्पुनः पुनरुत्पादयति पश्चात् तस्मिन् चराऽचरे जगति व्याप्य तिष्ठति ॥ ४ ॥

पदार्थः—पूर्वोक्त (त्रिपात्) तीन अंशों वाला (पुरुषः) पालक परमेश्वर (ऊर्ध्वः) सब से उत्तम मुक्तिस्वरूप संसार से पृथक् (उत्, ऐत्,) उदय को प्राप्त होता है (अस्य) इस पुरुष का (पादः) एक भाग (इह) इस जगत् में (पुनः) वार २ उत्पत्ति प्रलय के चक्र से (अभवत्) होता है (ततः) इस के अनन्तर (साशनानशने) खाने वाले चेतन और न खाने वाले जड इन दोनों के (अभि) प्रति (विष्वङ्) सर्वत्र प्राप्त होता हुआ (वि, अक्रामत्) विशेष कर व्याप्त होता है ॥ ४ ॥

भावार्थः—यह पूर्वोक्त परमेश्वर कार्य जगत् से पृथक् तीन अंश से प्रकाशित हुआ एक अंश अपने सामर्थ्य से सब जगत् को वार २ उत्पन्न करता है पीछे उस चराचर जगत् में व्याप्त हो कर स्थित है ॥ ४ ॥

ततो विराडित्यस्य नारायण ऋषिः । स्रष्टा देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

ततो॑ वि॒राड॑जायत वि॒राजो॒ अधि॒ पूरु॑षः । स जा॒तो अत्य॑रिच्यत प॒श्चाद्भूमि॒मथो॑ पु॒रः ॥५॥

ततः॑ । वि॒राडिति॑ वि॒ऽराट् । अ॒जा॒य॒त॒ । वि॒राज॒ऽ इति॑ वि॒ऽराजः॑ । अधि॑ । पूरु॑षः । पुरु॑ष॒ऽ इति॒ पुरु॑षः । सः । जा॒तः । अति॑ । अ॒रि॒च्य॒त॒ । प॒श्चात् । भूमि॑म् । अथो॒ऽ इत्यथो॑ । पु॒रः ॥ ५ ॥

पदार्थः—(ततः) तस्मात्पूर्णादादिपुरुषात् (विराट्) विविधैः पदार्थैं राजते प्रकाशते स विराट् ब्रह्माण्डरूपः (अजायत) जायते (विराजः) (अधि) उपरि अधिष्ठाता (पूरुषः) परिपूर्णः परमात्मा (सः) (जातः) प्रादुर्भूतः (अति) (अरिच्यत) अतिरिक्तो भवति (पश्चात्) (भूमिम्) (अथो) (पुरः) पुरस्ताद्वर्त्तमानः ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्यास्ततो विराडजायत विराजो अधि पूरुष अथो स पुरो जातोऽत्यरिच्यत पश्चाद्भूमिं जनयति तं विजानीत ॥ ५ ॥

भावार्थः—परमेश्वरादेव सर्वं समष्टिरूपं जगज्जायते स च तस्मात्पृथग्भूतो व्याप्तोऽपि तत्कल्मषालिप्तोऽस्य सर्वस्याधिष्ठाता भवति । एवं सामान्येन जगन्निर्माणमुक्त्वा विशेषतया भूम्यादिनिर्माणं क्रमेणाच्यते ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (ततः) उस सनातन पूर्ण परमात्मा से (विराट्) विविध प्रकार के पदार्थों से प्रकाशमान विराट् ब्रह्माण्डरूप संसार (अजायत) उत्पन्न होता (विराजः) विराट् संसार के (अधि) ऊपर अधिष्ठाता (पूरुषः) परिपूर्ण परमात्मा होता है (अथो) इस के अनन्तर (सः) वह पुरुष (पुरः) पहिले से (जातः) प्रसिद्ध हुआ (अति, अरिच्यत) जगत् से अतिरिक्त होता है (पश्चात्) पीछे (भूमिम्) पृथिवी को उत्पन्न करता है उस को जानो ॥ ५ ॥

भावार्थः—परमेश्वर ही से सब समष्टिरूप जगत् उत्पन्न होता है वह उस जगत् से पृथक् उस में व्याप्त भी हुआ उस के दोषों से लिप्त न होके इस सब का अधिष्ठाता है। इस प्रकार सामान्य कर जगत् की रचना कह के विशेष कर भूमि आदि की रचना को क्रम से कहते हैं ॥ ५ ॥

तस्मादित्यस्य नारायण ऋषिः पुरुषो देवता ।
विराडनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह
फिर उसी वि० ॥

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः सम्भृतं पृषदाज्यम् । पशूँस्ताँश्चक्रे वायव्यानारण्या ग्राम्याश्च ये ॥ ६ ॥

तस्मात् । यज्ञात् । सर्वहुत इति सर्वऽहुतः । सम्भृतमिति सम्ऽभृतम् । पृषदाज्यमिति पृषत्ऽआज्यम् । पशून् । तान् । चक्रे । वायव्यान् । आरण्याः । ग्राम्याः । च । ये ॥ ६ ॥

पदार्थः—(तस्मात्) पूर्वोक्तात् (यज्ञात्) पूजनीयात् पुरुषात् (सर्वहुतः) सर्वैर्हूयत आदीयते तस्मात् (सम्भृतम्) सम्यक् सिद्धं जातम् (पृषदाज्यम्) दध्याज्यादि भोज्यंवस्तु (पशून्) (तान्) (चक्रे) करोति (वायव्यान्) वायुवद्गुणान्

(आरण्याः) अरण्ये भवाः सिंहादयः (ग्राम्याः) ग्रामे भवा गवादयः (च) (ये) ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्यास्तस्मात्सर्वहुतो यज्ञात्सर्वं पृषदाज्यं सम्भृतं य आरण्या ग्राम्याश्च तान् वायव्यान् पशून् यश्चक्रे तं विजानीत ॥ ६ ॥

भावार्थः—येन सर्वैर्ग्रहीतव्येन पूज्येन जगदीश्वरेण सर्वजगद्धिताय दध्यादिभोग्यं वस्तु ग्रामस्था वनस्थाश्च पशवो निर्मितास्तं सर्वे उपासीरन्॥६॥

पदार्थः- हे मनुष्यो! (तस्मात्) उस पूर्वोक्त (सर्वहुतः) जो सब से ग्रहण किया जाता उस (यज्ञात्) पूजनीय पुरुष परमात्मा से सब (पृषदाज्यम्) दध्यादि भोगने योग्य वस्तु (सम्भृतम्) सम्यक् सिद्ध उत्पन्न हुआ (ये) जो(अरण्याः) वन के सिंह आदि (च) और (ग्राम्याः) ग्राम में हुए गौ आदि हैं (तान) उन (वायव्यान्) वायु के तुल्य गुणों वाले (पशून्) पशुओं को जो (चक्रे) उत्पन्न करता है उस को तुम लोग जानो ॥ ६॥

भावार्थः-- जिस सब को ग्रहण करने योग्य, पूजनीय परमेश्वर ने सब जगत् के हित के लिये दही आदि भोगने योग्य पदार्थों और ग्राम के तथा वन के पशु बनाये हैं उस की सब लोग उपासना करो ॥ ६ ॥

तस्मादित्यस्य नारायण ऋषिः। स्रष्टेश्वरो देवता।
अनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

तस्माद्यज्ञात्सर्वहुत ऋचः सामानि जज्ञिरे।
छन्दांᳬसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत॥७॥

तस्मात् । यज्ञात् । सर्वहुत इति सर्वऽहुतः । ऋचः । सामानि । जज्ञिरे । छन्दांᳫसि । जज्ञिरे । तस्मात् । यजुः । तस्मात् । अजायत ॥ ७ ॥

पदार्थः—(तस्मात्) पूर्णात् (यज्ञात्) पूजनीयतमात् (सर्वहुतः) सर्वे जुह्वति सर्वं समर्पयन्ति वा यस्मै (ऋचः) ऋग्वेदः (सामानि) सामवेदः (जज्ञिरे) जायन्ते (छन्दांसि) अथर्ववेदः (जज्ञिरे) (तस्मात्) परमात्मनः (यजुः) यजुर्वेदः (तस्मात्) (अजायत) जायते ॥ ७ ॥

अन्वयः— हे मनुष्या ! युष्माभिस्तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः परमात्मन ऋचः सामानि जज्ञिरे तस्माच्छन्दांᳫसि जज्ञिरे तस्माद्यजुरजायत स विज्ञातव्यः ॥ ७ ॥

भावार्थः— हे मनुष्या ! भवन्तो यस्मात्सर्वे वेदा जायन्ते तं परमात्मानमुपासीरन् वेदांश्चाधीयीरन्तदाज्ञानुकूलं च वर्त्तित्वा सुखिनो भवन्तु ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम को चाहिये कि (तस्मात्) उस पूर्ण (यज्ञात्) अत्यन्त पूजनीय (सर्वहुतः) जिस के अर्थ सब लोग समस्त पदार्थों को देते वा समर्पण करते उस परमात्मा से (ऋचः) ऋग्वेद (सामानि) सामवेद (जज्ञिरे) उत्पन्न होते (तस्मात्) उस परमात्मा से (छन्दांसि) अथर्ववेद (जज्ञिरे) उत्पन्न होता और (तस्मात्) उस पुरुष से (यजुः) यजुर्वेद (अजायत) उत्पन्न होता है उस को जानो ॥ ७ ॥

भावार्थः— हे मनुष्यो ! आप लोग जिस से सब वेद उत्पन्न हुए हैं उस परमात्मा की उपासना करो वेदों को पढ़ो और उस की आज्ञा के अनुकूल वर्त्त के सुखी होओ ॥ ७ ॥

तस्मादित्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

तस्मादश्वां अजायन्त ये के चोभयादतः ।
गावो ह जज्ञिरे तस्मात्तस्माज्जाता अजावयः ॥८॥

तस्मात् । अश्वाः । अजायन्त । ये । के । च । उभयादतः । उभयादत इत्युभयऽदतः । गावः । ह । जज्ञिरे । तस्मात् । तस्मात् । जाताः । अजावयः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(तस्मात्) परमेश्वरात् (अश्वाः) तुरङ्गाः (अजायन्त) उत्पन्नाः (ये) (के) (च) गर्दभादयः (उभयादतः) उभयोरधऊर्ध्वभागयोर्दन्ता येषान्ते (गावः) धेनवः । गाव इत्युपलक्षणमेकदताम् (ह) किल (जज्ञिरे) उत्पन्नाः (तस्मात्) (तस्मात्) (जाताः) उत्पन्नाः (अजावयः) अजाश्चावयश्च ते ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! युष्माकमश्वा ये के चोभयादतः सन्ति ते तस्मादजायन्त । तस्माद्गावो ह जज्ञिरे तस्मादजावयो जाता इति वेद्यम् ॥ ८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यूयं गवाश्वादयो ग्राम्याः सर्वे पशवो यस्मात्समालनात्पूर्णात्पुरुषादेवोत्पन्नास्तस्याज्ञोल्लङ्घनं कदापि मा कुरुत ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम को (अश्वाः) घोड़े तथा (ये) जो (के) कोई (च) गदहा आदि (उभयादतः) दोनों ओर ऊपर नीचे दांतों वाले

हैं वे (तस्मात्) उस परमेश्वर से (अजायन्त) उत्पन्न हुए (तस्मात्) उसी से (गावः) गौयें (यह एक ओर दांत वालों का उपलक्षण है इस से अन्य भी एक ओर दांत वाले लिये जाते हैं) (ह) निश्चय कर (जज्ञिरे) उत्पन्न हुए और (तस्मात्) उस से (अजावयः) बकरी भेड़ (जाताः) उत्पन्न हुए हैं इस प्रकार जानना चाहिये ॥ ८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! तुम लोग गौ घोड़े आदि ग्राम के सब पशु जिस सनातन-पूर्ण पुरुष परमेश्वर से ही उत्पन्न हुए हैं उस की आज्ञा का उलङ्घन कभी मत करो ॥ ८ ॥

तं यज्ञमित्यस्य नारायण ऋषिः पुरुषो देवता ।
निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेवविषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

**तं युज्ञं बुर्हिषि प्रौक्षन्पुरुषं जातमंग्रतः । ते-
नं देवा अंयजन्त साध्या ऋषंयश्च ये ॥ ९ ॥**

तम् । युज्ञम् । बुर्हिषि । प्र । औक्षन् । पुरुषम् । जातम् । अग्रतः । तेनं । देवाः । अयजन्त । साध्याः । ऋषयः । च । ये ॥ ९ ॥

पदार्थः—(तम्) उक्तम् (यज्ञम्) संपूजनीयम् (बर्हिषि) मानसे ज्ञानयज्ञे (प्र) प्रकर्षेण (औक्षन्) सिञ्चन्ति (पुरुषम्) पूर्णम् (जातम्) प्रादुर्भूतञ्जगत्कर्त्तारम् (अग्रतः) सृष्टेः प्राक् (तेन) तदुपदिष्टेन वेदेन (देवाः) विद्वांसः (अयजन्त) पूजयन्ति (साध्याः) साधनं योगाभ्यासादिकं कुर्वन्तो ज्ञानिनः (ऋषयः) मन्त्रार्थविदः (च) (ये) ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! ये देवाः साध्या ऋषयश्च यमग्रतो जातं यज्ञं पुरुषं बर्हिषि प्रौक्षन् त एव तेनायजन्त च तं यूयं विजानीत ॥ ९ ॥

भावार्थः-विद्वद्भिर्मनुष्यैः सृष्टिकर्त्तेश्वरो योगाभ्यासादिना सदा हृदयान्तरिक्षे ध्यातव्यः पूजनीयश्च ॥ ९ ॥

पदार्थः-हे मनुष्यो! (ये) जो (देवाः) विद्वान् (च) और (साध्याः) योगाभ्यास आदि साधन करते हुए (ऋषयः) मन्त्रार्थ जानने वाले ज्ञानी लोग जिस (अग्रतः) सृष्टि से पूर्व (जातम्) प्रसिद्ध हुए (यज्ञम्) सम्यक् पूजने योग्य (पुरुषम्) पूर्ण परमात्मा को (बर्हिषि) मानस ज्ञान यज्ञ में (प्र, औक्षन्) सींचते अर्थात् धारण करते हैं वेही (तेन) उस के उपदेश किए हुए वेद से और (अयजन्त) उस का पूजन करते हैं (तम्) उस को तुम लोग भी जानो ॥ ९ ॥

भावार्थः—विद्वान् मनुष्यों को चाहिये कि सृष्टिकर्त्ता ईश्वर का योगाभ्यासादि से सदा हृदय रूप अवकाश में ध्यान और पूजन किया करें ॥ ९ ॥

यत्पुरुषमित्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यत्पुरु॑षं॒ व्यद॑धुः कति॒धा व्य॑कल्पयन् । मुखं॒ किम॑स्यासी॒त्किम्बा॒हू किमू॒रू पादा॑ उच्येते॥१०॥

यत् । पुरु॑षम् । वि । अद॑धुः । क॒ति॒धा । वि । अ॒क॒ल्प॒य॒न् । मुखम् । किम् । अ॒स्य॒ । आ॒सी॒त् । किम् । बा॒हऽइति॑ बा॒हू । किम् । उ॒रूऽइत्यू॒रू । पादौ॑ । उ॒च्ये॒ते॒ऽ इत्यु॑च्येते ॥ १० ॥

पदार्थः-(यत्) यम् (पुरुषम्) पूर्णम् (वि) विविधप्रकारेण (अदधुः) धरन्ति (कतिधा) कतिप्रकारैः (वि) विशेषेण (अकल्पयन्) कथयन्ति (मुखम्) मुखस्थानीयं श्रेष्ठम् (किम्) (अस्य) पुरुषस्य(आसीत्) अस्ति (किम्) (बाहू) भुजबलभृत् (किम्) (ऊरू) जानुन ऊर्द्ध्वावयवस्थानीयम्(पादौ)नीचस्थानीयम् (उच्येते) ॥ १० ॥

अन्वयः-हेविद्वांसो! भवन्तो यद्यं पुरुषं व्यदधुस्तं कतिधा व्यकल्पयन्नस्य सृष्टौ मुखं किमासीद्बाहू किमुच्येते । ऊरू पादौ च किमुच्येते ॥ १० ॥

भावार्थः-हे विद्वांसोऽत्र संसारेऽसंख्यं सामर्थ्यमीश्वरस्यास्तितत्र समुदाये मुखमुत्तमाङ्गं बाह्वादीनि चाङ्गानि कानि सन्ति इति ब्रूत ॥ १० ॥

पदार्थः-हे विद्वान् लोगो ! आप (यत्) जिस (पुरुषम्) पूर्ण परमेश्वर को (वि, अदधुः) विविधप्रकार से धारण करते हो उस को (कतिधा) कितने प्रकार से (वि, अकल्पयन्) विशेष कर कहते हैं और (अस्य) इस ईश्वर की सृष्टि में (मुखम्) मुख के समान श्रेष्ठ (किम्) कौन (आसीत्) है (बाहू भुजबल का धारण करने वाला (किम्) कौन (ऊरू) घोटूं के कार्य्य करने हारे और(पादौ) पांव के समान नीच (किम्) कौन (उच्येते) कहे जाते हैं ॥१०॥

भावार्थः—हे विद्वानों!इस संसार में असंख्य सामर्थ्य ईश्वर का हैउस समुदाय में उत्तम अंग मुख और बाहू आदि अंग कौन हैं ? यह कहिये ॥ १० ॥

ब्राह्मण इत्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः ।
ऊरू तदस्य यद्वैश्यः पद्भ्याᳬ शूद्रो अजायत ॥११॥

ब्राह्मणः । अस्य । मुखम् । आसीत् । बाहूऽइति बाहू । राजन्यः । कृतः । ऊरूऽइत्यूरू । तत् । अस्य । यत् । वैश्यः । पद्भ्यामिति पत्ऽभ्याम् । शूद्रः । अजायत ॥११॥

पदार्थः--(ब्राह्मणः) वेदेश्वरविदनयोः सेवक उपासको वा (अस्य) ईश्वरस्य (मुखम्) मुखमिवोत्तमः (आसीत्) अस्ति (बाहू) भुजाविव बलवीर्य्ययुक्तः (राजन्यः) राजपुत्रः (कृतः) निष्पन्नः (ऊरू) ऊरूइव वेगादिकर्मकारी (तत्) (अस्य) (यत्) (वैश्यः) यो यत्र तत्र विशति प्रविशति तदपत्यम् (पद्भ्याम्) सेवानिरभिमानाभ्याम् (शूद्रः) मूर्खत्वादि गुणविशिष्टो मनुष्यः (अजायत) जायते ॥ ११ ॥

अन्वयः--हे जिज्ञासवो! यूयमस्य सृष्टौ ब्राह्मणो मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतो यदूरू तदस्य वैश्य आसीत्पद्भ्यां शूद्रोजायतेत्युत्तराणि यथाक्रमं विजानीत ॥ ११ ॥

भावार्थः - ये विद्याशमदमादिषूत्तमेषु गुणेषु मुखमिवोत्तमास्ते ब्राह्मणाः । येऽधिकवीर्य्या बाहुवत्कार्य्यसाधकास्ते क्षत्रियाः । ये

व्यवहारविद्याकुशलास्ते वैश्या ये च सेवायां साधवो विद्याहीनाः पादाविव मूर्खत्वादिनीचगुणयुक्तास्ते शूद्राः कार्य्या मन्तव्याश्च ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे जिज्ञासु लोगो ! तुम (अस्य) इस ईश्वर की सृष्टि में (ब्राह्मणः) वेद ईश्वर का ज्ञाता इन का सेवक वा उपासक (मुखम्) मुख के तुल्य उत्तम ब्राह्मण (आसीत्) है (बाहू) भुजाओं के तुल्य बल पराक्रमयुक्त (राजन्यः) रजपूत (कृतः) किया (यत्) जो (ऊरू) जांघों के तुल्य वेगादि काम करने वाला (तत्) वह (अस्य) इस का (वैश्यः) सर्वत्र प्रवेश करने हारा वैश्य है (पद्भ्याम्) सेवा और अभिमान रहित होने से (शूद्रः) मूर्खपन आदि गुणों से युक्त शूद्र (अजायत) उत्पन्न हुआ ये उत्तर क्रम से जानो ॥ ११ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य विद्या और शमदमादि उत्तम गुणों में मुख के तुल्य उत्तम हों वे ब्राह्मण, जो अधिक पराक्रम वाले भुजा के तुल्य कार्य्यों को सिद्ध करने हारे हों वे क्षत्रिय, जो व्यवहार विद्या में प्रवीण हों वे वैश्य और जो सेवा में प्रवीण विद्याहीन पगों के समान मूर्खपन आदि नीच गुणयुक्त हैं वे शूद्र करने और मानने चाहियें ॥ ११ ॥

चन्द्रमाइत्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

चन्द्रमा मनसो जातश्चक्षोः सूर्यो अजायत । श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायत ॥ १२ ॥

चन्द्रमाः । मनसः । जातः । चक्षोः । सूर्यः । अजायत । श्रोत्रात् । वायुः । च । प्राणः । च । मुखात् । अग्निः । अजायत ॥ १२ ॥

पदार्थः—(चन्द्रमाः) चन्द्रलोकः (मनसः) मननशीलात्सामर्थ्यात् (जातः) (चक्षोः) ज्योतिःस्वरूपात् (सूर्यः) सूर्यलोकः (अजायत) जातः (श्रोत्राद्)श्रोत्रावकाशरूपसामर्थ्यात् (वायुः) (च) आकाशप्रदेशाः (प्राणः) जीवननिमित्तः (च) (मुखात्) मुख्यज्योतिर्मयाद्भक्षणरूपात् (अग्निः) पावकः (अजायत) ॥१२॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! अस्य ब्रह्मणः पुरुषस्य मनसश्चन्द्रमा जातश्चक्षोः सूर्योऽजायत श्रोत्राद्वायुश्च प्राणश्च मुखादग्निरजायतेति बुध्यध्वम् ॥ १२ ॥

भावार्थः—यदिदं सर्वं जगत्कारणादीश्वरेणोत्पादितं वर्त्तते तत्र चन्द्रलोको मनःस्वरूपः सूर्य्यश्चक्षुस्थानी वायुः प्राणश्च श्रोत्रवन्मुखमिवाग्निलोमवदोषधिर्वनस्पतयो नाडीवन्नद्योऽस्थिवत्पर्वतादिर्वर्त्तत इति वेदितव्यम् ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! इस पूर्ण ब्रह्म के (मनसः) ज्ञानस्वरूप सामर्थ्य से (चन्द्रमाः) चन्द्रलोक (जातः) उत्पन्न हुआ (चक्षोः) ज्योतिः स्वरूप सामर्थ्य से (सूर्य्यः) सूर्य्यमण्डल (अजायत) उत्पन्न हुआ (श्रोत्रात्)श्रोत्र नाम अवकाश रूप सामर्थ्य से (वायुः) वायु (च) तथा आकाश प्रदेश (च) और (प्राणः) जीवन के निमित्त दश प्राण और (मुखात्) मुख्य ज्योतिर्मय भक्षण स्वरूप सामर्थ्य से (अग्निः) अग्नि (अजायत) उत्पन्न हुआ है ऐसा तुम को जानना चाहिये ॥ १२ ॥

भावार्थः—जो यह सब जगत् कारण से ईश्वर ने उत्पन्न किया है उस में चन्द्रलोक मनरूप सूर्य्यलोक नेत्ररूप वायु और प्राण श्रोत्र के तुल्य मुख के तुल्य अग्नि ओषधि और वनस्पति रोमों के तुल्य नदी नाडियों के तुल्य और पर्वतादि हड्डी के तुल्य हैं ऐसा जानना चाहिये ॥ १२ ॥

नाभ्या इत्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

नाभ्या आसीदन्तरिक्षꣳ शीर्ष्णो द्यौः समवर्त्तत । पद्भ्यां भूमिर्दिशः श्रोत्रात्तथा लोकाँ २ ॥ अकल्पयन् ॥ १३ ॥

नाभ्याः । आसीत् । अन्तरिक्षम् । शीर्ष्णः । द्यौः । सम् । अवर्त्तत । पद्भ्यामिति पत्ऽभ्याम् । भूमिः । दिशः । श्रोत्रात् । तथा । लोकान् । अकल्पयन् ॥ १३ ॥

पदार्थः—(नाभ्याः) अवकाशमयान्मध्यवर्त्ति सामर्थ्यात् (आसीत्) अस्ति (अन्तरिक्षम्) मध्यवर्त्त्याकाशम् (शीर्ष्णः) शिरइवोत्तमसामर्थ्यात् (द्यौः) प्रकाशयुक्तलोकः (सम्) (अवर्त्तत) (पद्भ्याम्) पृथिवीकारणरूपसामर्थ्यात् (भूमिः) (दिशः) पूर्वादयः (श्रोत्रात्) अवकाशमयात् (तथा) तेनैव प्रकारेण (लोकान्) (अकल्पयन्) कथयन्ति ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यथाऽस्य नाभ्या अन्तरिक्षमासीच्छीर्ष्णो द्यौः पद्भ्यां भूमिः समवर्त्तत श्रोत्राद्दिशोऽकल्पयँस्तथाऽन्याल्लोकानुत्पन्नान् विजानीत ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यद्यदत्र सृष्टौ कार्यभूतं वस्तु वर्त्तते तत्तत्सर्वं विराडाख्यस्य कार्यकारणस्याऽवयवरूपं वर्त्तत इति वेद्यम् ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे इस पुरुष परमेश्वरके (नाभ्याः) अवकाशरूप मध्यम सामर्थ्य से (अन्तरिक्षम्) लोकों के बीच का आकाश (आसीत्) हुआ (शीर्ष्णः) शिर के तुल्य उत्तम सामर्थ्य से (द्यौः) प्रकाशयुक्त लोक (पद्भ्याम्) पृथिवी के कारणरूप सामर्थ्य से (भूमिः) पृथिवी (सम्, अवर्त्तत) सम्यक् वर्त्तमान हुई और (श्रोत्रात्) अवकाशरूप सामर्थ्य से (दिशः) पूर्व आदि दिशाओं की (अकल्पयन्) कल्पना करते हैं (तथा) वैसे ही ईश्वर के सामर्थ्य से अन्य (लोकान्) लोकों को उत्पन्न हुए जानो ॥ १३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जो २ इस सृष्टि में कार्यरूप वस्तु है वह २ सब विराट्रूप कार्यकारण का अवयवरूप है ऐसा जानना चाहिये ॥ १३ ॥

यत्पुरुषेणेत्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ॥
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

यत्पुरु॑षेण ह॒विषा॑ दे॒वा य॒ज्ञमत॑न्वत । व॒स॒न्तो॑ऽस्यासी॒दाज्यं॑ ग्री॒ष्म इ॒ध्मः श॒रद्ध॒विः ॥१४॥

यत् । पुरु॑षेण । ह॒विषा॑ । दे॒वाः । य॒ज्ञम् । अत॑न्वत । व॒स॒न्तः । अ॒स्य॒ । आ॒सी॒त् । आज्य॑म् । ग्री॒ष्मः । इ॒ध्मः । श॒रत् । ह॒विः ॥ १४ ॥

पदार्थः—(यत्) यदा (पुरुषेण) पूर्णेन परमात्मना (हविषा) होतुमादातुमर्हेण (देवाः) विद्वांसः (यज्ञम्) मानसं ज्ञानमयम् (अतन्वत) तन्वते विस्तृणन्ति (वसन्तः) पूर्वाह्णः (अस्य) यज्ञस्य (आसीत्) अस्ति (आज्यम्) (ग्रीष्मः) मध्याह्नः (इध्मः) प्रदीपकः (शरत्) अर्द्धरात्रः (हविः) होतव्यं द्रव्यम् ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यद्धविषा पुरुषेण सह देवा यज्ञमतन्वत तदाऽस्य वसन्त आज्यं ग्रीष्म इध्मः शरद्धविरासीदिति यूयमपि विजानीत ॥ १४ ॥

भावार्थः—यदा बाह्यसामग्र्यभावे विद्वांसो सृष्टिकर्त्तुरीश्वरस्योपासनाख्यं मानसं ज्ञानयज्ञं विस्तारयेयुस्तदा पूर्वाह्णादिकाल एव साधनरूपेण कल्पनीयः ॥ १४ ॥

पदार्थः- हे मनुष्यो ! (यत्) जब (हविषा) ग्रहण करने योग्य (पुरुषेण) पूर्ण परमात्मा के साथ (देवाः) विद्वान् लोग (यज्ञम्) मानसज्ञान यज्ञ को (अतन्वत) विस्तृत करते हैं । (अस्य) इस यज्ञ के (वसन्तः) पूर्वाह्ण काल ही (आज्यम्) घी (ग्रीष्मः) मध्याह्न काल (इध्मः) इन्धन प्रकाशक और (शरत्) आधीरात (हविः) होमने योग्य पदार्थ (आसीत्) है ऐसा जानो ॥ १४ ॥

भावार्थः–जब बाह्य सामग्री के अभाव में विद्वान् लोग सृष्टिकर्त्ता ईश्वर की उपासनारूप मानस ज्ञान यज्ञ को विस्तृत करें तब पूर्वाह्ण आदि काल ही साधनरूप से कल्पना करने चाहियें ॥ १४ ॥

सप्तास्येत्यस्य नारायण ऋषिः । पुरुषो देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

स॒प्तास्या॑सन्परि॒धय॒स्त्रिः स॒प्त स॒मिधः॑ कृ॒ताः ।
दे॒वा यद्य॒ज्ञं त॑न्वा॒ना अब॑ध्न॒न्पुरु॑षं प॒शुम् ॥ १५ ॥

सप्त । अस्य । आसन् । परिधयऽइति परिऽधयः । त्रिः । सप्त । समिधऽइति समऽइधः । कृताः । देवाः । यत् । यज्ञम् । तन्वानाः । अबध्नन् । पुरुषम् । पशुम् ॥ १५ ॥

पदार्थः-(सप्त) गायत्र्यादीनि छन्दांसि (अस्य) यज्ञस्य) (आसन्) सन्ति (परिधयः) परितः सर्वतः सूत्रवद्धीयन्ते ये ते (त्रिः) त्रिवारम् (सप्त) एकविंशतिः प्रकृतिः महत्तत्त्वं, अहंकारः, पञ्च सूक्ष्मभूतानि, पञ्च स्थूलानि, पञ्च ज्ञानेन्द्रियाणि सत्त्वरजस्तमांसि त्रयो गुणाश्चेत्येकविंशतिः (समिधः) सामग्रीभूताः (कृताः) निष्पादिताः (देवाः) विद्वांसः (यत्) यम् (यज्ञम्) मानसं ज्ञानमयम् (तन्वानाः) विस्तृणवन्तः (अबध्नन्) बध्नन्ति (पुरुषम्) परमात्मानम् (पशुम्) द्रष्टव्यम् ॥ १५ ॥

अन्वयः-हे मनुष्याः ! यद्यं यज्ञं तन्वाना देवाः पशुं पुरुषं हृद्यबध्नन्तस्याऽस्य सप्त परिधय आसंस्त्रिः सप्त समिधः कृतास्तं यथावत् विजानीत ॥१५ ॥

भावार्थः-हे मनुष्याः ! यूयमिममनेकविधकल्पितपरिध्यादिसामग्रीयुक्तं मानसं यज्ञं कृत्वा पूर्णमीश्वरं विज्ञाय सर्वाणि प्रयोजनानि साध्नुत ॥ १५ ॥

पदार्थः-हे मनुष्यो !(यत्) जिस (यज्ञम्) मानसज्ञान) यज्ञ को (तन्वानाः) विस्तृत करते हुए (देवाः) विद्वान् लोग (पशुम्) जानने योग्य (पुरुषम्) परमात्मा को हृदय में (अबध्नन्) बांधते हैं (अस्य) इस यज्ञ के (सप्त) सात गायत्री आदि छन्द (परिधयः) चारों ओर से सूत के सात लपेटों के समान (आसन्) हैं (त्रि, सप्त) इक्कीश अर्थात् प्रकृति, महत्तत्त्व, अहंकार,

पांच सूक्ष्मभूत, पांच स्थूलभूत, पांच ज्ञानेन्द्रिय और सत्व, रजस्, तमस्, तीन गुण ये (समिधः) सामग्री रूप (कृताः) किये उस यज्ञ को। यथावत् जानो ॥१५॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! तुम लोग इस अनेक प्रकार से कल्पित परिधि आदि सामग्री से युक्त मानस यज्ञ को कर उस से पूर्ण ईश्वर को जान के सब प्रयोजनों को सिद्ध करो ॥ १५ ॥

यज्ञेनेत्यस्य नारायण ऋषिः। पुरुषो देवता।
विराट् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन्। ते ह नाकं महिमानः सचन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः ॥ १६ ॥

यज्ञेन। यज्ञम्। अयजन्त। देवाः। तानि। धर्माणि। प्रथमानि। आसन्। ते। ह। नाकम्। महिमानः। सचन्त। यत्र। पूर्वे। साध्याः। सन्ति। देवाः ॥ १६ ॥

पदार्थः—(यज्ञेन) उक्तेन ज्ञानेन (यज्ञम्) पूजनीयं सर्वरक्षकमग्निवत्तेजस्विनम् (अयजन्त) पूजयन्ति (देवाः) विद्वांसः (तानि) ईश्वरपूजनादीनि (धर्माणि) धारणात्मकानि (प्रथमानि) अनादिभूतानि मुख्यानि (आसन्) सन्ति (ते) (ह) एव (नाकम्) अविद्यमानदुःखं मुक्तिसुखम् (महिमानः) महत्त्वयुक्ताः

(सचन्त) समवयन्ति प्राप्नुवन्ति (यत्र) यस्मिन् सुखे (पूर्वे) इतः पूर्वसम्भवाः (साध्याः) कृतसाधनाः (सन्ति) (देवाः) देदीप्यमाना विद्वांसः ॥ १६ ॥

निरुक्तकारइमं मन्त्रमेवं व्याचष्टे-यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवा अग्निनाग्निमयजन्त देवा अग्निः पशुरासीत्तमालभन्त तेनायजन्तेति च ब्राह्मणम्। तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ते ह नाकं महिमानः समसेवन्त यत्र पूर्वे साध्याः सन्ति देवाः साधनाद्द्युस्थाने देवगणा इति नैरुक्ताः। नि०। अ० १२। खं० ४१॥

अन्वयः—हे मनुष्या! ये देवा यज्ञेन यज्ञमयजन्त तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ते महिमानः सन्तो यत्र पूर्वे साध्या देवाः सन्ति तन्नाकं ह सचन्त। तद्यूयमप्याप्नुत ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्योगाभ्यासादिना सदा परमेश्वर उपासनीयः। अनेनानादिकालीनधर्मेण मुक्तिसुखं प्राप्य पूर्वं विद्वद्वदानन्दितव्यम् ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जो (देवाः) विद्वान् लोग (यज्ञेन) पूर्वोक्त ज्ञान यज्ञ से (यज्ञम्) पूजनीय सर्व रक्षक अग्निवत् तेजस्वि ईश्वर की (अयजन्त) पूजा करते हैं (तानि) वे ईश्वर की पूजा आदि (धर्माणि) धारणारूप धर्म (प्रथमानि) अनादि रूप से मुख्य (आसन्) हैं (ते) वे विद्वान् (महिमानः) महत्व से युक्त हुए (यत्र) जिस सुख में (पूर्वे) इस समय से पूर्व हुए (साध्याः) साधनों को किये हुए (देवाः) प्रकाशमान विद्वान् (सन्ति) हैं उस (नाकम्) सब दुःख रहित मुक्ति सुख को (ह) ही (सचन्त) प्राप्त होते हैं उस को तुम लोग भी प्राप्त होओ ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि योगाभ्यास आदि से सदा ईश्वर की उपासना करें इस अनादि काल से प्रवृत्त धर्म से मुक्ति सुख को पाके पहिले मुक्त हुए विद्वानों के समान आनन्द भोगें ॥ १६ ॥

अद्भ्य इत्यस्योत्तरनारायण ऋषिः । आदित्यो देवता ।
भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अद्भ्यः सम्भृतः पृथिव्यै रसाच्च विश्वकर्मणः समवर्त्तताग्रे । तस्य त्वष्टा विदधद्रूपमेति तन्मर्त्यस्य देवत्वमाजानमग्रे ॥ १७ ॥

अद्भ्य इत्यत्ऽभ्यः । सम्भृत इति सम्ऽभृतः । पृथिव्यै । रसात् । च । विश्वकर्मण इति विश्वऽकर्मणः । सम् । अवर्त्तत । अग्रे । तस्य । त्वष्टा । विदधदिति विऽदधत् । रूपम् । एति । तत् । मर्त्यस्य । देवत्वमिति देवऽत्वम् । आजानमित्याऽजानम् । अग्रे ॥१७॥

पदार्थः— (अद्भ्यः) जलेभ्यः (सम्भृतः) सम्यक् पुष्टः (पृथिव्यै) पृथिव्याः । अत्र पञ्चम्यर्थे चतुर्थी (रसात्) जिह्वाविषयात् (च) (विश्वकर्मणः) विश्वानि सर्वाणि सत्यानि कर्माणि यस्याश्रयेण तस्मात्सूर्यात् (सम्) (अवर्त्तत) वर्त्तते (अग्रे) प्राक् (तस्य) (त्वष्टा) तनूकर्त्ता (विदधत्) विधानं कुर्वन् (रूपम्) स्वरूपम् (एति) (तत्) (मर्त्यस्य) मनुष्यस्य (देवत्वम्) विद्वत्त्वम् (आजानम्) समन्ताज्जनानां मनुष्याणामिदं कर्त्तव्यं कर्म (अग्रे) आदितः ॥ १७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! योऽद्भ्यः पृथिव्यै विश्वकर्मणश्च सम्भृतस्तस्माद्रसादग्रइदं सर्वं समवर्त्तत तस्याऽस्य जगतो तद्रूपं त्वष्टा विदधदग्रे मर्त्यस्याजानं देवत्वमेति ॥ १७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! योऽखिलकार्यकर्त्ता परमात्मा कारणात्कार्याणि निर्मिमीते सकलस्य जगतः शरीराणां रूपाणि विदधाति तज्ज्ञानं तदाज्ञापालनमेव देवत्वमस्तीति जानीत ॥ १७ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो ! जो (अद्भ्यः) जलों (पृथिव्यै) पृथिवी (च) और (विश्वकर्मणः) सब कर्म जिस के आश्रय से होते उस सूर्य से (सम्भृतः) सम्यक् पुष्ट हुआ उस (रसात्) रस से (अग्रे) पहिले यह सब जगत् (सम्, अवर्त्तत) वर्त्तमान होता है (तस्य) उस इस जगत् के (तत्) उस (रूपम्) स्वरूप को (त्वष्टा) सूक्ष्म करने वाला ईश्वर (विदधत्) विधान करता हुआ (अग्रे) आदि में (मर्त्यस्य) मनुष्य के (आजानम्) अच्छे प्रकार कर्त्तव्य कर्म और (देवत्वम्) विद्वत्ता को (एति) प्राप्त होता है ॥ १७ ॥

भावार्थः— हे मनुष्यो ! जो सम्पूर्ण कार्य करनेहारा परमेश्वर कारण से कार्य बनाता है सब जगत् के शरीरों के रूपों को बनाता है उसका ज्ञान और उसकी आज्ञा का पालन ही देवत्व है ऐसा जानो ॥ १७ ॥

वेदाहमित्यस्योत्तर नारायण ऋषिः । आदित्यो देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ विद्वान्जिज्ञासवे कथमुपदिशेदित्याह ॥

अब विद्वान् जिज्ञासु के लिये कैसा उपदेश करे इस वि० ॥

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात् । तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय ॥ १८ ॥

वेद । अहम् । एतम् । पुरुषम् । महान्तम् । आदित्यवर्णमित्यादित्यऽवर्णम् । तमसः । परस्तात् । तम् । एव । विदित्वा । अति । मृत्युम् । एति । न । अन्यः । पन्थाः । विद्यते । अयनाय ॥ १८ ॥

पदार्थः—(वेद) जानामि (अहम्) (एतम्) पूर्वोक्तं परमात्मानम् (पुरुषम्) स्वस्वरूपेण पूर्णम् (महान्तम्) महागुणविशिष्टम् (आदित्यवर्णम्) आदित्यस्य वर्णः स्वरूपमिव स्वरूपं यस्य तं स्वप्रकाशम् (तमसः) अज्ञानादन्धकाराद्वा (परस्तात्) परस्मिन् वर्त्तमानम् (तम्) (एव) (विदित्वा) विज्ञाय (अति) उल्लङ्घेन (मृत्युम्) दुःखप्रदं मरणम् (एति) गच्छति (न) (अन्यः) भिन्नः (पन्थाः) मार्गः (विद्यते) भवति (अयनाय) अभीष्टस्थानाय मोक्षाय ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे जिज्ञासोऽहं यमेतं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्ताद्वर्त्तमानं पुरुषं वेद तमेव विदित्वा भवान्मृत्युमत्येति । अन्यः पन्था अयनाय न विद्यते ॥ १८ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्या ऐहिकपारमार्थिके सुखे इच्छेयुस्तर्हि सर्वेभ्यो बृहत्तमं स्वप्रकाशानन्दस्वरूपमज्ञानलेशाद्दूरे वर्त्तमानं परमात्मानं ज्ञात्वैव मरणाद्यगाधदुःखसागरात्पृथग्भवितुं शक्नुवन्त्ययमेव सुखप्रदो मार्गोऽस्ति । अस्मादन्यः कश्चिदपि मनुष्याणां मुक्तिमार्गो न भवति ॥ १८ ॥

पदार्थः—हे जिज्ञासु पुरुष ! (अहम्) मैं जिस (एतम्) इस पूर्वोक्त (महान्तम्) बड़े २ गुणों से युक्त (आदित्यवर्णम्) सूर्य के तुल्य प्रकाशस्वरूप (तमसः) अन्धकार वा अज्ञान से (परस्तात्) पृथक् वर्त्तमान (पुरुषम्) स्वस्वरूप से सर्वत्र पूर्ण परमात्मा को (वेद) जानता हूं (तम्, एव) उसी को (विदित्वा) जान के आप (मृत्युम्) दुःखदायी मरण को (अति, एति) उल्लङ्घन कर जाते हो किन्तु (अन्यः) इस से भिन्न (पन्थाः) मार्ग (अयनाय) अभीष्ट स्थान मोक्ष के लिये (न, विद्यते) नहीं विद्यमान है ॥ १८ ॥

भावार्थः—यदि मनुष्य इस लोक परलोक के सुखों की इच्छा करें तो सब से अति बड़े स्वयं प्रकाश और आनन्दस्वरूप अज्ञान के लेश से पृथक् वर्त्तमान परमात्मा को जान के ही मरणादि अथाह दुःखसागर से पृथक् हो सकते हैं यही सुखदायी मार्ग है इस से भिन्न कोई भी मनुष्यों की मुक्ति का मार्ग नहीं है ॥ १८ ॥

प्रजापतिरित्यस्योत्तरनारायण ऋषिः । आदित्यो देवता ।
भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनरीश्वरः कीदृश इत्याह ॥
फिर ईश्वर कैसा है इस वि० ॥

प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधा वि जायते । तस्य योनिं परि पश्यन्ति धीरास्तस्मिन्ह तस्थुर्भुवनानि विश्वा ॥१९॥

प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । चरति । गर्भे । अन्तरित्यन्तः । अजायमानः । बहुधा । वि । जायते । तस्य । योनिम् । परि । पश्यन्ति । धीराः । तस्मिन् । ह । तस्थुः । भुवनानि । विश्वा ॥ १९ ॥

पदार्थः—(प्रजापतिः) प्रजापालको जगदीश्वरः (चरति) (गर्भे) गर्भस्थे जीवात्मनि (अन्तः) हृदि (अजायमानः) स्वस्वरूपेणानुत्पन्नः सन् (बहुधा) बहुप्रकारैः (वि) विशेषेण (जायते) प्रकटो भवति (तस्य) प्रजापतेः (योनिम्) स्वरूपम् (परि) सर्वतः (पश्यन्ति) प्रेक्षन्ते (धीराः) ध्यानवन्तः (तस्मिन्) जगदीश्वरे (ह) प्रसिद्धम् (तस्थुः) तिष्ठन्ति (भुवनानि) भवन्ति येषु तानि लोकजातानि (विश्वा) सर्वाणि ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! योऽजायमानः प्रजापतिर्गर्भेऽन्तश्चरति बहुधा विजायते तस्य यं योनिं धीराः परि पश्यन्ति तस्मिन् ह विश्वा भुवनानितस्थुः॥१९॥

भावार्थः—योऽयं सर्वरक्षक ईश्वरः स्वयमनुत्पन्नः सन् स्वसामर्थ्याज्जगदुत्पाद्य तत्रान्तःप्रविश्य सर्वत्र विचरति यमनेकप्रकारेण प्रसिद्धं विद्वांस एव जानन्ति तं जगदधिकरणं सर्वव्यापकं परमात्मानं विज्ञाय मनुष्यैरानन्दितव्यम् ॥ १९ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो! जो (अजायमानः) अपने स्वरूप से उत्पन्न नहीं होने वाला (प्रजापतिः) प्रजा का रक्षक जगदीश्वर (गर्भे) गर्भस्थ जीवात्मा और (अन्तः) सब के हृदय में (चरति) विचरता है और (बहुधा) बहुत प्रकारों से (वि, जायते) विशेष कर प्रकट होता (तस्य) उस प्रजापति के जिस (योनिम्) स्वरूप को (धीराः) ध्यानशील विद्वान् जन (परि,पश्यन्ति) सब ओर से देखते हैं (तस्मिन्) उस में (ह) प्रसिद्ध (विश्वा) सब (भुवनानि) लोक लोकान्तर (तस्थुः) स्थित हैं ॥ १९ ॥

भावार्थः—जो यह सर्व रक्षक ईश्वर आप उत्पन्न न होता हुआ अपने सामर्थ्य से जगत् को उत्पन्न कर और उस में प्रविष्ट हो के सर्वत्र विचरता है जिस अनेक प्रकार से

प्रसिद्ध ईश्वर को विद्वान् लोग ही जानते हैं उस जगत् के आधाररूप सर्वव्यापक परमात्मा को जान के मनुष्यों को आनन्द भोगना चाहिये ॥ १९ ॥

यो देवेभ्य इत्यस्योत्तरनारायण ऋषिः । सूर्यो देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
अथ सूर्यः कीदृश इत्याह ॥
अब सूर्य्य कैसा है इस वि० ॥

यो देवेभ्यं आतपंति यो देवानां पुरोहितः । पूर्वो यो देवेभ्यो जातो नमो रुचाय ब्राह्मये ॥२०॥

यः । देवेभ्यः । आतपतीत्यांऽतपंति । यः । देवानाम् । पुरोहितऽइति पुरःऽहितः । पूर्वः । यः । देवेभ्यः । जातः । नमः । रुचाय । ब्राह्मये ॥ २० ॥

पदार्थः-(यः) सूर्यः (देवेभ्यः) दिव्यगुणेभ्यः पृथिव्यादिभ्यः (आतपति) समन्तात्तपति (यः) (देवानाम्) पृथिव्यादिलोकानाम् (पुरोहितः) पुरस्ताद्धिताय मध्ये धृतः (पूर्वः) (यः) (देवेभ्यः) पृथिव्यादिभ्यः (जातः) उत्पन्नः (नमः) अन्नम् (रुचाय) रुचिकरात् (ब्राह्मये) यो ब्रह्मणः परमेश्वरस्यापत्यमिव तस्मात । अत्रोभयत्र पञ्चम्यर्थे चतुर्थी ॥२०॥

अन्वयः-हे मनुष्याः! यो देवेभ्य आतपति यो देवानां पुरोहितो यो देवेभ्यः पूर्वो जातस्तस्माद्रुचायब्राह्मये नमो जायते ॥ २० ॥

भावार्थः-हे मनुष्या येन जगदीश्वरेण सर्वेषां हितायान्नाद्युत्पादननिमित्तः सूर्यो निर्मितस्तमेव सततमुपासीध्वम् ॥ २० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यः) जो सूर्यलोक (देवेभ्यः) उत्तम गुणों वाले पृथिवी आदि के अर्थ (आतपति) अच्छे प्रकार तपता है (यः) जो (देवानाम्) पृथिवी आदि लोकों के (पुरोहितः) प्रथम से हितार्थ बीच में स्थित किया (यः) जो (देवेभ्यः) पृथिवी आदि से (पूर्वः) प्रथम (जातः) उत्पन्न हुआ उस (रुचाय) रुचि कराने वाले (ब्राह्मये) परमेश्वर के सन्तान के तुल्य सूर्य्य से (नमः) अन्न उत्पन्न होता है ॥ २० ॥

भावार्थः— हे मनुष्यो! जिस जगदीश्वर ने सब के हित के लिये अन्न आदि की उत्पत्ति का निमित्त सूर्य्य को बनाया है उसी परमेश्वर की उपासना करो ॥२०॥

रुचमित्यस्योत्तरनारायण ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
अथ विद्वत्कृत्यमाह ॥
अब विद्वानों का कृत्य क० ॥

रुचं ब्राह्मं जनयन्तो देवा अग्रे तदब्रुवन् । यस्त्वैवं ब्राह्मणो विद्यात्तस्य देवा असन्वशे॥२१॥

रुचम् । ब्राह्मम् । जनयन्तः । देवाः । अग्रे । तत् । अब्रुवन् । यः । त्वा । एवम् । ब्राह्मणः । विद्यात् । तस्य । देवाः । असन् । वशे ॥ २१ ॥

पदार्थः—(रुचम्) रुचिकरम् (ब्राह्मम्) ब्रह्मोपासकम् (जनयन्तः) निष्पादयन्तः (देवाः) विद्वांसः (अग्रे) (तत) ब्रह्मजीवप्रकृतिस्वरूपम् (अब्रुवन्) ब्रुवन्तु (यः) (त्वा) (एवम्) अमुना प्रकारेण (ब्राह्मणः) (विद्यात्) विजानीयात (तस्य) (देवाः) विद्वांसः (असन) स्युः (वशे) तदधीनाः ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे ब्रह्मनिष्ठ! ये रुचं ब्राह्मं त्वा जनयन्तो देवा अग्रे तदब्रुवन् योब्राह्मण एवं विद्यात्तस्य ते देवा वशे असन् ॥ २१ ॥

भावार्थः— इदमेवाऽऽद्यं विद्वत्कृत्यमस्ति यद्वेदेश्वरधर्मादिषु रुचिरुपदेशाध्यापनधार्मिकत्वजितेन्द्रियत्वशरीरात्मबलवर्द्धनमेवं कृते सति सर्वे दिव्या गुणा भोगाश्च प्राप्तुं शक्याः ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे ब्रह्मनिष्ठ पुरुष! जो (रुचम्) रुचिकारक (ब्राह्मम्) ब्रह्म के उपासक (त्वा) आप को (जनयन्तः) सम्पन्न करते हुए (देवाः) विद्वान् लोग (अग्रे) पहिले (तत्) ब्रह्म जीव और प्रकृति के स्वरूप को (अब्रुवन्) कहें (यः) जो (ब्राह्मणः) ब्राह्मण (एवम्) ऐसे (विद्यात्) जाने (तस्य) उस के वे (देवाः) विद्वान् (वशे) वश में (असन्) हों ॥ २१ ॥

भावार्थः— यही विद्वानों का पहिला कर्त्तव्य है कि जो वेद ईश्वर और धर्मादि में रुचि, उपदेश, अध्यापन, धर्मात्मता, जितेन्द्रियता, शरीर और आत्मा के बल को बढ़ाना, ऐसा करने से ही सब उत्तम गुण और भोग प्राप्त हो सकते हैं ॥ २१ ॥

श्रीश्चत इत्यस्योत्तरनारायण ऋषिः । आदित्यो देवता ।
निचृदार्षी त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
अथेश्वरः कीदृश इत्याह ॥
अब ईश्वर कैसा है इस वि० ॥

श्रीश्च॑ ते ल॒क्ष्मीश्च॒ पत्न्या॑वहोरा॒त्रे पा॒र्श्वे नक्ष॑त्राणि रू॒पम॒श्विनौ॒ व्यात्त॑म् । इ॒ष्णन्नि॑षाणा॒मुं म॑ इषाण सर्वलो॒कं म॑ इषाण ॥ २२ ॥

श्रीः । च॒ । ते॒ । ल॒क्ष्मीः । च॒ । पत्न्यौ॑ । अ॒हो॒रा॒त्रे इत्य॑हो॒रा॒त्रे । पा॒र्श्वे इति॑ पा॒र्श्वे । नक्ष॑त्राणि । रू॒पम् । अ॒श्विनौ॑ ।

व्यात्तमिति विऽआत्तम् । इष्णन् । इषाण । अमुम् । मे । इषाण । सर्वलोकमिति सर्वऽलोकम् । मे । इषाण ॥ २२ ॥

पदार्थः—(श्रीः) सकला शोभा (च) (ते) तव (लक्ष्मीः) सर्वमैश्वर्य्यम् (च) (पत्न्यौ) स्त्रीवद्वर्त्तमाने (अहोरात्रे) (पार्श्वे) (नक्षत्राणि)(रूपम्) (अश्विनौ) सूर्याचन्द्रमसौ (व्यात्तम्) विकासितं मुखमिव। अत्र वि, आङ् पूर्वाद्डुदाञ्धातोः क्तः(इष्णन्)इच्छन् (इषाण) कामय (अमुम्) इतः परं परोक्षं सुखम् (मे) मह्यम् (इषाण) प्रापय (सर्वलोकम्)सर्वेषां दर्शनम् (मे) मह्यम् (इषाण) ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे जगदीश्वर! यस्य ते श्रीश्च लक्ष्मीश्च पत्न्याऽअहोरात्रे पार्श्वे यस्य ते सूर्य्याचन्द्रमसौ व्यात्तं नक्षत्राणि रूपं स त्वं मेऽमुमिष्णन्निषाण मे सर्वलोकमिषाण मे सर्वाणि सुखानीषाण ॥ २२ ॥

भावार्थः—हे राजादयो मनुष्या! यथेश्वरस्य न्यायादयो गुणा, व्याप्तिः कृपा पुरुषार्थः सत्यं रचनं सत्या नियमाश्च सन्ति तथैव युष्माकमपि सन्तु यतो युष्माकमुत्तरोत्तरं सुखं वर्द्धेतेति ॥ २२ ॥

अत्रेश्वरसृष्टिराजगुणवर्णनादेतदध्यायोक्तार्थस्य पूर्वाऽध्यायोक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति वेद्यम् ॥

पदार्थः—हे जगदीश्वर! जिस (ते) आप की (श्रीः) समग्र शोभा(च) और (लक्ष्मीः) सब ऐश्वर्य्य (च) भी (पत्न्यौ) दो स्त्रियों के तुल्य व-

समान (अहोरात्रे) दिन रात (पार्श्वे) आगे पीछे जिस आप की सृष्टि में (अश्विनौ) सूर्य चन्द्रमा (व्यात्तम्) फैले मुख के समान (नक्षत्राणि) नक्षत्र (रूपम्) रूप वाले हैं सो आप (मे) मेरे (अमुम्) परोक्ष सुख को (इष्णन्) चाहते हुए (इषाण) चाहना कीजिये (मे) मेरे लिये (सर्वलोकम्) सब के दर्शन को (इषाण) प्राप्त कीजिये मेरे लिये सब सुखों को (इषाण) पहुंचाइये ॥ २२ ॥

भावार्थः-हे राजा आदि मनुष्यो! जैसे ईश्वर के न्याय आदि गुण, व्याप्ति कृपा, पुरुषार्थ, सत्य, रचना और सत्य नियम हैं वैसे ही तुम लोगों के भी हों जिस से तुम्हारा उत्तरोत्तर सुख बढ़े ॥ २२ ॥

इस अध्याय में ईश्वर सृष्टि और राजा के गुणों का वर्णन होने से इस अध्याय में कहे अर्थ की पूर्वाध्याय में कहे अर्थ के साथ संगति है यह जानना चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंस परिव्राजकाचार्याणां श्री परमविदुषां विरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीपरमहंसपरिव्राजकाचार्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये एकत्रिंशत्तमोऽध्यायः समाप्तः ॥

ओ३म्

अथ द्वात्रिंशत्तमाध्यायारम्भः ॥

ओं विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव ।
यद्भद्रं तन्न आसुव ॥ १ ॥

तदेवेत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः परमात्मा देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
अथ परमेश्वरः कीदृश इत्याह ॥
अब परमेश्वर कैसा है ? इस वि० ॥

तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तदु चन्द्रमाः ।
तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म ता आपः स प्रजापतिः॥१॥

तत् । एव । अग्निः । तत् । आदित्यः। तत् । वायुः। तत् । ऊँ इत्यूँ । चन्द्रमाः। तत्। एव । शुक्रम् । तत् । ब्रह्म । ताः। आपः। सः। प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः ॥१॥

पदार्थः—(तत्) सर्वज्ञं सर्वव्यापि सनातनमनादि सच्चिदानन्दस्वरूपं नित्यशुद्धबुद्धमुक्तस्वभावं न्यायकारि दयालु जगत्स्रष्टृ जगद्धर्त्तृ सर्वान्तर्यामि (एव) निश्चये (अग्निः) ज्ञानस्वरूपत्वात्स्वप्रकाशत्वाच्च (तत्) (आदित्यः) प्रलये सर्वस्यादातृत्वात् (तत्) (वायुः) अनन्तबलत्वसर्वधर्त्तृत्वाभ्याम् (तत्) (उ) (चन्द्रमाः) आनन्दस्वरूपत्वादाह्लादकत्वाच्च (तत्) (एव) (शुक्रम्) आशुकारित्वाच्छुद्धभावाच्च (तत्) (ब्रह्म) सर्वेभ्यो महत्वात् (ताः) (आपः) सर्वत्र व्यापकत्वात् (सः) (प्रजापतिः) सर्वस्याः प्रजायाः स्वामित्वात् ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मनुष्यास्तदेवाग्निस्तदादित्यस्तद्वायुस्तच्चन्द्रमास्तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म ता आपः स उ प्रजापतिरस्त्येवं यूयं विजानीत ॥ १ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यथेश्वरस्येमान्यग्न्यादीनि गौणिकानि नामानि सन्ति तथान्यानीन्द्रादीन्यपि वर्त्तन्ते । अस्यैवोपासना फलवती भवतीति वेद्यम् ॥ १ ॥

पदार्थः—हेमनुष्यो ! (तत्) वह सर्वज्ञ सर्वव्यापि सनातन अनादि, सच्चिदानन्दस्वरूप नित्य, शुद्ध, बुद्ध, मुक्तस्वभाव न्यायकारी, दयालु, जगत् का स्रष्टा धारणकर्त्ता और सब का अन्तर्यामी (एव) ही (अग्निः) ज्ञानस्वरूप और स्वयंप्रकाशित होने से अग्नि (तत्) वह (आदित्यः) प्रलय समय सब को ग्रहण करने से आदित्य (तत्) वह (वायुः) अनन्त बलवान् और सब का धर्त्ता होने से वायु (तत्) वह (चन्द्रमाः) आनन्दस्वरूप और आनन्दकारक होने से चन्द्रमा (तत्,एव) वही (शुक्रम्) शीघ्रकारी वा शुद्ध भाव से शुक्र (तत्) वह (ब्रह्म) महान् होने से ब्रह्म (ताः) वह (आपः) सर्वत्र व्यापक होने से आप (उ) और (सः) वह (प्रजापतिः) सब प्रजा का स्वामी होने से प्रजापति है ऐसा तुम लोग जानो ॥ १ ॥

भावार्थः—हेमनुष्यो ! जैसे ईश्वर के ये अग्नि आदि गौण नाम हैं वैसे और भी इन्द्रादि नाम हैं उसी की उपासना फल वाली है ऐसा जानो ॥ १ ॥

सर्वे इत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः । परमात्मा देवता ।
अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

सर्वे निमेषा जज्ञिरे विद्युतः पुरुषादधि । नैनमूर्ध्वं न तिर्यञ्चं न मध्ये परि जग्रभत् ॥ २ ॥

सर्वे । निमेषाऽ इति निऽमेषाः । जज्ञिरे । विद्युत-ऽइति विऽद्युतः । पुरुषात् । अधि । न । एनम् । ऊर्ध्व-म् । न । तिर्य्यञ्चम् । न । मध्ये । परि । जग्रभत् ॥ २ ॥

पदार्थः—(सर्वे) (निमेषाः) नेत्रोन्मीलनादिलक्षणाः कलाकाष्ठादिकालाऽवयवाः (जज्ञिरे) जायन्ते (विद्युतः) विशेषेण द्योतमानात् (पुरुषात्) पूर्णाद्विभोः (अधि) (न) निषेधे (एनम्) परमात्मानम् (ऊर्ध्वम्) उपरिस्थम् (न) (तिर्य्यञ्चम्) तिर्य्यक्स्थितमधरस्थं वा (न) (मध्ये) (परि) सर्वतः (जग्रभत्) गृह्णाति ॥२॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यस्माद्विद्युतः पुरुषात्सर्वे निमेषा अधि जज्ञिरे तमेनं कोपि नोर्ध्वं न तिर्य्यञ्चं न मध्ये परि जग्रभत् यूयं सेवध्वम् ॥ २॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यस्य निर्माणेन सर्वे कालावयवा जाता यच्चोर्ध्वमधो मध्ये पार्श्वतो दूरे निकटे वा कथयितुमशक्यं यत् सर्वत्र पूर्णं ब्रह्माऽस्ति तद्योगाभ्यासेन विज्ञाय सर्वे भवन्त उपासीरन् ॥ २ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जिस (विद्युतः) विशेष कर प्रकाशमान (पुरुषात्) पूर्ण परमात्मा से (सर्वे) सब (निमेषाः) निमेष कलाकाष्ठा आदि काल के अवयव (अधि, जज्ञिरे) अधिककर उत्पन्न होते हैं उस (एनम्) इस परमात्मा को कोई भी (न) न (ऊर्ध्वम्) ऊपर (न) न (तिर्य्यञ्चम्) तिर्छी सब दिशाओं में वा नीचे और (न) न (मध्ये) बीच में (परि, जग्रभत्) सब ओर से ग्रहण कर सकता है उस को तुम सेवो ॥ २ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जिस के रचने से सब काल के अवयव उत्पन्न हुए और जो ऊपर नीचे बीच में पीछे दूर समीप कहा नहीं जा सकता जो सर्वत्र पूर्णब्रह्म है उस को योगाभ्यास से जान के सब आप लोग उपासना करो ॥ २ ॥

न तस्येत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः । हिरण्यगर्भः परमात्मा देवता ।
निचृत् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

न तस्य॑ प्रति॒मा अ॑स्ति॒ यस्य॒ नाम॑ म॒हद्यशः॑ । हि॒र॒ण्य॒ग॒र्भ इ॒त्ये॒ष मा मा॑ हिꣳसी॒दि॒त्ये॒षा य॒स्मा॒न्न जा॒त इ॒त्ये॒षः ॥ ३ ॥

न । तस्य॑ । प्र॒ति॒मेति॑ प्र॒ति॒ऽमा । अ॒स्ति॒ । यस्य॑ । नाम॑ । म॒हत् । यशः॑ । हि॒र॒ण्य॒ग॒र्भ इति॑ हिरण्यऽग॒र्भः । इति॑ । ए॒षः । मा । मा॑ । हि॒ꣳसी॒त् । इति॑ । ए॒षा । यस्मा॑त् । न । जा॒तः । इति॑ । ए॒षः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(न) निषेधे (तस्य) परमेश्वरस्य (प्रतिमा) प्रतिमीयते यया तत्परिमापकं सदृशं तोलनसाधनं प्रतिकृतिराकृतिर्वा (अस्ति) वर्त्तते (यस्य) (नाम) नामस्मरणम् (महत्) पूज्यं बृहत् (यशः) कीर्त्तिकरं धर्म्यकर्म्माचरणम् (हिरण्यगर्भः) सूर्यविद्युदादिपदार्थाधिकरणः (इति) (एषः) अन्तर्यामितया प्रत्यक्षः (मा) निषेधे (मा) मां जीवात्मानम् (हिंसीत्) हन्यात्ताडयेद्विमुखं कुर्यात् (इति) (एषा) प्रार्थना प्रज्ञा वा (यस्मात्) कारणात् (न) निषेधे (जातः) उत्पन्नः (इति) (एषः) परमात्मा ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यस्य महद्यशो नामास्ति यो हिरण्यगर्भ इत्येषो यस्य मा मा हिंसीदित्येषा यस्मान्न जात इत्येष उपासनीयोऽस्ति तस्य प्रतिमा नास्ति । यद्वा पक्षान्तरम्—हिरण्यगर्भ इत्येष (२५ । १० —१३) उक्तोऽनुवाको मा मा हिंसी दित्येषोक्ता (१२, १०२) ऋग् यस्मान्न जात इत्येष (८ । ३६ । ३७) उक्तोऽनुवाकश्च । यस्य भगवतो नाम महद्यशोऽस्ति तस्य प्रतिमा नास्ति ॥ ३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यः कदाचिद्देहधारी न भवति यस्य किञ्चिदपि परिमाणं नास्ति यस्याज्ञापालनमेव नामस्मरणमस्ति य उपासितः सन्नुपासकाननुगृह्णाति वेदानामनेकस्थलेषु यस्य महत्त्वं प्रतिपाद्यते यो न म्रियते न विक्रियते न क्षीयते तस्यैवोपासनां सततं कुरुत यद्यस्माद्भिन्नस्योपासनां करिष्यन्ति तर्ह्यनेन महता पापेन युक्ताः सन्तो भवन्तो दुःखक्लेशैर्हता भविष्यन्ति ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यस्य) जिस का (महत्) पूज्य बड़ा (यशः) कीर्त्ति करने हारा धर्मयुक्त कर्म का आचरण ही (नाम) नामस्मरण है जो (हिरण्यगर्भः) सूर्य बिजुली आदि पदार्थों का आधार (इति) इस प्रकार (एषः) अन्तर्यामी होने से प्रत्यक्ष जिस की (मा) मुझ को (मा, हिंसीत्) मत ताड़ना दे वा वह अपने से मुझ को विमुख मत करे (इति) इस प्रकार (एषा) यह प्रार्थना वा बुद्धि और (यस्मात्) जिस कारण (न) नहीं (जातः) उत्पन्न हुआ (इति) इस प्रकार (एषः) यह परमात्मा उपासना के योग्य है। (तस्य) उस परमेश्वर की (प्रतिमा) प्रतिमा—परिमाण उस के तुल्य अवधि का साधन प्रतिकृति, मूर्त्ति, वा आकृति (न, अस्ति) नहीं है । अथवा द्वितीय पक्ष यह है

की (हिरण्यगर्भः०) इस पच्चीशवें अध्याय में १० मन्त्र से १३ मन्त्र तक का (इति, एषः) यह कहा हुआ अनुवाक (मा, मा, हिंसीत्) (इति) इसी प्रका॰ (एषा यह ऋचा बारहवें अध्याय की १०२ मन्त्र है और (यस्मान्न॰ जातः इत्येषः०) यह आठवें अध्याय के ३६ । ३७ । दो मन्त्र का अनुवाक (यस्य) जिस परमेश्वर की (नाम) प्रसिद्ध (महत्) महती (यशः) कीर्त्ति है (तस्य) उस का (प्रतिमा) प्रतिबिम्ब (तस्वीर)नहीं है ॥ ३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो कभी देहधारी नहीं होता जिस का कुछ भी परिमाण सीमा का कारण नहीं है जिस की आज्ञा का पालन ही नामस्मरण है जो उपासना॰ किया हुआ अपने उपासकों पर अनुग्रह करता है वेदों के अनेक स्थलों में जिस का महत्व कहा गया है जो नहीं मरता नविकृत होता,न नष्ट होता उसी की उपासना निरन्तर करो जो इस से भिन्न की उपासना करोगे तो इस महान् पाप से युक्त हुए आप लोग दुःख क्लेशों से नष्ट होगे ॥ ३ ॥

एष इत्यस्य स्वयम्भुब्रह्म ऋषिः । आत्मा देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

एषो ह देवः प्रदिशोऽनु सर्वाः पूर्वो ह जातः स उ गर्भे अन्तः । स एव जातः स जनिष्यमाणः प्रत्यङ् जनास्तिष्ठति सर्वतोमुखः ॥ ४ ॥

एषः । ह । देवः । प्रदिश इति प्रऽदिशः । अनु । सर्वाः । पूर्वः । ह । जातः । सः । ऊँऽ इत्यूँ । गर्भे । अन्तरित्यन्तः । सः । एव । जातः । सः । जनिष्यमाणः । प्रत्यङ् । जनाः । तिष्ठति । सर्वतोमुख इति सर्वतःऽमुखः ॥ ४ ॥

पदार्थः—(एषः) परमात्मा । अत्र विभक्तेरलुक् (ह) प्रसिद्धम् (देवः) दिव्यस्वरूपः (प्रदिशः) (अनु) आनुकूल्ये (सर्वाः) दिशश्च (पूर्वः) प्रथमः (ह) प्रसिद्धम् (जातः) प्राकट्यं प्राप्तः (सः) (उ) एव (गर्भे) अन्तः करणे (अन्तः) मध्ये (सः) (एव) (जातः) प्रसिद्धः (सः) (जनिष्यमाणः) प्रसिद्धिं प्राप्स्यमानः (प्रत्यङ्) प्रतिपदार्थमञ्चति प्राप्नोति- (जनाः) विद्वांसः (तिष्ठति) वर्त्तते (सर्वतोमुखः) सर्वतो मुखाद्यवयवा यस्य सः ॥ ४॥

अन्वयः—हे जना! एषो ह देवः सर्वाः प्रदिशोऽनुव्याप्य स उ गर्भेऽन्तः पूर्वो ह जातः स एव जातः स जनिष्यमाणः सर्वतोमुखः प्रत्यङ् तिष्ठति स युष्माभिरुपासनीयो वेदितव्यश्च ॥ ४ ॥

भावार्थः—अयं पूर्वोक्त ईश्वरो जगदुत्पाद्य प्रकाशितः सन् सर्वासु दिक्षु व्याप्येन्द्रियाद्यन्तरेण सर्वेन्द्रियकर्माणि सर्वगतत्वेन कुर्वन् सर्वप्राणिनां हृदये तिष्ठति सोऽतीतानागतेषु कल्पेषु जगदुत्पादनाय पूर्वं प्रकटो भवति स- ध्यानशीलेन मनुष्येण ज्ञातव्यो नान्येनेति भावः ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (जनाः) विद्वानो ! (एषः) यह (ह) प्रसिद्ध परमात्मा (देवः) उत्तम स्वरूप (सर्वाः) सब दिशा और (प्रदिशः) विदिशाओं को (अनु) अनुकूलता से व्याप्त होके (सः) (उ) वही (गर्भे) अन्तः करण के (अन्तः) बीच (पूर्वः) प्रथम कल्प के आदि में (ह) प्रसिद्ध (जातः) प्रकटता को प्राप्त हुआ (सः, एव) वही (जातः) प्रसिद्ध हुआ (सः) वह (जनिष्यमाणः) आगामी कल्पों में प्रथम प्रसिद्धि को प्राप्त होगा (सर्वतोमुखः) सब ओर से मुखादि अवयवों वाला अर्थात्

सुखादि इन्द्रियों के काम सर्वत्र करता (प्रत्यङ्) प्रत्येक पदार्थ को प्राप्त हुआ (तिष्ठति) अचल सर्वत्र स्थिर है। वही तुम लोगों को उपासना करने और जानने योग्य है ॥ ४ ॥

भावार्थः—यह पूर्वोक्त ईश्वर जगत् को उत्पन्न कर प्रकाशित हुआ सब दिशाओं में व्याप्त हो के इन्द्रियों के विना सब इन्द्रियों के काम सर्वत्र व्याप्त होने से करता हुआ सब प्राणियों के हृदय में स्थिर है वह भूत भविष्यत् कल्पों में जगत् की उत्पत्ति के लिये पहिले प्रगट होता है वह ध्यानशील मनुष्य के जानने योग्य है अन्य के जानने योग्य नहीं है ॥ ४ ॥

यस्मादित्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः। परमेश्वरो देवता।
भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

यस्माज्जातं न पुरा किञ्चनैव य आबभूव भुवनानि विश्वा। प्रजापतिः प्रजया संरराणस्त्रीणि ज्योतींषि सचते स षोडशी ॥ ५ ॥

यस्मात्। जातम्। न। पुरा। किम्। चन। एव। यः। आबभूवेत्याऽबभूव। भुवनानि। विश्वा। प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः। प्रजया। संरराण इति सम्ऽरराणः। त्रीणि। ज्योतींषि। सचते। सः। षोडशी ॥ ५ ॥

पदार्थः—(यस्मात्) परमेश्वरात् (जातम्) उत्पन्नम् (न) निषेधे (पुरा) पुरस्तात् (किम्) (चन) किञ्चिदपि (एव) (यः) (आबभूव) समन्ताद्भवति (भुवनानि) लोकजा-

तानि सर्वाऽधिकरणानि (विश्वा) सर्वाणि (प्रजापतिः) प्रजायाः पालकोऽधिष्ठाता (प्रजया) प्रजातया (सम्) (रराणः) सम्यक्रममाणः (त्रीणि) त्रिद्युत्सूर्यचन्द्ररूपाणि (ज्योतींषि) तेजोमयानि प्रकाशकानि (सचते) समवैति (सः) (षोडशी) षोडश कला यस्मिन् सन्ति सः ॥ ५ ॥

अन्वयः-हे मनुष्या! यस्मात् पुरा किञ्चन न जातं यः सर्वत आबभूव, यस्मिन् विश्वा भुवनानि वर्त्तन्ते, स एव षोडशी प्रजया सह संरराणः प्रजापतिस्त्रीणि ज्योतींषि सचते ॥ ५ ॥

भावार्थः-यस्मादीश्वरोऽनादिर्वर्त्तते तस्मात्तस्मात्पूर्वं किमपिभवितुन्न शक्यम्। स एव सर्वासु प्रजासु व्याप्तो जीवानां कर्माणि पश्यन् सँस्तदनुकूलं फलं ददन्न्यायं करोति येन प्राणादीनि षोडश वस्तूनि सृष्टान्यतः स षोडशीत्युच्यते। प्राणः, श्रद्धाऽऽकाशं, वायुरग्निर्जलं, पृथिवीन्द्रियं, मनोऽन्नं, वीर्य्यं, तपो, मन्त्राः, कर्म, लोकाः, नाम च षोडशकलाः। प्रश्नोपनिषदि षष्ठे प्रश्ने वर्णिताः। एतत्सर्वं षोडशात्मकं जगत् परमात्मनि वर्त्तते तेनैव निर्मितं पाल्यते च ॥ ५ ॥

पदार्थः-हे मनुष्यो! (यस्मात्) जिस परमेश्वर से (पुरा) पहिले (किम्, चन) कुछ भी (न, जातम्) नहीं उत्पन्न हुआ (यः) जो सब ओर (आबभूव) अच्छे प्रकार से वर्त्तमान है जिस में (विश्वा) सब (भुवनानि) वस्तुओं के आधार सब लोक वर्त्तमान हैं (सः, एव) वही (षोडशी) सोलह कला वाला (प्रजया) प्रजा के साथ (सम्, रराणः) सम्यक् रमण करता हुआ (प्रजापतिः) प्रजा का रक्षक अधिष्ठाता (त्रीणि) तीन (ज्योतींषि) तेजोमय बिजुली, सूर्य, चन्द्रमारूप प्रकाशक ज्योतियों को (सचते) संयुक्त करता है ॥ ५ ॥

भावार्थः-जिस से ईश्वर अनादि है इस कारण उस से पहिले कुछ भी हो नहीं सकता वही सब प्रजाओं में व्याप्त जीवों के कर्मों को देखता और उन के अनुकूल फल देता हुआ न्याय करता है जिसने प्राण आदि सोलह वस्तुओं को बनाया है इस से वह षोडशी कहाता है (प्राण, श्रद्धा, आकाश, वायु, अग्नि..जल, पृथिवी, इन्द्रिय, मन, अन्न, वीर्य, तप, मन्त्र, कर्म, लोक और नाम) ये षोडश कला प्रश्नोपनिषद् में हैं यह सब षोडश वस्तुरूप जगत् परमात्मा में है उसी ने बनाया और वही पालन करता है ॥५॥

येनेत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः । परमात्मा देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढा येन स्वः स्तभितं येन नाकः । यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥ ६ ॥

येन । द्यौः । उग्रा । पृथिवी । च । दृढा । येन । स्वरिति स्वः । स्तभितम् । येन । नाकः । यः । अन्तरिक्षे । रजसः । विमान इति विऽमानः । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम ॥ ६ ॥

पदार्थः-(येन) जगदीश्वरेण (द्यौः) सूर्यादिप्रकाशवान् पदार्थः (उग्रा) तीव्रतेजस्का (पृथिवी) भूमिः (च) (दृढा) दृढीकृता (येन) (स्वः) सुखम् (स्तभितम्) धृतम् (येन)

(नाकः) अविद्यमानदुःखो मोक्षः (यः) (अन्तरिक्षे) मध्यवर्त्तिन्याकाशे (रजसः) लोकसमूहस्य । लोकारजांस्युच्यन्त इति निरुक्तम् (विमानः) विविधं मानं यस्मिन् सः (कस्मै) सुखस्वरूपाय (देवाय) स्वप्रकाशाय सकलसुखदात्रे (हविषा) प्रेमभक्तिभावेन (विधेम) परिचरेम प्राप्नुयाम वा ॥ ६ ॥

अन्वयः– हे मनुष्या! येनोग्रा द्यौः पृथिवी च दृढा येन स्वः स्तभितं येन नाकः स्तभितो योऽन्तरिक्षे वर्त्तमानस्य रजसो विमानोऽस्ति तस्मै कस्मै देवाय वयं हविषा विधेमैवं यूयमप्येनं सेवध्वम् ॥ ६ ॥

भावार्थः– हे मनुष्या! यः सकलस्य जगतो धर्त्ता सर्वसुखप्रदाता मोक्षसाधक आकाशइव व्याप्तः परमेश्वरोऽस्ति तस्यैव भक्तिं कुरुत ॥ ६ ॥

पदार्थः–हे मनुष्यो! (येन) जगदीश्वर ने (उग्रा) तीव्र तेज वाले (द्यौः) प्रकाशयुक्त सूर्यादि पदार्थ (च) और (पृथिवी) भूमि (दृढा) दृढ की है (येन) जिस ने (स्वः) सुख को (स्तभितम्) धारण किया (येन) जिसने (नाकः) सब दुःखों से रहित मोक्ष धारण किया (यः) जो (अन्तरिक्षे) मध्यवर्त्ती आकाश में वर्त्तमान (रजसः) लोक समूह का (विमानः) विविध मान करने वाला उस (कस्मै) सुख स्वरूप (देवाय) स्वयं प्रकाशमान सकल सुख दाता ईश्वर के लिये हमलोग (हविषा) प्रेम भक्ति से (विधेम) सेवाकारी वा प्राप्त होवें ॥ ६ ॥

भावार्थः– हेमनुष्यो! जो समस्त जगत् का धर्त्ता सब सुखों का दाता मुक्ति का साधक आकाश के तुल्य व्यापक परमेश्वर है उसी की भक्ति करो ॥ ६ ॥

यं क्रन्दसीत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः । परमात्मा देवता । स्वराडतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यं क्रन्दसी अवसा तस्तभाने अभ्यैक्षेतां मनसा रेजमाने । यत्राधि सूर उदितो विभाति कस्मै देवाय हविषा विधेम आपो ह यद्बृहतीर्यश्चिदापः ॥ ७ ॥

यम् । क्रन्दसीऽइति क्रन्दसी । अवसा । तस्तभानेऽइति तस्तऽभाने । अभि । ऐक्षेताम् । मनसा । रेजमानेऽइति रेजमाने । यत्र । अधि । सूरः । उदितऽइत्युत्ऽइतः । विभातीति विऽभाति । कस्मै । देवाय । हविषा । विधेम । आपः । ह । यत् । बृहतीः । यः । चित् । आपः ॥ ७ ॥

पदार्थः– (यम्) (क्रन्दसी) गुणैः प्रशंसनीये (अवसा) रक्षणादिना (तस्तभाने) धारिके (अभि) आभिमुख्ये (ऐक्षेताम्) ईक्षेतां पश्यतः (मनसा) विज्ञानेन (रेजमाने) चलन्त्यौ भ्रमन्त्यौ (यत्र) यस्मिन् (अधि) उपरि (सूरः) सूर्यः (उदितः) उदयं प्राप्तः (विभाति) विशेषेण प्रकाशयन् प्रकाशयिता भवति (कस्मै) सुखसाधकाय (देवाय) शुद्धस्वरूपाय (हविषा) आदातव्येन योगाभ्यासेन (विधेम) (आपः) व्याप्ताः (ह) किल (यत्) याः (बृहतीः) महत्यः (यः) (चित्) अपि (आपः) आकाशः ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यं परमात्मानं प्राप्ते तस्तभाने रेजमाने क्रन्दसी द्यावापृथिव्यावक्सा सर्वं धरतो यत्र सूरोऽध्युदितो यद् या बृहतीरापो ह यश्चिदापः सन्ति तांश्चिदपि विभाति तं तौ चाऽध्यापकोपदेशकौ मनसा अभ्यैक्षेतां तस्मै कस्मै देवाय हविषा वयं विधेम तं यूयमपि भजत ॥ ७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यत्र सर्वाभिव्यापकेश्वरे सूर्य्यपृथिव्यादयो लोका भ्रमन्तः सन्तो दृश्यन्ते येन प्राण आकाशोऽपि व्याप्तस्तं स्वात्मस्थं यूयमुपासीध्वम् ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यम्) जिस परमात्मा को प्राप्त अर्थात् उसके अधिकार में रहने वाले (तस्तभाने) सब को धारण करने हारे (रेजमाने) चलायमान (क्रन्दसी) स्वगुणों से प्रशंसा करने योग्य सूर्य्य और पृथिवी लोक (अवसा) रक्षा आदि से सब को धारण करते हैं (यत्र) जिस ईश्वर में (सूरः) (सूर्य्य) लोक (अधि, उदितः) अधिकतर उदय को प्राप्त हुआ (यत्) जो (बृहतीः) महत् (आपः) व्याप्त जल (ह) ही (यः) और जो कुछ (चित्) भी (आपः) आकाश है उस को भी (विभाति) विशेष कर प्रकाशित करता हुआ प्रकाशक होता है उस ईश्वर को अध्यापक और उपदेशक (मनसा) विज्ञान से (अभि, ऐक्षेताम्) आभिमुख्य कर देखते उस (कस्मै) सुखसाधक (देवाय) शुद्धस्वरूप परमात्मा के लिये (हविषा) ग्रहण करने योग्य योगाभ्यास से हम (विधेम) सेवा करने वाले हों उस को तुम लोग भी भजो ॥ ७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जिस सब ओर से व्यापक परमेश्वर में सूर्य्य पृथिवी आदि लोक भ्रमते हुए दीखते हैं जिस ने प्राण और आकाश को भी व्याप्त किया उस अपने आत्मा में स्थित ईश्वर की तुम लोग उपासना करो ॥ ७ ॥

वेन इत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः। परमात्मा देवता।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥
पुनस्तमेव विषयमाह॥
फिर उसी वि०॥

वेनस्तत्पश्यन्निहितं गुहा सद्यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्। तस्मिन्निदꣳ सञ्च विचैति सर्वꣳ स ओतःप्रोतश्च विभूः प्रजासु॥ ८॥

वेनः। तत्। पश्यत्। निहितमिति निऽहितम्। गुहा। सत्। यत्र। विश्वम्। भवति। एकनीडमित्येकऽनीडम्। तस्मिन्। इदम्। सम्। च। वि। च। एति। सर्वम्। सः। ओतऽ इत्याऽउतः। प्रोतऽ इति प्रऽउतः। च। विभूरिति विऽभूः। प्रजास्विति प्रऽजासु॥ ८॥

पदार्थः-(वेनः) पण्डितो विद्वान् (तत्) चेतनं ब्रह्म (पश्यत्) पश्यति स्थितम् (निहितम्) (गुहा) गुहायां बुद्धौ गुहे कारणे वा (सत्) नित्यम् (यत्र) यस्मिन् (विश्वम्) सर्वम् जगत् (भवति) (एकनीडम्) एकस्थानम् (तस्मिन्) (इदम्) जगत् (सम्) (च) (वि) (च) (एति) (सर्वम्) (सः) (ओतः) ऊर्ध्वतन्तुः पट इव (प्रोतः) तिर्यक्तन्तुषु पट इव (च) (विभूः) व्यापकः (प्रजासु) प्रकृतिजीवादिषु॥ ८॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यत्र विश्वमेकनीडं भवति तद्गुहा निहितं सद्वेनः पश्यत्। तस्मिन्निदं सर्वं समेति च व्येति च सविभूः प्रजास्वोतः प्रोतश्च स एव सर्वैरुपासनीयोऽस्ति॥८॥

भावार्थः— हे मनुष्या! विद्वानेव यं बुद्धिबलेन जानाति यः सर्वेषामाकाशादीनां पदार्थानामधिकरणमस्ति यत्र संहारकाले सर्वं जगल्लीयते सर्गकाले च यतो निस्सरति येन व्याप्तेन विना किञ्चिदपि वस्तु न वर्त्तते तं विहायाऽन्यं कञ्चिदप्युपास्यमीश्वरं मा विजानन्तु ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यत्र) जिस में (विश्वम्) सब जगत् (एकनीडम्) एक आश्रय वाला (भवति) होता (तत्) उस (गुहा) बुद्धि वा गुप्त कारण में (निहितम्) स्थित (सत्) नित्य चेतन ब्रह्म को (वेनः) पण्डित विद्वान् जन (पश्यत्) ज्ञानदृष्टि से देखता है (तस्मिन्) उस में (इदम्) यह (सर्वम्) सब जगत् (सम्, एति) प्रलय समय में संगत होता (च) और उत्पत्ति समय में (वि) पृथक् स्थूलरूप (च) भी होता है (सः) वह (विभूः) विविध प्रकार व्याप्त हुआ (प्रजासु) प्रजाओं में (ओतः) ठाढ़े सूतों में जैसे वस्त्र (च) तथा (प्रोतः) आड़े सूतों में जैसे वस्त्र वैसे ओत प्रोत हो रहा है वही सब का उपासना करने योग्य है ॥ ८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! विद्वान् ही जिस को बुद्धि बल से जानता जो सब आकाशादि पदार्थों का आधार प्रलय समय सब जगत् जिस में लीन होता और उत्पत्ति समय में जिस से निकलता है और जिस व्याप्त ईश्वर के विना कुछ भी वस्तु नहीं खाली है उस को छोड़ किसी अन्य को उपास्य ईश्वर मत जानो ॥ ८ ॥

प्र तदित्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः। विद्वान् देवता।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

प्र तद्वो॑चेद॒मृतं॒ नु वि॒द्वान् ग॑न्ध॒र्वो धाम॒ विभृ॑तं॒ गुहा॒ सत्। त्रीणि॑ प॒दानि॒ निहि॑ता॒ गुहा॑स्य॒ यस्तानि॒ वेद॒ स पि॒तुः पि॒ताऽस॑त् ॥ ९ ॥

प्र। तत्। वोचेत्। अमृतम्। नु। विद्वान्। गन्धर्वः। धाम। विभृतमिति विऽभृतम्। गुहा। सत्। त्रीणि। पदानि। निहितेति निऽहिता। गुहा। अस्य। यः। तानि। वेद। सः। पितुः। पिता। असत्॥ ९॥

पदार्थः—(प्र) (तत्) चेतनं ब्रह्म (वोचेत्) गुणकर्मस्वभावत उपदिशेत् (अमृतम्) नाशरहितम् (नु) सद्यः (विद्वान्) पण्डित (गन्धर्वः) यो गां वेदवाचं धरति सः (धाम) मुक्तिसुखस्य स्थानम् (विभृतम्) विशेषेण धृतम् (गुहा) बुद्धौ (सत्) नित्यम् (त्रीणि) उत्पत्तिस्थितिप्रलयाः काला वा (पदानि) ज्ञातुमर्हाणि (निहिता) निहितानि (गुहा) बुद्धौ (अस्य) अविनाशिनः (यः) (तानि) (वेद) जानाति (सः) (पितुः) जनकस्येश्वरस्य वा (पिता) ज्ञानप्रदानेनास्तिकत्वेन वा रक्षकः (असत्) भवेत्॥ ९॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यो गन्धर्वो विद्वान् गुहा विभृतममृतं धाम तत् सद्यः प्रवोचेत् यान्यस्य गुहा निहितानि पदानि त्रीणि सन्ति तानि च वेद स पितुः पिताऽसत्॥ ९॥

भावार्थः—हे मनुष्या! य ईश्वरस्य मुक्तिसाधकं बुद्धिस्थं स्वरूपमुपदिशेयुर्यथार्थतया पदार्थानां परमात्मनश्च गुणकर्मस्वभावान् विजानीयुस्ते वयोवृद्धानां पितॄणामपि पितरो भवितुं योग्याः सन्तीति विजानीत॥ ९॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यः) जो (गन्धर्वः) वेदवाणी को धारण करने वाला (विद्वान्) पण्डित (गुहा) बुद्धि में (विभृतम्) विशेष धारण किये

(अमृतम्) नाशरहित (धाम) मुक्ति के स्थान (तत्) उस (सत्) नित्य चेतन ब्रह्म का (नु) शीघ्र (प्र, वोचेत्) गुणकर्मस्वभावों के सहित उपदेश करे और जो (अस्य) इस अविनाशी ब्रह्म के (गुहा) ज्ञान में (निहिता) स्थित पदार्थ जानने योग्य (त्रीणि) तीन उत्पत्ति, स्थिति, प्रलय वा भूत, भविष्यत्, व समान काल हैं (तानि) उन को (वेद) जानता है (सः) वह (पितुः) अपने पिता वा सर्वरक्षक ईश्वर का (पिता) ज्ञान देने वा आस्तिकत्व से रक्षक (असत्) होवे ॥ ९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जो विद्वान् लोग ईश्वर के मुक्तिसाधक बुद्धिस्थ स्वरूप का उपदेश करें ठीक २ पदार्थों के और ईश्वर के गुण कर्म स्वभाव को जानें वे अवस्था में बड़े पितादिकों के भी रक्षा के योग्य होते हैं ऐसा जानो ॥ ९ ॥

स न इत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्मऋषिः। परमात्मा देवता।

निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

स नो बन्धुर्जनिता स विधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा। यत्र देवा अमृतमानशानास्तृतीये धामन्नध्यैरयन्त ॥ १० ॥

सः। नः। बन्धुः। जनिता। सः। विधातेति विऽधाता। धामानि। वेद। भुवनानि। विश्वा। यत्र। देवाः। अमृतम्। आनशानाः। तृतीये। धामन्। अध्यैरयन्तेत्यधिऽऐरयन्त ॥ १० ॥

पदार्थः—(सः) (नः) अस्माकम् (बन्धुः) भ्रातेव मान्यः सहायः (जनिता) जनयिता। अत्र। जनिता मन्त्र

इति अ० ६ । ४ । ५३ णिलोपः (सः) (विधाता) सर्वेषां पदार्थानां कर्मफलानां च विधानकर्ता (धामानि) जन्मस्थाननामानि (वेद) जानाति (भुवनानि) लोकलोकान्तराणि (विश्वा) सर्वाणि (यत्र) यस्मिन् जगदीश्वरे (देवाः) विद्वांसः (अमृतम्) मोक्षसुखम् (आनशानाः) प्राप्नुवन्तः (तृतीये) जीवप्रकृतिभ्यां विलक्षणे (धामन्) धामन्याधारभूते (अध्यैरयन्त) सर्वत्र स्वेच्छया विचरन्ति॥ १० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यत्र तृतीये धामन्नमृतमानशाना देवा अध्यैरयन्त यो विश्वा भुवनानि धामानि च वेद स नो बन्धुर्जनिता स विधाताऽस्तीति निश्चिनुत ॥ १० ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यस्मिञ्छुद्धस्वरूपे परमात्मनि योगिनो विद्वांसो मुक्तिसुखं प्राप्य मोदन्ते स एव सर्वज्ञः सर्वोत्पादकः सर्वदा सहायकारी च मन्तव्यो नेतर इति ॥ १० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यत्र) जिस (तृतीये) जीव और प्रकृति से विलक्षण (धामन्) आधाररूप जगदीश्वर में (अमृतम्) मोक्ष सुख को (आनशानाः) प्राप्त होते हुए (देवाः) विद्वान् लोग (अध्यैरयन्त) सर्वत्र अपनी इच्छा पूर्वक विचरते हैं जो (विश्वा) सब (भुवनानि) लोक लोकान्तरों और (धामानि) जन्म स्थान नामों को (वेद) जानता है (सः) वह परमात्मा (नः) हमारा (बन्धुः) भाई के तुल्य मान्य सहायक (जनिता) उत्पन्न करने हारा (सः) वही (विधाता) सब पदार्थों और कर्मफलों का विधान करने वाला है यह निश्चय करो ॥ १० ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जिस शुद्ध स्वरूप परमात्मा में योगिराज विद्वान् लोग मुक्तिसुख को प्राप्त हो आनन्द करते हैं उसीको सर्वज्ञ सर्वोत्पादक और सर्वदा सहायकार मानना चाहिये अन्य को नहीं ॥ १० ॥

परीत्येत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः । परमात्मा देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

परीत्यं भूतानि परीत्यं लोकान् परीत्य सर्वाः प्रदिशो दिशश्च । उपस्थायं प्रथमजामृतस्यात्मनात्मानमभि सं विवेश ॥ ११ ॥

परीत्येति परिऽइत्यं । भूतानि । परीत्येति परिऽइत्यं । लोकान् । परीत्येति परिऽइत्यं । सर्वाः । प्रदिशऽइति प्रऽदिशः । दिशः । च । उपस्थायेत्युपऽस्थायं । प्रथमजामिति प्रथमऽजाम् । ऋतस्यं । आत्मनां । आत्मानम् । अभि । सम् । विवेश ॥ ११ ॥

पदार्थः— (परीत्य) परितः सर्वतोऽभिव्याप्य (भूतानि) (परीत्य) (लोकान्) द्रष्टव्यान् पृथिवीसूर्यादीन् (परीत्य) (सर्वाः) (प्रदिशः) आग्नेयाद्या उपदिशः (दिशः) पूर्वाद्याः (च) अधः उपरि च (उपस्थाय) पठित्वा संसेव्य वा (प्रथमजाम्) प्रथमोत्पन्नां वेदचतुष्टयीम् (ऋतस्य) सत्यस्य (आत्मना) स्वस्वरूपेणान्तःकरणेन च (आत्मानम्) स्वरूपमधिष्ठानं वा (अभि) आभिमुख्ये (सम्) सम्यक् (विवेश) प्रविशति ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे विद्वन्! त्वं यो भूतानि परीत्य लोकान् परीत्य सर्वाः प्रदिशो दिशश्च परीत्य ऋतस्यात्मानमभिसंविवेश प्रथमजामुपस्थायात्मना तं प्राप्नुहि ॥ ११ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यूयं धर्माचरणवेदयोगाभ्याससत्सङ्गादिभिः कर्मभिः शरीरपुष्टिमात्मान्तःकरणशुद्धिं च संपाद्य सर्वत्राभिव्याप्तं परमात्मानं लब्ध्वा सुखिनो भवत ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् आप ! जो (भूतानि) प्राणियों को (परीत्य) सब ओर से व्याप्त हो के (लोकान्) पृथिवी सूर्यादि लोकों को (परीत्य) सब ओर से व्याप्त हो के (च) और ऊपर नीचे (सर्वाः) सब (प्रदिशः) आग्नेयादि उपदिशा तथा (दिशः) पूर्वादि दिशाओं को (परीत्य) सब ओर से व्याप्त हो के (ऋतस्य सत्य के (आत्मानम्) स्वरूप वा अधिष्ठान को (अभि, सम्, विवेश) सन्मुखता से सम्यक् प्रवेश करता है (प्रथमजाम्) प्रथम कल्पादि में उत्पन्न चार वेदरूप वाणी को (उपस्थाय) पढ़ वा सम्यक् सेवन करके (आत्मना) अपने शुद्धस्वरूप वा अन्तःकरण से उस को प्राप्त हूजिये ॥ ११ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! तुम लोग धर्म के आचरण, वेद और योग के अभ्यास तथा सत्संग आदि कर्मों से शरीर की पुष्टि और आत्मा तथा अन्तःकरण की शुद्धि को संपादन कर सर्वत्र अभिव्याप्त परमात्मा को प्राप्त हो के सुखी होओ ॥ ११ ॥

परीत्यस्य स्वयम्भु ब्रह्म ऋषिः । परमात्मा देवता ।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

परि॒ द्यावा॑पृथि॒वी स॒द्य इ॒त्वा परि॑ लो॒कान् परि॒ दिशः॒ परि॒ स्वः॑ । ऋ॒तस्य॒ तन्तुं॒ वित॑तं वि॒चृत्य॒ तद॑पश्य॒त्तद॑भव॒त्तदा॑सीत् ॥ १२ ॥

परि॑ । द्यावा॑पृथि॒वीऽइति॒ द्यावा॑ पृथि॒वी । स॒द्यः । इ॒त्वा । परि॑ । लो॒कान् । परि॑ । दिशः॑ । परि॑ । स्व॒रिति॒ स्वः॑ । ऋ॒तस्य॑ । तन्तु॑म् । वित॑त॒मिति॒ विऽत॑तम् । वि॒चृ॒त्येति॑ वि॒ऽचृत्य॑ । तत् । अ॒प॒श्य॒त् । तत् । अ॒भ॒व॒त् । तत् । आ॒सी॒त् ॥ १२ ॥

पदार्थः—(परि) सर्वतः (द्यावापृथिवी) सूर्यभूमी (सद्यः) शीघ्रम् (इत्वा) प्राप्य (परि) सर्वतः (लोकान्) द्रष्टव्यान् सृष्टिस्थान् भूगोलान् (परि) (दिशः) पूर्वाद्याः (परि) (स्वः) सुखम् (ऋतस्य) सत्यस्य (तन्तुम्) कारणम् (विततम्) विस्तृतम् (विचृत्य) विविधतया ग्रन्थित्वा बध्वा (तत्) (अपश्यत्) पश्यति (तत्) (अभवत्) भवति (तत्) (आसीत्) अस्ति ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यः परमेश्वरो द्यावापृथिवी सद्य इत्वा पर्य्यपश्यद्यो लोकान् सद्य इत्वा पर्य्यभवत् । यो दिशः सद्य इत्वा पर्य्यासीद्यःस्वः सद्य इत्वा पर्य्यपश्यद्य ऋतस्य विततं तन्तुं विचृत्य तत्सुखमपश्यद्येन तत्सुखमभवद्यतस्तद्विज्ञानमासीत्तं यथावद्विज्ञायोपासीरन् ॥ १२ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः परमेश्वरमेव भजन्ति तन्निर्मितां सृष्टिं सुखायोपयुञ्जते त ऐहिकं पारमार्थिकं विद्याजन्यं सुखं च सद्यः प्राप्य सततमानन्दन्ति ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जो परमेश्वर (द्यावापृथिवी) सूर्य्य और भूमि को (सद्यः) शीघ्र (इत्वा) प्राप्त होके (परि, अपश्यत्) सब ओर से देखता

है जो (लोकान्) देखने योग्य सृष्टिस्थ भूगोलों को शीघ्र प्राप्त हो के (परि, अभवत्) सब ओर से प्रकट होता जो (दिशः) पूर्वादि दिशाओं को शीघ्र प्राप्त हो के (परि, आसीत्) सब ओर से विद्यमान है जो (स्वः) सुख को शीघ्र प्राप्त हो के (परि) सब ओर से देखता है जो (ऋतस्य) सत्य के (विततम्) विस्तृत (तन्तुम्) कारण को (विचृत्य) विविध प्रकार से बांध के (तत्) उस सुख को देखता जिस से (तत्) वह सुख हुआ और जिस से (तत्) वह विज्ञान हुआ है उस को यथावत् जान के उपासना करो ॥ १२ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य परमेश्वर ही का भजन करते और उस की रची सृष्टि को सुख के लिये उपयोग में लाते हैं वे इस लोक परलोक और विद्या से हुए सुख को शीघ्र प्राप्त हो के निरन्तर आनन्दित होते हैं ॥ १२ ॥

सदसस्पतिमित्यस्य मेधाकाम ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

भुरिग्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम् । सनिं मेधामयासिषᳬस्वाहा ॥ १३ ॥

सदसः । पतिम् । अद्भुतम् । प्रियम् । इन्द्रस्य । काम्यम् । सनिम् । मेधाम् । अयासिषम् । स्वाहा ॥ १३ ॥

पदार्थः—(सदसः) सभाया ज्ञानस्य न्यायस्य दण्डस्य वा (पतिम्) पालकं स्वामिनम् (अद्भुतम्) आश्चर्यगुणकर्मस्वभावम् (प्रियम्) प्रीतिविषयं प्रसन्नकरं प्रसन्नं वा (इन्द्रस्य) इन्द्रियाणां स्वामिनो जीवस्य (काम्यम्) कमनीयम् (सनिम्)

सनन्ति संविभजन्ति सत्याऽसत्ये यया ताम् (मेधाम्) सुगतां प्रज्ञाम् (अयासिषम्) प्राप्नुयाम् (स्वाहा) सत्यया क्रियया वाचा वा ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या अहं स्वाहा यं सदसस्पतिमद्भुतमिन्द्रस्य काम्यं प्रियं परमात्मानमुपास्य संसेव्य च सनिं मेधामयासिषं तां परिचरितां यूयमपि प्राप्नुत ॥ १३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः सर्वशक्तिमन्तं परमात्मानं सेवन्ते ते सर्वा विद्याः प्राप्य शुद्धया प्रज्ञया सर्वाणि सुखानि लभन्ते ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! मैं (स्वाहा) सत्य क्रिया वा वाणी से जिस (सदसः) सभा, ज्ञान, न्याय वा दण्ड के (पतिम्) रक्षक (अद्भुतम्) आश्चर्य्य गुण कर्म स्वभाव वाले (इन्द्रस्य) इन्द्रियों के मालिक जीव के (काम्यम्) कमनीय (प्रियम्) प्रीति के विषय प्रसन्न करने हारे वा प्रसन्नरूप परमात्मा की उपासना और सेवा करके (सानिम्) सत्य असत्य का जिस से सम्यक् विभाग किया जाय उस (मेधाम्) उत्तम बुद्धि को (अयासिषम्) प्राप्त होऊं, उस ईश्वर की सेवा करके इस बुद्धि को तुम लोग भी प्राप्त होओ ॥ १३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य सर्वशक्तिमान् परमात्मा का सेवन करते हैं वे सब विद्याओं को पाकर शुद्ध बुद्धि से सब सुखों को प्राप्त होते हैं ॥ १३ ॥

यामित्यस्य मेधाकाम ऋषिः । परमात्मा देवता ।

निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

मनुष्यैरीश्वराद्बुद्धिर्याचनीयेत्याह ॥

मनुष्यों को ईश्वर से बुद्धि की याचना करनी चाहिये इस वि० ॥

यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते । तया मामद्य मेधयाग्ने मेधाविनं कुरु स्वाहा ॥ १४ ॥

याम्। मेधाम्। देवगणाऽइति देवऽगणाः। पितरः। च। उपासतऽइत्युपऽआसते। तया। माम्। अद्य। मेधया। अग्ने। मेधाविनम्। कुरु। स्वाहा ॥१४॥

पदार्थः—(याम्) (मेधाम्) प्रज्ञां धनं वा। मेधेति धनना० निघं० २। १० (देवगणाः) देवानां विदुषां समूहाः (पितरः) पालयितारो विज्ञानिनः (च) (उपासते) प्राप्य सेवन्ते (तया) (माम्) (अद्य) (मेधया) (अग्ने) स्वप्रकाशत्वेन विद्याविज्ञापक ! (मेधाविनम्) प्रशस्ता मेधा विद्यते यस्य तम् (कुरु) (स्वाहा) सत्यया वाचा ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन्नध्यापक ! जगदीश्वर! वा देवगणाः पितरश्च यां मेधामुपासते तया मेधया मामद्य स्वाहा मेधाविनं कुरु ॥ १४ ॥

भावार्थः—मनुष्याः परमेश्वरमुपास्याप्तं विद्वांसं संसेव्य शुद्धं विज्ञानं धर्मजं धनञ्च प्राप्तुमिच्छेयुरन्यांश्चैवं प्रापयेयुः ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) स्वयं प्रकाशरूप होने से विद्या के जताने हारे ईश्वर! वा अध्यापक विद्वन् ! (देवगणाः) अनेकों विद्वान् (च) और (पितरः) रक्षा करने हारे ज्ञानी लोग (याम्) जिस (मेधाम्) बुद्धि वा धन को (उपासते) प्राप्त होके सेवन करते हैं (तया) उस (मेधया) बुद्धि वा धन से (माम्) मुझ को(अद्य)आज (स्वाहा) सत्य वाणी से (मेधाविनम्) प्रशंसित बुद्धि वा धन वाला (कुरु) कीजिये ॥ १४ ॥

भावार्थः—मनुष्य लोग परमेश्वर की उपासना और आप्त विद्वान् की सम्यक् सेवा करके शुद्ध विज्ञान और धर्म से हुए धन को प्राप्त होने की इच्छा करें और दूसरों को भी ऐसे ही प्राप्त करावें ॥ १४ ॥

मेधामित्यस्य मेधाकाम ऋषिः । परमेश्वरविद्वांसौ देवते । निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

मेधाम्मे वरु॑णो ददातु मे॒धाम॒ग्निः प्र॒जाप॑तिः । मे॒धामिन्द्र॑श्च वा॒युश्च॑ मे॒धां धा॒ता द॑दातु मे॒ स्वाहा॑ ॥ १५ ॥

मे॒धाम् । मे॒ । वरु॑णः । द॒दा॒तु॒ । मे॒धाम् । अ॒ग्निः । प्र॒जाप॑ति॒रिति॑ प्र॒जाऽप॑तिः । मे॒धाम् । इन्द्रः॑ । च॒ । वा॒युः । च॒ । मे॒धाम् । धा॒ता । द॒दा॒तु॒ । मे॒ । स्वाहा॑ ॥ १५ ॥

पदार्थः—(मेधाम्) शुद्धां धियं धनं वा (मे) मह्यम् (वरुणः) श्रेष्ठः (ददातु) (मेधाम्) (अग्निः) विद्याप्रकाशितः (प्रजापतिः) प्रजायाः पालकः (मेधाम्) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् (च) (वायुः) बलिष्ठो बलप्रदः (च) (मेधाम्) (धाता) सर्वस्य संसारस्य राज्यस्य (ददातु) (मे) मह्यम् (स्वाहा) धर्म्यया क्रियया ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः! यथा वरुणः परमेश्वरो विद्वान् वा स्वाहा मे मेधां

ददातु अग्निः प्रजापतिर्मेधां ददातु इन्द्रो मेधां ददातु वायुश्च मेधां ददातु धाता च मे मेधां ददातु तथा युष्मभ्यमपि ददातु ॥ १५ ॥

भावार्थः-मनुष्या यथाऽऽत्मार्थं गुणकर्मस्वभावं सुखञ्चेच्छेयुस्तादृश्मेवाऽन्यार्थम् । यथा स्वस्योन्नतये प्रार्थयेयुस्तथा परमेश्वरस्य विदुषाञ्च सकाशादन्येषामपि प्रार्थयेयुर्न केवलं प्रार्थनामेव कुर्युः किं तर्हि सत्याचरणमपि । यदा २ विदुषां समीपं गच्छेयुस्तदा २ सर्वेषां कल्याणाय प्रश्नोत्तराणि कुर्युः ॥ १५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (वरुणः) अति श्रेष्ठ परमेश्वर वा विद्वान् (स्वाहा) धर्मयुक्त क्रिया से (मे) मेरे लिये (मेधाम्) शुद्ध बुद्धि वा धन को (ददातु) देवे (अग्निः) विद्या से प्रकाशित (प्रजापतिः) प्रजा का रक्षक (मेधाम्) बुद्धि को देवें (इन्द्रः) परमऐश्वर्यवान (मेधाम्) बुद्धि को देवे (च) और (वायुः) वलदाता बलवान् (मेधाम्) बुद्धि को देवे (च) और (धाता) सब संसार वा राज्य का धारण करने हारा ईश्वर वा विद्वान् (मे) मेरे लिये बुद्धि धन को (ददातु) देवे वैसे तुम लोगों को भी देवें ॥१५॥

भावार्थः—मनुष्य जैसे अपने लिये गुण कर्म स्वभाव और सुख को चाहे वैसे औरों के लिये भी चाहें । जैसे अपनी २ उन्नति की चाहना करें वैसे परमेश्वर और विद्वानों के निकट से अन्यों की उन्नति की प्रार्थना करें । केवल प्रार्थना ही न करें किन्तु सत्य आचरण भी करें । जब २ विद्वानों के निकट जावें तब२ सब के कल्याण के लिये प्रश्न और उत्तर किया करें ॥ १५ ॥

इदं म इत्यस्य श्रीकाम ऋषिः । विद्वद्राजानौ देवते । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

इदं मे ब्रह्म च क्षत्रं चोभे श्रियमश्नुताम् । मयि देवा दधतु श्रियमुत्तमां तस्यै ते स्वाहा ॥ १६ ॥

इदम्। मे। ब्रह्म। च। क्षत्रम्। च। उभेऽइत्युभे। श्रियम्। अश्नुताम्। मयि। देवाः। दधतु। श्रियम्। उत्तमामित्युत्ऽतमाम्। तस्यै। ते। स्वाहा ॥ १६ ॥

पदार्थः—(इदम्) (मे) मम (ब्रह्म) वेदेश्वरविज्ञानं तद्वत्कुलम् (च) (क्षत्रम्) राज्यं धनुर्वेदविद्या क्षत्रियकुलम्(च) (उभे) (श्रियम्) राजलक्ष्मीम्(अश्नुताम्) प्राप्नुताम् (मयि) (देवाः) विद्वांसः (दधतु) धरन्तु (श्रियम्) शोभां लक्ष्मीं च (उत्तमाम्) अतिश्रेष्ठाम् (तस्यै) श्रियै (ते) तुभ्यम् (स्वाहा) सत्याचरणया क्रियया ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे परमेश्वर! भवत्कृपया हे विद्वन्! तव पुरुषार्थेन च स्वाहा मे ममेदं ब्रह्म च क्षत्रं चोभे श्रियमश्नुतां यथा देवा मय्युत्तमां श्रियं दधतु तथाऽन्येष्वपि। हे जिज्ञासो! ते तुभ्यं तस्यै वयं प्रयतेमहि ॥ १६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये मनुष्याः परमेश्वराज्ञापालनेन विदुषां सेवया सत्कारेण सर्वेषां मनुष्याणां मध्याद्ब्राह्मणक्षत्रियौ सुशिक्ष्य विद्यादिसद्गुणैः संयोज्य सर्वेषामुन्नतिं विधाय स्वात्मवत्सर्वेषु वर्त्तेरन् ते सर्वपूज्याः स्युरिति ॥ १६ ॥

अत्र परमेश्वरविद्वत्प्रज्ञाधनप्राप्त्युपायगुणवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वाध्यायोक्तार्थेन सह सङ्गतिर्वेद्या ॥

पदार्थः—हे परमेश्वर! आपकी कृपा और हे विद्वन्! तेरे पुरुषार्थ से (स्वाहा) सत्याचरणरूप क्रिया से (मे) मेरे (इदम्) ये (ब्रह्म) वेद ईश्वर का विज्ञान वा इनका ज्ञाता पुरुष (च) और (क्षत्रम्) राज्य धनुर्वेद विद्या और क्षत्रिय कुल (च) भी ये (उभे) दोनों (श्रियम्) राज्य की लक्ष्मी को

(अश्नुताम्) प्राप्त हों जैसे (देवाः) विद्वान् लोग (मयि) मेरे निमित्त (उत्तमाम्) अतिश्रेष्ठ (श्रियम्) शोभा व लक्ष्मी को (दधतु) धारण करें । हे जिज्ञासु जन ! (ते) तेरे लिये भी (तस्यै) उस श्री के अर्थ हम लोग प्रयत्न करें ॥ १६ ॥

भावार्थः— इस मन्त्र में वाचकलु०—जो मनुष्य परमेश्वर की आज्ञा पालन और विद्वानों की सेवा सत्कार से सब मनुष्यों के बीच से ब्राह्मण क्षत्रिय को सुन्दर शिक्षा विद्यादि सद्गुणों से संयुक्त और सब की उन्नति का विधान कर अपने आत्मा के तुल्य सब में वर्त्तें वे सब को पूजने योग्य होवें ॥ १६ ॥

इस अध्याय में परमेश्वर विद्वान् और बुद्धि तथा धन की प्राप्ति के उपायों का वर्णन होने से इस अध्याय में कहे अर्थ की पूर्व अध्याय में कहे अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्याणां श्रीयुतपरमविदुषां विरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीपरमहंसपरिव्राजकाचार्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये द्वात्रिंशोऽध्यायः पूर्तिमगात् ॥

ओ३म्

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव ।
यद्भद्रं तन्न आ सुव ॥ १ ॥

अस्यैत्यस्य वत्सप्रीर्ऋषिः । अग्नयो देवताः ।
स्वराट् पाङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
अथाग्न्यादिपदार्थान् विज्ञाय कार्य्यं साध्यमित्याह ॥
अब तेंतीसवें अध्याय का आरम्भ है इस के प्रथम मन्त्र में अग्न्यादि पदार्थों को जान कार्य साधना चाहिये इस वि० ॥

अस्याजरासो दमामरित्रा अर्चद्धूमासो अग्नयः पावकाः । श्वितीचयः श्वात्रासो भुरण्यवो वनर्षदो वायवो न सोमाः ॥ १ ॥

अस्य । अजरासः । दमाम् । अरित्राः । अर्चद्धूमास इत्यर्चत्ऽधूमासः । अग्नयः । पावकाः । श्वितीचयः । श्वात्रासः । भुरण्यवः । वनर्षदः । वनसद इति वनऽसदः । वायवः । न । सोमाः ॥ १ ॥

पदार्थः—(अस्य) परमेश्वरस्य (अजरासः) वयोहानिरहिताः (दमाम्) गृहाणाम् । अत्र नुडभावे पूर्वसवर्णदीर्घः (अरित्राः) येऽरिभ्यस्त्रायन्ते ते (अर्चद्धूमासः) अर्चन्तः सुगन्धियुक्ता धूमा येषान्ते (अग्नयः) विद्युदादयः (पावकाः) पवित्रीकराः (श्वितीचयः) ये श्वितिं श्वेततां चिन्वन्ति ते (श्वात्रासः) श्वात्रं प्रवृद्धं धनं येषान्ते । श्वात्रमिति धननाः निघं० २ । १० (भुरण्यवः) धर्त्तारो गतिमन्तश्च (वनर्षदः) ये वनेषु रश्मिषु सीद-

न्ति ते । अत्र वा छन्दसीति रुडागमः (वायवः) पवनाः (न) इव (सोमाः) ऐश्वर्यप्रापकाः ॥ १ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या !येऽस्य जगदीश्वरस्य सृष्टावजरासोऽरित्रा अर्चद्धूमासः पावकाः श्वितीचयः श्वात्रासो भुरण्यवः सोमा अग्नयो वनर्षदो वायवो न दमां धारकाः सन्ति तान् यूयं विजानीत ॥ १ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०-यदि मनुष्या अग्निवाय्वादीन् सृष्टिस्थान् पदार्थान् विजानीयुस्तर्हि तेभ्यो बहूनुपकारान् ग्रहीतुं शक्नुयुः ॥ १ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जो (अस्य) इस पूर्वोक्त ईश्वर की सृष्टि में (अजरासः) एकसी अवस्था वाले (अरित्राः) शत्रुओं से बचाने हारे (अर्चद्धूमासः) सुगन्धित धूमों से युक्त (पावकाः) पवित्रकारक (श्वितीचयः) श्वेतवर्ण को सञ्चित करने हारे (श्वात्रासः) धन को बढ़ाने के हेतु (भुरण्यवः) धारण करने हारे वा गमनशील (सोमाः) ऐश्वर्य को प्राप्त करने हारे (अग्नयः) विद्युत् आदि अग्नि (वनर्षदः) वनों वा किरणों में रहने हारे (वायवः) पवनों के (न) समान (दमाम्) घरों के धारण करने हारे उन को तुम लोग जानो ॥ १ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जो मनुष्य अग्नि वायु आदि सृष्टिस्थ पदार्थों को जानें तो इन से बहुत उपकारों को ग्रहण कर सकते हैं ॥ १ ॥

हरय इत्यस्य विश्वरूप ऋषिः । अग्नयो देवताः ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

हर॑यो धू॒मके॑तवो॒ वात॑जूता॒ उप॒ द्यवि॑ । यत॑न्ते॒ वृथ॑ग॒ग्नय॑: ॥ २ ॥

हरयः । धूमकेतवऽइति धूमऽकेतवः । वातजूताऽइति वातऽजूताः । उप । द्यवि । यतन्ते । वृथक् । अग्नयः ॥ २ ॥

पदार्थः-(हरयः) हरणशीलाः (धूमकेतवः) केतुरिव धूमो ज्ञापको येषान्ते (वातजूताः) वायुना प्राप्ततेजस्काः (उप) (द्यवि) प्रकाशे (यतन्ते) (वृथक्) पृथक् । वर्णव्यत्ययः (अग्नयः) पावकाः ॥ २ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! ये धूमकेतवो वातजूता हरयोऽग्नयो वृथक् द्यवि उप यतन्ते तान् कार्य्यसिद्धये संप्रयुङ्ग्ध्वम् ॥ २ ॥

भावार्थः-हे मनुष्या ! येषां धूमो विज्ञापको वायुः प्रदीपको हरणशीलता च येषु वर्त्तते तेऽग्नयः सन्तीति विजानीत ॥ २ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जो (धूमकेतवः) जिन का जताने वाला धूम ही पताका के तुल्य है (वातजूताः) वायु से तेज को प्राप्त हुए (हरयः) हरणशील (अग्नयः) पावक (वृथक्) नाना प्रकार से (द्यवि) प्रकाश के निमित्त (उप, यतन्ते) यत्न करते हैं उन को कार्य्य सिद्धि के अर्थ उपयोग में लाओ ॥ २ ॥

भावार्थः-हे मनुष्यो! जिन का धूम ज्ञान कराने और वायु जलाने वाला है और जिन में हरणशीलता वर्त्तमान है वे अग्नि हैं ऐसा जानो ॥ २ ॥

यजानः इत्यस्य गोतम ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
विद्वद्भिर्मनुष्यैः किं कार्य्यमित्याह ॥
विद्वान् मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

यजा नो मित्रावरुणा यजा देवाँ२॥ऽऋतं बृहत्।
अग्ने यक्षि स्वं दमम्॥ ३ ॥

यज। नः। मित्रावरुणा। यज। देवान्। ऋतम्।
बृहत्। अग्ने। यक्षि। स्वम्। दमम्॥ ३ ॥

पदार्थः-(यज) सत्कुरु (नः) अस्माकम् (मित्रावरुणा) सुहृच्छ्रेष्ठौ (यज) देह्युपदिश। अत्रोभयत्र द्व्यचोतस्तिङ इतिदीर्घः (देवान्) विदुषश्च (ऋतम्) सत्यम् (बृहत्) महत् (अग्ने) विद्वन्! (यक्षि) संगमय (स्वम्) स्वकीयम् (दमम्) गृहम्॥ ३ ॥

अन्वयः—हे अग्ने! त्वं नो मित्रावरुणा देवांश्च यज बृहदृतं यज येन स्वं दमं यक्षि॥ ३ ॥

भावार्थः-हे विद्वांसो जना! अस्माकं मित्र श्रेष्ठविदुषां सत्कर्त्तारः सत्योपदेशकाः स्वगृहकार्य्यसाधका यूयं भवत॥ ३ ॥

पदार्थः-हे (अग्ने) विद्वन्! आप (नः) हमारे (मित्रावरुणा) मित्र और श्रेष्ठ जनों तथा (देवान्) विद्वानों का (यज) सत्कार कीजिये (बृहत्) बड़े (ऋतम्) सत्य का (यज) उपदेश कीजिये जिस से (स्वम्) अपने (दमम्) घर को (यक्षि) संगत कीजिये॥ ३ ॥

भावार्थः-हे विद्वान् मनुष्यो! हमारे मित्र, श्रेष्ठ और विद्वानों का सत्कार करने हारे सत्य के उपदेशक और अपने घर के कार्यों को सिद्ध करने हारे तुम लोग होओ॥३॥

युक्ष्वेत्यस्य विश्वरूप ऋषिः। अग्निर्देवता।
निचृद्गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः॥
पुनस्तमेव विषयमाह॥
फिर उसी वि०॥

युक्ष्वा हि देवहूतमाँ२॥अश्वाँ॥ऽअग्ने रथीरिव।
नि होता पूर्व्यः सदः॥ ४ ॥

युक्ष्व । हि । देवहूतमानिति देवऽहूतमान् । अश्वान् । अग्ने । र॒थीरिवेति र॒थीःऽइव । नि । होता । पूर्व्यः । सदः ॥ ४ ॥

पदार्थः—(युक्ष्व) योजय । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (हि) खलु (देवहूतमान्) ये देवैर्विद्वद्भिर्हूयन्ते स्तूयन्ते तेऽतिशयितास्तान् (अश्वान्) आशुगामिनोऽग्न्यादीन् तुरङ्गान् वा (अग्ने) विद्वन् ! (रथीरिव) यथा सारथिस्तथा अत्र मत्वर्थे ईर् प्रत्ययः (नि) नितराम् (होता) आदाता (पूर्व्यः) पूर्वैः कृतविद्यः (सदः) अत्राडभावः ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे अग्ने ! त्वं रथीरिव देवहूतमानश्वान् युक्ष्व होता पूर्व्यः सन् हि नि सदः ॥ ४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा सुशिक्षितः सारथिरश्वैरनेकानि कार्य्याणि साध्नोति तथा कृतविद्यो जनोऽग्न्यादिभिरनेकानि कार्याणि साध्नुयात् ॥ ४ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् ! आप (रथीरिव) सारथि के समान (देवहूतमान्) विद्वानों से अत्यन्त स्तुति किये हुए (अश्वान्) शीघ्रगामी अग्नि आदि वा घोड़ों को (युक्ष्व) युक्त कीजिये (पूर्व्यः) पूर्वज विद्वानों से विद्या को प्राप्त (होता) ग्रहण करते हुए (हि) निश्चय कर (नि, सदः) स्थिर हूजिये ॥ ४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे उत्तम शिक्षित सारथि घोड़ों से अनेक कार्य्यों को सिद्ध करता है वैसे विद्वान् जन अग्नि आदि से अनेक कार्य्यों को सिद्ध करें ॥ ४ ॥

द्वे इत्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता । स्वराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

रात्रिदिवसौ जगत्पालकावित्याह ॥

रात्रि दिन जगत् की रक्षा करने वाले हैं इस वि० ॥

द्वे विरूपे चरतः स्वर्थे अन्यान्या वृत्समुपधापयेते । हरिरन्यस्यां भवति स्वधावाञ्छुक्रो अन्यस्यां ददृशे सुवर्चाः ॥५॥

द्वेऽइति द्वे । विरूपेऽइति विऽरूपे । चरतः । स्वर्थेऽइति सुऽअर्थे । अन्यान्येत्यन्याऽअन्या । वत्सम् । उप । धापयेतेऽइति धापयेते । हरिः । अन्यस्याम् । भवति । स्वधावानिति स्वधाऽवान् । शुक्रः । अन्यस्याम् । ददृशे । सुवर्चाऽइति सुऽवर्चाः ॥ ५ ॥

पदार्थः—(द्वे) (विरूपे) विरुद्धस्वरूपे (चरतः) (स्वर्थे) सुष्ठु अर्थः प्रयोजनं ययोस्ते (अन्यान्या) भिन्ना भिन्ना एकैका कालभेदेन (वत्सम्) वसन्ति भूतान्यस्मिंस्तं संसारं वदति सततमिति वत्सो बालस्तं वा (उप) (धापयेते) पाययतः (हरिः) मनोहारी चन्द्रो बालो वा (अन्यस्याम्) रात्रौ योषिति वा (भवति) (स्वधावान्) प्रशस्तस्वधा अमृतरूपा गुणा विद्यन्ते यस्मिन् सः (शुक्रः) पावकः सूर्य्य आशुकारी बालश्च (अन्यस्याम्) प्रकाशरूपायां दिवसवेलायां जायायां वा (ददृशे) दृश्यते (सुवर्चाः) सुष्ठु तेजाः ॥ ५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यथा स्वर्थे द्वे विरूपे स्त्रियौ चरतोऽन्यान्या च वत्समुपधापयेते तयोरन्यस्यां स्वधावान् हरिर्भवति शुक्रः सुवर्चा अन्यस्यां ददृशे तथा द्वे रात्र्यहनी वर्त्तेते इति जानीत ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रानुभयाभेदरूपकोऽलङ्कारः—यथा द्वे स्त्रियौ वा गावावपत्यप्रयोजने पृथक् पृथक् वर्त्तमाने कालभेदेनैकं बालं पालयेतां तयोरेकस्यां हृद्यो महागुणी शान्तिशीलो बालो जायेत, एकस्याञ्च शीघ्रकारी तेजस्वी शत्रुतापको बालो जायेत तथा द्वे रात्र्यहनी भिन्नस्वरूपे कालभेदेनैकं संसारं पालयतः। कथं रात्रिरमृतवर्षकं चित्तप्रसादकं चन्द्रमसमुत्पाद्य दिवसरूपा च पावकरूपं शोभनप्रकाशं सूर्यमुत्पादयेति पूर्वान्वयः ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जैसे (स्वर्थे) सुन्दर प्रयोजन वाली (द्वे) दो (विरूपे) भिन्न २ रूप की स्त्रियां (चरतः) भोजनादि आचरण करती हैं और (अन्यान्या) एक २ अलग २ समय में (वत्सम्) निरन्तर बोलने वाले एक बालक को (उप,धापयेते) निकट कर दूध पिलाती हैं उन दोनों में से (अन्यस्याम्) एक में (स्वधावान्) प्रशस्त शान्ति आदि अमृत तुल्य गुणयुक्त (हरिः) मन को हरने वाला पुत्र (भवति) होता और (शुक्रः) शीघ्रकारी (सुवर्चाः) सुन्दर तेजस्वी (अन्यस्याम्) दूसरी में हुआ (ददृशे) दीख पड़ता है वैसे ही सुन्दर प्रयोजन वाले दो काले श्वेत भिन्न रूप वाले रात्रि दिन वर्त्तमान हैं और एक २ भिन्न २ समय में एक संसार रूप बालक को दुग्धादि पिलाते हैं उन दोनों में से एक रात्रि में अमृतरूप गुणों वाला मन का प्रसादक चन्द्रमा उत्पन्न होता और द्वितीय दिन रूप वेला में पवित्रकर्त्ता सुन्दर तेज वाला सूर्य रूप पुत्र दीख पड़ता है ऐसा तुम लोग जानो ॥ ५ ॥

भावार्थः-इस मन्त्र में अनुभयाभेदरूपकालङ्कार है—जैसे दो स्त्रियां वा गायें सन्तान प्रयोजन वाली पृथक् २ वर्तमान भिन्न २ समय में एक बालक की रक्षा करें उन

दोनों में से एक में हृदय को प्यारा महागुणी शान्तिशील बालक हो और दूसरी में शीघ्रकारी तेजस्वी शत्रुओं को दुःखदायी बालक होवे वैसे भिन्न स्वरूप वाले दो रात्रि दिन अलग २ समय में एक संसाररूपबालक की पालना करते हैं किस प्रकार:—रात्रि अमृत वर्षक चित्त को प्रसन्न करने हारे चन्द्रमारूपबालक को उत्पन्न करके और दिन रूप स्त्री तेजोमय सुन्दर प्रकाश वाले सूर्य्यरूप पुत्र को उत्पन्न करके ॥ ५ ॥

अयमित्यस्य कुत्स ऋषिः । अग्निर्देवता ।

भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

विद्वद्भिः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

विद्वानों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

अयमिह प्रथमो धायि धातृभिर्होता यजिष्ठो अध्वरेष्वीड्यः । यमप्नवानो भृगवो विरुरुचुर्वनेषु चित्रं विभ्वं विशेविशे ॥ ६ ॥

अयम् । इह । प्रथमः । धायि । धातृभिरिति धातृऽभिः । होता । यजिष्ठः । अध्वरेषु । ईड्यः । यम् । अप्नवानः । भृगवः । विरुरुचुरिति विऽरुरुचुः । वनेषु । चित्रम् । विभ्वमिति विऽभ्वम् । विशेविशऽइति विशेऽविशे ॥ ६ ॥

पदार्थः—(अयम्) विद्युदादिस्वरूपः (इह) अस्मिन् संसारे (प्रथमः) विस्तीर्णः (धायि) ध्रियते (धातृभिः) धर्तृभिः (होता) सुखदाता (यजिष्ठः) अतिशयेन यष्टा सङ्गमयिता (अध्वरेषु) अहिंसनीयेषु व्यवहारेषु (ईड्यः) अध्येषणीयः (यम्)

(अप्नवानः) सुसन्तानयुक्ताः सुशिष्याः (भृगवः) परिपक्वज्ञानाः (विरुरुचुः) विशेषेण दीपयेयुः (वनेषु) किरणेषु वा (चित्रम्) अद्भुतगुणकर्मस्वभावम् (विभ्वम्) विभुं विद्युदाख्यमग्निम्(विशे, विशे)प्रजायै, प्रजायै ॥६॥

अन्वयः- हे मनुष्या ! यथा धातृभिरिह विशेविशेऽयं प्रथमो होता यजिष्ठोऽध्वरेष्वीड्यो धायि यथा भृगवश्चाप्नवानो यं वनेषु चित्रं विभ्वं विरुरुचुस्तं यूयं धरत प्रकाशयत च ॥ ६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये विद्वांस इह विद्युद्विद्यां जानन्ति ते सर्वाः प्रजाः सर्वसुखयुक्ताः कर्त्तुं शक्नुवन्ति ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (धातृभिः) धारण करने वालों से (इह) इस संसार में (विशे विशे) प्रजा २ के लिये (अयम्) यह (प्रथमः) विस्तार वाला (होता) सुखदाता (यजिष्ठः) अतिशय कर संगत करने वाला (अध्वरेषु) रक्षणीय व्यवहारों में (ईड्यः) खोजने योग्य विद्युत् आदि स्वरूप अग्नि (धायि) धारण किया जाता और जैसे (भृगवः) दृढ ज्ञान वाले (अप्नवानः) सुसन्तानों के सहित उत्तम शिष्य लोग (यम्) जिस (वनेषु) वनों वा किरणों में (चित्रम्) आश्चर्यरूप गुण कर्म स्वभाव वाले (विभ्वम्) व्यापक विद्युत्रूप अग्नि को (विरुरुचुः)विशेष कर प्रदीप्त करें वैसे उसको तुम लोग भी धारण और प्रकाशित करो ॥ ६ ॥

भावार्थः-इस मंत्र में वाचकलु०—जो विद्वान् लोग इस संसार में बिजुली की विद्या को जानते हैं वे सब प्रकार प्रजाओं को सब सुखों से युक्त करने को समर्थ होते हैं ॥ ६ ॥

त्रीणि शतेत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । विद्वांसो देवताः ।
स्वराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
शिल्पिनो विद्वांसः किं कुर्युरित्याह ॥
कारीगर विद्वान् क्या करें इस वि० ॥

त्रीणि श॒ता त्री स॒हस्रा॑ण्य॒ग्निं त्रि॒ꣳशच्च॑ दे॒वा नव॑ चासपर्यन् । औक्ष॑न् घृ॒तैरस्तृ॑ण॒न्ब॒र्हिर॑स्मा॒ऽआदिद्धोता॑रं॒ न्यसादयन्त ॥ ७ ॥

त्रीणि । श॒ता । त्री । स॒हस्रा॑णि । अ॒ग्निम् । त्रि॒ꣳशत् । च॒ । दे॒वाः । नव॑ । च॒ । अ॒स॒प॒र्य॒न् । औक्ष॑न् । घृ॒तैः । अस्तृ॑णन् । ब॒र्हिः । अ॒स्मै॒ । आत् । इत् । होता॑रम् । नि । अ॒सा॒द॒य॒न्त॒ ॥ ७ ॥

पदार्थः—(त्रीणि) (शता) शतानि (त्री) त्रीणि (सहस्राणि) सहस्रक्रोशमार्गम् (अग्निम्) (त्रिंशत्) पृथिव्यादीन् (च) (देवाः) विद्वांसः (नव) (च) (असपर्यन्) सिंचेरन् (औक्षन्) सिञ्चेरन् (घृतैः) घृतादिभिरुदकेन वा (अस्तृणन्) आच्छादयन्तु (बर्हिः) अन्तरिक्षम् (अस्मै) अग्नये (आत्) अभितः (इत्) एव (होतारम्) हवनकर्त्तारम् (नि) नितराम् (असादयन्त) स्थापयन्तु ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यथा त्रिंशच्च नव च देवास्त्रीणि शता त्री सहस्राण्यग्निमसपर्यन् घृतैरौक्षन् बर्हिरस्तृणन्नस्मै होतारमादिन्न्यसादयन्त तथा यूयमपि कुरुत ॥ ७ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलु०— ये शिल्पिनो विद्वांसोऽग्निजलादि पदार्थान् यानेषु संप्रयोज्योत्तममध्यमनिकृष्टवेगैरनेकानि शतानि सहस्राणि कोशान्मार्गं गन्तुं शक्नुयुस्तेऽन्तरिक्षेऽपि यातुं समर्था जायन्ते ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जैसे (त्रिंशत्) पृथिवी आदि तीस (च) और (नव) नव प्रकार के (च) ये सब और (देवाः) विद्वान् लोग (त्रीणि) तीन (शता) सौ (त्री) तीन (सहस्राणि) हजार कोश मार्ग में (अग्निम्) अग्नि को (असपर्य्यन्) सेवन करें (घृतैः) घी वा जलों से (औक्षन्) सींचें (बर्हिः) अन्तरिक्ष को (अस्तृणन्) आच्छादित करें (अस्मै) इस अग्नि के अर्थ (होतारम्) हवन करने वाले को (आत् इत्) सब ओर से ही (नि, असादयन्त) निरन्तर स्थापित करें वैसे तुम लोग भी करो ॥ ७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो शिल्पी विद्वान् लोग अग्नि जलादि पदार्थों को यानों में संयुक्त कर उत्तम, मध्यम, निकृष्ट वेगों से अनेक सैकड़ों हजारों कोस मार्ग को जा सकें वे आकाश में भी जा आ सकते हैं ॥ ७ ॥

मूर्द्धानमित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । विद्वांसो देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

मूर्द्धानं दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वानरमृत आ जातमग्निम् । कविꣳ सम्राजमतिथिं जनानामासन्ना पात्रं जनयन्त देवाः ॥ ८ ॥

मूर्द्धानम् । दिवः । अरतिम् । पृथिव्याः । वैश्वानरम् । ऋते । आ । जातम् । अग्निम् । कविम् । सम्राजमिति सम्ऽराजम् । अतिथिम् । जनानाम् । आसन् । आ । पात्रम् । जनयन्त । देवाः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(मूर्द्धानम्) शिरोवदुन्नतप्रदेशे सूर्यरूपेण वर्त्तमानम् (दिवः) आकाशस्य (अरतिम्) प्राप्तम् (पृथिव्याः) (वैश्वानरम्) विश्वेभ्यो नरेभ्यो हितम् (ऋते) यज्ञनिमित्तम् (आ) समन्तात् (जातम्) प्रादुर्भूतम् (अग्निम्) पावकम् (कविम्) क्रान्तदर्शकम् (सम्राजम्) यः सम्यग्राजते तम् (अतिथिम्) अतिथिवद्वर्त्तमानम् (जनानाम्) मनुष्याणाम् (आसन्) मुखे उत्पन्नम् (आ) समन्तात् (पात्रम्) पान्ति रक्षन्ति येन तम् (जनयन्त) प्रादुर्भावयेयुः (देवाः) विद्वांसः ॥ ८ ॥

अन्वयः–हे मनुष्या! यथा देवा दिवो मूर्द्धानं पृथिव्या अरतिं वैश्वानरमृत आजातम् कविम् सम्राजम् जनानामतिथिम् पात्रमासन्नग्निमाजनयन्त तथा यूयमप्येनम् प्रादुर्भावयत ॥ ८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये पृथिव्यप्वाय्वाकाशेषु व्याप्तम् विद्युदाख्यमग्निं प्रादुर्भाव्य यन्त्रादिभिर्युक्त्या चालयेयुस्ते किं किं कार्यं न साधयेयुः ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जैसे (देवाः) विद्वान् लोग (दिवः) आकाश के (मूर्द्धानम्) उपरिभाग में सूर्यरूप से वर्त्तमान (पृथिव्याः) पृथिवी को (अरतिम्) प्राप्त होने वाले (वैश्वानरम्) सब मनुष्यों के हितकारी (ऋते) यज्ञ के निमित्त (आ, जातम्) अच्छे प्रकार प्रकट हुए (कविम्) सर्वत्र दिखाने वाले (सम्राजम्) सम्यक् प्रकाशमान (जनानाम्) मनुष्यों के (अतिथिम्) अतिथि के तुल्य प्रथम भोजन का भाग लेने वाले (पात्रम्) रक्षा के हेतु (आसन्) ईश्वर के

सुखरूप सामर्थ्य में उत्पन्न हुए जो (अग्निम्) अग्नि को (आ,जनयन्त) अच्छे प्रकार प्रगट करें वैसे तुम लोग भी इस को प्रगट करो ॥८॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०— जो लोग पृथिवी जल वायु और आकाश में व्याप्त विद्युत्रूप अग्नि का प्रकट कर यन्त्र कलादि और युक्ति से चलावें वे किस २ कार्य को न सिद्ध करें ॥८॥

अग्निरित्यस्य भरद्वाज ऋषिः । अग्निर्देवता ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

मनुष्यः सूर्यवद्दोषान् हन्यादित्याह ॥
मनुष्य सूर्य के तुल्य दोषों को विनाशें इस वि० ॥

अ॒ग्निर्वृ॒त्राणि॑ जङ्घनद्द्रविण॒स्युर्वि॑प॒न्यया॑ ।
समि॑द्धः शु॒क्र आहु॑तः ॥ ९ ॥

अ॒ग्निः । वृ॒त्राणि॑ । ज॒ङ्घ॒न॒त् । द्र॒वि॒ण॒स्युः । वि॒प॒न्यया॑ । समि॑द्ध॒ इति॒ सम्ऽइ॑द्धः । शु॒क्रः । आहु॑त॒ इत्याऽहु॑तः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(अग्निः) सूर्यादिरूपः (वृत्राणि) मेघावयवान् (जङ्घनत्) भृशं हन्ति (द्रविणस्युः) (आत्मनो द्रविणमिच्छुः (विपन्यया) विशेषव्यवहारयुक्तया (समिद्धः) सम्यक् प्रदीप्तः (शुक्रः) शीघ्रकर्त्ता (आहुतः) कृताह्वानः ॥ ९ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ! यथा समिद्धः शुक्रोऽग्निर्वृत्राणि जङ्घनत्तथा द्रविणस्युराहुतो भवान् विपन्यया दुष्टान् भृशं हन्यात् ॥९॥

भावार्थः अत्रवाचकलु०—यथा व्यवहारवित्पुरुषो धनं प्राप्य सत्कृतो भूत्वा दोषान् हन्ति तथा सूर्यो मेघं ताडयति ॥९॥

पदार्थः—हेविद्वन्! जैसे (समिद्धः) सम्यक् प्रदीप्त (शुक्रः) शीघ्रकारी (अग्निः) सूर्य्यादि रूप अग्नि (वृत्राणि) मेघ के अवयवों को (जङ्घनत्) शीघ्र काटताहै वैसे (द्रविणस्युः) अपने को धन चाहने वाले (आहुतः) बुलाये हुए आप (विपन्यया) विशेष व्यवहार की युक्ति से दुष्टों को शीघ्र मारिये ॥ ९ ॥

भावार्थः—इसमन्त्र में वाचकलु०—जैसे व्यवहार का जानने वाला पुरुष धनको पाके सत्कार को प्राप्त होकर दोषों को नष्ट करता है वैसे सूर्य्य मेघ को ताड़ना देताहै॥९॥

विश्वेभिरित्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराट् गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

विश्वेभिः सोम्यं मध्वग्न इन्द्रेण वायुना । पिबा मित्रस्य धामभिः॥१०॥

विश्वेभिः । सोम्यम् । मधु । अग्ने । इन्द्रेण । वायुना। पिब । मित्रस्य । धामभिरिति धामऽभिः॥१०॥

पदार्थः—(विश्वेभिः) अखिलैः (सौम्यम्) सोमेष्वोषधीषु भवम् (मधु) मधुरादिगुणयुक्तं रसम् (अग्ने) अग्निरिव वर्त्तमानविद्वन् ! (इन्द्रेण) सर्वेषां धारकेण (वायुना) बलवता पवनेन (पिब) । अत्रद्व्यचोतस्तिङइति दीर्घः (मित्रस्य) सुहृदः (धामभिः) स्थानैः ॥ १० ॥

अन्वयः—हे अग्ने त्वं ! यथा सूर्यो विश्वेभिर्धामभिरिन्द्रेण वायुना सहसोम्यं मधु पिबति तथा मित्रस्य विश्वेभिर्धामभिः सोम्यं मधु रसं त्वं पिब॥ १०॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०–हे मनुष्या ! यूयं यथा सूर्यः सर्वस्माद्रसमाकृष्य वर्षित्वा सर्वान् पदार्थान् पुष्णाति तथा विद्याविनयाभ्यां सर्वान् पुष्णीत ॥ १० ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) अग्नि के तुल्य वर्त्तमान तेजस्वि विद्वन् ! आप जैसे सूर्य (विश्वेभिः) सब (धामभिः) धामों से (इन्द्रेण) धन के धारक (वायुना) बलवान् पवन के साथ (सोम्यम्) उत्तम ओषधियों में हुए (मधु) मीठे आदि गुण वाले रस को पीता है वैसे (मित्रस्य) मित्र के सब स्थानों से सुन्दर ओषधियों के रस को (पिब) पीजिये ॥ १० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०–हे मनुष्यो ! तुम लोग जैसे सूर्य सब पदार्थों से रस को खींच के वर्षा के सब पदार्थों को पुष्ट करता है वैसे विद्या और विनय से सब को पुष्ट करो ॥ १० ॥

ओं यदित्यस्य पराशर ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराट्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

आ यद्रिषे नृपतिं तेज आनट् शुचि रेतो निषिक्तं द्यौरभीके । अग्निः शर्द्धमनवद्यं युवानं स्वाध्यं जनयत्सूदयंच्च ॥ ११ ॥

आ । यत् । इषे । नृपतिमिति नृऽपतिम् । तेजः । आनट् । शुचि । रेतः । निषिक्तम् । निषिक्तमिति निऽसिक्तम् । द्यौः । अभीके । अग्निः । शर्द्धम् । अनवद्यम् । युवानम् । स्वाध्यमिति सुऽआध्यम् । जनयत् । सूदयत् । च ॥ ११ ॥

पदार्थः—(आ) (यत्) यदा (इषे) वृष्टयै (नृपतिम्) सूर्यं राजानमिव (तेजः) यज्ञोत्थम् (आनट्) समन्तात् व्याप्नोति । आनडिति व्याप्तिकर्मा० निघं० २ । १८ (शुचि) पवित्रम् (रेतः) वीर्यकरं जलम् (निषिक्तम्) अग्नावाज्यादिप्रक्षेपणेन नितरां सिक्तं विस्तृतम् (द्यौः) आकाशस्य । षष्ठ्यर्थेऽत्र प्रथमा । (अभीके) समीपे (अग्निः) सूर्यरूपः (शर्द्धम्) बलहेतुम् (अनवद्यम्) सर्वदोषरहितम् (युवानम्) युवत्वसम्पादकम् (स्वाध्यम्) यः सुष्ठु ध्यायते तम् (जनयत्) जनयति (सूदयत्) क्षरति वर्षयति (च) ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यदिषे निषिक्तं शुचि तेजो नृपतिमानट् तदाग्निः शर्द्धमनवद्यं युवानं स्वाध्यं रेतो द्यौरभीके जनयत्सूदयच्च ॥ ११ ॥

भावार्थः—यथाऽग्नौ हुतं द्रव्यं तेजसा सहैव सूर्यं प्राप्नोति सूर्यो वर्षित्वा सर्वान् पालयति तथा राजा प्रजाभ्यः करानाकृष्य जलाद्याकृष्य दुर्भिक्षे पुनर्दत्वा श्रेष्ठान् संपाल्य दुष्टान् सन्ताड्य प्रागल्भ्यं बलञ्च प्राप्नोति ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यत्) जब (इषे) वर्षा के लिये (निषिक्तम्) अग्नि में घृतादि के पड़ने से निरन्तर बढ़ा हुआ (शुचि) पवित्र (तेजः) यज्ञ से उठा तेज (नृपतिम्) जैसे राजा का तेज व्याप्त हो वैसे सूर्य को (आ,) आनट्) अच्छे प्रकार व्याप्त होता है तब (अग्निः) सूर्यरूप अग्नि (शर्द्धम्) बल हेतु (अनवद्यम्) निर्दोष (युवानम्) ज्वानी को करने हारे (स्वाध्यम्) जिस का सब चिन्तन करते (रेतः) ऐसे पराक्रमकारी वृष्टि जल को (द्यौः) आकाश के (अभीके) निकट (जनयत्) उत्पन्न करता (च) और (सूदयत्) वर्षा करता है ॥ ११ ॥

भावार्थः–इस मन्त्र में वाचकलु०–जैसे अग्नि में होम किया द्रव्य तेज के साथ ही सूर्य को प्राप्त होता और सूर्य जलादि को आकर्षण कर वर्षा करके सब की रक्षा करता है वैसे राजा प्रजाओं से करों को ले, दुर्भिक्षकाल में फिर दे श्रेष्ठों का सम्यक् पालन और दुष्टों को सम्यक् ताड़ना देके प्रगल्भता और बल को प्राप्त होता है ॥ ११ ॥

अग्न इत्यस्य विश्ववारा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनर्विद्वद्भिः किं कार्यमित्याह ॥
फिर विद्वानों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

अग्ने शर्द्ध महते सौभगाय तव द्युम्नान्युत्तमानि सन्तु । सं जास्पत्यꣳ सुयममा कृणुष्व शत्रूयतामभि तिष्ठा महांꣳसि ॥ १२ ॥

अग्ने । शर्द्ध । महते । सौभगाय । तव । द्युम्नानि । उत्तमानीत्युत्ऽतमानि । सन्तु । सम् । जास्पत्यम् । जास्पत्यमिति जाःऽपत्यम् । सुयमम् । सुयममिति सुऽयमम् । आ । कृणुष्व । शत्रूयताम् । शत्रूयतामिति शत्रुऽयताम् । अभि । तिष्ठ । महांꣳसि ॥ १२ ॥

पदार्थः–(अग्ने) विद्वन्! राजन्वा! (शर्द्ध) दुष्टगुणशत्रुनाशकं बलम् । अत्र सुपां सुलुगिति सोर्लुक् शर्द्ध इति बल ना० निघं० २ । ९ (महते) (सौभगाय) शोभनैश्वर्यस्य भावाय (तव) (द्युम्नानि) धनानि यशांसि वा (उत्तमानि) श्रेष्ठानि (सन्तु) (सम्) (जास्पत्यम्) जायापतेर्भावं जास्पत्यम् । अत्र छान्दसो वर्णलोप इति या-

लोपः सुडागमश्च (सुयमम्) सुष्ठु यमो नियमो यस्मिंस्तम् (आ) (कृणुष्व) कुरुष्व (शत्रूयताम्) शत्रुत्वमिच्छताम् (अभि) (तिष्ठ। अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (महांसि) तेजांसि ॥ १२ ॥

अन्वयः—हे अग्ने! त्वं महते सौभगाय शर्द्धं कृणुष्व यतस्तव द्युम्नान्युत्तमानि सन्तु त्वं जास्पत्यं सुयमं समाकृणुष्व शत्रूयतां महांस्यभितिष्ठ ॥ १२ ॥

भावार्थः—ये सुसंयमिनो मनुष्याः सन्ति तेषां महदैश्वर्यं बलं कीर्त्तिः सुशीला भार्या शत्रुपराजयश्च भवति ॥ १२ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् वा राजन्! आप (महते) बड़े (सौभगाय) सौभाग्य के अर्थ (शर्द्ध) दुष्ट गुणों और शत्रुओं के नाशक बल को (आ कृणुष्व) अच्छे प्रकार उन्नत कीजिये जिस से (तव) आप के (द्युम्नानि) धन वा यश (उत्तमानि) श्रेष्ठ (सन्तु) हों आप (जास्पत्यम्) स्त्री पुरुष के भाव को (सुयमम्) सुन्दर नियमयुक्त शास्त्रानुकूल ब्रह्मचर्ययुक्त (सम्, आ) सम्यक् अच्छे प्रकार कीजिये और आप (शत्रूयताम्) शत्रु बनने की इच्छा करते हुए मनुष्यों के (महांसि) तेजों को (अभि, तिष्ठ) तिरस्कृत कीजिये ॥ १२ ॥

भावार्थः—जो अच्छे संयम में रहने वाले मनुष्य हैं उन के बड़ा ऐश्वर्य, बल, कीर्ति, उत्तम स्वभाव वाली स्त्री और शत्रुओं का पराजय होता है ॥ १२ ॥

त्वामित्यस्य भरद्वाज ऋषिः। विश्वेदेवा देवताः।
भुरिक् पंक्तिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह

फिर उसी वि० ॥

त्वाᳪ हि मन्द्रतममर्कशोकैर्ववृमहे महि नः श्रोष्यंग्ने। इन्द्रं न त्वा शवसा देवता वायुं पृणन्ति राधसा नृतमाः ॥ १३ ॥

त्वाम् । हि । मन्द्रतमुमिति मन्द्रऽतमम् । अर्कशोकैरित्यर्कऽशोकैः । वृवृमहे । महि । नः । श्रोषि अग्ने । इन्द्रम् । न । त्वा । शवसा । देवता । वायुम् । पृणन्ति । राधसा । नृतमाऽ इति । नृऽतमाः ॥ १३ ॥

पदार्थः-(त्वाम्) (हि) यतः (मन्द्रतमम्) अतिशयेन प्रशंसादिसत्कृतम् (अर्कशोकैः) अर्कः सूर्यइव शोका प्रकाशा येषान्तैः (ववृमहे) स्वीकुर्महे (महि) महद्वचः (नः) अस्माकं ब्रह्मचर्य्यादिसत्कर्मसु प्रवृत्तानाम् (श्रोषि) शृणोषि अत्र विकरणस्य लुक् (अग्ने) अग्निरिववर्त्तमान विद्वन् ! (इन्द्रम्) (सूर्य्यम्) (न)इव (त्वा) त्वाम् (शवसा) बलेन (देवता) दिव्यगुणयुक्तम् । अत्र सुपोलुक् (वायुम्) वातमिव (पृणन्ति) पिपुरति (राधसा) धनेन (नृतमाः) येऽतिशयेननेतारः श्रेष्ठा जनाः ॥ १३ ॥

अन्वयः-हे अग्ने! हि यतो नो महि श्रोषि तस्मान्मन्द्रतमं त्वामर्कशोकैर्वयं ववृमहे नृतमाः शवसा इन्द्रं न वायु मिव च देवता त्वा राधसा पृणन्ति ॥ १३ ॥

भावार्थः-अत्रोपमावाचकलु०-ये दुःखानि सोढ्वा सूर्यवत्तेजस्विनो वायुवद्बलिष्ठा विद्यासुशिक्षे गृह्णन्ति ते मेघेन सूर्यइव सर्वेषामानन्दकराः पुरुषोत्तमा जायन्ते ॥ १३ ॥

पदार्थः-हे (अग्ने) अग्नि के तुल्य वर्त्तमान राजन्! वा विद्वज्जन! (हि) जिस से आप (नः) हम ब्रह्मचर्यादि सत्कर्मों में प्रवृत्त जनों के (महि) महत् गम्भीर वचन को (श्रोषि) सुनते हो इस से (मन्द्रतमम्) अतिशय कर प्रशं

सादि से सत्कार को प्राप्त (त्वाम्) आप को (अर्कशोकैः) सूर्य के समान प्रकाश से युक्त जनों के साथ हम लोग (वनूमहे) स्वीकार करते हैं और (नृतमाः) अतिशय कर नायक श्रेष्ठ जन (शवसा) बल से युक्त (इन्द्रम्) सूर्य के (न) समान तेजस्वी और (वायुम्) वायु के तुल्य वर्त्तमान बलवान् (देवता) दिव्य गुण युक्त (त्वा) आप को (राधसा) धन से (पृणन्ति) पालन वा पूर्ण करते हैं ॥ १३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु०—जो दुःखों को सहन कर सूर्य के समान तेजस्वि और वायु के तुल्य बलवान् विद्वान् मनुष्य विद्या सुशिक्षा का ग्रहण करते हैं वे मेघ से सूर्य जैसे वैसे सब को आनन्द देने वाले उत्तम पुरुष होते हैं ॥ १३ ॥

त्वे इत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । विद्वांसो देवताः ।
अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
विद्वद्वदितरजनैर्वर्त्तितव्यमित्याह ॥

विद्वानों के तुल्य अन्य जनों को वर्त्तना चाहिये इस वि० ॥

त्वे अंग्ने स्वाहुत प्रियासः सन्तु सूरयः । यन्तारो ये मघवानो जनानामूर्वान्दयन्त गोनाम् ॥ १४ ॥

त्वेऽइति त्वे । अग्ने । स्वाहुतेति सुऽआहुत । प्रियासः । सन्तु । सूरयः । यन्तारः । ये । मघवानऽइति मघऽवानः । जनानाम् । ऊर्वान् । दयन्त । गोनाम् ॥ १४ ॥

पदार्थः—(त्वे) तव (अग्ने) विद्वन्! (स्वाहुत) सुष्ठादत्तविद्य! (प्रियासः) प्रीतिकराः (सन्तु) (सूरयः) विद्वांसः (यन्तारः) निगृहीतेन्द्रियाः (ये) (मघवानः) बहुधनयुक्ताः (जनानाम्) मनुष्याणां मध्ये (ऊर्वान्) हिंसकान् (दयन्त)

दयन्ते घ्नन्ति (गोनाम्) पृथिवी धेन्वादीनाम् । अत्र गोः पादान्ते अ० ७ । १ । ५७ । इति नुडागमः ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे स्वाहुताऽग्ने ! ये जनानां मध्ये वीरा यन्तारो मघवानो गोनामूर्वान्दयन्त ते सूरयस्त्वे प्रियासः सन्तु ॥ १४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यथा विद्वांसोऽग्न्यादिपदार्थविद्यां गृहीत्वा विद्वत्प्रिया भूत्वा दुष्टान् हत्वा गवादीन् रक्षित्वा मनुष्यप्रिया भवन्ति तथा यूयमपि भवत ॥ १४ ॥

पदार्थः—हे (स्वाहुत) सुन्दर प्रकार से विद्या को ग्रहण किये हुए (अग्ने) विद्वन् ! (ये) जो (जनानाम्) मनुष्यों के बीच वीर पुरुष (यन्तारः) जितेन्द्रिय (मघवानः) बहुत धन से युक्त जन (गोनाम्) पृथिवी वा गौ आदि के (ऊर्वान्) हिंसकों को (दयन्त) मारते हैं वे (सूरयः) विद्वान् लोग (त्वे) आप के (प्रियासः) पियारे (सन्तु) हों ॥ १४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जैसे विद्वान् लोग अग्नि आदि पदार्थों की विद्या को ग्रहण कर विद्वानों के पियारे हों, दुष्टों को मार और गौ आदिकी रक्षा कर मनुष्यों को पियारे होते हैं वैसे तुम भी करो ॥ १४ ॥

अश्रीत्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः । अग्निर्देवता ।
बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथ राजधर्मविषयमाह ॥
अब राज धर्म वि० ॥

श्रुधि श्रुत्कर्ण वह्निभिर्देवैरग्ने सयावभिः । आ सीदन्तु बर्हिषि मित्रो अर्य्यमा प्रातर्यावाणो अध्वरम् ॥ १५ ॥

श्रुधि । श्रुत्कुर्णेति श्रुत्ऽकर्ण । वह्निभिरिति वह्निऽभिः । देवैः । अग्ने । सयावभिरिति सयावऽभिः । आ । सीदन्तु । बर्हिषि । मित्रः । अर्य्यमा । प्रातर्य्यावाणः । प्रतर्यावानऽइति प्रातःऽयावानः । अध्वरम् ॥ १५ ॥

पदार्थः—(श्रुधि) शृणु (श्रुत्कर्ण !) अर्थिवचः श्रोतारौ कर्णौ यस्य तत्सम्बुद्धौ (वह्निभिः) कार्यनिर्वाहकैः (देवैः) विद्वद्भिः सह (अग्ने) पावकवद्वर्त्तमान विद्वन् राजन् वा! (सयावभिः) ये सह यान्ति तैः (आ) (सीदन्तु) (बर्हिषि) अन्तरिक्ष इव सभायाम् (मित्रः) पक्षपातरहितः सर्वेषां सुहृत् (अर्यमा) योऽर्यान् वैश्यान् स्वामिनो वा मन्यते सः (प्रातर्यावाणः) ये प्रातर्यान्ति राजकार्याणि प्रापयन्ति (अध्वरम्) अहिंसनीयराज्यव्यवहारम् ॥ १५ ॥

अन्वयः—हे श्रुत्कर्णाग्ने ! सयावभिर्वन्हिभिर्देवैः सहाध्वरं श्रुधि। प्रातर्यावाणो मित्रोऽर्यमा च बर्हिष्यासीदन्तु ॥ १५ ॥

भावार्थः—सभापतिना राज्ञा सुपरीक्षितानमात्यान् स्वीकृत्य तैः सह सदसि स्थित्वा विवदमानवचांसि श्रुत्वा समीक्ष्ययथार्थो न्यायः कर्त्तव्यः॥१५

पदार्थः—हे (श्रुत्कर्ण) अर्थियों के वचनों को सुननेहारे (अग्ने) अग्नि के तुल्य वर्त्तमान तेजस्वी विद्वन्! वा राजन्! आप (सयावभिः) जो साथ चलते उन (वह्निभिः) कार्यों का निर्वाह करने हारे (देवैः) विद्वानों के साथ (अध्वरम्) रक्षा के योग्य राज्यके व्यवहार को (श्रुधि) सुनिये तथा (प्रातर्यावाणः) प्रातःकाल राजकार्यों को प्राप्त करने हारे (मित्रः) पक्षपात रहित

सब का मित्र और (अर्यमा) वैश्य वा अपने अधिष्ठाताओं को यथार्थ मानने वाला ये सब (बर्हिषि) अन्तरिक्ष के तुल्य सभा में (आ, सीदन्तु) अच्छे प्रकार बैठें ॥ १५ ॥

भावार्थः—सभापति राजा को चाहिये कि अच्छे परीक्षित मन्त्रियों को स्वीकार कर उन के साथ सभा में बैठ विवाद करने वालों के वचन सुन के उन पर विचार कर यथार्थ न्याय करे ॥ १५ ॥

विश्वेषामित्यस्य गोतम ऋषिः अग्निर्देवता ।
स्वराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

विश्वेषामदितिर्यज्ञियानां विश्वेषामतिथिर्मानुषाणाम् । अग्निर्देवानामव आ वृणानः सुमृडीको भवतु जातवेदाः ॥ १६ ॥

विश्वेषाम् । अदितिः । यज्ञियानाम् । विश्वेषाम् । अतिथिः । मानुषाणाम् । अग्निः । देवानाम् । अवः । आवृणान इत्याऽवृणानः । सुमृडीक इति सुऽमृडीकः । भवतु । जातवेदा इति जातऽवेदाः ॥ १६ ॥

पदार्थः—(विश्वेषाम्) सर्वेषाम् (अदितिः) अखण्डितबुद्धिः (यज्ञियानाम्) ये यज्ञं पूजनमर्हन्ति ते (विश्वेषाम्) सर्वेषाम् (अतिथिः) पूजनीयः (मानुषाणाम्)

मनुष्याणाम् (अग्निः) तेजस्वी राजा (देवानाम्) विदुषाम् (अवः) रक्षणादिकम् (आवृणानः) समन्तात् स्वीकुर्वन् (सुमृडीकः) सुष्ठु सुखप्रदः (भवतु) (जातवेदाः) आविर्भूतविद्यायोगप्रज्ञः ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे सभापते! भवान् विश्वेषां यज्ञियानां देवानां मध्येऽदितिर्विश्वेषां मानुषाणामतिथिरव आवृणानः सुमृडीको जातवेदा अग्निर्भवतु ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्यः सर्वेषु विद्वत्सु गम्भीरबुद्धिः सर्वमनुष्येषु मान्यः प्रजारक्षादिराजकार्यं स्वीकुर्वाणः सर्वसुखदाता वेदादिशास्त्रवेत्ता शूरो भवेत्स राजा कर्त्तव्यः ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे सभापते! आप (विश्वेषाम्) सब (यज्ञियानाम्) पूजा सत्कार के योग्य (देवानाम्) विद्वानों के बीच (अदितिः) अखण्डित बुद्धि वाले (विश्वेषाम्) सब (मनुष्याणाम्) मनुष्यों में (अतिथिः) पूजनीय (अवः) रक्षा आदि को (आवृणानः) अच्छे प्रकार स्वीकार करते हुए (सुमृडीकः) सुन्दर सुख देने वाले (जातवेदाः) विद्या और योग के अभ्यास से प्रसिद्ध बुद्धि वाले (अग्निः) तेजस्वी राजा (भवतु) हूजिये ॥ १६ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि जो सब विद्वानों में गंभीर बुद्धि वाला सब मनुष्यों में माननीय प्रजा की रक्षा आदि राज कार्य्य को स्वीकार करता सब सुखों का दाता और वेदादि शास्त्रों का जानने वाला शूर वीर हो उसी को राजा करें ॥ १६ ॥

महो इत्यस्य लुशोधानाक ऋषिः । सविता देवता ।
भुरिक्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

म॒हो अ॒ग्नेः स॑मि॒धान॑स्य॒ शर्म॒ण्यना॑गा मि॒त्रे वरु॑णे स्व॒स्तये॑। श्रेष्ठे॑ स्याम सवि॒तुः सवी॑मनि॒ तद्दे॒वाना॒मवो॑ अ॒द्या वृ॑णीमहे ॥ १७ ॥

म॒हः । अ॒ग्नेः । स॒मि॒धान॑स्येति॑ स॒म्ऽइ॒धान॑स्य । शर्म॑णि । अना॑गाः । मि॒त्रे । वरु॑णे । स्व॒स्तये॑ । श्रेष्ठे॑ । स्या॒म॒ । स॒वि॒तुः । सवी॑मनि । तत् । दे॒वाना॑म् । अवः॑ । अ॒द्य । वृ॒णी॒म॒हे॒ ॥ १७ ॥

पदार्थः—(महः) महतः (अग्नेः) विज्ञानवतः सभापतेः (समिधानस्य) प्रकाशमानस्य (शर्मणि) आश्रये (अनागाः) अनपराधिनः । अत्र सुपां सुलुगिति जसः स्थाने सुः (मित्रे) सुहृदि (वरुणे) स्वीकर्त्तव्ये जने (स्वस्तये) सुखाय (श्रेष्ठे) उत्तमे (स्याम) भवेम (सवितुः) सकलजगदुत्पादकस्य परमेश्वरस्य (सवीमनि) आज्ञायाम् (तत्) वेदोक्तम् (देवानाम्) विदुषाम् (अवः) रक्षणादिकम् (अद्य) अस्मिन् दिवसे । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (वृणीमहे) स्वीकुर्महे ॥ १७ ॥

अन्वयः—वयं राजपुरुषा महः समिधानस्याग्नेः शर्मणि श्रेष्ठे मित्रे वरुणे चानागाः स्याम । अद्य सवितुः सवीमनि वर्त्तमानाः स्वस्तये देवानां तदवो वृणीमहे ॥ १७ ॥

भावार्थः—धार्मिकविद्वद्भी राजपुरुषैरधर्मं विहाय धर्मं प्रवर्त्तित्वा परमेश्वरस्य सृष्टौ विविधा रचना दृष्ट्वा स्वेषामन्येषां च रक्षणं विधायेश्वरस्य धन्यवादा वाच्याः ॥ १७ ॥

पदार्थः—हम राज पुरुष (महः) बड़े (समिधानस्य) प्रकाशमान (अग्नेः) विज्ञानवान् सभापति के (शर्मणि) आश्रय में (श्रेष्ठे) श्रेष्ठ (मित्रे) मित्र और (वरुणे) स्वीकार के योग्य मनुष्यों के निमित्त (अनागाः) अपराध

रहित (स्याम) हों (अद्य) आज (सवितुः) सब जगत् के उत्पादक परमेश्वर की (सवीमनि) आज्ञा में वर्त्तमान (स्वस्तये) सुख के लिये (देवानाम्) विद्वानों के (तत्) उस वेदोक्त (अवः) रक्षा आदि कर्म को (वृणीमहे) स्वीकार करते हैं ॥ १७ ॥

भावार्थः—धार्मिक विद्वान् राजपुरुषों को चाहिये कि अधर्म को छोड़ धर्म में प्रवृत्त हों परमेश्वर की सृष्टि में विविध प्रकार की रचना देख अपनी और दूसरों की रक्षा कर ईश्वर का धन्यवाद किया करें ॥ १७ ॥

आप इत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
स्वराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
अध्यापकोपदेशकौ किं कुर्यातामित्याह ॥
अध्यापक उपदेशक क्या करें इस वि० ॥

आपश्चित्पिप्युस्तर्यो न गावो नक्षन्नृतं जरितारस्त इन्द्र । याहि वायुर्न नियुतो नो अच्छा त्वꣳहि धीभिर्दयसे वि वाजान् ॥ १८ ॥

आपः । चित् । पिप्युः । स्तर्य्यः । न । गावः । नक्षन् । ऋतम् । जरितारः । ते । इन्द्र । याहि । वायुः । न । नियुत ऽ इति निऽयुतः । नः । अच्छ । त्वम् । हि । धीभिः । दयसे । वि । वाजान् ॥ १८ ॥

पदार्थः—(आपः) जलानि (चित्) अपि (पिप्युः) वर्द्धन्ते (स्तर्यः) स्तृणन्ति याभिस्ताः (न) इव (गावः) किरणाः (नक्षन्) व्याप्नुवन्ति (ऋतम्) सत्यम् (जरितारः) स्तावकाः (ते)

(इन्द्र) परमैश्वर्य्ययुक्त विद्वन् ! (याहि) (वायुः) पवनः (न) इव (नियुतः) वायोर्वेगादयो गुणाः (नः) अस्मान् (अच्छ) अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (त्वम्) (हि) (धीभिः) प्रज्ञाभिः कर्मभिर्वा (दयसे) कृपां करोषि (चि) (वाजान्) विज्ञानवतः ॥ १८ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र ! ते तव जरितार आप इव पिप्युः स्तर्यो गावो न ऋतं नक्षन् तथा वाजान्नो नियुतश्च वायुर्न त्वमच्छ याहि हि यतो धीभिर्विदयसे तस्माच्चिदपि सत्कर्त्तव्योसि ॥ १८ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यदि पदार्थानां गुणकर्मस्वभावस्तावका उपदेशकाऽध्यापकाःस्युस्तर्हि सर्वे मनुष्या विद्याव्यापिनः सन्तो दयावन्तो भवेयुः॥१८॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) परमैश्वर्य युक्त विद्वन् ! (ते) आप के (जरितारः) स्तुति करने हारे (आपः) जलों के तुल्य (पिप्युः) बढ़ते हैं और (स्तर्यः) विस्तार के हेतु (गावः) किरणें (न) जैसे (ऋतम्) सत्य को (नक्षन्) व्याप्त होते हैं वैसे (वायुः) पवन के (न) तुल्य (वाजान्) विज्ञान वाले (नः) हम लोगों को और (नियुतः) वायु के वेग आदि गुणों को (त्वम्) आप (अच्छ) अच्छे प्रकार (याहि) प्राप्त हूजिये (हि) जिस कारण (धीभिः) बुद्धि वा कर्मों से (चि, दयसे) विशेष कर कृपा करते हो इस से (चित) भी सत्कार के योग्य हो ॥ १८ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो पदार्थों के गुण कर्म स्वभावों की स्तुति करने वाले उपदेशक और अध्यापक हों तो सब मनुष्य विद्या में व्याप्त हुवे दया वाले हों ॥ १८ ॥

गाव इत्यस्य पुरुमीढाजमीढावृषी । इन्द्रवायू देवते ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

मनुष्यैराभूषणादि रक्षणीयमित्याह ॥

मनुष्यों को आभूषण आदि की रक्षा करनी चाहिये इस वि० ॥

गाव॒ उपा॑वताव॒तं म॒ही य॒ज्ञस्य॑ र॒प्सुदा॑ ।
उ॒भा कर्णा॑ हिर॒ण्यया॑ ॥ १९ ॥

गावः॑ । उप॑ । अ॒व॒त॒ । अ॒व॒तम् । म॒ही इति॑ म॒ही । य॒ज्ञस्य॑ । र॒प्सुदा॑ । उ॒भा । कर्णा॑ । हि॒र॒ण्यया॑ ॥ १९ ॥

पदार्थः—(गावः) किरणा धेनवो वा (उप) समीपे (अवत) रक्षत (अवतम्) रक्षणीयं वेद्यादिगर्त्तम् (मही) महत्यौ द्यावापृथिव्यौ (यज्ञस्य) (रप्सुदा) ये रप्सु रूपं दत्तस्ते (उभा) द्वे (कर्णा) कर्णौ श्रोत्रे (हिरण्यया) हिरण्यप्रचुरे ॥ १९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यथा गाव उभा रप्सुदा मही रक्षन्ति तथा यूयं हिरण्यया कर्णा यज्ञस्यावतमुपावत ॥ १९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०— यथा सूर्य्यकिरणा गवादिपशवश्च सर्वं वस्तुजातं रक्षन्ति तथैव मनुष्यैरुक्तनादिनिर्मितं कुण्डलाद्याभूषणं सदा रक्षणीयम् ॥ १९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे (गावः) गौयें वा किरणें (उभा) दोनों (रप्सुदा) रूप देने वाली (मही) बड़ी आकाश पृथिवी की रक्षा करती है वैसे तुम लोग (हिरण्यया) सुवर्ण के आभूषण से युक्त (कर्णा) दोनों कानों और (यज्ञस्य) संगत यज्ञ के (अवतम्) वेदी आदि अवयवों की (उप, अवत) निकट रक्षा करो ॥ १९ ॥

भावार्थः- इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य किरण और गौ आदि पशु सब वस्तुमात्र की रक्षा करते हैं वैसे ही मनुष्यों को चाहिये कि सुवर्ण आदि के बने कुण्डल आदि आभूषण की सदा रक्षा करें ॥ १९ ॥

यदद्येत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । सविता देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
राजा कीदृशो भवेदित्याह ॥
राजा कैसा हो इस वि० ॥

यदद्य सूर उदितेऽनागा मित्रो अर्य्यमा ।
सुवाति सविता भगः ॥ २० ॥

यत् । अद्य । सूरे । उदित इत्युत्ऽइते । अनागाः । मित्रः । अर्य्यमा । सुवाति । सविता । भगः ॥ २० ॥

पदार्थः—(यत्) यः (अद्य) (सूरे) सूर्य्ये (उदिते) (अनागाः) अधर्माचरणरहितः (मित्रः) सर्वेषां सुहृत् (अर्य्यमा) न्यायकारी (सुवाति) उत्पादयेत् (सविता) राजनियमैः प्रेरकः (भगः) ऐश्वर्य्यवान् ॥ २० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यद्योऽद्य उदिते सूरेऽनागा मित्रः सविता भगो-र्य्यमा स्वास्थ्यं सुवाति स राज्यं कर्त्तुमर्हेत् ॥ २० ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यथोदितेऽर्के तमो निवृत्त्य प्रकाशे सति सर्वे आनन्दिता भवन्ति तथैव धार्मिके राजनि सति प्रजासु सर्वथा स्वास्थ्यं भवति ॥२०॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यत्) जो (अद्य) आज (सूरे) सूर्य के (उदिते) उदय होते अर्थात् प्रातःकाल (अनागाः) अधर्म के आचरण से रहित (मित्रः) सुहृद् (सविता) राज्य के नियमों से प्रेरणा करने हारा (भगः) ऐश्वर्यवान् (अर्य्यमा) न्यायकारी राजा स्वस्थता को (सुवाति) उत्पन्न करे वह राज्य करने के योग्य होवे ॥ २० ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जैसे सूर्य के उदय होते अन्धकार निवृत्त हो के प्रकाश के होने में सब लोग आनन्दित होते हैं वैसे ही धर्मात्मा राजा के होते प्रजाओं में सब प्रकार से स्वस्थता होती है ॥ २० ॥

आ सुत इत्यस्य सुनीतिर्ऋषिः । वेनो देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

आ सुते सिञ्चत श्रियꣳ रोदस्योरभिश्रियम् । रसा दधीत वृषभम् । *तं प्रत्नथाऽयं वेनः ॥२१॥

आ । सुते । सिञ्चत । श्रियम् । रोदस्योः । अभिश्रियमित्यभिऽश्रियम् । रसा । दधीत । वृषभम् ॥२१॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (सुते) उत्पन्ने जगति (सिञ्चत) (श्रियम्) शोभायुक्तम् (रोदस्योः) द्यावापृथिव्योः (अभिश्रियम्) अभितः शोभकम् (रसा) रसानन्दप्रदा जनाः । अत्र सुपामिति डादेशः (दधीत) (वृषभम्) बलिष्ठम् ॥ २१ ॥

* (तंप्रत्नथा । अयंवेनः) ये दो प्रतीकें पूर्व कहे अ० ७ मं० १२ । १६ की यहां किसी कर्मकाण्ड विशेष में बोलने के अर्थ रक्खीं है इसी लिये अर्थ नहीं किया वही पूर्वोक्त अर्थ जानना चाहिये ।

अन्वयः—हे मनुष्या! रसा यूयं सुते वृषभं रोदस्योरभिश्रियं श्रियं सभापतिमासिञ्चत स च युष्मान् दधीत ॥ २१ ॥

भावार्थः—मनुष्यैराज्योन्नत्या जगतः प्रकाशः सौन्दर्यादिगुणवान् बलिष्ठो विद्वान् शूरः पूर्णाङ्गो जनो राज्येऽभिषेक्तव्यः स च प्रजासु सुखं दध्यात् ॥ २१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (रसा) आनन्द देने वाले तुम लोग (सुते) उत्पन्न हुए जगत् में (वृषभम्) अतिबली (रोदस्योः) आकाश पृथिवी को (अभिश्रियम्) सब ओर से शोभित करने हारे (श्रियम्) शोभायुक्त सभापति राजा का (आ, सिञ्चत) अच्छे प्रकार अभिषेक करो और वह सभापति तुम लोगों को (दधीत) धारण करे ॥ २१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि राज्य की उन्नति से जगत् का प्रकाशक सुन्दरता आदि गुणों से युक्त अतिबलवान् विद्वान् शूर पूर्ण अवयवों वाले मनुष्य को राज्य में अभिषेक करें और वह राजा प्रजाओं में सुख धारण करे ॥ २१ ॥

आतिष्ठन्तमित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः। इन्द्रो देवता।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

अथ विद्युदग्निः कीदृश इत्याह ॥

अब विद्युत् अग्नि कैसा है इस वि० ॥

आ तिष्ठ॑न्तं॒ परि॒ विश्वे॑ अभूष॒ञ्छ्रियो॒ वसा॑नश्चरति॒ स्वरो॑चिः। म॒हत्तद्वृष्णो॒ असु॑रस्य॒ नामा वि॒श्वरू॑पो अ॒मृता॑नि तस्थौ ॥ २२ ॥

आ तिष्ठन्तमित्याऽतिष्ठन्तम् । परि । विश्वे । अ-भूषन् । श्रियः । वसानः । चरति । स्वरोचिरिति स्व-ऽरोचिः । महत् । तत् । वृष्णः । असुरस्य । नाम । आ । विश्वरूप इति विश्वऽरूपः । अमृतानि । त-स्थौ ॥ २२ ॥

पदार्थः—(आतिष्ठन्तम्) समन्तात् स्थिरम् (परि) सर्वतः (विश्वे) सर्वे (अभूषन्) भूषयेयुः (श्रियः) धनानि शोभा वा (वसानः) स्वीकुर्वाणः (चरति) (स्वरोचिः) स्वकीया रोचिर्दीप्तिर्यस्य सः (महत्)(तत्) (वृष्णः) वर्षकस्य (असुरस्य) हिंसकस्यविद्युदाख्य-स्याग्नेः (नाम) संज्ञा (आ) (विश्वरूपः) विश्वं समग्रं रूपं यस्य सः (अमृतानि) नाशरहितानि वस्तूनि अत्र सप्तम्यर्थे षष्ठी (तस्थौ) तिष्ठति ॥ २२ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो! विश्वे भवन्तो यथा श्रियो वसानः स्वरोचिर्वि-श्वरूपोऽग्निश्चरत्यमृतानि तस्थौ तथैतमातिष्ठन्तं पर्य्यभूषन् । यद्वृष्णोऽसु-रस्यास्य महन्नामास्ति तेन सर्वाणि कार्य्याण्यलंकुरुत ॥ २२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यतोऽयं विद्युदाख्योऽग्निः सर्वपदार्थस्थोपि न किञ्चित्प्रकाशयति तस्मादस्यासुरेति नाम य एतद्विद्यां जानन्ति ते सर्वतः सुभूषिता भवन्ति ॥ २२ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् लोगो! (विश्वे) सब आप जैसे (श्रियः) धनों वा शोभाओं को (वसानः) धारण करता हुआ (स्वरोचिः) स्वयमेव दीप्ति वाला (विश्वरूपः) सब पदार्थों में उन २ के रूप से व्याप्त अग्नि (चरति) विचरता और (अमृतानि) नाशरहित वस्तुओं में (तस्थौ) स्थित है वैसे इस

(आतिष्ठन्तम्) अच्छे प्रकार स्थिर अग्नि को (परि, अभूषन्) सब ओर से शोभित कीजिये । जो (वृष्णः) वर्षा करने हारे (असुरस्य) हिंसक इस विद्युद्रूप अग्नि का (महत्) बड़ा (तत्) वह परोक्ष (नाम) नाम है उस से सब कार्य्यों को शोभित करो ॥ २२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जिस कारण यह विद्युद्रूप अग्नि सब पदार्थों में स्थित हुआ भी किसी को प्रकाशित नहीं करता इस से इस की असुर संज्ञा है जो इस विद्युत् विद्या को जानते हैं वे सब ओर से सुभूषित होते हैं ॥ २२ ॥

प्र व इत्यस्य शुचीक ऋषिः । इन्द्रो देवता ॥
भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
मनुष्यैरीश्वर एव पूज्य इत्याह ॥

मनुष्य को ईश्वर ही की पूजा करनी चाहिये इस वि० ॥

प्र वो॑ म॒हे मन्द॑माना॒यान्ध॒सोऽर्चा॑ वि॒श्वान॑राय वि॒श्वाभुवे॑ । इन्द्र॑स्य॒ यस्य॒ सुम॑ख॒ꣳसहो॒ महि॒ श्रवो॑ नृ॒म्णं च॒ रोद॑सी सप॒र्यतः॑ ॥ २३ ॥

प्र । वः॒ । म॒हे । मन्द॑माना॒य । अन्ध॑सः । अर्च॑ । वि॒श्वान॑राय । वि॒श्वाभु॑व॒ इति॑ वि॒श्व॒ऽभुवे॑ । इन्द्र॑स्य । यस्य॑ । सुम॑ख॒मिति॒ सुऽम॑खम् । सहः॑ । महि॑ । श्रवः॑ । नृ॒म्णम् । च॒ । रोद॑सी॒ इति॒ रोद॑सी । स॒प॒र्यतः॑ ॥ २३ ॥

पदार्थः—(प्र) (वः) युष्मभ्यम् (महे) महते (मन्दमानाय) आनन्दस्वरूपाय (अन्धसः) अन्नादेः । अत्र विभक्तिव्यत्ययः (अर्च) सत्कुरुत । अत्र वचनव्यत्ययौ द्व्यचोतस्तिङ-

इति दीर्घश्च (विश्वानराय) विश्वे नरा नायका यस्मात्तस्मै (विश्वाभुवे) यो विश्वे भवते प्राप्नोति विश्वाभूर्यस्य वा विश्वं भवति यस्मादिति वा तस्मै। अत्रोभयत्र संहितायामिति दीर्घः (इन्द्रस्य) परमेश्वरस्य (यस्य) (सुमखम्) शोभना मखा यज्ञा यस्मात्तम् (सहः) बलम् (महि) महत् (श्रवः) यशः (नृम्णम्) धनम् (च) (रोदसी) द्यावापृथिव्यौ (सपर्य्यतः) सेवेते ॥ २३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्य! त्वं रोदसी यस्येन्द्रस्य सुमखं नृम्णं सहो महि श्रवश्च सपर्य्यतस्तस्मै विश्वानराय महे मन्दमानाय विश्वाभुवे प्रार्च स योऽन्धसः सुखं ददातु ॥ २३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! येनोत्पादितं धनं बलं च सर्वैः सेव्यते स एव महायशस्वी सर्वाध्यक्ष आनन्दमयः सर्वव्याप्त ईश्वरो युष्माभिः पूज्यः प्रार्थनीयश्च स युष्मभ्यं धनादिजन्यं सुखं दास्यति ॥ २३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य! तुम (रोदसी) आकाश भूमि (यस्य) जिस (इन्द्रस्य) परमेश्वर के (सुमखम्) सुन्दर यज्ञ जिस में हों ऐसे (नृम्णम्) धन (सहः) बल (च) और (महि) बड़े (श्रवः) यश को (सपर्यतः) सेवते हैं उस (विश्वानराय) सब मनुष्य जिस में हों (महे) महान् (मन्दमानाय) आनन्दस्वरूप (विश्वाभुवे) सब को प्राप्त वा सब पृथिवी के स्वामी वा संसार जिस से हो ऐसे ईश्वर के अर्थ (प्र, अर्च) पूजन करो अर्थात् उस को मानो वह (वः) तुम्हारे लिये (अन्धसः) अन्नादि के सुख को देवे ॥ २३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जिस के उत्पन्न किये धन और बलादि को सब सेवते उसी महाकीर्तिवाले सब के स्वामी आनन्दस्वरूप सर्वव्याप्त ईश्वर की तुमको पूजा और प्रार्थना करनी चाहिये वह तुम्हारे लिये धनादि से होने वाले सुख को देगा ॥ २३ ॥

बृहन्निदित्यस्य त्रिशोक ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
मनुष्यः परमेश्वरमेव मित्रं कुर्यादित्याह ॥
मनुष्य परमेश्वर को ही मित्र करे इस वि० ॥

बृहन्निदिध्म एषां भूरि शस्तं पृथुः स्वरुः । येषामिन्द्रो युवा सखा ॥ २४ ॥

बृहन् । इत् । इध्मः । एषाम् । भूरि । शस्तम् । पृथुः । स्वरुः । येषाम् । इन्द्रः । युवा । सखा ॥ २४ ॥

पदार्थः—(बृहन्) महान् (इत्) एव (इध्मः) प्रदीप्तः (एषाम्) मनुष्याणाम् (भूरि) बहु (शस्तम्) स्तुत्यं कर्म (पृथुः) विस्तीर्णः (स्वरुः) प्रतापकः (येषाम्) (इन्द्रः) परमैश्वर्यवान् परमात्मा (युवा) प्राप्तयौवनः (सखा) मित्रम् ॥ २४ ॥

अन्वयः—येषामिध्मः पृथुः स्वरुर्युवा बृहन्निन्द्रः सखाऽस्त्येषामिद्भूरि शस्तं भवति ॥ २४ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यस्योत्तमः परमेश्वरः सखा भवेत् स यथाऽस्मिन् ब्रह्माण्डे सूर्यः प्रतापयुक्तोऽस्ति तथा प्रतापयुक्तः स्यात् ॥ २४ ॥

पदार्थः—(येषाम्) जिन का (इध्मः) तेजस्वी (पृथुः) विस्तार युक्त (स्वरुः) प्रतापी (युवा) ज्वान (बृहन्) महान् (इन्द्रः) उत्तम ऐश्वर्य वाला परमात्मा (सखा) मित्र है (एषाम्) उन (इत्) ही का (भूरि) बहुत (शस्तम्) स्तुति के योग्य कर्म होता है ॥ २४ ॥

भावार्थः-इस मन्त्र में वाचकलु०-जिस का उत्तम परमेश्वर मित्र होवे वह जैसे इस ब्रह्माण्ड में सूर्य्य प्रताप वाला है वैसे प्रताप युक्त हो ॥ २४ ॥

इन्द्र इत्यस्य मधुच्छन्दा ऋषिः। इन्द्रो देवता।
निचृद् गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः॥
पुनर्मनुष्याः किं कुर्य्युरित्याह ॥
फिर मनुष्य क्या करें इस वि० ॥

इन्द्रेहि मत्स्यन्धसो विश्वेभिः सोमपर्वभिः। महाँ २॥ ऽअभिष्टिरोजसा ॥ २५ ॥

इन्द्र। आ। इहि। मत्सि। अन्धसः। विश्वेभिः। सोमपर्वभिरिति सोमपर्वऽभिः। महान्। अभिष्टिः। ओजसा॥ २५ ॥

पदार्थः-(इन्द्र) ऐश्वर्यप्रद विद्वन्! (आ) (इहि) प्राप्नुहि (मत्सि) तृप्तो भव। मद तृप्तौ। शपोलुक् (अन्धसः) अन्नात् (विश्वेभिः) अखिलैः (सोमपर्वभिः) सोमाद्योषधीनामवयवैः (महान्) (अभिष्टिः) अभियष्टव्यः सर्वतः पूज्यः पृषोदरादित्वादिष्टसिद्धिः (ओजसा) पराक्रमेण सह ॥ २५ ॥

अन्वयः-हे इन्द्र! यतस्त्वमोजसा सह महानभिष्टिर्विश्वेभिः सोमपर्वभिरन्धसो मत्सि तस्मादस्मानेहि ॥ २५ ॥

भावार्थः-हे मनुष्याः! यस्मादन्नादेर्मनुष्यादीनां शरीरादेर्निर्वाहो भवति तस्मादेषां वृद्धिसेवनाहारविहारा यथावद्विजानीयुः ॥ २५ ॥

पदार्थः-हे (इन्द्र) ऐश्वर्य देने वाले विद्वन्! जिस कारण आप (ओजसा) पराक्रम के साथ (महान्) बड़े (अभिष्टिः) सब ओर से सत्कार के

योग्य (विश्वेभिः) सब (सोमपर्वभिः) सोमादि ओषधियों के अवयवों और (अन्धसा) अन्न से (मत्सि) तृप्त होते हो इस से हम को (आ, इहि) प्राप्त हूजिये ॥ २५ ॥

भावार्थः- हे मनुष्यो ! जिस कारण अन्न आदि से मनुष्यादि प्राणियों के शरीरादि का निर्वाह होता है इस से इन के वृद्धि सेवन आहार और विहार यथावत् जानो ॥ २५ ॥

इन्द्र इत्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
राजपुरुषाः कीदृशाः स्युरित्याह ॥
राजपुरुष कैसे हों इस वि० ॥

इन्द्रो वृत्रमवृणोच्छर्द्धनीतिः प्र मायिनाममिनाद्वर्पणीतिः । अहन्व्यꣳसमुशधग्वनेष्वाविर्धेना अकृणोद्राम्याणाम् ॥ २६ ॥

इन्द्रः । वृत्रम् । अवृणोत् । शर्द्धनीतिरिति शर्द्धऽनीतिः । प्र । मायिनाम् । अमिनात् । वर्पणीतिः । वर्पनीतिरिति वर्पऽनीतिः । अहन् । व्यꣳसमिति विऽअꣳसम् । उशधगित्युशधक् । वनेषु । आविः । धेनाः । अकृणोत् । राम्याणाम् ॥ २६ ॥

पदार्थः-(इन्द्रः) सूर्यइव प्रतापी सभेशः (वृत्रम्) दुष्टं शत्रुं प्रकाशावरकम् मेघमिव धर्मावरकम् (अवृणोत्) युद्धाय वृणुयात् (शर्द्धनीतिः) शर्द्धस्य बलस्य नीतिर्नयनं प्रापणं यस्य (प्र) (मायिनाम्) माया कुत्सिता प्रज्ञा

विद्यते येषांन्तान्। अत्र कर्मणि षष्ठी (अमिनात्) हिंस्यात् (वर्पणीतिः) वर्पाणां नानाविधानां रूपाणां नीतिः प्राप्तिर्यस्य सः (अहन्) हन्यात् (व्यंसम्) विगता अंसाः भुजमूलानि यस्य तम् (उशधक्) य उशन्ति परस्वं कामयन्ति तान् दहति सः (वनेषु) स्थितं तस्करम् (आविः) प्रादुर्भूते (धेनाः) वाणीः (अकृणोत्) कुर्यात् (राम्याणाम्) रमयन्ति आनन्दयन्ति तेषाम् ॥ २६ ॥

अन्वयः—शर्द्धनीतिर्वर्पनीतिरुशधगिन्द्रो वृत्रमवृणोत् मायिनां प्रामिणात् वनेषु व्यंसमहन् राम्याणां धेना आविरकृणोत्स एव राजा भवितुं योग्यः ॥ २६ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलु०—ये सूर्य्यवत्सुशिक्षिता वाचः प्रकटयन्ति अग्निर्वनानीव दुष्टान् शत्रून्दहन्ति दिनं रात्रिमिव छलकापट्याविद्यान्धकारादीन् निवर्त्तयन्ति बलमाविष्कुर्वन्ति ते सुप्रतिष्ठिता राजजना भवन्ति॥२६॥

पदार्थः—(शर्द्धनीतिः) बल को प्राप्त (वर्पणीतिः) नाना प्रकार के रूपों वाला (उशधक्) पर पदार्थों को चाहने वाले चोरादि को नष्ट करने हारा (इन्द्रः) सूर्य्य के तुल्य प्रतापी सभापति (वृत्रम्) प्रकाश को रोकने हारे मेघ के तुल्य धर्म के निरोधक दुष्ट शत्रु को (अवृणोत्) युद्ध के लिये स्वीकार करे (मायिनाम्) दुष्ट बुद्धि वाले छली कपटी आदि को (प्र, अमिनात्) मारे जो (वनेषु) वनों में रहने वाले (व्यंसम्) कपटी हैं भुजा जिस की ऐसे चोर को (अहन्) मारे और (राम्याणाम्) आनन्द देने वाले उपदेशकों की (धेनाः) वाणियों को (आविः, अकृणोत्) प्रकट करे वही राजा होने को योग्य है ॥ २६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जो सूर्य के तुल्य सुशिक्षित वाणियों को प्रकट करते, जैसे अग्नि वनों को वैसे दुष्ट शत्रुओं को मारते, दिन जैसे रात्रि को निवृत्त करे वैसे छल कपटता और अविद्यारूप अन्धकारादि को निवृत्त करते और बल को प्रकट करते हैं वे अच्छे प्रतिष्ठित राजपुरुष होते हैं ॥ २६ ॥

कुत इत्यस्यागस्त्य ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
विराट् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

कुतस्त्वमिन्द्र माहिनः सन्नेको यासि सत्पते किन्त इत्था । सम्पृच्छसे समराणः शुभानैर्वोचेस्तन्नो हरिवो यत्ते अस्मे *॥ महाँ २ ॥ऽ इन्द्रो य ओजसा कदा चन स्तरीरसि कदा चन प्रयुच्छसि ॥ २७ ॥

कुतः । त्वम् । इन्द्र । माहिनः । सन् । एकः । यासि । सत्पत इति सत्ऽपते । किम् । ते । इत्था । सम् । पृच्छसे । समराण इति सम्ऽअराणः । शुभानैः । वोचेः । तत् । नः । हरिव इति हरिऽवः । यत् । ते । अस्मे इत्यस्मे ॥ २७ ॥

पदार्थः—(कुतः) कस्मात् (त्वम्) (इन्द्र) सभेश ! (माहिनः) पूज्यमानो महत्वेन युक्तः (सन्) (एकः)

* इस मन्त्र के आगे [महां०, कदा०, कदा०, ये तीन प्रतीकें पूर्व अ० ७। ४० ॥ अ० ८। २। ३। में कहे क्रम से तीन मन्त्रों की किसी कर्मकाण्ड विशेष के लिये लिखी हैं इसी से इन का अर्थ यहां नहीं किया उक्त ठिकाने से जान लेना चाहिये ।

असहायः (यासि) गच्छसि (सत्पते) सतः सत्यस्य व्यवहारस्य सतां पुरुषाणां वा पालक ! (किम्) (ते) तव (इत्था) अस्माद्धेतोः (सम्) (पृच्छसे) पृच्छ । लेट् (समराणः) सम्यग्गच्छन् (शुभानैः) मङ्गलमयैर्वचनैस्सह (वोचेः) वदेः (तत्) एकाकिकारणम् (नः) अस्मान् (हरिवः) प्रशस्ता हरयो हरणशीला अश्वा विद्यन्ते यस्य तत्सम्बुद्धौ (यत्) यतः (ते) तव (अस्मे) वयम् ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे सत्पते इन्द्रमाहिनस्त्वमेकः सन् कुतो यासि?किन्त इत्था? हे हरिवो। यदस्मे ते तस्मात्समराणस्त्वन्नः सम्पृच्छसे शुभानैस्तद्वोचेश्च ॥ २७॥

भावार्थः—राजप्रजापुरुषैः सभाध्यक्ष एवं वक्तव्यः—हे सभापते! भवताऽसहायेन किमपि राजकार्य्यं न कर्त्तव्यम् । किन्तु सज्जनरक्षणे दुष्टताड़ने चास्मदादिसहाययुक्तेन सदैव स्थातव्यम् । शुभाचरणयुक्तेनास्मदादिशिष्टसम्मत्या मृदुवचनैश्च सर्वाः प्रजाः शासनीयाः ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे (सत्पते) श्रेष्ठ सत्य व्यवहार वा श्रेष्ठ पुरुषों के रक्षक (इन्द्र) सभापते ! (माहिनः) महत्त्वयुक्त सत्कार को प्राप्त (त्वम्) आप (एकः) असहायी (सन्) होते हुए (कुतः) किस कारण (यासि) प्राप्त होते वा विचरते हो? (किम्, ते) (इत्था) इस प्रकार करने में आप का क्या प्रयोजन है? । हे (हरिवः) प्रशंसित मनोहारी घोड़ों वाले राजन् ! (यत्) जिस कारण (अस्मे) हम लोग (ते) आप के हैं इस से (समराणः) सम्यक् चलते हुए आप (नः) हम को (सम्, पृच्छसे)पूछिये और (शुभानैः) मंगलमय वचनों के साथ (तत्) उस एकाकी रहने के कारण को (वोचेः) कहिये ॥ २७ ॥

भावार्थः—राज प्रजा पुरुषों को चाहिये कि सभाध्यक्ष राजा से ऐसा कहें कि हे सभापते! आप को विना सहाय के कुछ राजकार्य न करना चाहिये किन्तु आप को उचित है कि सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के ताड़न में अस्मदादि के सहाययुक्त सदैव रहें शुभाचरण से युक्त अस्मदादि शिष्टों की सम्मति पूर्वक कोमल वचनों से सब प्रजाओं को शिक्षा करें ॥ २७ ॥

आ तदित्यस्य गोरीवितिर्ऋषिः । इन्द्रो देवता ।

भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ।

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आ तत्त इन्द्रायवः पनन्ताभि य ऊर्वं गोमन्तं तितृत्सान् । सकृत्स्वं ये पुरुपुत्रां महीꣳ सहस्रधारां बृहतीं दुदुक्षन् ॥ २८ ॥

आ । तत् । ते । इन्द्र । आयवः । पनन्त । अभि । ये । ऊर्वम् । गोमन्तमिति गोऽमन्तम् । तितृत्सान् । सकृत्स्वमिति सकृत्ऽस्वम् । ये । पुरुपुत्रामिति पुरुऽपुत्राम् । महीम् । सहस्रधारामिति सहस्रऽधाराम् । बृहतीम् । दुदुक्षन् । दुधुक्षन्निति दुधुक्षन् ॥ २८ ॥

पदार्थः—(आ) तत्) राजकर्म (ते) तव (इन्द्र) राजन्! (आयवः) ये सत्यं यन्ति ते मनुष्याः प्रजाः। आयव इति मनुष्यना० निघं० २ । ३ (पनन्त) प्रशंसेयुः (अभि) आभिमुख्ये (ये) (ऊर्वम्) हिंसकम् (गोमन्तम्)

दुष्टा गाव इन्द्रियाणि यस्य तम्(तितृत्सान्) तर्दितुं हिंसितुमिच्छेयुः । लेट् (सकृत्स्वम्) या सकृदेकवारं सूते ताम् (ये) (पुरुपुत्राम्) बहवोऽन्नादिव्यक्तिमन्तः पुत्रा यस्यास्ताम् (महीम्) महतीं भूमिम् (सहस्रधाराम्) सहस्त्र धारा हिरण्यादयो यस्यान्तां यद्वा या सहस्रमसङ्ख्यातं प्राणिजातं धरति (बृहतीम्) विस्तीर्णाम् (दुदुक्षन्) दोग्धुमिच्छेयुः । अत्र वर्णव्यत्ययेन घस्य दः ॥ २८ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र! य आयवः सकृत्स्वं पुरुपुत्रां सहस्रधारां बृहतीं महीं दुदुक्षन् ये गोमन्तमूर्वमभितितृत्सान् ये च ते तदा पनन्त तान् त्वं सततमुन्नय ॥ २८ ॥

भावार्थः—ये राजभक्ता दुष्टहिंसका एकवारे बहुफलपुष्पप्रदां सर्वधारिकां भूमिं दोग्धुं समर्थास्स्युस्ते राजकार्याणि कर्त्तुमर्हेयुः ॥ २८॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) राजन्! (ये) जो (आयवः) सत्य को प्राप्त होने वाले प्रजा जन (सकृत्स्वम्) एक वार उत्पन्न करने वाली (पुरुपुत्राम्) बहुत अन्नादि व्यक्ति वाले पुत्रों से युक्त (सहस्रधाराम्) असंख्य सुवर्णादि धातु जिस में धारारूप हों वा असंख्य प्राणिमात्र को धारण करने हारी (बृहतीम्)विस्तारयुक्त (महीम्) बड़ी भूमि को (दुदुक्षन्) दोहना, चाहें अर्थात् उस से इच्छा पूर्ति किया चाहें (ये) जो मनुष्य (गोमन्तम्) खोटे इन्द्रियों वाले लंपट (ऊर्वम्) हिंसक जन को (अभि, तितृत्सान्) सन्मुख हो कर मारने की इच्छा करें और जो (ते) आप के (तत्) उस राज कर्म की (आ, पनन्त) प्रशंसा करें उन की आप उन्नति किया कीजिये ॥ २८ ॥

भावार्थः—जो लोग राजभक्त दुष्ट हिंसक एक वार में बहुत फल फूल देने और सब को धारण करने वाली भूमि के दुहने को समर्थ हों वे राज कार्य करने के योग्य होवें ॥ २८ ॥

इमामित्यस्य कुत्स ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

इमान्ते धियं प्र भरे महो महीमस्य स्तोत्रे धिषणा यत्त आनजे। तमुत्सवे च प्रसवे च सासहिमिन्द्रं देवासः शवसामदन्ननु ॥ २९ ॥

इमाम्। ते। धियम्। प्र। भरे। महः। महीम्। अस्य। स्तोत्रे। धिषणा। यत्। ते। आनजे। तम्। उत्सव इत्युत्ऽसवे। च। प्रसवऽइति प्रऽसवे। च। सासहिम्। ससाहिमिति ससहिम्। इन्द्रम्। देवासः। शवसा। अमदन्। अनु॥ २९॥

पदार्थः—(इमाम्) (ते) तव (धियम्) प्रज्ञां कर्म वा (प्र) (भरे) धरे (महः) महतः (महीम्) सुपूज्याम्। महीति वाङ्नाo निघंo १। ११ (अस्य) मम (स्तोत्रे) स्तवने (धिषणा) प्रज्ञा (यत्) यम् (ते) ताम्। अत्र कर्मणि षष्ठी (आनजे) व्यनक्ति (तम्) (उत्सवे) कर्त्तव्यानन्दसमये (च) (प्रसवे) उत्पत्तौ (च)(सासहिम्) भृशं सोढारम् (इन्द्रम्) परमबलयोगेन शत्रूणां विदारकम् (देवासः) विद्वांसः (शवसा) बलेन (अमदन्) आनन्देयुः (अनु) आनुकूल्येन ॥ २९ ॥

अन्वयः—हे इन्द्राहं महीमिमान्ते धियं प्रभरे स्तोत्रेऽस्य धिषणा यत्त आनजे तं शवसा सासहिमिन्द्रं मह उत्सवे च प्रसवे च देवासोऽन्वमदन् ॥२९॥

भावार्थः—ये राजादयो मनुष्या विद्वद्भ्य उत्तमां प्रज्ञां वाचञ्च गृह्णन्ति ते सत्यानुकूलाः सन्तः स्वयमानन्दिता भूत्वाऽन्यानानन्दयन्ति ॥ २९ ॥

पदार्थः-हे सभाध्यक्ष! मैं (महीम्) सुन्दर पूज्य (इमाम्) इस (ते) आप की (धियम्) बुद्धि वा कर्म को (प्र, भरे) धारण करता हूं (स्तोत्रे) स्तुति होने में (अस्य) इस मेरी (धिषणा) बुद्धि (यत्) जिस (ते) आप को (आनजे) प्रकट करती है (तम्) उस (शवसा) बल के साथ (सासहिम्) शीघ्र सहने वाले (इन्द्रम्) उत्तम बल के योग से शत्रुओं को विदीर्ण करने हारे सभापति को (महः) महान् कार्य के (उत्सवे) करने योग्य आनन्द समय (च) और (प्रसवे) उत्पत्ति में (च) भी (देवासः) विद्वान् लोग (अनु, अमदन्) अनुकूलता से आनन्दित करें ॥ २९ ॥

भावार्थः—जो राजादि मनुष्य विद्वानों से उत्तम बुद्धि वा वाणी को ग्रहण करते हैं वे सत्य के अनुकूल हुए आप आनन्दित हो के औरों को प्रसन्न करते हैं ॥ २९ ॥

विभ्राडित्यस्य विभ्राडृषिः । सूर्यो देवता ।
विराड् जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

विभ्राड् बृहत्पिबतु सोम्यं मध्वायुर्दधद्यज्ञपंता-
वविंहुतम् । वातंजूतो यो अभि रक्षति त्मनां
प्रजाः पुपोष पुरुधा वि रांजति ॥ ३० ॥

विभ्राडिति वि॒ऽभ्राट् । बृहत् । पि॒बतु । सो॒म्यम् । मधु॑ । आयुः॑ । दध॑त् । य॒ज्ञप॑ता॒विति॑ य॒ज्ञऽप॑तौ । अवि॑ह्रुत॒मित्यवि॑ऽह्रुतम् । वात॑जूत॒ इति॒ वात॑ऽजूतः । यः । अ॒भि॒रक्ष॑ती॒त्य॑भि॒ऽरक्ष॑ति । त्मना॑ । प्र॒जा इति॑ प्र॒ऽजाः । पु॒पोष॑ । पु॒रु॒धा । वि । रा॒ज॒ति ॥ ३० ॥

पदार्थः—(विभ्राट्) यो विशेषेण भ्राजते सः (बृहत्) महत् (पिबतु) (सोम्यम्) सोमेष्वोषधीषु भवं रसम् (मधु) मधुरादिना गुणेन युक्तम् (आयुः) जीवनम् (दधत्) धरन् (यज्ञपतौ) यज्ञस्य युक्तस्य व्यवहारस्य पालके स्वामिनि (अविह्रुतम्) अखण्डितम् (वातजूतः) वायुना प्राप्तवेगः (यः) (अभिरक्षति) (त्मना) आत्मना (प्रजाः) (पुपोष) पुष्णाति (पुरुधा) बहुधा (वि) (राजति) विशेषेण प्रकाशते ॥ ३० ॥

अन्वयः—यो वातजूतः सूर्यइव विभ्राडविह्रुतमायुर्यज्ञपतौ दधत् त्मना प्रजा अभि रक्षति, पुपोष पुरुधा विराजति च स भवान् बृहत् सोम्यं मधु पिबतु ॥ ३० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे राजादयो मनुष्याः ! यथा सूर्यो वृष्टि द्वारा सर्वेषां जीवनं पालनं करोति तद्वत्सद्गुणैर्महान्तो भूत्वा न्यायविनयाभ्यां प्रजाः सततं रक्षन्तु ॥ ३० ॥

पदार्थः—(यः) जो (वातजूतः) वायु से वेग को प्राप्त सूर्य के तुल्य (विभ्राट्) विशेष कर प्रकाशवाला राजपुरुष (अविह्रुतम्) अखण्ड संपूर्ण

(आयुः) जीवन (यज्ञपतौ) युक्त व्यवहार पालक अधिष्ठाता में (दधत्) धारण करता हुआ (त्मना) आत्मा से (प्रजाः) प्रजाओं को (अभि, रक्षति) सब ओर से रक्षा करता हुआ (पुपोष) पुष्ट करता और (पुरुधा) बहुत प्रकारों से (वि, राजति) विशेष कर प्रकाशमान होता है सो आप (बृहत्) बड़े (सोम्यम्) सोमादि ओषधियों के (मधु) मिष्टादि गुण युक्त रस को (पिबतु) पीजिये ॥ ३० ॥

भावार्थः इस मन्त्र में वाचकलु०–हे राजादि मनुष्यो ! जैसे सूर्य्य वृष्टि द्वारा सब जीवों के जीवन पालन को करता है उस के तुल्य उत्तम गुणों से महान् हो के न्याय और विनय से प्रजाओं की निरन्तर रक्षा करो ॥ ३० ॥

उदुत्यमित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः । सूर्यो देवता ।

निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

अथ सूर्यमण्डलं कीदृशमित्याह ॥

अब सूर्य मण्डल कैसा है इस वि० ॥

उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः । दृशे विश्वाय सूर्य्यम् ॥ ३१ ॥

उँऽ इत्युँत् । उ । त्यम् । जातवेदसमिति जातऽवेदसम् । देवम् । वहन्ति । केतवः । दृशे । विश्वाय । सूर्य्यम् ॥ ३१ ॥

पदार्थः–(उत्) आश्चर्ये (उ) (त्यम्) तम् (जातवेदसम्) जातेषु पदार्थेषु विद्यमानम् (देवम्) देदीप्यमानम् (वहन्ति) (केतवः) किरणाः (दृशे) दर्शनाय (विश्वाय) विश्वस्य । अत्र षष्ठ्यर्थे चतुर्थी (सूर्यम्) सवितृमण्डलम् ॥ ३१ ॥

अन्वयः-हे मनुष्याः यं जातवेदसं देवं सूर्य्यं विश्वाय दृशे केतव उद्वहन्ति त्यमु यूयं विजानीत ॥ ३१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०-यथा किरणैः सूर्यः संसारं दर्शयति स्वयं सुशोभते तथा विद्वांसोऽखिला विद्याः शिक्षा दर्शयित्वा सुशोभेरन् ॥ ३१ ॥

पदार्थः-हे मनुष्यो! जिस (जातवेदसम्) उत्पन्न हुए पदार्थों में विद्यमान (देवम्) चिलचिलाते हुए (सूर्य्यम्) सूर्य्यमण्डल को (विश्वाय) संसार को (दृशे) देखने के लिये (केतवः) किरणें (उत्, वहन्ति) ऊपर को आश्चर्यरूप प्राप्त कराती हैं (त्यम्) उस (उ) ही को तुम लोग जानो ॥ ३१ ॥

भावार्थः-इस मंन्त्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य्य किरणों से संसार को दिखाता और आप सुशोभित होता वैसे विद्वान् लोग सब विद्या और शिक्षाओं को दिखा कर सुन्दर शोभायमान हों ॥ ३१ ॥

येनेत्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः । सूर्य्यो देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुना राजधर्मविषयमाह ॥
फिर राजधर्म वि० ॥

येना॑ पावक॒ चक्ष॑सा भुर॒ण्यन्तं॒ जना॒ँ२॥ऽअ॒नु॑ । त्वं व॑रुण॒ पश्य॑सि ॥ ३२ ॥

येन॑ । पा॒व॒क॒ । चक्ष॑सा । भु॒र॒ण्यन्त॑म् । जना॑न् । अनु॑ । त्वम् । व॒रु॒ण॒ । पश्य॑सि ॥ ३२ ॥

पदार्थः—(येन) अत्र संहितायामिति दीर्घः(पावक) पवित्रकारक! (चक्षसा) व्यक्तेन दर्शनेनोपदेशेन वा (भुरण्यन्तम्) पालयन्तम् (जनान्) अस्मदादिमनुष्यान्(अनु) (त्वम्) (वरुण) राजन् ! (पश्यसि) ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे पावक वरुण विद्वंस्त्वं येन चक्षसा भुरण्यन्तमनुपश्यसि तेन जनान् पश्य तवानुकूलाश्च वयं वर्त्तेमहि ॥ ३२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा राजराजपुरुषा यादृशेन व्यवहारेण प्रजासु वर्त्तेरन् तथैव भावेनैतेषु प्रजा अपि वर्त्तेरन् ॥ ३२ ॥

पदार्थः—हे (पावक) पवित्रकर्त्ता (वरुण) श्रेष्ठ विद्वन् वा राजन् ! (त्वम्) आप (येन) जिस (चक्षसा) प्रकट दृष्टि वा उपदेश से (भुरण्यन्तम्) रक्षा करते हुए (अनु पश्यसि) अनुकूल देखते हो उस से (जनान्) हम आदि मनुष्यों को देखिये और आप के अनुकूल हम वर्त्तें ॥ ३२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे राजा और राजपुरुष जिस प्रकार के व्यवहार से प्रजाओं में वर्त्तें वैसे ही भाव से इन में प्रजा लोग भी वर्त्तें ॥ ३२ ॥

दैव्यावित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः। विद्वान् देवता।
निचृद्गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

दैव्या॑वध्वर्यू॒ आग॑तꣳ रथे॑न॒ सूर्य॑त्वचा ।
मध्वा॑ य॒ज्ञꣳ सम॑ञ्जाथे* तं प्र॒त्नथा॑ अ॒यं वे॒नः चि॒त्रं दे॒वाना॑म् ॥ ३३ ॥

दैव्यौ॑ । अ॒ध्व॒र्यू॒ऽइत्य॑ध्व॒र्यू । आ । ग॒त॒म् । रथे॑न । सूर्य॑त्व॒चेति॒ सूर्य॑ऽत्वचा । मध्वा॑ । य॒ज्ञम् । सम् । अ॒ञ्जा॒थे॒ऽइत्य॑ञ्जाथे ॥ ३३ ॥

---

* ये तीन प्रतीकें पूर्व अ० ७ । मं० १२ । १६ । ४२ । कहे मंत्रों को कर्मकाण्ड विशेष में कार्य्य के लिये यहां रक्खी गई हैं । इन्हीं से इन का अर्थ यहां नहीं लिखा उक्त पते में लिखा गया है ॥

पदार्थः—(दैव्यौ) देवेषु दिव्येषु विद्वत्सु गुणेषु वा कुशलौ (अध्वर्यू) यावात्मनोऽध्वरमहिंसायज्ञमिच्छन्तौ (आ) (गतम्) गच्छतम् (रथेन) गमकेन यानेन (सूर्यत्वचा) सूर्य इव देदीप्यमाना त्वग्बाह्यमावरणं यस्य तेन (मध्वा) कोमलसामग्र्या (यज्ञम्) यात्राख्यं साङ्ग्रामाख्यं हवनाख्यं वा (सम्) (अञ्जाथे) ॥ ३३ ॥

अन्वयः—हे दैव्यावध्वर्यू ! सूर्यत्वचा रथेनागतं मध्वा यज्ञं समञ्जाथे ॥३३॥

भावार्थः—राजादिमनुष्यैः सूर्यप्रकाश इव विमानादीनि यानानि साङ्ग्रामं हवनादिकं रचयित्वा यात्रादिव्यवहाराः साधनीयाः ॥ ३३ ॥

पदार्थः—हे (दैव्यौ) अच्छे उत्तम विद्वानों वा गुणों में प्रवीण (अध्वर्यू) अपने को अहिंसारूप यज्ञ को चाहते हुए दो पुरुषो ! आप (सूर्यत्वचा) जिस का बाहरी आवरण सूर्य के तुल्य प्रकाशमान ऐसे (रथेन) चलने वाले विमानादि यान से (आ, गतम्) आइये और (मध्वा) कोमल सामग्री से (यज्ञम्) यात्रा, संग्राम वा हवनरूप यज्ञ को (सम्, अञ्जाथे) सम्यक् प्रकट करो ॥ ३३ ॥

भावार्थः—राजादि मनुष्यों को चाहिये कि सूर्य के प्रकाश के तुल्य विमानादि यान संग्राम वाहनादि को उत्पन्न कर यात्रादि अनेक व्यवहारों को सिद्ध किया करें ॥३३ ॥

आ न इत्यस्यागस्त्य ऋषिः । सविता देवता ।

त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथोपदेशकाः किं कुर्युरित्याह ॥

अब उपदेशक लोग क्या करें इस वि० ॥

आ न॒ इडा॑भिर्वि॒दथे॑ सुश॒स्ति वि॒श्वान॑रः सवि॒ता दे॒व ए॑तु । अपि॑ यथा॑ युवानो॒ मत्स॑था नो॒ विश्वं॒ जग॑दभिपि॒त्वे म॑नी॒षा ॥ ३४ ॥

आ । नः । इडाभिः । विदथे । सुशस्तीति सुऽशस्ति । विश्वानरः । सविता । देवः । एतु । अपि । यथा । युवानः । मत्सथ । नः । विश्वम् । जगत् । अभिपित्व इत्यभिऽपित्वे । मनीषा ॥ ३४ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (नः) अस्माकम् (इडाभिः) सुशिक्षिताभिर्वाग्भिः (विदथे) विज्ञापनीये व्यवहारे (सुशस्ति) शोभना शस्तिः प्रशंसा यस्मिंस्तत् (विश्वानरः) विश्वेषां नायकः (सविता) सूर्य इव भासमानः (देवः) दिव्यगुणः (एतु) प्राप्नोतु (अपि) (यथा) (युवानः) प्राप्तयौवना ब्रह्मचर्येणाधीतविद्याः (मत्सथ) आनन्दत । अत्र संहितायामिति दीर्घः (नः) अस्माकम् (विश्वम्) समग्रम् (जगत्) जङ्गमं पुत्रगवादिकम् (अभिपित्वे) आभिमुख्यगमने (मनीषा) मेधा ॥ ३४ ॥

अन्वयः—हे युवानो ! यथा विश्वानरो देवः सवितेडाभिर्विदथे सुशस्ति नो विश्वं जगदैतु तथाऽभिपित्वे यूयं मत्सथ या नो मनीषा तामपि शोधयत ॥ ३४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—ये सूर्यवद्विद्यया प्रकाशात्मनः शरीरात्मभ्यां प्राप्तयौवनाः सुशिक्षिता जितेन्द्रियाः सुशीला भवन्ति ते सर्वाननुपदेशेन विज्ञापयितुं शक्नुवन्ति ॥ ३४ ॥

पदार्थ—हे (युवानः) ज्वान ब्रह्मचर्य के साथ विद्या पढ़े हुए उपदेष्टा लोगो ! (यथा) जैसे (विश्वानरः) सब का नायक (देवः) उत्तम गुणों वाला (सविता) सूर्य के तुल्य प्रकाशमान विद्वान् (इडाभिः) वाणियों से (विदथे) जताने योग्य व्यवहार में (सुशस्ति) सुन्दर प्रशंसायुक्त (नः) हमारे

(विश्वम्) सब (जगत्) चेतन पुत्र गौ आदि को (आ, एतु) अच्छे प्रकार प्राप्त होवे वैसे (अभिपित्वे) सन्मुख जाने में तुम लोग (मत्सथ) आनन्दित हूजिये जो (नः) हमारी (मनीषा) बुद्धि है उस को (अपि) भी शुद्ध कीजिये ॥ ३४ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु०—जो सूर्य के तुल्य विद्या से प्रकाश स्वरूप शरीर और आत्मा से युवावस्था को प्राप्त सुशिक्षित जितेन्द्रिय सुशील होते हैं वे सब को उपदेश से ज्ञान कराने को समर्थ होते हैं ॥ ३४ ॥

यदद्येत्यस्य श्रुतकक्षसुकक्षावृषी । सूर्यो देवता । पिपीलिका
मध्यानिचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनर्मनुष्यः किंकुर्य्यादित्याह ॥
फिर मनुष्य क्या करै इस वि० ॥

यद॒द्य कच्च॑ वृत्रहन्नु॒दगा॑ अ॒भि सू॑र्य्य । सर्वं॒ तदि॑न्द्र ते॒ वशे॑ ॥ ३५ ॥

यत् । अ॒द्य । कत् । च । वृ॒त्र॒ह॒न्निति॑ वृत्रऽहन् । उद॒गा॒ऽ इत्यु॑त्ऽअगाः॑ । अ॒भि । सू॒र्य्य॒ । सर्व॑म् । तत् । इ॒न्द्र॒ । ते॒ । वशे॑ ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(यत्) (अद्य) अस्मिन् दिने (कत्) कदा (च) (वृत्रहन्) मेघहन्ता सूर्य्य इव (उत् अगाः) उदयं प्राप्य (अभि) (सूर्य्य) विद्यैश्वर्योत्पादक ! (सर्वम्) (तत्) (इन्द्र) (ते) (वशे) ॥ ३५ ॥

अन्वयः— हे वृत्रहन् सूर्य्येन्द्र ! ते यदद्य सर्वं वशेऽस्ति तत् कच्चाभ्युदगाः ॥ ३५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये पुरुषाः सूर्यवदविद्यान्धकारं दुष्टतां च निवार्य्य सर्वं वशीभूतं कुर्वन्ति तेऽभ्युदयं प्राप्नुवन्ति ॥ ३५ ॥

पदार्थः—हे (वृत्रहन्) मेघहन्ता सूर्य के तुल्य शत्रुहन्ता (सूर्य) विद्या रूप ऐश्वर्य के उत्पादक (इन्द्र) अन्नदाता सज्जन पुरुष ! (ते) आप के (यत्) जो (अद्य) आज दिन (सर्वम्) सब कुछ (वशे) वश में है (तत्) उस को (कत्, च) कब (अभि, उत्, अगाः) सब ओर से उदित प्रगट सन्नद्ध कीजिये ॥ ३५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो पुरुष सूर्य के तुल्य अविद्यारूप अन्धकार और दुष्टता को निवृत्त कर सब को वशीभूत करते हैं वे अभ्युदय को प्राप्त होते हैं ॥ ३५ ॥

तरणिरित्यस्य प्रस्कण्व ऋषिः । सूर्यो देवता ।
निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
अथ राजपुरुषाः कीदृशाः स्युरित्याह ॥
अब राज पुरुष कैसे हों इस वि० ॥

तरणिर्विश्वदर्शतो ज्योतिष्कृदसि सूर्य । विश्वमाभासि रोचनम् ॥ ३६ ॥

तरणिः । विश्वदर्शत इति विश्वऽदर्शतः । ज्योतिष्कृत् । ज्योतिःकृदिति ज्योतिःऽकृत् । असि । सूर्य । विश्वम् । आ । भासि । रोचनम् ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(तरणिः) तारकः (विश्वदर्शतः) विश्वेन द्रष्टव्यः (ज्योतिष्कृत्) यो ज्योतींषि करोति सः (असि) (सूर्य) सूर्यवद्वर्त्तमान राजन् ! (विश्वम्) समग्रं राज्यम् (आ) (भासि) प्रकाशयसि (रोचनम्) रुचिकरम् ॥ ३६ ॥

अन्वयः--हे सूर्य ! त्वं यथा तरणिर्विश्वदर्शतो ज्योतिष्कृत् सविता रोचनं विश्वं प्रकाशयति तथा त्वमसि यतो न्यायविनयेन राज्यमाभासि तस्मात्सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ३६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यदि राजपुरुषा विद्याप्रकाशकाः स्युस्तर्हि सर्वानानन्दयितुं शक्नुयुः ॥ ३६ ॥

पदार्थः—हे (सूर्य) सूर्य के तुल्य वर्त्तमान तेजस्विजन ! जैसे (तरणिः) अन्धकार से पार करने वाला (विश्वदर्शतः) सब को देखने योग्य (ज्योतिष्कृत्) अग्नि, विद्युत्, चन्द्रमा, नक्षत्र ग्रह तारे, आदि को प्रकाशित करने वाला सूर्य लोक (रोचनम्) रुचिकारक (विश्वम्) समग्र राज्य को प्रकाशित करता है वैसे आप (असि) हैं जिस कारण न्याय और विनय से राज्य को (आ, भासि) अच्छे प्रकार प्रकाशित करते हो इस लिये सत्कार पाने योग्य हो ॥ ३६

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो राज पुरुष विद्या के प्रकाशक होवें तो सब को आनन्द देने को समर्थ होवें ॥ ३६ ॥

तत्सूर्यस्येत्यस्य कुत्स ऋषिः । सूर्यो देवता ।
त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथेश्वरविषयमाह ॥

अब ईश्वर के वि० ॥

तत्सूर्य्यस्य देवत्वं तन्महित्वं मध्या कर्त्तोर्विततꣳ सं जभार । यदेदयुक्त हरितः सधस्थादाद्रात्री वासस्तनुते सिमस्मै ॥ ३७ ॥

तत् । सूर्य्यस्य । देवत्वमिति देवऽत्वम् । तत् । महित्वमिति महिऽत्वम् । मध्या । कर्त्तोः । विततमिति विऽततम् ।

सम् । जभार । यदा । इत् । अयुक्त । हरितः । सधस्थादिति सधऽस्थात् । आत् । रात्री । वासः । तनुते । सिमस्मै ॥ ३७ ॥

पदार्थः-(तत्) (सूर्यस्य) चराचरात्मनः परमेश्वरस्य (देवत्वम्) देवस्य भावम् (तत्) (महित्वम्) महिमानम् (मध्या) मध्ये । अत्र विभक्तेराकारादेशः (कर्त्तोः) कर्तुंसमर्थस्य (विततम्) विस्तृतं कार्यं जगत (सम्) (जभार) जहार हरति । अत्र हस्य भः (यदा) (इत्) (अयुक्त) समाहितो भवति (हरितः) ह्रियन्ते पदार्था यासु ता दिशः (सधस्थात्) समानस्थानात् (आत्) अनन्तरम् (रात्री) रात्रीवत् (वासः) आच्छादनम् (तनुते) विस्तृणाति (सिमस्मै) सर्वस्मै ॥ ३७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! जगदीश्वरोऽन्तरिक्षस्य मध्या हरितो यदा विततं च सं जभार सिमस्मै रात्री वासस्तनुते । आत्सधस्थादिदयुक्त तत्कर्त्तोः सूर्यस्य देवत्वं तन्महित्वं यूयं विजानीत ॥ ३७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! भवन्तो येनेश्वरेण सर्वं जगद्रच्यते ध्रियते पाल्यते विनाश्यते च तमेवास्य महिमानं विदित्वा सततमेतमुपासीरन् ॥ ३७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जगदीश्वर अन्तरिक्ष के (मध्या) बीच (यदा) जब (हरितः) जिन में पदार्थ हरे जाते उन दिशाओं और (विततम्) विस्तृत कार्य जगत् को (सम्. जभार) संहार अपने में लीन करता (सिमस्मै) सब के लिये (रात्री) रात्रि के तुल्य (वासः) अन्धकाररूप आच्छादन को

(तनुते) फैलाता और (आत्) इस के अनन्तर (सधस्थात्) एक स्थान से अर्थात् सर्व साक्षित्वादि से निवृत्त हो के एकाग्र (इत्) ही (अयुक्त) समाधिस्थ होता है (तत्) वह (कर्त्तोः) करने को समर्थ (सूर्यस्य) चराचर के आत्मा परमेश्वर का (देवत्वम्) देवतापन (तत्) वही उस का (महित्वम्) बड़प्पन तुम लोग जानो ॥ ३७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! आप लोग जिस ईश्वर से सब जगत् रचा, धारण पालन और विनाश किया जाता है उसी को और उस की महिमा को जान के निरन्तर उस की उपासना किया करो ॥ ३७ ॥

तन्मित्रस्येत्यस्य कुत्स ऋषिः । सूर्यो देवता ॥
त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

तन्मि॒त्रस्य॒ वरु॑णस्याभि॒चक्षे॒ सूर्यो॑ रू॒पं कृ॑णुते॒ द्योरु॒पस्थे॑। अ॒न॒न्तम॒न्यद्रुश॑दस्य॒ पाजः॑ कृ॒ष्णम॒न्यद्धरि॑तः॒ सम्भ॑रन्ति ॥ ३८ ॥

तत् । मि॒त्रस्य॑ । वरु॑णस्य । अ॒भि॒चक्ष॒ऽ इत्य॑भि॒ऽचक्षे॑ । सूर्यः॑ । रू॒पम् । कृ॒णु॒ते॒ । द्योः । उ॒पस्थ॒ऽइत्यु॒पऽस्थे॑ । अ॒न॒न्तम् । अ॒न्यत् । रुश॑त् । अ॒स्य॒ । पाजः॑। कृ॒ष्णम् । अ॒न्यत् । ह॒रितः॑ । सम् । भ॒र॒न्ति॒ ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(तत्) (मित्रस्य) प्राणस्य (वरुणस्य) उदानस्य (अभिचक्षे) अभिपश्यति (सूर्यः) चराचरात्मा (रूपम्) (कृणुते) करोति निर्मिमीते (द्योः) प्रकाशस्य (उपस्थे)

समीपे (अनन्तम्) अविद्यमानो अन्तो यस्य तत् (अन्यत्) अस्मद्भिन्नम् (रुशत्) शुक्लं शुद्धस्वरूपम् (अस्य) (पाजः) बलम् (कृष्णम्) निकृष्टवर्णम् (अन्यत्) (हरितः) हरणशीला दिशः (सम्) (भरन्ति) हरन्ति ॥ ३८॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! द्योरुपस्थे वर्त्तमानः सूर्यो मित्रस्य वरुणस्य च तद्रूपं कृणुते येन जनोऽभिचक्षे । अस्य रुशत्पाजोऽनन्तमन्यदस्ति अन्यत्कृष्णं हरितः संभरन्तीति विजानीत ॥ ३८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यदनन्तं ब्रह्म तत्प्रकृतेर्जीवेभ्यश्चान्यदस्ति । एवं प्रकृत्याख्यं कारणं विभु वर्त्तते तस्माद्यज्जायते तत्तत्समयं प्राप्येश्वरनियमेन विनश्यति यथा जीवाः प्राणोदानाभ्यां सर्वान् व्यवहारान् साध्नुवन्ति तथैवेश्वरः स्वेनानन्तसामर्थ्येनास्योत्पत्तिस्थितिप्रलयान् करोति ॥ ३८॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (द्योः) प्रकाश के (उपस्थे) निकट वर्त्तमान अर्थात् अन्धकार से पृथक् (सूर्यः) चराचर का आत्मा (मित्रस्य) प्राण और (वरुणस्य) उदान के (तत्) उस (रूपम्) रूप को (कृणुते) रचता है जिस से मनुष्य (अभिचक्षे) देखता जानता है (अस्य) इस परमात्मा का रुशत् शुद्धस्वरूप और (पाजः) बल (अनन्तम्) अपरिमित (अन्यत्) भिन्न है और (अन्यत्) (कृष्णम्) अविद्यादि मलीन गुण वाले भिन्न जगत् को (हरितः) दिशा (सम्, भरन्ति) धारण करती है ॥ ३८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो अनन्त ब्रह्म वह प्रकृति और जीवों से भिन्न है । ऐसे ही प्रकृतिरूप कारण विभु है उस से जो २ उत्पन्न होता वह २ समय पाकर ईश्वर के नियम से नष्ट हो जाता है जैसे जीव प्राण उदान से सब व्यवहारों को सिद्ध करते वैसे ईश्वर अपने अनन्त सामर्थ्य से इस जगत् के उत्पत्ति, स्थिति, प्रलयों को करता है॥३८॥

बरामहाँनित्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

बण्महाँ२॥ऽ असि सूर्य्य बडादित्य महाँ२॥ऽ असि । महस्ते सतो महिमा पनस्यतेऽद्धा देव महाँ२॥ऽ असि ॥ ३९ ॥

बट् । महान् । असि । सूर्य्य । बट् । आदित्य । महान् । असि । महः । ते । सतः । महिमा । पनस्यते । अद्धा । देव । महान् । असि ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(बट्) सत्यम् (महान्) महत्वादिगुणविशिष्टः (असि) भवसि (सूर्य) चराचरात्मन्! (बट्) अनन्तज्ञान (आदित्य) अविनाशिस्वरूप (महान्) (असि) (महः) महतः (ते) तव (सतः) सत्यस्वरूपस्य (महिमा) (पनस्यते) स्तूयते (अद्धा) प्रसिद्धम् (देव) दिव्यगुणकर्मस्वभावयुक्त! (महान्) (असि) ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे सूर्य्य! यतस्त्वं बण्महानसि हे आदित्य! यतस्त्वं बण्महानसि सतो महस्ते महिमा पनस्यते हे देव! यतस्त्वमद्धा महानसि तस्मादस्माभिरुपास्योऽसि ॥ ३९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या! यस्येश्वरस्य महिमानं पृथिवीसूर्यादिपदार्था ज्ञापयन्ति यः सर्वेभ्यो महानस्ति तं विहाय कस्याप्यन्यस्योपासना नैव कार्य्या ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे (सूर्य) चराचर के अन्तर्यामिन् ईश्वर ! जिस कारण आप (बट्) सत्य (महान्) महत्त्वादि गुण युक्त (असि) हैं। हे (आदित्य) अविनाशी स्वरूप! जिस से आप (बट्) अनन्त ज्ञानवान् (महान्) बड़े (असि) हो (सतः) सत्यस्वरूप (महः) महान् (ते) आप का (महिमा) महत्त्व (पनस्यते) लोगों से स्तुति किया जाता। हे (देव) दिव्य गुण कर्म स्वभाव-युक्त ईश्वर ! जिस से आप (अद्धा) प्रसिद्ध (महान्) महान् (असि) हैं इस लिये हम को उपासना करने के योग्य हैं ॥ ३९ ॥

भावार्थः— हे मनुष्यो ! जिस ईश्वर के महिमा को पृथिवी सूर्यादि पदार्थ जनाते हैं जो सब से बड़ा है उस को छोड़के किसी अन्य की उपासना नहीं करनी चाहिये ॥ ३९ ॥

बट् सूर्येत्यस्य · जमदग्निर्ऋषिः । सूर्यो देवता ।
भुरिक् बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

बट् सूर्य श्रवसा महाँ२॥ऽ असि सत्रा देव महाँ२॥ऽ असि । मह्ना देवानामसुर्यः पुरोहितो विभु ज्योतिरदाभ्यम् ॥ ४० ॥

बट् । सूर्य्य । श्रवसा । महान् । असि । सत्रा । देव । महान् । असि । मह्ना । देवानाम् । असुर्य्यः । पुरोहित इति पुरःऽहितः । विभ्विति विऽभु । ज्योतिः । अदाभ्यम् ॥ ४० ॥

पदार्थः—(बट्) सत्यम् (सूर्य) सवितृवत्सर्वप्रकाशक ! (श्रवसा) यशसा धनेन वा (महान्) (असि) (सत्रा) सत्येन (देव) दिव्यसुखप्रद !(महान्) (असि) (मह्ना) महत्त्वेन (देवानाम्) पृथिव्यादीनां विदुषां वा (असुर्य्यः) असुभ्यः

प्राणेभ्यो हितः (पुरोहितः) पुरस्ताद्धितकारी (विभु) व्यापकम् (ज्योतिः) प्रकाशकं स्वरूपम् (अदाभ्यम्) अहिंसनीयम् ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे बट् सूर्य! यतस्त्वं श्रवसा महानसि हे देव सत्रा महानसि यतस्त्वं देवानां पुरोहितो मन्हाऽसुर्य्यः सन्नदाभ्यं विभु ज्योतिः स्वरूपोऽसि तस्मात्सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ४० ॥

भावार्थः—हे मनुष्या येनेश्वरेण सर्वेषां पालनायान्नाद्युत्पादिका भूमिर्मेघप्रकाशकारी सूर्य्यो निर्मितः स एव परमेश्वर उपासितुं योग्योऽस्ति ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे (बट्) सत्य (सूर्य) सूर्य के तुल्य सब के प्रकाशक जिस से आप (श्रवसा) यश वा धन से (महान्) बड़े (असि) हो। हे (देव) उत्तम सुख के दाता (सत्रा) सत्य के साथ (महान्) बड़े (असि) हो। जिस से आप (देवानाम्) पृथिवी आदि वा विद्वानों के (पुरोहितः) प्रथम से हितकारी (मह्ना) महत्व से (असुर्य्यः) प्राणों के लिये हितैषी हुए (अदाभ्यम्) आस्तिकता से रक्षा करने योग्य (विभु) व्यापक (ज्योतिः) प्रकाशस्वरूप हैं इस से सत्कार के योग्य हैं ॥ ४० ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जिस ईश्वर ने सब की पालना के लिये अन्नादि को उत्पन्न करने वाली भूमि और मेघ का प्रकाश करने वाला सूर्य रचा है वही परमेश्वर उपासना करने को योग्य है ॥ ४० ॥

आयन्तइवेत्यस्य नृमेध ऋषिः। सूर्यो देवता।
निचृद् बृहती छन्दः। मध्यमः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आ॒यन्त॑इव॒ सूर्यं॒ विश्वेदिन्द्र॑स्य भक्षत।
वसू॑नि जा॒ते जन॑मान॒ ओज॑सा॒ प्रति॑ भा॒गं न दी॑धिम ॥ ४१ ॥

आयन्तऽइवेति आयन्तःऽइव । सूर्य्यम् । विश्वां । इत् । इन्द्रस्य । भक्षत । वसूनि । जाते । जनमाने । ओजसा । प्रति । भागम् । न । दीधिम ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(आयन्तइव) समाश्रयन्तइव । अत्र गुणे प्राप्ते व्यत्ययेन वृद्धिः (सूर्य्यम्) स्वप्रकाशं सर्वात्मानं जगदीश्वरम् (विश्वा) सर्वाणि (इत्) एव (इन्द्रस्य) परमैश्वर्य्यस्य (भक्षत) सेवध्वम् (वसूनि) वस्तूनि (जाते) उत्पन्ने (जनमाने) उत्पद्यमाने। अत्र विकरणव्यत्ययः(ओजसा) सामर्थ्येन (प्रति) (भागम्) सेवनीयमंशम् (न) इव (दीधिम) प्रकाशयेम ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयमोजसा जाते जनमाने च जगति सूर्यं आयन्तइव विश्वा वसूनि प्रति दीधिम भागं न सेवेमहि तथेदिन्द्रस्येमं यूयं भक्षत ॥ ४१ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यदि वयं परमेश्वरं सेवमाना विद्वांस इव भवेम तर्हीह सर्वैश्वर्यं लभेमहि ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग (ओजसा) सामर्थ्य से (जाते) उत्पन्न हुए और (जनमाने) उत्पन्न होने वाले जगत् में (सूर्यम्) स्वयं प्रकाशस्वरूप सब के अन्तर्यामी परमेश्वर का (आयन्तइव) आश्रय करते हुए के समान (विश्वा) सब (वसूनि) वस्तुओं को (प्रति, दीधिम) प्रकाशित करें और (भागम्, न) सेवने योग्य अपने अंश के तुल्य सेवन करें वैसे (इत्) ही (इन्द्रस्य) उत्तम ऐश्वर्य के भाग को तुम लोग (भक्षत) सेवन करो ॥ ४१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो हम लोग परमेश्वर को सेवन करते हुए विद्वानों के तुल्य हों तो यहां सब ऐश्वर्य प्राप्त होवें ॥ ४१ ॥

अद्या देवा इत्यस्य कुत्स ऋषिः । सूर्यो देवता ।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विद्वांसः कीदृशाः स्युरित्याह ॥

विद्वान् लोग कैसे हों इस वि० ॥

अद्या देवा उदिता सूर्यस्य निरंहसः पिपृता निरवद्यात् । तन्नो मित्रो वरुणो मामहन्तामदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौः ॥ ४२ ॥

अद्य । देवाः । उदितेत्युत्ऽइता । सूर्यस्य । निः । अंहसः । पिपृत । निः । अवद्यात् । तत् । नः । मित्रः । वरुणः । मामहन्ताम् । ममहन्तामिति ममहन्ताम् । अदितिः । सिन्धुः । पृथिवी । उत । । द्यौः ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(अद्य) अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (देवाः) विद्वांसः (उदिता) उदिते । अत्राऽऽकारादेशः (सूर्यस्य) सवितुः (निः) नितराम् (अंहसः) अपराधात् (पिपृत) व्याप्नुत। अत्र संहितायामिति दीर्घः (निः) नितराम् (अवद्यात्) निन्द्यात् दुःखात् (तत्)तस्मात् (नः)अस्मान् (मित्रः) सुहृत् (वरुणः) श्रेष्ठः (मामहन्ताम्) सत्कुर्वन्तु (अदितिः) अन्तरिक्षम् (सिन्धुः) सागरः (पृथिवी) भूमिः (उत) अपि (द्यौः) प्रकाशः ॥ ४२ ॥

अन्वयः—हे देवाः विद्वांसो यूयं यतः सूर्यस्योदिताऽद्यांहसो नो निष्पिपृतावद्याच्च निष्पिपृत तन्मित्रो वरुणोऽदितिः सिन्धुः पृथिवी उत द्यौरस्मान् मामहन्ताम् ॥ ४२ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसो मनुष्याः प्राणादिवत्सर्वान् सुखाऽन्ति । अपराधा दूरे रक्षन्ति ते जगद्भूषकाः सन्ति ॥ ४२ ॥

पदार्थः—हे (देवाः) विद्वान् लोगो जिस कारण (सूर्यस्य) सूर्य्य के (उदिता) उदय होते (अद्य) आज (अंहसः) अपराध से (नः) हम को (निः) निरन्तर बचाओ और (अवद्यात्) निन्दित दुःख से (निः पिपृत) निरन्तर रक्षा करो (तत्) इस से (मित्रः) मित्र (वरुणः) श्रेष्ठ (अदितिः) अन्तरिक्ष (सिन्धुः) समुद्र (पृथिवी) भूमि (उत) और (द्यौः) प्रकाश ये सब हमारा (मामहन्ताम्) सत्कार करें ॥ ४२ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् मनुष्य प्राणादि के तुल्य सब को सुखी करते और अपराध से दूर रखते हैं वे जगत् को शोभित करने वाले हैं ॥ ४२ ॥

आकृष्णेनेत्यस्य हिरण्यस्तूप ऋषिः । सूर्य्यो देवता । विराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ सूर्य्यमण्डलं कीदृशमित्याह ॥

अब सूर्यमण्डल कैसा है इस वि० ॥

आ कृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च । हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥ ४३ ॥

आ । कृष्णेन । रजसा । वर्त्तमान । निवेशयन्निति निऽवेशयन् । अमृतम् । मर्त्यम् । च । हिरण्ययेन । सविता । रथेन । आ । देवः । याति । भुवनानि । पश्यन् ॥ ४३ ॥

पदार्थः--(आ) समन्तात् (कृष्णेन) कर्षणेन (रजसा) लोकसमूहेन सह (वर्त्तमान) (निवेशयन्) स्वस्वप्रदेशेषु स्थापयन् (अमृतम्) उदकममरणधर्मकमाकाशादिकं वा । अमृतमित्युदकना० निघं० १ । १२ (मर्त्यम्) मनुष्यादिप्राणिजातम् (च) (हिरण्ययेन) ज्योतिर्मयेन (सविता) सूर्य्यः (रथेन) रमणीयेन स्वरूपेण (आ) (देवः) प्रकाशमानः (याति) गच्छति (भुवनानि) (पश्यन्) दर्शयन् । अत्रान्तर्गतो ण्यर्थः ॥ ४३ ॥

अन्वयः--हे मनुष्या यो हिरण्ययेन रथेन कृष्णेनरजसा सहवर्त्तमानो भुवनानि पश्यन् देवः सविताऽमृतं मर्त्यं च निवेशयन्ना याति स ईश्वरनिर्मितः सूर्य्यो लोकोऽस्ति ॥ ४३ ॥

भावार्थः--हे मनुष्या यथा एतद्भूगोलाद्यैर्लोकैःसह तस्य सूर्यस्याकर्षणं यो वृष्टिद्वारा अमृतात्मकमुदकं वर्षयति यश्च सर्वेषां मूर्तद्रव्याणां दर्शयितास्ति तथा सूर्य्यादयोपीश्वराकर्षणेन ध्रियन्त इति वेद्यम् ॥ ४३ ॥

पदार्थः--हे मनुष्यो ! जो (ज्योतिःस्वरूप) रमणीय स्वरूप से (कृष्णेन) आकर्षण से परस्पर सम्बद्ध (रजसा) लोकमात्र के साथ (आ,वर्त्तमानः) अपने भ्रमण की आवृत्ति करता हुआ (भुवनानि) सब लोकों को (पश्यन्) दिखाता हुआ (देवः)

प्रकाशमान (सविता) सूर्य्यदेव (अमृतम्) जल वा अविनाशी आकाशादि (च) और (मर्त्यम्) मरणधर्मा प्राणिमात्र को (निवेशयन्) अपने२ प्रदेश में स्थापित करता हुआ (आ,याति) उदयास्त समय में आता जाता है सो ईश्वर का बनाया सूर्य्य लोक है ॥ ४३ ॥

भावार्थः--हे मनुष्यो!जैसे इन भूगोलादि लोकों के साथ सूर्य्य का आकर्षण है जो वृष्टिद्वारा अमृतरूप जल को वर्षाता और जो मूर्त्त द्रव्यों को दिखाने वाला है वैसे ही सूर्य्य आदि लोक भी ईश्वर के आकर्षणसे धारण किये हुए हैं ऐसा जानना चाहिये॥४३॥

प्र वावृज इत्यस्य वसिष्ठ ऋषिः । वायुर्देवता ।
निचृत् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
अथ वायुसूर्य्यौ कीदृशावित्याह ॥
अब वायु सूर्य्य कैसे हैं इस वि० ॥

प्र वावृजे सुप्रया बर्हिरेषामा विश्पतीव बीरिट इयाते । विशामक्तोरुषसः पूर्वहूतौ वायुः पूषा स्वस्तये नियुत्वान् ॥ ४४ ॥

प्र । वावृजे । ववृज इति ववृजे । सुप्रया इति सुऽप्रयाः । बर्हिः । एषाम् । आ । विश्पतीव । विश्पतीवेति विश्पतीऽइव । बीरिटे । इयाते । विशाम् । अक्तोः । उषसः । पूर्वहूताविति पूर्वऽहूतौ । वायुः । पूषा । स्वस्तये । नियुत्वान् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(प्र) (वावृजे) व्रजति गच्छति (सुप्रयाः) सुष्ठु प्रयः प्रगमनमस्य सः (बर्हिः) उदकम् (एषाम्) मनुष्याणाम्

(आ) (विश्पतीव) प्रजापालकाविव (वीरिटे) अन्तरिक्षे (इयाते) गच्छतः (विशाम्) प्रजानां मध्ये (अक्तोः) रात्रेः (उषसः) दिवसस्य (पूर्वहूतौ) पूर्वैः शब्दितौ (वायुः) पवनः (पूषा) सूर्यः (स्वस्तये) सुखाय (नियुत्वान्) नियुतोऽश्वा आशुकारिणो वेगादिगुणा यस्य सः ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा पूर्वहूतौ सुप्रया नियुत्वान् वायुः पूषा चैषां स्वस्तये प्रवावृजे विशां विश्पतीव वीरिटे बर्हिरा इयाते तथाक्तोरुषसश्च बर्हिः प्राप्नुतः ॥ ४४ ॥

भावार्थः—अत्रोपमा वाचकलु०—हे मनुष्या यौ वायुसूर्यौ न्यायकारी राजेव पालकौ स्तस्तावीश्वरनिर्मितौ वर्त्तेते इति बोध्यम् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (पूर्वहूतौ) पूर्वजों ने प्रशंसा किये हुए (सुप्रयाः) सुन्दर प्रकार चलने वाला (नियुत्वान्) शीघ्रकारी वेगादि गुणों वाला (वायुः) पवन और (पूषा) सूर्य (एषाम्) इन मनुष्यों के (स्वस्तये) सुख के लिये (प्र, वावृजे) प्रकर्षता से चलता है (विशाम्) प्रजाओं के बीच (विश्पतीव) प्रजारक्षक दो राजाओं के तुल्य (वीरिटे) अन्तरिक्ष में (आ, इयाते) आते जाते हैं वैसे (अक्तोः) रात्रि और (उषसः) दिन के (बर्हिः) जल को प्राप्त होते हैं ॥ ४४ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमा और वाचकलु०—हे मनुष्यो जो वायु सूर्य न्यायकारी राजा के समान पालक हैं वे ईश्वर के बनाये हैं यह जानना चाहिये ॥ ४४ ॥

इन्द्रवायू इत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः। इन्द्रवायू देवते। गायत्री छन्दः। षड्जः स्वरः॥

मनुष्या विद्युदादिपदार्थान् विज्ञाय किं कुर्युरित्याह॥

मनुष्य विद्युत् आदि पदार्थों को जान के क्या करें इस वि० ॥

इन्द्रवायू बृहस्पतिं मित्राऽग्निं पूषणं भगम्। आदित्यान्मारुतं गणम्॥ ४५॥

इन्द्रवायूऽइतीन्द्रवायू। बृहस्पतिम्। मित्रा। अग्निम्। पूषणम्। भगम्। आदित्यान्। मारुतम्। गणम्॥ ४५॥

पदार्थः—(इन्द्रवायू) विद्युत्पवनौ (बृहस्पतिम्) बृहतां पालकं सूर्य्यम् (मित्रा) मित्रं प्राणम्। अत्र विभक्तेराकारादेशः (अग्निम्) पावकम् (पूषणम्) पुष्टिकरम् (भगम्) ऐश्वर्यम् (आदित्यान्) द्वादशमासान् (मारुतम्) मरुत्सम्बन्धिनम् (गणम्) समूहम्॥ ४५॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयमिन्द्रवायू बृहस्पतिं मित्राग्निं पूषणं भगमादित्यान् मारुतं गणं विज्ञायोपयुञ्जीमहि तथा यूयमपि प्रयुङ्ग्ध्वम्॥ ४५॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—मनुष्यैः सृष्टिस्थान् विद्युदादीन् पदार्थान् विज्ञाय संयुज्य कार्याणि साधनीयानि॥ ४५॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे हम लोग (इन्द्रवायु) बिजुली, पवन (बृहस्पतिम्) बड़े लोकों के रक्षक सूर्य्य (मित्रा) प्राण (अग्निम्) अग्नि (पूषणम्)

अन्वयः—या मन्दाना वृत्रहन्तमा सभासेनाध्यक्षौ चिदिव गिरा आङ्गूषैरुक्थेभिश्च शिल्पविज्ञानमाविवासतस्तावध्यापकोपदेशकौ मनुष्यैरासेवनीयौ॥७९॥

भावार्थः-ये मनुष्याः सभासेनाध्यक्षवद्विद्यादिकार्यसाधकाः सूपदेशैःसर्वान् विदुषः संपादयन्तः प्रवृत्ताः स्युस्तएव सर्वैः सत्कर्त्तव्या भवेयुः ॥ ७९ ॥

पदार्थः—(या) जो (मन्दाना) आनन्द देने वाले (वृत्रहन्तमा) धर्म का निरोध करने हारे पापियों के नाशक सभा सेनापति के (चित्) समान (गिरा) वाणी (आङ्गूषैः) अच्छे घोष और (उक्थेभिः) प्रशंसा योग्य स्तुतियों के साधक वेद के भागरूप मन्त्रों से शिल्प विज्ञान का (आविवासतः) अच्छे प्रकार सेवन करते हैं उन अध्यापक उपदेशकों की मनुष्यों को (आ) अच्छे प्रकार सेवा करनी चाहिये ॥ ७९ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य सभा सेनाध्यक्ष के तुल्य विद्यादि कार्य्यों के साधक सुन्दर उपदेशों से सब को विद्वान् करते हुए प्रवृत्त हों वेही सब को सत्कार करने योग्य हों ॥ ७९ ॥

उप न इत्यस्य सुहोत्रऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
अथ पितरौ स्वसन्तानान् प्रति किं कुर्यातामित्याह ॥
अब माता पिता अपने सन्तानों के प्रति क्या करें इस वि० ॥

उप नः सूनवो गिरः शृण्वन्त्वमृतस्य ये ।
सुमृडीका भवन्तु नः ॥ ७७ ॥

उप । नः । सूनवः । गिरः । शृण्वन्तु । अमृतस्य । ये । सुमृडीकाऽइति सुऽमृडीकाः । भवन्तु । नः ॥ ७७ ॥

पदार्थः—(उप) (नः) अस्माकम् (सूनवः) अपत्यानि (गिरः) (शृण्वन्तु) (अमृतस्य) नाशरहितस्य परमेश्वरस्य नित्यस्य वेदस्य वा (ये) (सुमृडीकाः) सुष्ठु सुखकराः (भवन्तु) (नः) अस्मभ्यम् ॥ ७७ ॥

अन्वयः—ये नः सूनवोऽमृतस्य गिर उपशृण्वन्तु ते नस्सुमृडीका भवन्तु ॥ ७७ ॥

भावार्थः—यदि मातापितरौ स्वपुत्रान् कन्याश्च ब्रह्मचर्येण वेदविद्यया सुशिक्षया च युक्तान् कृत्वा शरीरात्मबलवतः कुर्यातां तर्हि तेभ्योऽत्यन्तसुखकरौ स्याताम् ॥ ७८ ॥

पदार्थः—(ये) जो (नः) हमारे (सूनवः) सन्तान (अमृतस्य) नाशरहित परमेश्वर के सम्बन्ध की वा नित्य वेद की (गिरः) वाणियों को (उप, शृण्वन्तु) अध्यापकादि के निकट सुनें वे (नः) हमारे लिये (सुमृडीकाः) उत्तम सुख करने हारे (भवन्तु) होवें ॥ ७७ ॥

भावार्थः—जो माता पिता अपने पुत्रों और कन्याओं को ब्रह्मचर्य के साथ वेद विद्या और उत्तम शिक्षा से युक्त कर शरीर और आत्मा के बल वाले करें तो उन सन्तानों के लिये अत्यन्त हितकारी हों ॥ ७७ ॥

ब्रह्माणीत्यस्य अगस्त्य ऋषिः । इन्द्रमरुतौ देवते ।
विराट्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनर्विद्वांसः किं कुर्युरित्याह ॥
फिर विद्वान् लोग क्या करें इस वि० ॥

ब्रह्माणि मे मतयः शꣳ सुतासः शुष्मऽइयर्ति प्रभृतो मेऽअद्रिः । आ शासते प्रति हर्यन्त्युक्थेमा हरी वहतस्ता नो अच्छ ॥ ७८ ॥

ब्रह्माणि । मे । मतयः । शम् । सुतासः । शुष्मः । इयर्त्ति । प्रभृतऽइति प्रऽभृतः । मे । अद्रिः । आ । शासते । प्रति । हर्य्यन्ति । उक्था । इमा । हरीऽइति हरी । वहतः । ता । नः । अच्छ ॥ ७८ ॥

पदार्थः—(ब्रह्माणि) धनानि (मे) मह्यम् (मतयः) मेधाविनः । मतय इति मेधाविनाम । निघं० ३ । १५ (शम्) सुखम् (सुतासः) विद्यासुशिक्षाभ्यां निष्पन्ना ऐश्वर्यवन्तः (शुष्मः) बलकरः (इयर्त्ति) अर्पयति । अत्रान्तर्गतो णिच् (प्रभृतः) प्रकर्षेण हवनादिना पोषितः (मे) मह्यम् (अद्रिः) मेघः (आ (शासते) आशां कुर्वन्ति । (प्रति) (हर्यन्ति) कामयन्ते (उक्था) प्रशंसनीयानि वेदवचांसि (इमा) इमानि (हरी) हरणशीलावध्यापकाऽध्येतारौ (वहतः) प्रापयतः (ता) तानि (नः) अस्मभ्यम् (अच्छ) ॥७८॥

अन्वयः—सुतासो मतयो मे यानि ब्रह्माणि प्रति हर्य्यन्ति इमोक्थाऽऽशासते शुष्मः प्रभृतोऽद्रिर्मे यत् शमियर्त्ति ता तानि नोऽस्मभ्यं हर्य्यच्छ वहतः ॥७८॥

भावार्थः—हे विद्वांसो येन कर्मणा विद्यामेघोन्नतिः स्यात्तत्कुरुत ये युष्मद्विद्यासुशिक्षे कामयन्ते तान् प्रीत्या प्रयच्छत ये भवद्भ्योऽधिकास्तेभ्यो यूयं विद्यां गृह्णीत ॥ ७८ ॥

पदार्थः—(सुतासः) विद्या और सुन्दर शिक्षा से युक्त ऐश्वर्य वाले (मतयः) बुद्धिमान् लोग (मे) मेरे लिये जिन (ब्रह्माणि) धनों की (प्रति, हर्यन्ति) प्रतीति से कामना करते और (इमा) इन (उक्था) प्रशंसा के योग्य वेदवचनों की (आ, शासते) अभिलाषा करते हैं और (शुष्मः) बलकारी (प्रभृतः) अच्छे प्रकार हवनादि से पुष्ट किया (अद्रिः) मेघ (मे) मेरे लिये जिस (शम्) सुख को (इयर्ति) पहुंचाता (ता) उनको (नः) हमारे लिये (हरी) हरणशील अध्यापक और अध्येता (अच्छ, वहतः) अच्छे प्रकार प्राप्त होते हैं ॥७८॥

भावार्थः—हे विद्वानो! जिस कर्म से विद्या और मेघ की उन्नति हो उस की क्रिया करो। जो लोग तुम से विद्या और सुशिक्षा चाहते हैं उन को प्रीति से देओ और जो आप से अधिक विद्या वाले हों उन से तुम विद्या ग्रहण करो ॥ ७८ ॥

अनुत्तमित्यस्य अगस्त्य ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथेश्वरविषयमाह ॥

अब ईश्वर वि० ॥

अनु॑त्तमा ते मघवन्नकि॒र्नु न त्वावाँ॑२॥ऽअस्ति
दे॒वता॒ विदा॑नः । न जाय॑मानो॒ नश॑ते॒ न जा॒तो
यानि॑ करि॒ष्या कृ॑णु॒हि प्र॑वृद्ध ॥ ७९ ॥

अनुत्तम् । आ । ते । मघवन्निति मघऽवन् । नकिः । नु । न । त्वावानिति त्वाऽवान् । अस्ति । देवता । विदानः । न । जायमानः । नशते । न । जातः । यानि । करिष्या । कृणुहि । प्रवृद्धेति प्रऽवृद्ध ॥ ७९ ॥

पदार्थः—(अनुत्तम्) अप्रेरितम् । नसत्तनिसत्तानुत्त० अ० । ८ । २ । ६१ इति निपातनम् । (आ) स्मरणे (ते) (मघवन्) बहुधनयुक्त ! (नकिः) आकाङ्क्षायाम् (नु) सद्यः (न) (त्वावान्) त्वया सदृशः (अस्ति) (देवता) देवएव देवता । स्वार्थे तल् (विदानः) विद्वान् (न) (जायमानः) उत्पद्यमानः (नशते) व्याप्नोति नशादितिव्याप्तिकर्मा निघं० २।१८ (न) (जातः) उत्पन्नः (यानि) जगदुत्पत्त्यादिकर्माणि (करिष्या) करिष्यसि । सिज्लोपो दीर्घश्चात्र छान्दसः । (कृणुहि) करोषि । लडर्थे लोट् । (प्रवृद्ध) ॥ ७९ ॥

अन्वयः—हे प्रवृद्ध मघवन्नीश्वर ! यस्य तेऽनुत्तं स्वरूपमस्ति न कोपि त्वावान् देवता विद्वानो न्वस्ति भवान् न जायमानोऽस्ति न जातोऽस्ति यानि करिष्या कृणुहि च तानि कश्चिन्नकिरानशते स त्वं सर्वोपास्योऽसि ॥ ७९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यः परमेश्वरोऽखिलैश्वर्योऽसदृशोऽनन्तविद्यो नोत्पद्यते नोत्पन्नो नोत्पत्स्यते सर्वेभ्यो महानस्ति तमेव यूयं सततमुपासीत ॥ ७९ ॥

पदार्थः—हे (प्रवृद्ध) सब से श्रेष्ठ सर्वपूज्य (मघवन्) बहुत धन वाले ईश्वर! जिस (ते) आप का (अनुत्तम्) अप्रेरित स्वरूप है (त्वावान्) आप के सदृश (देवता) पूज्य इष्ट देव (विदानः) विद्वान् (नु) निश्चय से कोई (न) नहीं है, आप (जायमानः) उत्पन्न होने वाले (न) नहीं और (जातः) उत्पन्न हुए भी (न) नहीं हैं (यानि) जिन जगत् की उत्पत्ति आदि कर्मों को (करिष्या) करोगे तथा (कृणुहि)करते हो उन को कोई भी (नकिः) नहीं (आ, नशते) स्मरण शक्ति से व्याप्त होता, सो आप सब के उपास्य देव हो ॥ ७९ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जो परमेश्वर समस्त ऐश्वर्य वाला किसी के सदृश नहीं, अनन्त विद्यायुक्त, न उत्पन्न होता न हुआ न होगा और सब से बड़ा उसी की तुम लोग निरन्तर उपासना करो ॥ ७९ ॥

तदित्यस्य बृहद्दिव ऋषिः । महेन्द्रो देवता ।
पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

तदिदास भुवनेषु ज्येष्ठं यतो जज्ञ उग्रस्त्वेषनृम्णः । सद्यो जज्ञानो निरिणाति शत्रूननु यं विश्वे मदन्त्यूमाः ॥ ८० ॥

तत् । इत् । आस । भुवनेषु । ज्येष्ठम् । यतः । जज्ञे । उग्रः । त्वेषनृम्णऽइतित्वेषऽनृम्णः । सद्यः । जज्ञानः । निरिणाति । शत्रून् । अनु । यम् । विश्वे । मदन्ति । ऊमाः ॥ ८० ॥

पदार्थः—(तत्) (इत्) (आस) आस्ति । अत्र छन्दस्युभयथेति लिट आर्द्धधातुकसंज्ञाभावः। (भुवनेषु) लो-

कलोकान्तरेषु (ज्येष्ठम्) वृद्धं श्रेष्ठम् (यतः) यस्मात् (जज्ञे) (उग्रः) तीक्ष्णस्वभावः (त्वेषनृम्णः) त्वेषं सुप्रकाशितं नृम्णं धनं यस्य सः (सद्यः) (जज्ञानः) जायमानः (निरिणाति) हिनस्ति (शत्रून्) (अनु) (यम्) (विश्वे) सर्वे (मदन्ति) हृष्यन्ति (ऊमाः) रक्षादिकर्मकर्त्तारः ॥ ८० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यत उग्रस्त्वेषनृम्णो वीरो जज्ञे यो जज्ञानः शत्रून् सद्यो निरिणाति विश्वा ऊमा यमनुमदन्ति तदिदेव ब्रह्म भुवनेषु ज्येष्ठमासेति विजानीत ॥ ८० ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यस्योपासनाच्छूरा वीरत्वमुपलभ्य शत्रून् हन्तुं शक्नुवन्ति यमुपास्य विद्वांस आनन्दिता भूत्वा सर्वानानन्दयन्ति तमेव सर्वोत्कृष्टं सर्वोपास्यं परमेश्वरं सर्वे निश्चिन्वन्तु ॥ ८० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (यतः) जिस से (उग्रः) तेज स्वभाव वाला (त्वेषनृम्णः) सुन्दर प्रकाशित धन से युक्त वीर पुरुष (जज्ञे) उत्पन्न हुआ, जो (जज्ञानः) उत्पन्न हुआ (शत्रून्) शत्रुओं को (सद्यः) शीघ्र (निरिणाति) निरन्तर मारता है, (विश्वे) सब (ऊमाः) रक्षादि कर्म करने वाले लोग (यम्) जिस के (अनु) पीछे (मदन्ति) आनन्द करते हैं (तत्, इत्) वही ब्रह्म परमात्मा (भुवनेषु) लोकलोकान्तरों में (ज्येष्ठम्) सब से बड़ा, मान्य और श्रेष्ठ (आस) है, ऐसा तुम जानो ॥ ८० ॥

भावार्थ—हे मनुष्यो ! जिसकी उपासना से शूर वीरता को प्राप्त हो शत्रुओं को मार सकते हैं, जिस की उपासना कर विद्वान् लोग आनन्दित हो के सब को आनन्दित करते हैं उसी सब से उत्कृष्ट सब के उपास्य परमेश्वर का सब लोग निश्चय करें ॥ ८० ॥

इमा इत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

इमा उं त्वा पुरूवसो गिरों वर्द्धन्तु या मर्म। पावकवर्णाः शुचयो विपश्चितोऽभि स्तोमैरनूषत ॥ ८१ ॥

इमाः । उँऽइत्यूँ । त्वा । पुरूवसो । पुरुवसोऽइति पुरुऽवसो । गिरः । वर्द्धन्तु । याः । मम । पावकवर्णाऽइति पावकऽवर्णाः । शुचयः । विपश्चितऽइति विपःऽचितः । अभि । स्तोमैः । अनूषत ॥ ८१ ॥

पदार्थः—(इमाः) वक्ष्यमाणाः (उ) निश्चयार्थे (त्वा) त्वाम् (पुरूवसो) पुरुषु बहुषु वासकर्त्तः (गिरः) वाचः (वर्द्धन्तु) वर्धयन्तु (याः) (मम) (पावकवर्णाः) पावकवत् पवित्रो गौरो वर्णो येषान्ते ब्रह्मवर्चस्विनः (शुचयः) पवित्रीभूताः (विपश्चितः) विद्वांसः (अभि) (स्तोमैः) पदार्थविद्याप्रशंसनैः (अनूषत) प्रशंसन्तु ॥ ८१ ॥

अन्वयः—हे पुरूवसो परमात्मन ! या इमा मम गिरस्त्वा उ वर्द्धन्तु ताः प्राप्य पावकवर्णाः शुचयो विपश्चितस्तोमैरभ्यनूषत ॥ ८१ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सदैवेश्वरस्तुतिप्रार्थनोपासनाभिस्तदस्तित्वप्रतिपादनेनाऽभ्यासत्यभाषणाभ्याञ्च स्ववाचः शुद्धाः संपाद्य विद्वांसो भूत्वा सर्वाः पदार्थविद्याः प्राप्तव्याः ॥ ८१ ॥

पदार्थः—हे (पुरूवसो) बहुत पदार्थों में वास करने हारे परमात्मन् ! (याः) जो (इमाः) ये (मम) मेरी (गिरः) वाणी आप को (उ) निश्चय कर (वर्द्धन्तु) बढ़ावें उन को प्राप्त होके (पावकवर्णाः) अग्नि के तुल्य वर्ण वाले तेजस्वी (शुचयः) पवित्र हुए (विपश्चितः) विद्वान् लोग (स्तोमैः) पदार्थ विद्याओं की प्रशंसाओं से (अभि, अनूषत) सब ओर से प्रशंसा करें ॥ ८१ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि सदैव ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना, उपासना, उस ईश्वर की सत्ता के प्रतिपादन तथा अभ्यास और सत्यभाषण से अपनी वाणियों को शुद्ध कर विद्वान् होके सब पदार्थविद्याओं को प्राप्त होवें ॥ ८१ ॥

यस्येत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

अथ राजधर्मविषयमाह ॥

अब राजधर्म वि० ॥

यस्यायं विश्व आर्यो दासः शेवधिपा अरिः ।
तिरश्चिदर्ये रुशमे पवीरवि तुभ्येत्सो अज्यते रयिः ॥ ८२ ॥

यस्य । अयम् । विश्वः । आर्यः । दासः । शेवधिपा इति शेवधिऽपाः । अरिः । तिरः । चित् । अर्ये । रुशमे । पवीरवि । तुभ्यम् । इत् । सः । अज्यते । रयिः ॥ ८२ ॥

पदार्थः—(यस्य) (अयम्) (विश्वः) सर्वः (आर्यः) धर्म्यगुणकर्मस्वभावः (दासः) सेवकः (शेवधिपाः) यः शेवधिं निधिं पाति रक्षति धर्मादिकार्य्ये करे च न व्येति स शेवधिपाः ।

निधिः शेवधिरिति यास्कः निरु० २ । ४ (अरिः) शत्रुः (तिरः) अन्तर्धानं गतः (चित्) अपि (अर्य्ये) धनस्वामिनि वैश्यादौ (रुशमे) हिंसके (पवीरवि) यो धनादिरक्षायै पवीरं शस्त्रं वाति प्राप्नोति तस्मिन् (तुभ्य)तुभ्यम्। अत्र वा छान्दसो वर्णलोपः। (इत्) एव (सः) (अज्यते) प्राप्यते (रयिः) धनमिव ॥ ८२ ॥

अन्वयः--हे राजन्! यस्य तवायं विश्व आर्य्यो दासः शेवधिपा अरिः पवीरवीरुशमेऽर्य्ये तिरश्चित्तुभ्येत्स त्वं रयि रज्यते ॥ ८२ ॥

भावार्थः--यस्य राज्ञः सर्वं आर्य्या राज्यरक्षकाः सेवकाः सन्ति धनादिकरस्यादाता च शत्रुस्तस्मादपि येन भवता धनादिकरो गृह्यते स सर्वोत्तमश्रीः स्यात् ॥८२॥

पदार्थः--हे राजन् ! (यस्य) जिस आप का (अयम्) यह (विश्वः) सब (आर्य्यः) धर्मयुक्त गुण कर्म स्वभाव वाला पुरुष (दासः) सेवकवत् आज्ञाकारी (शेवधिपाः) धरोहर धन का रक्षक अर्थात् धर्मादि कार्य वा राज कर देने में व्यय करने हारा जन (अरिः) और शत्रु (पवीरवि) धनादि की रक्षा के लिये शस्त्र को प्राप्त होने वाले और (रुशमे) हिंसक व्यवहार वा (अर्य्ये) धनस्वामी वैश्य आदि के निमित्त (तिरः) छिपने वाला (चित्) भी (तुभ्य) आप के लिये (इत्) निश्चय से है (सः) वह आप (रयिः) धन के समान (अज्यते) प्राप्त होते हैं ॥ ८२ ॥

भावार्थः--जिस राजा के सब आर्य राज्य रक्षक और आज्ञापालक हैं जो धनादि कर का अदाता शत्रु उस से भी जिन आपने धनादि कर ग्रहण किया वे आप सब से उत्तम शोभा वाले हों ॥ ८२ ॥

अयमित्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । विश्वे देवा देवताः । निचृत्सतो बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अ॒यꣳ स॒ह॒स्रमृषि॑भि॒ः सहस्कृतः स॒मु॒द्रइ॑व पप्र॒थे । स॒त्यः सो अ॑स्य म॒हि॒मा गृ॑णे॒ शवो॑ य॒ज्ञेषु॑ वि॒प्र॒राज्ये॑ ॥ ८३ ॥

अ॒यम् । स॒ह॒स्रम् । ऋषि॑भि॒रित्यृषि॑ऽभिः । सह॑स्कृ॒तः । सह॑ःकृत॒ऽइति॒ सह॑ःऽकृतः । स॒मु॒द्रऽइ॒वेति॑ स॒मु॒द्रःऽइ॑व । प॒प्र॒थे । स॒त्यः । सः । अ॒स्य॒ । म॒हि॒मा । गृ॒णे॒ । शवः॑ । य॒ज्ञेषु॑ । वि॒प्र॒राज्य॒ऽइति॑ वि॒प्र॒ऽरा॒ज्ये॑ ॥ ८३ ॥

पदार्थः—(अयम्) राजा (सहस्रम्) (ऋषिभिः) वेदार्थविद्भिः (सहस्कृतः) सहसा बलेन निष्पन्नः (समुद्रइव) सागरइवाऽन्तरिक्षमिव वा (पप्रथे) भवति (सत्यः) सत्सु व्यवहारेषु विद्वत्सु वा साधुः (सः) (अस्य) (महिमा) माहात्म्यम् (गृणे) स्तौमि (शवः) बलम् (यज्ञेषु) सङ्गतेषु राजकर्मसु (विप्रराज्ये) विप्राणां मेधाविना राज्ये राष्ट्रे ॥८३॥

अन्वयः—हे मनुष्या यद्ययं सभेशो राजा राजर्षिभिः सह सहस्रमसङ्ख्यं ज्ञानं प्राप्तः सहस्कृतःसत्योस्त्यस्य महिमा समुद्रइव पप्रथे तर्हि स प्रजाननोऽहमस्य यज्ञेषु विप्रराज्ये च शवो गृणे ॥ ८३ ॥

भावार्थः—ये राजादयो राजजना विद्वत्सङ्गप्रियाः साहसिनः सत्यगुणकर्मस्वभावा मेधाविराज्येऽधिकृताः सङ्गतानि न्यायविनययुक्तानि कर्माणि कुर्युस्तेषामाकाशमिव कीर्त्तिर्विस्तीर्णा भवति ॥ ८३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! जो (अयम्) यह सभापति राजा (ऋषिभिः) वेदार्थवेत्ता राजर्षियों के साथ (सहस्रम्) असंख्य प्रकार के ज्ञान को प्राप्त (सहस्कृतः) बल से संयुक्त (सत्यः) और श्रेष्ठव्यवहारों वा विद्वानों में उत्तम चतुर है (अस्य) इस का (महिमा) महत्त्व (समुद्रइव) समुद्र वा अन्तरिक्ष के तुल्य (पप्रथे) प्रसिद्ध होता है तो (सः) वह पूर्वोक्त मैं प्रजा जन इस राजा के (यज्ञेषु) संगत राजकार्यों और (विप्रराज्ये) बुद्धिमानों के राज्य में (शवः) बल की (गृणे) स्तुति करता हूं ॥ ८३ ॥

भावार्थः—जो राजादि राजपुरुष विद्वानों के संग में प्रीति करने वाले साहसी सत्य गुण, कर्म, स्वभावों से युक्त बुद्धिमान् के राज्य में अधिकार को पाये हुए संगत न्याय और विनय से युक्त कामों को करें उन की आकाश के सदृश कीर्ति विस्तार को प्राप्त होती है ॥ ८३ ॥

अदब्धेभिरित्यस्य भरद्वाज ऋषिः । सविता देवता ।
निचृज्जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥
पुनस्तमेवविषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

अद॑ब्धेभिः सवितः पायुभिष्ट्वꣳ शिवेभिरद्य परि॑ पाहि नो गयम्। हिर॑ण्यजिह्वः सुवितायु नव्य॑से रक्षा माकि॑र्नो अघशꣳस ईशत ॥ ८४ ॥

अद॑ब्धेभिः । सवितुरिति॑ सावितः । पायुभिरिति॑ पायुभिः॑ । त्वम् । शिवेभिः॑ । अद्य । परि॑ । पाहि । नः । ग-

यम् । हिरण्यजिह्वऽइति हिरण्यऽजिह्वः । सुवितायेति सुऽवितायं । नव्यसे । रक्ष । माकिः । नः । अघशंसः । ईशत ॥८४॥

पदार्थः— (अदब्धेभिः) अहिंसनीयैः (सवितः) सकलैश्वर्ययुक्त (पायुभिः) विविधैरक्षणोपायैः (त्वम्) (शिवेभिः) मङ्गलकारकैः (अद्य) (परि) सर्वतः (पाहि) रक्ष (नः) अस्माकम् (गयम्) प्रजाम् (हिरण्यजिह्वः) हिरण्या हितरमणीया जिह्वा वाग् यस्य (सुविताय) ऐश्वर्याय (नव्यसे) अतिशयेन नवीनाय (रक्ष) पालय । अत्र द्व्यचोतस्तिङ इति दीर्घः (माकिः) निषेधे (नः) अस्मान् (अघशंसः) दुष्टः स्तेनः (ईशत) समर्थो भवेत् ॥ ८४ ॥

अन्वयः—हे सविता राजँस्त्वमद्याऽदब्धेभिः शिवेभिः पायुभिर्नो गयं परि पाहि हिरण्यजिह्वः स नव्यसे सुविताय नोऽस्मान् रक्ष यतोऽघशंसोऽस्मदुपरि माकिरीशत ॥ ८४ ॥

भावार्थः—राज्ञो योग्यताऽस्ति सर्वस्याः प्रजायाः सन्तानान् ब्रह्मचर्यविद्यादानस्वयंवरविवाहैर्दस्युभ्यो रक्षणेन चोन्नयेयुरिति ॥ ८४ ॥

पदार्थः—हे (सवितः) समग्र ऐश्वर्य से युक्त राजन्! (त्वम्) आप (अद्य) आज (अदब्धेभिः) न बिगाड़ने योग्य (शिवेभिः) मंगलकारी (पायुभिः) अनेक प्रकार के रक्षा के उपायों से (नः) हमारी (गयम्) प्रजा की (परि, पाहि) सब ओर से रक्षा कीजिये (हिरण्यजिह्वः) सब के हित में रमण करने योग्य वाणी से युक्त हुए (नव्यसे) अतिशय कर नवीन (सुविताय) ऐश्वर्य के अर्थ (नः) हमारी (रक्ष) रक्षा कीजिये जिस से (अघशंसः) दुष्ट चोर हम पर (माकिः) न (ईशत) समर्थ वा शासक हों ॥ ८४ ॥

भावार्थः—राजाओं की योग्यता यह है कि सब प्रजा के सन्तानों की ब्रह्मचर्य, विद्यादान और स्वयम्वर विवाह करा के और डाकुओं से रक्षा कर के उन्नति करें ॥८४॥

आ नो इत्यस्य जमदग्निर्ऋषिः. वायुर्देवता ।
विराड्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आ नो यज्ञं दिविस्पृशं वायो याहि सुमन्मभिः । अन्तः पवित्र उपरि श्रीणानोऽयꣳ शुक्रो अयामि ते ॥ ८५ ॥

आ । नः । यज्ञम् । दिविस्पृशमिति दिविऽस्पृशम् । वायोऽइति वायो । याहि । सुमन्मभिरिति सुमन्मऽभिः । अन्तरित्यन्तः । पवित्रे । उपरि । श्रीणानः । अयम् । शुक्रः । अयामि । ते ॥ ८५ ॥

पदार्थः—(आ) समन्तात् (नः) अस्माकम् (यज्ञम्) सङ्गतं व्यवहारम् (दिविस्पृशम्) विद्याप्रकाशयुक्तम् (वायो) वायुवद्वर्त्तमान (याहि) प्राप्नुहि (सुमन्मभिः) शोभनैर्विज्ञानैः (अन्तः) आभ्यन्तरे (पवित्रः) शुद्धात्मा (उपरि) उत्कर्षे (श्रीणानः) आश्रयं कुर्वाणः (अयम्) (शुक्रः) आशुकर्त्ता वीर्य्यवान् (अयामि) प्राप्नोमि (ते) तव ॥ ८५ ॥

अन्वयः—हे वायो राजन्! यथाऽहमन्तः पवित्र उपरि श्रीणानोऽयं शुक्रः सन् सुमन्नाभिस्ते दिविस्पृशं यज्ञमयामि तथा त्वं नो दिविस्पृशं यज्ञमायाहि ॥८५॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यादृशेन वर्त्तमानेन वृत्तेन राजा प्रजासु चेष्टेत तादृशेनैव भावेन प्रजा राजनि वर्त्तेत। एवमुभौ मिलित्वा सर्वं न्यायव्यवहारमलं कुर्यातामू ॥ ८५ ॥

पदार्थः—हे (वायो) वायु के तुल्य वर्त्तमान राजन्! जैसे मैं (अन्तः) अन्तःकरण में (पवित्रः) शुद्धात्मा (उपरि) उन्नति में (श्रीणानः) आश्रय करता हुआ (अयम्) यह (शुक्रः) शीघ्रकारी पराक्रमी हुआ (सुमन्नभिः) सुन्दर विज्ञानों से (ते) आप के (दिविस्पृशम्) विद्या प्रकाशयुक्त (यज्ञम्) संगत व्यवहार को (अयामि) प्राप्त होता हूं वैसे आप (नः) हमारे विद्या प्रकाशयुक्त उत्तम व्यवहार को (आ, याहि) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ ८५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे वर्त्तमान वर्त्ताव से राजा प्रजाओं में चेष्टा करता है वैसे ही भाव से प्रजा राजा के विषय में वर्त्ते। ऐसे दोनों मिल के सब न्याय के व्यवहार को पूर्ण करें ॥ ८५ ॥

इन्द्रवायू इत्यस्य तापस ऋषिः। इन्द्रवायू देवते।
निचृद्बृहती छन्दः। मध्यमः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

इन्द्र॒वा॒यू सु॑सं॒दृशा॑ सु॒हवे॒ह ह॑वामहे। यथा॑ नः॒ सर्व॒ इज्जनो॑ऽनमी॒वः स॒ङ्गमे॑ सु॒मना॒ अस॑त्॥८६॥

इन्द्रवायूऽइतीन्द्रऽवायू । सुसन्दृशेति सुऽसन्दृशा । सुहवेति सुऽहवा । इह । हवामहे । यथा । नः । सर्वः । इत् । जनः । अनमीवः । सङ्गमऽ इति सम्ऽगमे । सुमना इति सुऽमनाः । असत् ॥ ८६ ॥

पदार्थः—(इन्द्रवायू) राजप्रजाजनौ (सुसन्दृशा) सुष्ठुसम्यक् द्रष्टारौ (सुहवा) सुष्ठाह्वनीयौ (इह) (हवामहे) स्वीकुर्महे (यथा) (नः) अस्माकम् (सर्वः) (इत्) एव (जनः) (अनमीवः) अरोगः (सङ्गमे) सङ्ग्रामे समागमे वा । सङ्गम इति संङ्ग्रामना० निघं० २ । १७ (सुमनाः) प्रसन्नचित्तः (असत्) भवेत् ॥८६॥

अन्वयः—वयं यौ सुसन्दृशा सुहवा इन्द्रवायू इह हवामहे यथा सङ्गमे नोऽनमीवः सुमनाः सर्वो जनो असत् तथा तौ कुर्याताम् ॥ ८६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—तथैव राजप्रजाजनाः प्रयेतरन् यथा सर्वे मनुष्यादयः प्राणिनोऽरोगाः प्रसन्नमनसो भूत्वा पुरुषार्थिनः स्युः ॥ ८६ ॥

पदार्थः—हम लोग जिन (सुसन्दृशा) सुन्दर प्रकार से सम्यक् देखने वाले (सुहवा) सुन्दर बुलाने योग्य (इन्द्रवायू) राजप्रजाजनों को (इह) इस जगत् में (हवामहे) स्वीकार करते हैं (यथा) जैसे (सङ्गमे) संग्राम वा समागम में (नः) हमारे (सर्व, इत) सभी (जनः) मनुष्य)(अनमीवः) नीरोग (सुमनाः) प्रसन्न चित्त वाले (असत्) होवें । वैसे किया करें ॥ ८६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—वैसे ही राजप्रजा पुरुष प्रयत्न करें जैसे सब मनुष्य आदि प्राणी नीरोग प्रसन्न मन वाले होकर पुरुषार्थी हों ॥ ८६ ॥

ऋधगित्यस्य जमदग्निर्ऋषिः । मित्रावरुणौ देवते ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ऋधगित्था स मर्त्यः शशमे देवतातये । यो नूनं मित्रावरुणावभिष्टय आचक्रे हव्यदातये ॥ ८७ ॥

ऋधक् । इत्था । सः । मर्त्यः । शशमे । देवतातय इति देवऽतातये । यः । नूनम् । मित्रावरुणौ । अभिष्टये । आचक्र इत्याऽचक्रे । हव्यदातय इति हव्यऽदातये ॥ ८७ ॥

पदार्थः—(ऋधक्) य ऋध्नोति समृध्नोति सः (इत्था) अस्माद्धेतोः (सः) (मर्त्यः) मनुष्यः (शशमे) शाम्यति निरुपद्रवो भवति अत्र एत्वाभ्यासलोपाभावश्छान्दसः (देवतातये) देवेभ्यो विद्वद्भ्यो दिव्यगुणेभ्यो वा (यः) (नूनम्) निश्चितम् (मित्रावरुणौ) प्राणोदानाविव राजप्रजाजनौ (अभिष्टये) अभीष्टसुखप्राप्तये (आचक्रे) सेवते । अत्र गन्धनावक्षेपण० अ० १ । ३ । ३२ इति करोतेः सेवनार्थे आत्मनेपदम् (हव्यदातये) हव्यानामादातुमर्हाणामादानाय ॥ ८७॥

अन्वयः—यो देवतातय ऋधङ्मर्त्योऽभीष्टये हव्यदातये च मित्रावरुणौ नूनमाचक्रे स नर इत्था शशमे ॥ ८७ ॥

भावार्थः—ये शमदमादिगुणान्विताः राजप्रजाजना इष्टसुखसिद्धये प्रयतेरँस्तेऽवश्यं समृद्धिमन्तो भवेयुः ॥ ८७ ॥

पदार्थः—(यः) जो (देवतातये) विद्वानों वा दिव्यगुणों के लिये (ऋधक्) समृद्धिमान् (मर्त्यः) मनुष्य (अभीष्टये) अभीष्ट सुख की प्राप्ति के अर्थ तथा (हव्यदातये) ग्रहण करने योग्य पदार्थों की प्राप्ति के लिये (मित्रावरुणौ) प्राण और उदान के तुल्य राजप्रजाजनों का (नूनम्) निश्चित (आचके) सेवन करता (सः) वह जन (इत्था) इस उक्त हेतु से (शशमे) शान्त उपद्रव रहित होता है ॥ ८७ ॥

भावार्थः—जो शमदम आदि गुणों से युक्त राजपुरुष और प्रजाजन इष्ट सुख की सिद्धि के लिये प्रयत्न करें वे अवश्य समृद्धिमान् होवें ॥ ८७ ॥

आ यातमित्यस्य वसिष्ठ ऋषिः अश्विनौ देवते ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

आ यातमुप भूषतं मध्वः पिबतमश्विना ।
दुग्धं पयो वृषणा जेन्यावसू मा नो मर्धिष्टमा गतम् ॥ ८८ ॥

आ । यातम् । उप । भूषतम् । मध्वः । पिबतम् । अश्विना । दुग्धम् । पयः । वृषणा । जेन्यावसूऽइति जेन्याऽवसू । मा । नः । मर्धिष्टम् । आ । गतम् ॥ ८८ ॥

पदार्थः—(आ) (यातम्) प्राप्नुतम् (उप) (भूषतम्) अलं कुरुतम् (मध्वः) मधुरं वैद्यकशास्त्रसिद्धं रसम् । अत्र कर्मणि षष्ठी (पिबतम्) (अश्विना) विद्यादिशुभगुणव्यापिनौ राजप्रजाजनौ (दुग्धम्) पूर्णं कुरुतम् (पयः) उदकम् । पय इत्युदकना० निघं० १ । १२ (वृषणा) वीर्य्यवन्तौ (जे-

न्यावसू) यौ जेन्यान् जयशीलान् वासयतो यद्वा ज्येयं जेतव्यं जितं वा वसु धनं याभ्यां तौ (मा) (नः) अस्मान् (मर्द्धिष्टम्) हिंस्तम् (आ) (गतम्) समन्तात्प्राप्नुतम् ॥ ८८ ॥

अन्वयः—हे वृषणा जेन्यावसू अश्विना ! युवां सुखमायातं प्रजा उपभूषतं मध्वः पिबतं पयो दुग्धं नोऽस्मान्मा मर्द्धिष्टं धर्मेण विजयमागतम् ॥ ८८ ॥

भावार्थः—ये राजप्रजाजनाः सर्वान् विद्यासुशिक्षाभ्यामलं कुर्युः सर्वत्र कुल्यादिद्वारा जलं गमयेयुः श्रेष्ठान्न हिंसित्वा दुष्टान् हिंसन्ते विजेतारः सन्तोऽतुलां श्रियं प्राप्य सततं सुखं लभेरन् ॥ ८८ ॥

पदार्थः—हे (वृषणा) पराक्रम वाले (जेन्यावसू) जयशील जनों को बसाने वाले वा जीतने योग्य अथवा जीता है धन जिन्होंने ऐसे (अश्विना) विद्यादि शुभ गुणों में व्याप्त राजप्रजाजन तुम दोनों सुख को (आ, यातम्) अच्छे प्रकार प्राप्त होओ प्रजाओं को (उप, भूषतम्) सुशोभित करो (मध्वः) वैद्यकशास्त्र की रीति से सिद्ध किये मधुर रस को (पिबतम्) पिओ (पयः) जल को (दुग्धम्) पूर्ण करो अर्थात् कोई जल विना दुःखी न रहे (नः) हम को (मा) मत (मर्द्धिष्टम्) मारो और धर्म से विजय को (आ, गतम्) अच्छे प्रकार प्राप्त होओ ॥ ८८ ॥

भावार्थः—जो राजप्रजाजन सब को विद्या और उत्तम शिक्षा से सुशोभित करें सर्वत्र नहर आदि के द्वारा जल पहुंचावें श्रेष्ठों को न मार के दुष्टों को मारें वे जीतने वाले हुए अतोल लक्ष्मी को पाकर निरन्तर सुख को प्राप्त होवें ॥ ८८ ॥

प्रैत्वित्यस्य कण्व ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।

भुरिगनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्याः किंकुर्युरित्याह ॥

फिर मनुष्य क्या करें इस वि० ॥

प्रैतु ब्रह्मणस्पतिः प्र देव्येतु सूनृता । अच्छा वीरं नर्य्यं पङ्क्तिराधसं देवा यज्ञं नयन्तु नः ॥ ८९ ॥

प्र । एतु । ब्रह्मणः । पतिः । प्र । देवी । एतु । सूनृता ।
अच्छ । वीरम् । नर्य्यम् । पङ्क्तिराधसमिति पङ्क्तिऽराधसम् । देवाः । यज्ञम् । नयन्तु । नः ॥ ८९ ॥

पदार्थः—(प्र)(एतु) प्राप्नोतु (ब्रह्मणस्पतिः) धनस्य वेदस्य वा पालकः स्वामी (प्र) (देवी) शुभगुणैर्दीप्यमाना (एतु) प्राप्नोतु (सूनृता) सत्यलक्षणोज्ज्वलिता वाक् (अच्छ) अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (वीरम्) (नर्य्यम्) नृषु साधुम् (पङ्क्तिराधसम्) पङ्क्तेः समूहस्य राधः संसिद्धिर्यस्मात्तम् (देवाः) विद्वांसः (यज्ञम्) सङ्गतधर्म्यं व्यवहारकर्त्तारम् (नयन्तु) प्रापयन्तु वा (नः) अस्मान् ॥ ८९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! यूयं यथा नोऽस्मान् ब्रह्मणस्पतिः प्रैतु सूनृता देवी प्रैतु नर्य्यं पङ्क्तिराधसं यज्ञं वीरं देवाऽच्छ नयन्तु तथाऽस्मान् प्राप्नुत ॥ ८९ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये विदुषः सत्यां वाचं सर्वोपकारान् वीरांश्च प्राप्नुयुस्ते सम्यक् सुखोन्नतिं कुर्य्युः ॥ ८९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! तुम लोग जैसे (नः) हम को (ब्रह्मणः, पतिः) धन वा वेद का रक्षक अधिष्ठाता विद्वान् (प्र, एतु) प्राप्त होवे (सूनृता) सत्य लक्षणों से उज्ज्वल (देवी) शुभ गुणों से प्रकाशमान वाणी (प्र, एतु) प्राप्त हो (नर्य्यम्) मनुष्यों में उत्तम (पङ्क्तिराधसम्) समूह की सिद्धि करने हारे (यज्ञम्) सङ्गत धर्मयुक्त व्यवहार कर्त्ता (वीरम्) शूर वीर पुरुष को (देवाः) विद्वान् लोग (अच्छ, नयन्तु) अच्छे प्रकार प्राप्त करें वैसे हम को प्राप्त होओ ॥ ८९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो लोग विद्वानों, सत्यवाणी और सर्वोपकारी वीर पुरुषों को प्राप्त हों वे सम्यक् सुख की उन्नति करें ॥ ८९ ॥

चन्द्रमा इत्यस्य त्रित ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

चन्द्रमा अप्स्वन्तरा सुपर्णो धावते दिवि । रयिं पिशङ्गं बहुलं पुरुस्पृहꣳ हरिरेति कनिक्रदत् ॥ ९० ॥

चन्द्रमाः । अप्स्वित्यप्ऽसु । अन्तः । आ । सुपर्णः । सुपर्ण इति सुऽपर्णः । धावते । दिवि । रयिम् । पिशङ्गम् । बहुलम् । पुरुस्पृहमिति पुरुऽस्पृहम् । हरिः । एति । कनिक्रदत् ॥ ९० ॥

पदार्थः—(चन्द्रमाः) शैत्यकरः (अप्सु) व्याप्तेऽन्तरिक्षे (अन्तः) मध्ये (आ) (सुपर्णः) शोभनानि पर्णानि पतनानि यस्य सः (धावते) सद्यो गच्छति (दिवि) सूर्यप्रकाशे (रयिम्) श्रियम् (पिशङ्गम्) सुवर्णादिवद्वर्णयुतम् (बहुलम्) पुष्कलम् (पुरुस्पृहम्) बहुभिःस्पृहणीयम् (हरिः) अश्वइव (एति) गच्छति (कनिक्रदत्) भृशं शब्दयन् ॥ ९० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यूयं यथा सुपर्णश्चन्द्रमा कनिक्रदद्धरिरिव दिव्यप्स्वन्तराधावते पुरुस्पृहं बहुलं पिशङ्गं रयिं चैति तथा पुरुषार्थिनः सन्तो वेगेन श्रियं प्राप्नुत ॥ ९० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—हे मनुष्या ! यथा सूर्येण प्रकाशिताश्चन्द्रलोका: अन्तरिक्षे गच्छन्त्यागच्छन्ति यथोत्तमोऽश्व उच्चैःशब्दयन् सद्यो धावति तथा भूताः सन्तो यूयमतीवोत्तमामतुलां श्रियं प्राप्य सर्वान् सुखयत ॥ ९० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम लोग जैसे (सुपर्णः) सुन्दर चालों से युक्त (चन्द्रमाः) शीतकारी चन्द्रमा (कनिक्रदत्) शीघ्र शब्द करते हींसते हुए (हरिः) घोड़ों के तुल्य (दिवि) सूर्य के प्रकाश में (अप्सु) अन्तरिक्ष के (अन्तः) बीच (आ, धावते) अच्छे प्रकार शीघ्र चलता है और (पुरुस्पृहम्) बहुतों से चाहने योग्य (बहुलम्) बहुत (पिशङ्गम्) सुवर्णादि के तुल्य वर्णयुक्त (रयिम्) शोभा कान्ति को (एति) प्राप्त होता है वैसे पुरुषार्थी हुए वेग से लक्ष्मी को प्राप्त होओ ॥ ९० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—हे मनुष्यो ! जैसे सूर्य से प्रकाशित चन्द्र आदि लोक अन्तरिक्ष में जाते आते हैं जैसे उत्तम घोड़ा ऊंचा शब्द करता हुआ शीघ्र भागता है वैसे हुए तुम लोग अत्युत्तम अपूर्व शोभा को प्राप्त होके सब को सुखी करो ॥ ९० ॥

देवन्देवमित्यस्य मनुर्ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
विराट् बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुना राजधर्मविषयमाह ॥

फिर राजधर्म वि० ॥

दे॒वन्दे॑वं॒ वोऽव॑से दे॒वन्दे॑वम॒भिष्ट॑ये । दे॒वन्दे॑वꣳ हुवेम॒ वाज॑सातये गृ॒णन्तो॑ दे॒व्या धि॒या ॥ ९१ ॥

दे॒वन्दे॑व॒मिति॑ दे॒वम्ऽदे॑वम् । वः॒ । अव॑से । दे॒वन्दे॑व॒मिति॑ दे॒वम्ऽदे॑वम् । अ॒भिष्ट॑ये । दे॒वन्दे॑व॒मिति॑ दे॒वम्ऽदे॑वम् । हु॒वे॒म॒ । वाज॑सातय॒ऽइति॒ वाज॑ऽसातये । गृ॒णन्तः॑ । दे॒व्या । धि॒या ॥ ९१ ॥

पदार्थः-(देवन्देवम्) विद्वांसं विद्वांसं दिव्यं दिव्यं पदार्थं वा (वः) युष्माकम् (अवसे) रक्षणाद्याय (देवन्देवम्) (अभिष्टये) इष्टसुखाय (देवन्देवम्) (हुवेम) आहूयामः स्वीकुर्य्याम वा (वाजसातये) वाजानां वेगादीनां सम्भागाय (गृणन्तः) स्तुवन्तः (देव्या) देदीप्यमानया (धिया) प्रज्ञया कर्मणा वा ॥ ९१ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या! देव्या धिया गृणन्तो वयं यथा वोऽवसे देवन्देवं हुवेम वोऽभिष्टये देवन्देवं हुवेम वो वाजसातये च देवन्देवं हुवेम तथा यूयमप्येवमस्मभ्यं कुरुत ॥ ९१ ॥

भावार्थः--ये राजपुरुषाः सर्वेषां प्राणिनां हिताय विदुषः सत्कृत्यैतैः सत्योपदेशान् प्रचार्य सृष्टिपदार्थान् विज्ञाय सर्वाभीष्टं संसाध्य सङ्ग्रामान् जयन्ति ते दिव्यां कीर्तिं प्रज्ञाञ्च लभन्ते ॥ ९१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (देव्या) प्रकाशमान (धिया) बुद्धि वा कर्म से (गृणन्तः) स्तुति करते हुए हम लोग जैसे (वः) तुम्हारे (अवसे) रक्षादि के लिये (देवन्देवम्) विद्वान् २ वा उत्तम २ पदार्थ को (हुवेम) बुलावें वा ग्रहण करें तुह्मारे (अभिष्टये) अभीष्ट सुख के लिये (देवन्देवम्) विद्वान् २ वा उत्तम प्रत्येक पदार्थ को तथा तुह्मारे (वाजसातये) वेगादि के सम्यक् सेवन के लिये (देवन्देवम्) विद्वान् २ वा उत्तम प्रत्येक पदार्थ को बुलावें वा स्वीकार करें वैसे तुम लोग भी ऐसा हमारे लिये करो ॥ ९१ ॥

भावार्थः—जो राजपुरुष सब प्राणियों के हित के लिये विद्वानों का सत्कार कर इन से सत्योपदेश का प्रचार करा सृष्टि के पदार्थों को जान और सब अभीष्ट सिद्ध कर संग्रामों को जीतते हैं वे उत्तम कीर्ति और बुद्धि को प्राप्त होते हैं ॥ ९१ ॥

दिवीत्यस्य मेध ऋषिः । वैश्वानरो देवता ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनर्विद्वांसः किं कुर्युरित्याह ॥
फिर विद्वान् लोग क्या करें इस वि० ॥

दिवि पृष्ठो अरोचताग्निर्वैश्वानरो बृहत् । क्ष्मया वृधान ओजसा चनोहितो ज्योतिषा बाधते तमः ॥ ९२ ॥

दिवि । पृष्ठः । अरोचत । अग्निः । वैश्वानरः । बृहत् । क्ष्मया । वृधानः । ओजसा । चनोहितऽइति चनःऽहितः । ज्योतिषा । बाधते । तमः ॥ ९२ ॥

पदार्थः—(दिवि) प्रकाशे (पृष्ठः) सिक्तः स्थितः (अरोचत) रोचते प्रकाशते (अग्निः) सूर्याख्यः (वैश्वानरः) विश्वेषां नराणां हितः (बृहत्) महान् (क्ष्मया) पृथिव्या सह । क्ष्मेति पृथिवी ना० निघं० १ । १ (वृधानः) वर्द्धमानः (ओजसा) बलेन (चनोहितः) ओषधिपाकसामर्थ्येन अन्नादीनां हितः (ज्योतिषा) स्वप्रकाशेन (बाधते) निवर्त्तयति (तमः) रात्र्यन्धकारम् । तम इति रात्रिना० निघं० १ । ७ ॥ ९२ ॥

अन्वयः—हे विद्वांसो मनुष्या ! यथा दिवि पृष्ठो वैश्वानरो क्ष्मया वृधान ओजसा बृहन् चनोहितोऽग्निर्ज्योतिषा तमो बाधतेऽरोचत च यथा श्रेष्ठगुणैरविद्यान्धकारं निवर्त्य यूयमपि प्रकाशितकीर्त्तयो भवत ॥ ९२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये विद्वांसः सूर्यः तमइव दुष्टाचारमविद्यान्धकारं च निवर्त्य विद्यां प्रकाशयेयुस्ते सूर्यइव सर्वत्र प्रकाशितप्रशंसा भवेयुः ॥ ९२ ॥

पदार्थः—हे विद्वान् मनुष्यो ! जैसे (दिवि) आकाश में (पृष्टः) स्थित (वैश्वानरः) सब मनुष्यों का हितकारी (क्ष्मया) पृथिवी के साथ (वृधानः) बढ़ा हुआ (ओजसा) बल से (बृहत्) महान् (चनोहितः) ओषधियों को पकाने रूप सामर्थ्य से अन्नादि का धारक (अग्निः) सूर्यरूप अग्नि (ज्योतिषा) अपने प्रकाश से (तमः) रात्रिरूप अन्धकार को (बाधते) निवृत्त करता और (अरोचत) प्रकाशित होता है वैसे उत्तम गुणों से अविद्यारूप अन्धकार को निवृत्त करके तुम लोग भी प्रकाशित कीर्ति वाले हो ॥ ९२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जो विद्वान् लोग सूर्य अन्धकार को जैसे वैसे दुष्टाचार और अविद्यान्धकार को निवृत्त कर विद्या को प्रकाशित करें वे सूर्य के तुल्य सर्वत्र प्रकाशित प्रशंसा वाले हों ॥ ९२ ॥

इन्द्राग्नीत्यस्य सुहोत्र ऋषिः। इन्द्राग्नी देवते। भुरिगनुष्टुप्छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

अथोषर्विषयमाह ॥

अत्र उषा के वि० ॥

इन्द्राग्नी अपादियम्पूर्वागात्पद्वतीभ्यः। हित्वी शिरो जिह्वया वावदच्चरत्त्रिꣳशत्पदा न्यक्रमीत् ॥ ९३ ॥

इन्द्राग्नीऽइतीन्द्राग्नी। अपात्। इयम्। पूर्वा। आ। अगात्। पद्वतीभ्यःऽइति पत्ऽवतीभ्यः। हित्वी। शिरः। जिह्वया। वावदत्। चरत्। त्रिꣳशत्। पदा। नि। अक्रमीत् ॥ ९३ ॥

पदार्थः—(इन्द्राग्नी) अध्यापकोपदेशकौ (अपात्) अविद्यमानौ पादौ यस्याः सा (इयम्) पूर्वा प्रथमा (आ) (अगात्) आगच्छति (पद्वतीभ्यः) (बहवः) पादा यासु प्रजासु ताभ्यः सुप्ताभ्यः प्रजाभ्यः (हित्वी) हित्वा त्यक्त्वा (शिरः) उत्तमांगम् (जिह्वया) वाचा (वावदत्) भृशं वदति (चरत्) चरति (त्रिंशत्) एतत्सङ्ख्याकान् (पदा) प्राप्तिसाधकान् मुहूर्त्तान् (नि) (अक्रमीत्) क्रमते ॥९३॥

अन्वयः—हे इन्द्राग्नी! येयमपात्पद्वतीभ्यः पूर्वा आऽगाच्छिरो हित्वी प्राणिनां जिह्वया वावदच्चरत्त्रिंशत्पदान्यक्रमीत्सोषा युवाभ्यां विज्ञेया ॥ ९३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! या वेगवती पादशिरआद्यवयवरहिता प्राणिप्रबोधात्पूर्वभाविनी जागरणहेतुः प्राणिमुखैर्भृशं वदन्तीव त्रिंशन्मुहूर्त्तानन्तरं प्रतिप्रदेशमाक्रमीत् सोषा युष्माभिर्निद्रालस्ये विहाय सुखाय सेवनीया ॥ ९३ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्राग्नी) अध्यापक उपदेशक लोगो ! जो (इयम्) यह (अपात्) बिना पग की (पद्वतीभ्यः) बहुत पगों वाली प्रजाओं से (पूर्वा) प्रथम उत्पन्न होने वाली (आ, अगात्) आती है (शिरः) शिर को (हित्वी) छोड़ के अर्थात् बिना शिर की हुई प्राणियों की (जिह्वया) वाणी से (वावदत्) शीघ्र बोलती अर्थात् कुक्कुट आदि के बोल से उषः काल की प्रतीति होती इस से बोलना धर्म उषा में आरोपण किया जाता है (चरत्) विचरती है और (त्रिंशत्) तीस (पदा) प्राप्ति के साधन मुहूर्त्तों को (नि, अक्रमीत्) निरन्तर आक्रमण करती है वह उषा प्रातः की वेला तुम लोगों को जाननी चाहिये ॥ ९३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जो वेग वाली पाद शिर आदि अवयवों से रहित प्राणियों के जगने से पहिले होने वाली जागने का हेतु प्राणियों के मुखों से शीघ्र बोलती हुई सी तीस मुहूर्त (साठ घड़ी) के अनन्तर प्रत्येक स्थान को आक्रमण करती है वह उषा निद्रा आलस्य को छोड़ तुमको सुख के लिये सेवन करनी चाहिये ॥ ९३ ॥

देवास इत्यस्य मनुर्ऋषिः । विश्वेदेवा देवताः ।
पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

के मनुष्या विद्वांसो भवितुमर्हन्तीत्याह ॥
कौन मनुष्य विद्वान् हो सकते हैं इस वि० ॥

देवासो हि ष्मा मनवे समन्यवो विश्वे साकꣳ सरातयः । ते नो अद्य ते अपरं तुचे तु नो भवन्तु वरिवोविदः ॥ १४ ॥

देवासः । हि । स्म । मनवे । समन्यवऽइति सऽमन्यवः । विश्वे । साकम् । सरातयऽइति सऽरातयः । ते । नः । अद्य । ते । अपरम् । तुचे । तु । नः । भवन्तु । वरिवोविदऽइति वरिवःऽविदः ॥ १४ ॥

पदार्थः—(देवासः) विद्वांसः (हि) (स्म) प्रसिद्धौ । अत्र निपातस्य चेति दीर्घः षत्वं च छान्दसम् (मनवे) मनुष्याय (समन्यवः) समानो मन्युः क्रोधो येषान्ते (विश्वे) सर्वे (साकम्) सह (सरातयः) समाना रातयो दानानि येषान्ते (ते) (नः) अस्माकम् (अद्य) (ते) (अपरम्) भविष्यति काले (तुचे) पुत्रपौत्राद्यायाऽपत्याय । तुगित्यपत्यना० निघं० २ । २ (तु) (नः) अस्माकम् (भवन्तु (वरिवोविदः) ये वरिवः परिचरणं विदन्ति जानन्ति यद्वा वरिवो धनं वेदयन्ति प्रापयन्ति ते ॥ १४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! ये सरातयः समन्यवो विश्वे देवासः साकमद्य नो मनवे स्म वरिवोविदो भवन्तु ते त्वपरं नस्तुचेऽस्मभ्यञ्च वरिवोविदो भवन्तु ते हि युष्मभ्यं वरिवोविदः स्युः ॥ ९४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्याः परस्परेभ्यः सुखानि दद्युर्ये साकं दुष्टानामुपरि क्रोधं कुर्युस्ते पुत्रपौत्रवन्तो भूत्वा मनुष्यसुखोन्नतये समर्था विद्वांसो भवितुमर्हन्ति ॥९४॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (सरातयः) बराबर दाता (समन्यवः) तुल्य क्रोध वाले (विश्वे) सब (देवासः) विद्वान् लोग (साकम्) साथ मिल के (अद्य) आज (नः) हमारे (मनवे) मनुष्य के लिये (स्म) प्रसिद्ध (वरिवोविदः) सत्कार के जानने वा धन के प्राप्त कराने वाले (भवन्तु) हों (तु) और (ते) वे (अपरम्) भविष्यत् काल में (नः) हमारे (तुचे) पुत्रपौत्रादि सन्तान के अर्थ हमारे लिये सत्कार के जानने वा धन के प्राप्त कराने वाले हों (ते, हि) वेही तुम लोगों के लिये भी सत्कार के जानने वा धन के प्राप्त कराने वाले हों ॥ ९४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य एक दूसरे के लिये सुख देवें जो मिल कर दुष्टों पर क्रोध करें वे पुत्र पौत्र वाले हो के मनुष्यों के सुख की उन्नति के लिये समर्थ विद्वान् होने योग्य होते हैं ॥ ९४ ॥

अपाधमदित्यस्य नृमेध ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
भुरिक् बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
अथ के जना दुःखनिवारणसमर्थाः सन्तीत्याह ॥

अब कौन मनुष्य दुःखनिवारण में समर्थ हैं इस वि० ॥

अपाधमदभिशस्तीरशस्तिहाथेन्द्रो द्युम्न्याभवत् । देवास्तऽइन्द्र सख्याय येमिरे बृहद्भानो मरुद्गण ॥ ९५ ॥

अप । अधमत् । अभिशस्तीरित्यभिऽशस्तीः । अशस्ति हेत्यशस्तिऽहा । अथ । इन्द्रः । द्युम्नी । आ । अभवत् । देवाः । ते । इन्द्र । सख्याय । येमिरे । बृहद्भानो इति बृहत्ऽभानो । मरुद्गणेति मरुत्ऽगण ॥ ९५ ॥

पदार्थः—(अप) दूरीकरणे (अधमत्) धमति (अभिशस्तीः) अभितो हिंसाः (अशस्तिहा) अप्रशस्तानां दुष्टानां हन्ता (अथ) (इन्द्रः) परमैश्वर्य्यवान् सभापती राजा (द्युम्नी) बहुप्रशंसाधनयुक्तः (आ) (अभवत्) भवतु (देवाः) विद्वांसः (ते) तव (इन्द्र) परमैश्वर्यप्रद सभापते राजन्! (सख्याय) मित्रत्वाय (येमिरे) संयमं कुर्वन्ति (बृहद्भानो) बृहन्तो भानवः किरणाइव कीर्त्तयो यस्य तत्सम्बुद्धौ (मरुद्गण) मरुतां मनुष्याणां वायूनां वा गणः समूहो यस्य तत्सम्बुद्धौ ॥ ९५ ॥

अन्वयः—हे बृहद्भानो मरुद्गण इन्द्र! देवास्ते सख्याय येमिरे द्युम्नीन्द्रो भवानभिशस्तीरपाधमदशस्तिहाऽभवद्भवतु ॥ ९५ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या धार्मिकाणां न्यायाधीशानां धनाढ्यानां वा मित्रतां कुर्वन्ति ते यशस्विनो भूत्वा सर्वेषां दुःखनिवारणाय सूर्यवद्भवन्ति ॥ ९५ ॥

पदार्थः—हे (बृहद्भानो) महान् किरणों के तुल्य प्रकाशित कीर्त्ति वाले (मरुद्गण) मनुष्यों वा पवनों के समूह से कार्य्यसाधक (इन्द्र) परमैश्वर्य के देने वाले सभापति राजा (देवाः) विद्वान् लोग (ते) आप की (सख्याय) मित्रता के अर्थ (येमिरे) संयम करते हैं और (द्युम्नी) बहुत प्रशंसारूप

धन से युक्त (इन्द्रः) परमैश्वर्य वाले आप (आभिः) (शस्तीः) सब ओर से हिंसाओं को (अप, अधमत्) दूर धमकाते हो (अशस्तिहा) दुष्टों के नाशक (अभवत्) हूजिये ॥ ९५ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य धार्मिक न्यायाधीशों वा धनाढ्यों से मित्रता करते हैं, वे यशस्वी हो कर सब दुःखनिवारण के लिये सूर्य के तुल्य होते हैं ॥ ९५ ॥

प्र व इत्यस्य नृमेध ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
निचृद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥
फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

प्र व॒ इन्द्रा॑य बृह॒ते मरु॑तो॒ ब्रह्मा॑र्चत । वृ॒त्रꣳ ह॑नति वृत्र॒हा श॒तक्र॑तु॒र्वज्रे॑ण श॒तप॑र्वणा ॥ ९६ ॥

प्र । व॒: । इन्द्रा॑य । बृ॒ह॒ते । मरु॑तः । ब्रह्म॑ । अ॒र्च॒त॒ । वृ॒त्रम् । ह॒न॒ति॒ । वृ॒त्र॒हेति॑ वृत्र॒ऽहा । श॒तक्र॑तु॒रिति॑ श॒तऽक्र॑तुः । वज्रे॑ण । श॒तप॑र्व॒णेति॑ श॒तऽप॑र्वणा ॥ ९६ ॥

पदार्थः—(प्र) (वः) युष्मभ्यम् (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (बृहते) (मरुतः) मनुष्याः (ब्रह्म) धनमन्नं वा (अर्चत) सत्कुरुत (वृत्रम्) मेघम् (हनति) हन्ति । अत्र बहुलं छन्दसीति शपो लुक् न (वृत्रहा) यो वृत्रं हन्ति (शतक्रतुः) शतमसङ्ख्याताः क्रतवः प्रज्ञाः कर्माणि वा यस्य सः (वज्रेण) शस्त्रास्त्रविशेषेण (शतपर्वणा) शतस्यासङ्ख्यातस्य जीवजातस्य पर्वा पालनं यस्मात्तेन ॥ ९६ ॥

अन्वयः—हे मरुतः मनुष्या! यः शतक्रतुः सेनापतिः शतपर्वणा वज्रेण वृत्रहा सूर्यो वृत्रमिव बृहत इन्द्राय शत्रून् हनति वो ब्रह्म प्रापयति तं यूयं प्रार्चत ॥ ९६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० हे मनुष्या! ये सूर्यो मेघमिव शत्रून् हत्वा युष्मदर्थमैश्वर्यमुन्नयन्ति तेषां सत्कारं यूयं कुरुत सदा कृतज्ञा भूत्वा कृतघ्नतां त्यक्त्वा प्राज्ञाः सन्तो महदैश्वर्यं प्राप्नुत ॥९६॥

पदार्थः—हे (मरुतः) मनुष्यो ! जो (शतक्रतुः) असंख्य प्रकार की बुद्धि वा कर्मों वाला सेनापति (शतपर्वणा) जिस से असंख्य जीवों का पालन हो ऐसे (वज्रेण) शस्त्र अस्त्र से (वृत्रहा) जैसे मेघहन्ता सूर्य्य (वृत्रम्) मेघ को वैसे (बृहते) बड़े (इन्द्राय) परमैश्वर्य के लिये शत्रुओं को (हनति) मारता है और (वः) तुम्हारे लिये (ब्रह्म) धन वा अन्न को प्राप्त करता है उस का तुम लोग (प्र, अर्चत) सत्कार करो ॥ ९६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु० —हे मनुष्यो ! जो लोग मेघ को सूर्य के तुल्य शत्रुओं को मार के तुम्हारे लिये ऐश्वर्य की उन्नति करते हैं उन का सत्कार तुम करो । सदा कृतज्ञ हो के कृतघ्नता को छोड़ के प्राज्ञ हुए महान् ऐश्वर्य को प्राप्त होओ ॥ ९६ ॥

अस्येत्यस्य मेधातिथिर्ऋषिः । महेन्द्रो देवता ॥
स्वराट् सतोबृहती छन्दः । मध्यम स्वरः ॥

अथ मनुष्यैः परमात्मा स्तोतव्य इत्युपदिश्यते ॥

अब मनुष्यों को परमात्मा की स्तुति करने योग्य है इस वि० ॥

अस्येदिन्द्रो॑ वावृधे वृष्ण्य॒ꣳ शवो॒ मदे॑ सु॒तस्य॒ विष्ण॑वि। अ॒द्या तम॑स्य महि॒मान॑मा॒यवोऽनु॑

ष्टुवन्ति पूर्वथा ॥ ९७ ॥ * इमा उ त्वा । यं-स्यायमयं सहस्रम् । ऊर्ध्वऊषुणः ॥

अस्य । इत् । इन्द्रः । वावृधे । ववृधऽइति ववृधे । वृष्ण्यम् । शवः । मदे । सुतस्य । विष्णवि । अद्य । तम् । अस्य । महिमानम् । आयवः । अनु । स्तुवन्ति । पूर्वथेति पूर्वऽथा ॥ ९७ ॥

पदार्थः—(अस्य) संसारस्य (इत्) एव (इन्द्रः) परमैश्वर्ययुक्तो राजा (वावृधे) वर्द्धयति (वृष्ण्यम्) वृषा समर्थस्तस्येमम् (शवः) बलमुदकं वा । शव इति उदकना० निघं० १ । १२ (मदे) आनन्दाय (सुतस्य) उत्पन्नस्य (विष्णवि) व्यापके परमेश्वरे । अत्र वाच्छन्दसीति घिसंज्ञाकार्य्याभावे गुणादेशेऽवादेशः (अद्य) अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (तम्) (अस्य) परमात्मनः (महिमानम्) महत्त्वम् (आयवः) ये स्वकर्मफलानि यान्ति ते मनुष्याः । आयव इति मनुष्यना० निघं० २ । ३ (अनु) (स्तुवन्ति) प्रशंसन्ति (पूर्वथा) पूर्वइव ॥ ९७॥

अन्वयः—हे मनुष्या । य इन्द्रो जीवो विष्णवि सुतस्याऽस्य मदे वृष्ण्यं शवोऽद्य वावृधेऽस्य परमात्मन इन्महिमानं पूर्वथायवोनुष्टुवन्ति तं यूयमपि स्तुवत॥९७॥

भावार्थः—हे मनुष्या । यदि यूयं सर्वत्र व्यापकस्य सर्वजगदुत्पादकस्याखिलाधारकस्य परमैश्वर्यप्रापकस्याज्ञां महिमानं च विज्ञाय सर्वस्य संसारस्योपकारं कुरुत तर्हि यूयम् सततमानन्दं प्राप्नुतेति ॥ ९७॥

*यहां इन चार (अ० ३३ । मं० ८१–८३ तथा (अ० ११ मं ४२) क्रम से पूर्व आचुके मन्त्रों की प्रतीकें कर्मकाण्ड विशेष में कार्य्य के लिये रक्खी हैं ॥

अत्राग्निप्राणोदानाऽहर्निशसूर्य्याग्निराजैश्वर्योत्तमयानविद्वल्लक्ष्मीवैश्वानरेन्द्रप्रज्ञावरुणाऽश्व्यन्तसूर्य्यराजप्रजापरीक्षकेन्द्रवाय्वादिगुणवर्णनादेतदध्यायोक्तार्थस्य पूर्वाध्यायेन सह सङ्गतिर्वेद्या ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो (इन्द्रः) परम ऐश्वर्य्ययुक्त राजा (विष्णवि) व्यापक परमात्मा में (सुतस्य) उत्पन्न हुए (अस्य) इस संसार के (मदे) आनन्द के लिये (वृष्ण्यम्) पराक्रम (शवः) बल तथा जल को (अध) इस वर्त्तमान समय में (वावृधे) बढ़ाता है (अस्य) इस परमात्मा के (इत्) ही (महिमानम्) महिमा को (पूर्वथा) पूर्वज लोगों के तुल्य (आयवः) अपने कर्म फलों को प्राप्त होने वाले मनुष्य लोग (अनु, स्तुवन्ति) अनुकूल स्तुति करते हैं (तम्) उस की तुम लोग भी स्तुति करो ॥ ९७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो तुम लोग सर्वत्र व्यापक सब जगत् के उत्पादक सब के आधार और उत्तम ऐश्वर्य के प्रापक ईश्वर की आज्ञा और महिमा को जान के सब संसार का उपकार करो तो तुम को निरन्तर आनन्द प्राप्त होवे ॥ ९७ ॥

इस अध्याय में अग्नि, प्राण, उदान, दिन, रात, सूर्य्य अग्नि, राजा, ऐश्वर्य, उत्तमयान, विद्वान्, लक्ष्मी, वैश्वानर, ईश्वर, इन्द्र, बुद्धि, वरुण, अश्वि, अन्न, सूर्य, राजप्रजा, परीक्षक, इन्द्र, और वायु आदि पदार्थों के गुणों का वर्णन है इस से इस अध्याय में कहे अर्थ की पूर्व अध्याय में कहे अर्थ के साथ संगति जाननी चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्याणां श्रीयुतपरमविदुषां विरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये त्रयस्त्रिंशोऽध्यायः समाप्तिमगमत् ॥

ओ३म्

अथ चतुस्त्रिंशाऽध्यायारम्भः ॥

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव ।
यद्भद्रं तन्न आसुव ॥ १ ॥

यज्जाग्रत इत्यस्य शिवसंकल्पऋषिः । मनो देवता
विराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ मनसो वशीकरणविषयमाह ॥

अब मन को वश करने का वि० ॥

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति । दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकन्तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ १ ॥

यत् । जाग्रतः । दूरम् । उदैतीत्युत्ऽऐति । दैवम् । तत् । ऊँ इत्यूँ । सुप्तस्य । तथा । एव । एति । दूरङ्गममिति दूरम्ऽगमम् । ज्योतिषाम् । ज्योतिः । एकम् । तत् । मे । मनः । शिवसङ्कल्पमिति शिवऽसङ्कल्पम् । अस्तु ॥ १ ॥

पदार्थः—(यत्) (जाग्रतः) (दूरम्) (उदैति) उद्गच्छति (दैवम्) देव आत्मनि भवं देवस्य जीवात्मनः साधनमि-

ति वा (तत्) यत्। व्यत्ययः (उ) (सुप्तस्य) शयानस्य (तथा) तेनैव प्रकारेण (एव) (एति) अन्तर्गच्छति (दूरङ्गमम्) यद्दूरं गच्छति गमयति वाऽनेकपदार्थान् गृह्णाति तत् (ज्योतिषाम्) शब्दादि विषयप्रकाशकानामिन्द्रियाणाम् (ज्योतिः) प्रकाशकं प्रवर्त्तकमात्मा मनसा संयुज्यते मन इन्द्रियेणेन्द्रियमर्थेनेति महर्षि वात्स्यायनोक्तेः (एकम्) असहायम् (तत्) (मे) मम मनः सङ्कल्पविकल्पात्मकम् (शिवसङ्कल्पम्) शिवः कल्याणकारी धर्मविषयः संकल्प इच्छा यस्य तत् (अस्तु)भवतु॥१॥

अन्वयः-हे जगदीश्वर विद्वन् वा! भवदनुग्रहेण यद्दैवं दूरङ्गमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं जाग्रतो दूरमुदैति । तदु सुप्तस्य तथैवान्तरेति तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ १ ॥

भावार्थः-ये मनुष्याः परमेश्वराज्ञासेवनं विद्वत्सङ्गं कृत्वा अनेकविधसामर्थ्ययुक्तं मनः शुद्धं सम्पादयन्ति यज्जागृतावस्थायां विस्तृतव्यवहारं तत्सुषुप्तौ शान्तं भवति यद्वेगवतां वेगवत्तरं ज्ञानस्य साधकत्वादिन्द्रियाणामपि प्रवर्त्तकं निगृह्णन्ति तेऽशुभव्यवहारं विहाय शुभाचरणे प्रेरयितुं शक्नुवन्ति ॥ १ ॥

पदार्थः—हे जगदीश्वर वा राजन्! आपकी कृपा से (यत्) जो (दैवम्) आत्मा में रहने वा जीवात्मा का साधन (दूरंगमम्) दूर जाने, मनुष्य को दूर तक लेजाने वा अनेक पदार्थों का ग्रहण करने वाला (ज्योतिषाम्) शब्द आदि विषयों के प्रकाशक श्रोत्र आदि इन्द्रियों को (ज्योतिः) प्रवृत्त करने हारा (एकम्) एक (जाग्रतः) जागृत अवस्था में (दूरम्) दूर२ (उत्,ऐति) भागता है (उ) और तत् जो (सुप्तस्य) सोते हुए का (तथा,

एव) उसी प्रकार (एति) भीतर अन्तःकरण में जाता है (तत्) वह (मे) मेरा (मनः) संकल्प विकल्पात्मक मन (शिवसङ्कल्पम्) कल्याणकारी धर्म विषयक इच्छा वाला (अस्तु) हो ॥ १ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य परमेश्वर की आज्ञा का सेवन और विद्वानों का सङ्ग करके अनेक विध सामर्थ्ययुक्त मन को शुद्ध करते हैं जो जागृतावस्था में विस्तृत व्यवहार वाला वही मन सुषुप्ति अवस्था में शान्त होता है। जो वेग वाले पदार्थों में अतिवेगवान् ज्ञान के साधन होने से इन्द्रियों के प्रवर्त्तक मन को वश में करते हैं वे अशुभ व्यवहार को छोड़ शुभ व्यवहार में मन को प्रवृत्त कर सक्ते हैं ॥ १ ॥

येन कर्माणीत्यस्य शिवसंकल्प ऋषिः। मनो देवता। त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

येन॒ कर्मा॑ण्य॒पसो॑ मनी॒षिणो॑ य॒ज्ञे कृ॒ण्वन्ति॑ वि॒दथे॑षु॒ धीराः॑। यद॑पू॒र्वं य॒क्षम॒न्तः प्र॒जानां॒ तन्मे॒ मनः॑ शि॒वस॑ङ्कल्पमस्तु ॥ २ ॥

येन॑। कर्मा॑णि। अ॒पसः॑। म॒नी॒षिणः॑। य॒ज्ञे। कृ॒ण्वन्ति॑। वि॒दथे॑षु। धीराः॑। यत्। अ॒पू॒र्वम्। य॒क्षम्। अ॒न्तरिति॑। प्र॒जाना॒मिति॑ प्र॒ऽजाना॑म्। तत्। मे॒। मनः॑। शि॒वसं॑ङ्कल्प॒मिति॑ शि॒वऽसं॑ङ्कल्पम्। अ॒स्तु ॥ २ ॥

पदार्थः—(येन) मनसा (कर्माणि) कर्त्तुमीप्सिततमानि क्रियमाणानि (अपसः) अपः कर्म तद्वन्तः सदा कर्मनिष्ठाः

(मनीषिणः) मनस ईषिणो दमनकर्त्तारः (यज्ञे) अग्निहोत्रादौ धर्मेण सङ्गतव्यवहारे योगाभ्यासे वा (कृण्वन्ति) कुर्वन्ति (विदथेषु) विज्ञानयुद्धादिव्यवहारेषु (धीराः) ध्यानवन्तो मेधाविनः। धीर इति मेधाविना० निघं० ३। १५ (यत्) (अपूर्वम्) अनुत्तमगुणकर्मस्वभावम् (यक्षम्) पूजनीयं संगतं वा। अ-त्रौणादिकः सन् प्रत्ययः (अन्तः) मध्ये (प्रजानाम्) प्राणिमात्राणाम् (तत्) (मे) मम (मनः) मननविचारात्मकम् (शिवसङ्कल्पम्) धर्मेष्टम् (अस्तु) ॥ २ ॥

अन्वयः—हे परमेश्वर वा विद्वन्भवत्सङ्गेन येनापसो मनीषिणो धीरा यज्ञे विदथेषु च कृण्वन्ति यदपूर्वं प्रजानामन्तर्यक्षमस्ति तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥२॥

भावार्थः—मनुष्यैः परमेश्वरस्योपासनेन सुविचारविद्यासत्सङ्गैरन्तःकरणमधर्माचारान्निवर्त्य धर्माचारे प्रवर्त्तनीयम् ॥ २ ॥

पदार्थः—हे परमेश्वर वा विद्वन्! जब आप के संग से (येन) जिस (अपसः) सदा कर्म धर्मनिष्ठ (मनीषिणः) मन का दमन करने वाले (धीराः) ध्यान करने वाले बुद्धिमान् लोग (यज्ञे) अग्निहोत्रादि वा धर्मसंयुक्त व्यवहार वा योग यज्ञ में और (विदथेषु) विज्ञान सम्बन्धी और युद्धादि व्यवहारों में (कर्माणि) अत्यन्त इष्ट कर्मों को (कृण्वन्ति) करते हैं (यत्) जो (अपूर्वम्) सर्वोत्तम गुणकर्मस्वभाव वाला (प्रजानाम्) प्राणिमात्र के (अन्तः) हृदय में (यक्षम्) पूजनीय वा संगत एकीभूत हो रहा है (तत्) वह (मे) मेरा (मनः) मनन विचार करना रूप मन (शिवसङ्कल्पम्) धर्मेष्ट (अस्तु) होवे ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि परमेश्वर की उपासना सुन्दर विचार विद्या और सत्संग से अपने अन्तःकरण को अधर्माचरण से निवृत्त कर धर्म के आचरण में प्रवृत्त करें ॥ २ ॥

यत् प्रज्ञानमित्यस्य शिवसङ्कल्प ऋषिः। मनो देवता। स्वराट् त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः॥

पुनस्तमेवविषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तरमृतम्प्रजासु। यस्मान्न ऋते किञ्चन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ ३ ॥

यत्। प्रज्ञानमिति प्रऽज्ञानम्। उत। चेतः। धृतिः। च। यत्। ज्योतिः। अन्तः। अमृतम्। प्रजास्विति प्रऽजासु। यस्मात्। न। ऋते। किम्। चन। कर्म। क्रियते। तत्। मे। मनः। शिवसङ्कल्पमिति शिवऽसङ्कल्पम्। अस्तु ॥ ३ ॥

पदार्थः—(यत्) (प्रज्ञानम्) प्रजानाति येन तद्बुद्धिस्वरूपम् (उत) अपि (चेतः) चेतति स्मरति येन तत् (धृतिः) धैर्य रूपम् (च) चकाराल्लज्जादीन्यपि कर्माणि येन क्रियन्ते (यत्) (ज्योतिः) द्योतमानम् (अन्तः) अभ्यन्तरे (अमृतम्) नाशरहितम् (प्रजासु) जनेषु (यस्मात्) मनसः (नः) (ऋते) विना (किम्) (चन) किञ्चिदपि (कर्म) (क्रियते) (तत्) (मे) जीवात्मनो मम (मनः) सर्वकर्मसाधनम् (शिवसङ्कल्पम्) शिवे कल्याणकरे परमात्मनि कल्प इच्छाऽस्य तत् (अस्तु) भवतु ॥ ३ ॥

अन्वयः—हे जगदीश्वर परमयोगिन् विद्वन्वा! भवज्ज्ञापनेन यत्प्रज्ञानं च ते उत धृतिर्यच्च प्रजास्वन्तरमृतं ज्योतिर्यस्मादृते किञ्चन कर्म न क्रियते तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ ३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः! यदन्तःकरणबुद्धिचित्तमनोऽहङ्कारवृत्तित्वाच्चतुर्विधं अन्तः प्रकाशं प्रजानां सर्वकर्मसाधकं नाशरहितं मनोऽस्ति तन्न्याये सत्याचरणे च प्रवर्त्य पक्षपाताऽन्यायाऽधर्माचरणाद्यूयं निवर्त्तयत ॥ ३ ॥

पदार्थः—हे जगदीश्वर वा परमयोगिन् विद्वन्! आप के जताने से (यत्) जो (प्रज्ञानम्) विशेष कर ज्ञान का उत्पादक बुद्धिरूप (उत) और भी (चेतः) स्मृति का साधन (धृतिः) धैर्यस्वरूप (च) और लज्जादि कर्मों का हेतु (प्रजासु) मनुष्यों के (अन्तः) अन्तःकरण में आत्मा का साथी होने से (अमृतम्) नाशरहित (ज्योतिः) प्रकाशरूप (यस्मात्) जिस से (ऋते) विना (किम्, चन) कोई भी (कर्म) काम (न, क्रियते) नहीं किया जाता (तत्) वह (मे) मुझ जीवात्मा का (मनः) सब कर्मों का साधन रूप मन (शिवसंकल्पम्) कल्याणकारी परमात्मा में इच्छा रखने वाला (अस्तु) हो ॥ ३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! जो अन्तःकरण, बुद्धि, चित्त और अहंकाररूप वृत्ति वाला होने से चार प्रकार से भीतर प्रकाश करने वाला प्राणियों के सब कर्मों का साधक अविनाशी मन है उस को न्याय और सत्य आचरण में प्रवृत्त कर पक्षपात अन्याय और अधर्माचरण से तुम लोग निवृत्त करो ॥ ३ ॥

येनेदमित्यस्य शिवसङ्कल्प ऋषिः। मनो देवता। त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत्परिगृहीतममृतेन सर्वम्। येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ ४ ॥

येनं । इदम् । भूतम् । भुवंनम् । भविष्यत् । परिंगृहीतमिति परिंऽगृहीतम् । अमृतेंन । सर्वम् । येनं । यज्ञः । तायते । सप्तहोतेति सप्तऽहोंता । तत् । मे । मनः । शिवसंङ्कल्पमिति शिवऽसंङ्कल्पम् । अस्तु ॥४॥

पदार्थः—(येन) मनसा (इदम्) वस्तुजातम् (भूतम्) अतीतम् (भुवनम्) भवतीति भुवनम् । वर्त्तमानकालस्य सम्बन्धि । औणादिकः क्युः (भविष्यत्) यदुत्पत्स्यमानं भावि (परिगृहीतम्) परितः सर्वतो गृहीतं ज्ञातम् (अमृतेन) नाशरहितेन परमात्मना सह युक्तेन (सर्वम्) समग्रम् (येन) (यज्ञः) अग्निष्टोमादिर्विज्ञानमयो व्यवहारो वा (तायते) तन्यते विस्तीर्य्यते (सप्तहोता) अग्निष्टोमेपि सप्तहोतारो भवन्ति (तत्) (मे) मम (मनः) योगयुक्तं चित्तम् (शिवसङ्कल्पम्) शिवो मोक्षरूपसङ्कल्पो यस्य तत् (अस्तु) भवतु ॥ ४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! येनामृतेन भूतं भुवनं भविष्यत्सर्वमिदं परिगृहीतं भवति येन सप्तहोता यज्ञस्तायते तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ ४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यच्चित्तं योगाभ्याससाधनोपसाधनासिद्धं भूतभविष्यद्वर्त्तमानज्ञं सर्वसृष्टिविज्ञातृकर्मोपासनाज्ञानसाधकं वर्त्तते तत्सदैव कल्याणप्रियं कुरुत ॥ ४ ॥

पदार्थः— हे मनुष्यो ! (येन) जिस (अमृतेन) नाशरहित परमात्मा के साथ युक्त होने वाले मन से (भूतम्) व्यतीत हुआ (भुवनम्) वर्त्तमान काल सम्बन्धी और (भविष्यत्) होने वाला (सर्वम्, इदम्) यह सब त्रिकालस्थ वस्तुमात्र (परि-

गृहीतम्) सब ओर से गृहीत होता अर्थात् जाना जाता है (येन) जिस से (सप्तहोता) सात मनुष्य होता वा पांच प्राण छठा जीवात्मा और अव्यक्त सातवां ये सात लेने देने वाले जिस में हों वह (यज्ञः) अग्निष्टोमादि वा विज्ञानरूप व्यवहार (तायते) विस्तृत किया जाता है (तत्) वह (मे) मेरा (मनः) योगयुक्त चित्त (शिवसङ्कल्पम्) मोक्षरूप सङ्कल्प वाला (अस्तु) होवे ॥ ४ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो चित्त योगाभ्यास के साधन और उपसाधनों से सिद्ध हुआ भूत, भविष्यत्, वर्त्तमान तीनों काल का ज्ञाता सब सृष्टि का जानने वाला कर्म उपासना और ज्ञान का साधक है उस को सदा ही कल्याण में प्रिय करो ॥ ४ ॥

यस्मिन्नित्यस्य शिवसङ्कल्प ऋषिः । मनो देवता ।

त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

यस्मि॒न्नृचः॒ साम॒ यजू॑ᳪषि॒ यस्मि॒न्प्रति॑ष्ठिता रथना॒भावि॑वा॒राः । यस्मि॑ᳫश्चि॒त्तᳪ सर्व॒मोतं॑ प्र॒जानां॒ तन्मे॒ मनः॑ शि॒वसं॑कल्पमस्तु ॥ ५ ॥

यस्मि॑न् । ऋचः॑ । साम॑ । यजू॑ᳪषि । यस्मि॑न् । प्रति॑ष्ठि॒ता । प्रति॑स्थि॒तेति॒ । प्रति॑ऽस्थिता । र॒थ॒ना॒भा॒वि॒वेति॑ रथना॒भौऽइ॑व । अ॒राः । यस्मि॑न् । चि॒त्तम् । सर्व॑म् । ओत॒मित्याऽउ॑तम् । प्र॒जाना॒मिति॑ प्र॒ऽजाना॑म् । तत् । मे॒ । मनः॑ । शि॒वसं॑कल्प॒मिति॑ शि॒वऽसं॑कल्पम् । अ॒स्तु॒ ॥ ५ ॥

पदार्थः—(यस्मिन्) मनसि (ऋचः) ऋग्वेदः (साम) सामवेदः (यजूंषि) यजुर्वेदः (यस्मिन् (प्रतिष्ठिता) प्रतिष्ठितानि (रथनाभाविव) यथा रथस्य रथचक्रस्य मध्यमे काष्ठे सर्वेऽवयवा लग्ना भवन्ति तथा (अराः) रथचक्रावयवाः (यस्मिन्) (चित्तम्) सर्वपदार्थविषयिज्ञानम् (सर्वम्) समग्रम् (ओतम्) सूत्रे मणिगणा इव प्रोतम् (प्रजानाम्) (तत्) (मे) मम (मनः) (शिवसङ्कल्पम्) शिवः कल्याणकरो वेदादिसत्यशास्त्रप्रचारसङ्कल्पो यस्मिँस्तत् (अस्तु) भवतु ॥ ५ ॥

अन्वयः—रथनाभाविवारा यस्मिन्मनसि ऋचः साम यजूंषि प्रतिष्ठिता यस्मिन्नथर्वाणः प्रतिष्ठिता भवन्ति यस्मिन् प्रजानां सर्वं चित्तमोतमस्ति तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ ५ ॥

भावार्थः—अत्रोपमा वाचकलु०—हे मनुष्या ! युष्माभिर्यस्य स्वास्थ्य एव वेदादिपठनपाठनव्यवहारो घटते तत्र मन एव वेदादिविद्याधारं यत्र सर्वेषां व्यवहाराणां ज्ञानं सञ्चितं वर्त्तते तदन्तःकरणं विद्याधर्माचरणेन पवित्रं संपादनीयम् ॥ ५ ॥

पदार्थः—(यस्मिन्) जिस मन में (रथनाभाविव, अराः) जैसे रथ के पहिये के बीच के काष्ठ में अरा लगे होते हैं वैसे (ऋचः) ऋग्वेद (साम) सामवेद (यजूंषि) यजुर्वेद (प्रतिष्ठिता) सब ओर से स्थित और (यस्मिन्) जिस में अथर्ववेद स्थित हैं (यस्मिन्) जिस में (प्रजानाम्) प्राणियों का (सर्वम्) समग्र (चित्तम्) सर्व पदार्थ सम्बन्धी ज्ञान (ओतम्) सूत में मणियों के समान संयुक्त है (तत्) वह (मे) मेरा (मनः) मन (शिवसङ्कल्पम्) कल्याणकारी वेदादि सत्यशास्त्रों का प्रचारूप संकल्प वाला (अस्तु) हो ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! तुम लोगों को चाहिये जिस मन के स्वस्थ रहने में ही वेदादि विद्याओं का आधार और जिस में सब व्यवहारों का ज्ञान एकत्र होता है उस अन्तःकरण को विद्या और धर्म के आचरण से पवित्र करो ॥ ५ ॥

सुषारथिरित्यस्य शिवसङ्कल्प ऋषिः। मनो देवता। स्वराट् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिनऽइव । हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंङ्कल्पमस्तु ॥ ६ ॥

सुषारथिः। सुसारथिरिति सुऽसारथिः। अश्वानिवेत्यश्वान्ऽइव। यत्। मनुष्यान्। नेनीयते। अभीशुभिरित्यभीशुऽभिः। वाजिनऽइवेति वाजिनःऽइव। हृत्प्रतिष्ठम्। हृत्प्रतिस्थमिति हृत्ऽप्रतिस्थम्। यत्। अजिरम्। जविष्ठम्। तत्। मे। मनः। शिवसंङ्कल्पमिति शिवऽसंङ्कल्पम्। अस्तु ॥ ६ ॥

पदार्थः—(सुषारथिः) शोभनश्चासौ सारथिर्यानचालयिता तथा (यत्) (मनुष्यान्) मनुष्यग्रहणमुभयलक्षकं प्राणिमात्रस्य (नेनीयते) भृशमितस्ततो नयति गमयति (अभीशुभिः) रश्मिभिः अभीशव इति रश्मिना० निघं० १। ५ (वाजिनइव) सुशिक्षितानश्वानिव (हृत्प्रतिष्ठम्) हृदि प्रतिष्ठा स्थितिर्यस्य तत् (यत्)

(अजिरम्) विषयादिषु प्रक्षेपकं जराद्यवस्थारहितं वा (जविष्ठम्) अतिशयेन वेगवत्तरम् (तत्) (मे) मम (मनः) (शिवसङ्कल्पम्) मङ्गलनियमेष्टम् (अस्तु) भवतु ॥ ६ ॥

अन्वयः—यत् सुषारथिरश्वानिव मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिनइव नियच्छति च बलात् सारथिरश्वानिव प्राणिनो नयति यद्धृत्प्रतिष्ठमजिरं जविष्ठमस्ति तन्मे मनः शिवसङ्कल्पमस्तु ॥ ६ ॥

भावार्थः- अत्रोपमालंकारौ—यत्रासक्तं तत्रैव प्रग्रहैः सारथिः तुरङ्गानिव वशे स्थापयति सर्वेऽविद्वांसो यदनुवर्त्तन्ते विद्वांसश्च यत्स्ववशं कुर्वन्ति यच्छुद्धं सत्सुखकार्य्यशुद्धं सद्दुःखकारि यज्जितं सिद्धिं यदजितमसिद्धिं प्रयच्छति तन्मनो मनुष्यैः स्ववशं सदा रक्षणीयम् ॥ ६ ॥

पदार्थः–(तपसे) प्रतापाय (स्वाहा) (तप्यते) यस्तापं प्राप्नोति तस्मै (स्वाहा) (तप्यमानाय) प्राप्ततापाय (स्वाहा) (तप्ताय) (स्वाहा) (घर्माय) दिनाय (स्वाहा) (निष्कृत्यै) निवारणाय (स्वाहा) (प्रायश्चित्यै) पापनिवारणाय (स्वाहा) (भेषजाय) सुखाय भेषजमिति सुखना० निघं० ३।६ (स्वाहा) ॥ १२ ॥

अन्वयः—मनुष्यैस्तपसे स्वाहा तप्यते स्वाहा तप्यमानाय स्वाहा तप्ताय स्वाहा घर्माय स्वाहा निष्कृत्यै स्वाहा प्रायश्चित्यै स्वाहा भेषजाय स्वाहा च निरन्तरं प्रयोक्तव्या ॥ १२ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः प्राणायामादिसाधनैः सर्वं किल्विषं निवार्य्य सुखं प्राप्तव्यं प्रापयितव्यं च ॥ १२ ॥

पदार्थः—मनुष्यों को चाहिये (तपसे) प्रताप के लिये (स्वाहा) (तप्यते) संताप को प्राप्त होने वाले के लिये (स्वाहा) (तप्यमानाय) ताप गर्मी को प्राप्त होने वाले के लिये (स्वाहा) (तप्ताय) तपे हुए के लिये (स्वाहा) (घर्माय)दिन के होने को (स्वाहा) (निष्कृत्यै) निवारण के लिये (स्वाहा) (प्रायश्चित्यै) पापनिवृत्ति के लिये (स्वाहा) और (भेषजाय) सुख के लिये (स्वाहा) इस शब्द का निरन्तर प्रयोग करें ॥ १२ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को चाहिये कि प्राणायाम आदि साधनों से सब किल्विष का निवारण कर के सुख को स्वयं प्राप्त हों और दूसरों को प्राप्त करावें ॥ १२॥

यमायेत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

यमाय स्वाहाऽन्तकाय स्वाहा मृत्यवे स्वाहा ब्रह्मणे स्वाहा ब्रह्महत्यायै स्वाहा विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा द्यावापृथिवीभ्याᳬ स्वाहा ॥ १३ ॥

य॒मायं। स्वाहां। अन्तंकाय। स्वाहां। मृत्यवें। स्वाहां। ब्रह्मंणे। स्वाहां। ब्र॒ह्म॒ह॒त्याया॒ऽइति॑ ब्रह्मह॒त्यायै॑। स्वाहां। विश्वे॑भ्यः। दे॒वेभ्यः। स्वाहां। द्यावा॑पृथि॒वीभ्या॑म्। स्वाहां ॥१३॥

पदार्थः—(यमाय) नियन्त्रे न्यायाधीशाय वायवे वा (स्वाहा) (अन्तकाय) नाशकाय कालाय (स्वाहा) (मृत्यवे) प्राणत्यागकारिणे समयाय (स्वाहा) (ब्रह्मणे) बृहत्तमाय परमात्मने ब्रह्मविदुषे वा (स्वाहा) (ब्रह्महत्यायै) ब्रह्मणो वेदस्येश्वरस्य विदुषो वा हनननिवारणाय (स्वाहा) (विश्वेभ्यः) अखिलेभ्यः (देवेभ्यः) विद्वद्भ्यो दिवेभ्यो जलादिभ्यो वा (स्वाहा) (द्यावापृथिवीभ्याम्) सूर्य्यभूमिशोधनाय (स्वाहा) ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यूयं यमाय स्वाहाऽन्तकाय स्वाहा मृत्यवे स्वाहा ब्रह्मणे स्वाहा ब्रह्महत्यायै स्वाहा विश्वेभ्यो देवेभ्यः स्वाहा द्यावापृथिवीभ्यां स्वाहा च प्रयुङ्ध्वम् ॥ १३ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या न्यायव्यवस्थां पालयित्वाऽल्पमृत्युं विनिवार्येश्वरविदुषः संसेव्य ब्रह्महत्यादिदोषान्निवार्य्य सृष्टिविद्यां विदित्वाऽन्त्येष्टिं विदधति ते सर्वेषां मङ्गलप्रदा भवन्ति सर्वदैवं मृतकशरीरं दग्ध्वा सर्वेषां सुखमुन्नेयमिति ॥ १३ ॥

अत्राऽन्त्येष्टिकर्मवर्णनादेतदर्थस्य पूर्वाध्यायोक्तार्थेन सह सङ्गतिरस्तीति वेदितव्यम् ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! तुम लोग (यमाय) नियन्ता न्यायाधीश वा वायु के लिये (स्वाहा) इस शब्द का (अन्तकाय) नाशकर्त्ता काल के लिये (स्वाहा)

(मृत्यवे) प्राणत्याग कराने वाले समय के लिये (स्वाहा) (ब्रह्मणे) बृहत्तम अति बड़े परमात्मा के लिये वा ब्राह्मण विद्वान् के लिये (स्वाहा) (ब्रह्महत्यायै) ब्रह्म वेद वा ईश्वर वा विद्वान् की हत्या के निवारण के लिये (स्वाहा) (विश्वेभ्यः) सब (देवेभ्यः) दिव्य गुणों से युक्त विद्वानों वा जलादि के लिये (स्वाहा) और (द्यावापृथिवीभ्याम्) और सूर्य्य भूमि के शोधने के लिये (स्वाहा) इस शब्द का प्रयोग करो ॥ १३ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य न्यायव्यवस्था का पालन कर अल्पमृत्यु को निवारण कर ईश्वर और विद्वानों का सेवन कर ब्रह्महत्यादि दोषों को छुड़ा के सृष्टि विद्या को जान के अन्त्येष्टि कर्म विधि करते हैं वे सब के मंगल देने वाले होते हैं सब काल में इस प्रकार मृतक शरीर को जलाके सब सुख की उन्नति करनी चाहिये ॥ १३ ॥

इस अध्याय में अन्त्येष्टि कर्म का वर्णन होने से इस अध्याय में कहे अर्थ की पूर्व अध्याय के अर्थ के साथ संगति है ऐसा जानना चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्य श्रीविरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिना विरचिते यजुर्वेदभाष्ये संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते एकोनचत्वारिंशत्तमोऽध्यायः पूर्त्तिमगमत् ॥

ओ३म्

अथ चत्वारिंशाऽध्यायारम्भः ॥

—०-:०*०:-०—

ओ३म् विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव ।
यद्भद्रं तन्न आ सुव ॥ १ ॥

ईशावास्यमित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
अनुष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ मनुष्याः परमात्मानं विज्ञाय किं कुर्युरित्याह ॥

अब चालीसवें अध्याय का आरम्भ है इस के प्रथम मंत्र में
मनुष्य ईश्वर को जानके क्या करें इस वि० ॥

ईशा वास्यमिदꣳ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत् । तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ॥ १ ॥

ईशा । वास्यम् । इदम् । सर्वम् । यत् । किम् । च । जगत्याम् । जगत् । तेन । त्यक्तेन । भुञ्जीथाः । मा । गृधः । कस्य । स्वित् । धनम् ॥ १ ॥

पदार्थः—(ईशा) ईश्वरेण सकलैश्वर्य्यसम्पन्नेन सर्वशक्तिमता परमात्मना (वास्यम्) आच्छादयितुं योग्यं सर्वतोऽभिव्याप्यम् (इदम्) प्रकृत्यादिपृथिव्यन्तरम् (सर्वम्) अखिलम् (यत्) (किम्) (च) (जगत्याम्) गम्यमानायां सृष्टौ (जगत्) यद्गच्छति तत् (तेन) (त्यक्तेन) वर्जितेन तच्चित्तरहितेन (भुञ्जीथाः) भोगमनु-

भवेः (मा) निषेधे (गृधः) अभिकांक्षीः (कस्य) (स्वित्) कस्यापि स्विदि प्रश्ने वा (धनम्) वस्तुमात्रम्॥ १ ॥

अन्वयः- हे मनुष्य ! त्वं यदिदं सर्वं जगत्यां जगदीशाऽऽवास्यमस्ति तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः किञ्च कस्य स्विद्धनं मा गृधः ॥ १ ॥

भावार्थः-ये मनुष्या ईश्वराद्बिभ्यत्ययमस्मान्सर्वदा सर्वतः पश्यति जगदिदमीश्वरेण व्याप्तं सर्वत्रेश्वरोऽस्तीति व्यापकमन्तर्यामिणं निश्चित्य कदाचिदप्यन्यायाचरणेन कस्यापि किञ्चिदपि द्रव्यं ग्रहीतुं नेच्छेयुस्ते धार्मिका भूत्वाऽत्र परत्राभ्युदयनिःश्रेयसे फले प्राप्य सदाऽऽनन्देयुः ॥ १ ॥

पदार्थः—हे मनुष्य! तू (यत्) जो (इदम्) प्रकृति से लेकर पृथिवी पर्यन्त (सर्वम्) सब (जगत्याम्) प्राप्त होने योग्य सृष्टि में (जगत) चरप्राणीमात्र (ईशा) संपूर्ण ऐश्वर्य से युक्त सर्वशक्तिमान् परमात्मा से (वास्यम्) आच्छादन करने योग्य अर्थात् सब ओर से व्याप्त होने योग्य है (तेन) उस (त्यक्तेन) त्याग किये हुए जगत् से (भुञ्जीथाः) पदार्थों के भोगने का अनुभव कर किन्तु (कस्य, स्वित्) किसी के भी (धनम्) वस्तुमात्र की (मा) मत (गृधः) अभिलाषा कर ॥ १ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य ईश्वर से डरते हैं कि यह हम को सदा सब ओर से देखता है यह जगत् ईश्वर से व्याप्त और सर्वत्र ईश्वर विद्यमान है इस प्रकार व्यापक अन्तर्यामी परमात्मा का निश्चय करके भी अन्याय के आचरण से किसी का कुछ भी द्रव्य ग्रहण नहीं किया चाहते वे धर्मात्मा होकर इस लोक के सुख और परलोक में मुक्तिरूप सुख को प्राप्त कर के सदा आनन्द में रहें ॥ १ ॥

कुर्वन्नित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः। आत्मा देवता। भुरिगनुष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः॥

अथ वैदिककर्मणः प्राधान्यमुच्यते ।

अब वेदोक्त कर्म की उत्तमता अ० ॥

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतꣳ समाः । एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ॥ २ ॥

कुर्वन् । एव । इह । कर्माणि । जिजीविषेत् । शतम् । समाः । एवम् । त्वयि । न । अन्यथा । इतः । अस्ति । न । कर्म । लिप्यते । नरे ॥ २ ॥

पदार्थः—(कुर्वन्) (एव) (इह) अस्मिन् संसारे (कर्माणि) धर्म्याणि वेदोक्तानि निष्कामकृत्यानि (जिजीविषेत्) जीवितुमिच्छेत् (शतम्) (समाः) संवत्सरान् (एवम्) अमुना प्रकारेण (त्वयि) (न) निषेधे (अन्यथा) (इतः) अस्मात् प्रकारात् (अस्ति) भवति (न) निषेधे (कर्म) अधर्म्यमवैदिकं मनोर्थसम्बन्धिकर्म (लिप्यते) (नरे) नयनकर्त्तरि ॥ २ ॥

अन्वयः—मनुष्य इह कर्माणि कुर्वन्नेव शतं समा जिजीविषेदेवं धर्म्ये कर्मणि प्रवर्त्तमाने त्वयि नरे न कर्म लिप्यते इतोऽन्यथा नास्ति लेपाभावः ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्या आलस्यं विहाय सर्वस्य द्रष्टारं न्यायाधीशं परमात्मानं कर्त्तुमर्हां तदाज्ञां च मत्वा शुभानि कर्माणि कुर्वन्तोऽशुभानि त्यजन्तो ब्रह्मचर्येण विद्यासुशिक्षे प्राप्योपस्थेन्द्रियनिग्रहेण वीर्यमुन्नीयाल्पमृत्युं

ग्न्तु युक्ताहारविहारेण शतवार्षिकमायुः प्राप्नुवन्तु । यथा यथा मनुष्याः सुकर्मसु चेष्टन्ते तथा तथैव पापकर्मतो बुद्धिर्निवर्त्तते विद्यायुः सुशीलता च वर्द्धते ॥ २ ॥

पदार्थः—मनुष्य (इह) इस संसार में (कर्माणि) धर्मयुक्त वेदोक्त निष्काम कर्मों को (कुर्वन्) करता हुआ (एव) ही (शतम्) सौ (समाः) वर्ष (जिजीविषेत्) जीवन की इच्छा करे (एवम्) इस प्रकार धर्मयुक्त कर्म में प्रवर्त्तमान (त्वयि) तुझ (नरे) व्यवहारों को चलाने हारे जीवन के इच्छुक होते हुए (कर्म) अधर्मयुक्त अवैदिक काम्य कर्म (न) नहीं (लिप्यते) लिप्त होता (इतः) इस से जो और प्रकार से (न, अस्ति) कर्म लगाने का अभाव नहीं होता है ॥ २ ॥

भावार्थः—मनुष्य आलस्य को छोड़ के सब देखने हारे न्यायाधीश परमात्मा और करने योग्य उस की आज्ञा को मानकर शुभ कर्मों को छोड़ते हुए ब्रह्मचर्य के सेवनसे विद्या और अच्छी शिक्षा को पाकर उपस्थ इन्द्रिय के रोकने से पराक्रम को बढ़ाकर अल्पमृत्यु को हटावें, युक्त आहार विहार से सौ वर्ष की आयु को प्राप्त होवें। जैसे २ मनुष्य सुकर्मों में चेष्टा करते हैं वैसे २ ही पाप कर्म से बुद्धि की निवृत्ति होती और विद्या, अवस्था और सुशीलता बढ़ती है ॥ २ ॥

असुर्या इत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः। आत्मा देवता। अनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

अथात्महन्तारो जनाः कीदृशा इत्याह ॥

अब आत्मा के हननकर्त्ता अर्थात् आत्मा को भूले हुए जन कैसे होते हैं इस वि० ॥

असुर्या नाम ते लोका अन्धेन तमसावृताः। ताँस्ते प्रेत्यापि गच्छन्ति ये के चात्महनो जनाः ॥ ३ ॥

असुर्य्याः । नाम । ते । लोकाः । अन्धेन । तमसा । आवृता इत्याऽवृताः । तान् । ते । प्रेत्येति प्रऽइत्य । अपि । गच्छन्ति । ये । के । च । आत्महन इत्यात्मऽहनः । जनाः ॥ ३ ॥

पदार्थः—(असुर्य्याः) असुराणां प्राणपोषणतत्पराणामविद्यादियुक्तानामिमे सम्बन्धिनस्तत्सदृशः पापकर्माणः (नाम) प्रसिद्धौ (ते) (लोकाः) लोकन्ते पश्यन्ति ते जनाः (अन्धेन) अन्धकाररूपेण (तमसा) अत्यावरकेण (आवृताः) समन्ताद्युक्ता आच्छादिताः (तान्) दुःखान्धकारावृतान् भोगान् (ते) (प्रेत्य) मरणं प्राप्य (अपि) जीवन्तोपि (गच्छन्ति) प्राप्नुवन्ति (ये) (के) (च) (आत्महनः) य आत्मानं घ्नन्ति तद्विरुद्धमाचरन्ति ते (जनाः) मनुष्याः ॥ ३ ॥

अन्वयः—ये लोका अन्धेन तमसा वृता ये के चात्महनो जनाः सन्ति तेऽसुर्य्या नाम ते प्रेत्यापि तान् गच्छन्ति ॥ ३ ॥

भावार्थः—त एव असुरा दैत्या राक्षसाः पिशाचा दुष्टा मनुष्या य आत्मन्यन्यद्वाच्यन्यत्कर्मण्यन्यदाचरन्ति तेन कदाचिद् विद्यादुःखसागरादुत्तीर्य्याऽऽनन्दं प्राप्तुं शक्नुवन्ति ये च यदात्मना तन्मनसा यन्मनसा तद्वाचा यद्वाचा तत्कर्मणाऽनुतिष्ठन्ति त एव देवा आर्य्याः सौभाग्यवन्तोऽखिलजगत्पवित्रयन्त इहामुत्रातुलं सुखमश्नुवते ॥ ३ ॥

पदार्थः—जो (लोकाः) देखने वाले लोग (अन्धेन) अन्धकाररूप (तमसा) ज्ञान का आवरण करनेहारे अज्ञान से (आवृताः) सब ओर से ढंपे हुए (च) और (ये) जो (के) कोई (आत्महनः)आत्मा के विरुद्ध आचरण करने हारे (जनाः) मनुष्य हैं (ते) वे (असुर्य्याः)

अपने प्राण पोषण में तत्पर अविद्यादि दोषयुक्त लोगों के सम्बन्धी उनके पाप कर्म करने वाले (नाम) प्रसिद्ध में होते हैं (ते) (वे) (प्रेत्य) मरने के पीछे (अपि) और जीते हुए भी (तान्) उन दुःख और अज्ञानरूप अन्धकार से युक्त भोगों को (गच्छन्ति) प्राप्त होते हैं ॥ ३ ॥

भावार्थः—वे ही मनुष्य असुर, दैत्य, राक्षस तथा पिशाच आदि हैं जो आत्मा में और जानते वाणी से और बोलते और करते कुछ और ही हैं वे कभी अविद्यारूप दुःख सागर से पार हो आनन्द को नहीं प्राप्त हो सकते। और जो आत्मा मन वाणी और कर्म से निष्कपट एकसा आचरण करते हैं वे ही देव आर्य सौभाग्यवान् सब जगत् को पवित्र करते हुए इस लोक और परलोक में अतुल सुख भोगते हैं ॥ ३ ॥

अनेजदित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । ब्रह्म देवता ।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कीदृशो जन ईश्वरं साक्षात्करोतीत्याह ॥
कैसा जन ईश्वर को साक्षात् करता है इस वि० ॥

अनेजदेकं मनसो जवीयो नैनद्देवा आप्नुवन्पूर्वमर्षत् । तद्धावतोऽन्यानत्येति तिष्ठत्तस्मिन्नपो मातरिश्वा दधाति ॥ ४ ॥

अनेजत् । एकम् । मनसः । जवीयः । न । एनत् । देवाः । आप्नुवन् । पूर्वम् । अर्षत् । तत् । धावतः । अन्यान् । अति । एति । तिष्ठत् । तस्मिन् । अपः । मातरिश्वा । दधाति ॥ ४ ॥

पदार्थः--(अनेजत्) न एजते कम्पते तदचलत् स्वावस्थायाश्च्युतिः कंपनं तद्रहितम् (एकम्) अद्वितीयं ब्रह्म (मनसः) मनोवेगात् (जवीयः) अतिशयेन वेगवत् (न) (एनत्) (देवाः) चक्षुरादीनीन्द्रियाणि वा (आप्नुवन्) प्राप्नुवन्ति (पूर्वम्) पुरः सरं पूर्णं (अर्षत्) गच्छत् (धावतः) विषयान् प्रति पततः (अन्यान्) स्वस्वरूपाद्विलक्षणान्मनोवागिन्द्रियादीन् (अति) उल्लंघने (एति) प्राप्नोति गच्छति (तिष्ठत्) स्वस्वरूपेण स्थिरं सत् (तस्मिन्) सर्वत्राऽभिव्याप्ते (अपः) कर्म क्रियां वा (मातरिश्वा) मातर्य्यन्तरिक्षे श्वसिति प्राणान्धरति वायुस्तद्वद्वर्त्तमानो जीवः (दधाति) ॥ ४ ॥

अन्वयः--हे विद्वांसो मनुष्या यदेकमनेजन्मनसो जवीयः पूर्वमर्षद्ब्रह्माऽस्त्येनद्देवा नाप्नुवँस्तत्स्वयं तिष्ठत्सत्स्वानन्तव्याप्त्या धावतोऽन्यानत्येति तस्मिन्स्थिरे सर्वत्राभिव्याप्ते मातरिश्वा वायुरिव जीवोऽपो दधातीति विजानीत ॥ ४ ॥

भावार्थः--ब्रह्मणोऽनन्तत्वाद्यत्र यत्र मनो याति तत्र तत्र पुरस्तादेवाऽभिव्याप्तमग्रस्थं ब्रह्म वर्त्तते तद्विज्ञानं शुद्धेन मनसैव जायते चक्षुरादिभिरविद्वद्भिश्च द्रष्टुमशक्यमस्ति स्वयं निश्चलं सत्सर्वान् जीवान् नियमेन चालयति धरति च तस्यातिसूक्ष्मत्वादतीन्द्रियत्वाद्धार्मिकस्य विदुषो योगिनएव साक्षात्कारो भवति नेतरस्य ॥ ४ ॥

पदार्थः--हे विद्वान् मनुष्यो ! जो (एकम्) अद्वितीय (अनेजत्) नहीं कंपने वाला अर्थात् अचल अपनी अवस्था से हटना कंपन कहाता है उस से रहित (मनसः) मन के वेग से भी (जवीयः) अति वेगवान् (पूर्वम्) सब से

आगे (अर्षत्) चलता हुआ अर्थात् जहां कोई चलकर जावे वहां प्रथम ही सर्वत्र व्याप्ति से पहुंचता हुआ ब्रह्म है (एनत्) इस पूर्वोक्त ईश्वर को (देवाः) चक्षु आदि इन्द्रिय (न) नहीं (आप्नुवन्)प्राप्त होते (तत्) वह परब्रह्म अपने आप (तिष्ठत्) स्थिर हुआ अपनी अनन्तव्याप्ति से (धावतः) विषयों की ओर गिरते हुए (अन्यान्) आत्मा के स्वरूप से विलक्षण मन वाणी आदि इन्द्रियों का (अति, एति) उल्लंघन कर जाता है (तस्मिन्) उस सर्वत्र अभिव्याप्त ईश्वर की स्थिरता में (मातरिश्वा) अन्तरिक्ष में प्राणों को धारण करने हारे वायु के तुल्य जीव (अपः) कर्म वा क्रिया को (दधाति) धारण करता है यह जानो ॥ ४ ॥

भावार्थः—ब्रह्म के अनन्त होने से जहां २ मन जाता है वहां २ प्रथम से ही अभिव्याप्त पहिले से ही स्थिर ब्रह्म वर्त्तमान है उसका विज्ञान शुद्ध मन से होता है चक्षु आदि इन्द्रियों और अविद्वानों से देखने योग्य नहीं है । वह आप निश्चल हुआ सब जीवों को नियम से चलाता और धारण करता है । उसके अतिसूक्ष्म इन्द्रियगम्य न होने के कारण धर्मात्मा विद्वान् योगी को ही उसका साक्षात् ज्ञान होता है अन्य को नहीं ॥ ४ ॥

तदेजतीत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।

निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

विदुषां निकटेऽविदुषां च ब्रह्मदूरेऽस्तीत्याह ॥

विद्वानों के निकट और अविद्वानों के ब्रह्म दूर है इस वि० ॥

तदेजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके । तदन्तरस्य सर्वस्य तदु सर्वस्यास्य बाह्यतः ॥ ५ ॥

तत् । एजति । तत् । न । एजति । तत् । दूरे । तत् । ऊँऽइत्यूँ । अन्तिके । तत् । अन्तः । अस्य । सर्वस्य । तत् ऊँऽइत्यूँ । सर्वस्य । अस्य । बाह्यतः ॥५॥

पदार्थः—(तत्) (एजति) कम्पते चलति मूढदृष्ट्या (तत्) (न) (एजति) कम्पते कम्प्यते वा (तत्) (दूरे) अधर्मात्मभ्योऽविद्वद्भ्योऽयोगिभ्यः (तत्) (उ) (अन्तिके) धर्मात्मनां विदुषां योगिनां समीपे (तत्) अन्तः आभ्यन्तरे (अस्य) (सर्वस्य) अखिलस्य जगतो जीवसमूहस्य वा (तत्) (उ) (सर्वस्य) समग्रस्य (अस्य) प्रत्यक्षाऽप्रत्यक्षात्मकस्य (बाह्यतः) बहिरपि वर्त्तमानः॥५॥

अन्वयः—हे मनुष्यास्तद्ब्रह्मैजति तन्नैजति तद्दूरे तद्वन्तिके तदस्य सर्वस्यान्तस्तदु सर्वस्याऽस्य बाह्यतो वर्त्तत इति निश्चिनुत ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यास्तद्ब्रह्म मूढदृष्टौ कम्पत इव तत्स्वतो व्यापकत्वात्कदाचिन्न चलति ये तदाज्ञा विरुद्धास्ते इतस्ततो धावन्तोपि तन्न विजानन्ति ये चेश्वराज्ञानुष्ठातारस्ते स्वात्मस्थमतिनिकटं ब्रह्म प्राप्नुवन्ति यद्ब्रह्म सर्वस्य प्रकृत्यादेर्बाह्याऽभ्यन्तराऽवयवानभिव्याप्य सर्वेषां जीवानामन्तर्यामिरूपतया सर्वाणि पापपुण्यात्मककर्माणि विजानन् याथातथ्यं फलं प्रयच्छत्येतदेव सर्वैर्ध्येयमस्मादेव सर्वैर्भेतव्यमिति ॥ ५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! (तत्) वह ब्रह्म (एजति) मूर्खों की दृष्टि से चलायमान होता (तत्) (न, एजति) अपने स्वरूप से न चलायमान और न चलाया जाता (तत्) वह (दूरे) अधर्मात्मा अविद्वान् अयोगियों से दूर अर्थात् क्रोड़ों वर्ष में भी नहीं प्राप्त होता (तत्) वह (उ) ही (अन्तिके) धर्मात्मा विद्वान् योगियों के समीप (तत्) वह (अस्य) इस (सर्वस्य) सब जगत् वा जीवों के (अन्तः) भीतर (उ) और (तत्) वह (अस्य, सर्वस्य) इस प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्षरूप जगत् के (बाह्यतः) बाहर भी वर्त्तमान है ॥ ५ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! वह ब्रह्म मूढ़ की दृष्टि में कम्पता जैसा है वह आप व्यापक होने से कभी नहीं चलायमान होता जो जन उसकी आज्ञा से विरुद्ध हैं वे इधर उधर भागते हुए भी उसको नहीं जानते और जो ईश्वर की आज्ञा का अनुष्ठान करने वाले हैं वे अपने आत्मा में स्थित अतिनिकट ब्रह्म को प्राप्त होते हैं जो ब्रह्म सब प्रकृति आदि के बाहर भीतर अवयवों में अभिव्याप्त हो के अन्तर्यामिरूप से सब जीवों के सब पाप पुण्यरूप कर्मों को जानताहुआ यथार्थ फल देता है वही सब को ध्यान में रखना चाहिये और उसी से सब को डरना चाहिये ॥ ५ ॥

यस्त्वित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथेश्वरविषयमाह ॥

अब ईश्वर वि० ॥

यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्नेवानुपश्यति ।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न वि चिकित्सति ॥ ६ ॥

यः । तु । सर्वाणि । भूतानि । आत्मन् । एव । अनुपश्यतीत्यनुऽपश्यति । सर्वभूतेष्विति सर्वऽभूतेषु । च । आत्मानम् । ततः । न । वि । चिकित्सति ॥ ६ ॥

पदार्थः—(यः) विद्वान् जनः (तु) पुनरर्थे (सर्वाणि) अखिलानि (भूतानि) प्राण्यप्राणिरूपाणि (आत्मन्) परमात्मनि (एव) (अनुपश्यति) विद्याधर्मयोगाभ्यासानन्तरं समीक्षते (सर्वभूतेषु) सर्वेषु प्रकृत्यादिषु (च) (आत्मानम्)

अतति सर्वत्र व्याप्नोति तम् (ततः) तदनन्तरम् (न) (वि) (चिकित्सति) संशयंप्राप्नोति ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! य आत्मन्नेव सर्वाणि भूतान्यनुपश्यति यस्तु सर्वभूतेष्वात्मानं च समीक्षते स ततो न विचिकित्सतीति यूयं विजानीत ॥ ६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! ये सर्वव्यापिनं न्यायकारिणं सर्वज्ञं सनातनं सर्वात्मानं सकलस्य द्रष्टारं परमात्मानं विदित्वा सुखदुःखहानिलाभेषु स्वात्मवत्सर्वाणि भूतानि विज्ञाय धार्मिका जायन्ते तएव मोक्षमश्नुवते ॥ ६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (यः) जो विद्वान् जन (आत्मन्) परमात्मा के भीतर (एव) ही (सर्वाणि) सब (भूतानि) प्राणी अप्राणियों को (अनु) (पश्यति) विद्या धर्म और योगाभ्यास करने पश्चात् ध्यान दृष्टि से देखता है (तु) और जो (सर्वभूतेषु) सब प्रकृत्यादि पदार्थों में (आत्मानम्) आत्मा को (च) भी देखता है वह विद्वान् (ततः) तिस पीछे (न) नहीं (विचिकित्सति) संशय को प्राप्त होता ऐसा तुम जानो ॥ ६ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो लोग सर्वव्यापी न्यायकारी सर्वज्ञ सनातन सब के आत्मा अन्तर्यामी सब के द्रष्टा परमात्मा को जान कर सुख दुःख हानि लाभों में अपने आत्मा के तुल्य सब प्राणियों को जानकर धार्मिक होते हैं वे ही मोक्ष को प्राप्त होते हैं ॥ ६ ॥

यस्मिन्नित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ केऽविद्यादिदोषान् जहतीत्याह ॥

अब कौन अविद्यादि दोषों को त्यागते हैं इस वि० ॥

यस्मिन्त्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः ।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ॥७॥

यस्मिन् । सर्वाणि । भूतानि । आत्मा । एव । अभूत् । विजानतऽइति विऽजानतः । तत्र । कः । मोहः । कः । शोकः । एकत्वमित्येकऽत्वम् । अनुपश्यतऽ इत्यनुपश्यतः ॥ ७ ॥

पदार्थः—(यस्मिन्) परमात्मनि ज्ञाने विज्ञाने धर्मे वा (सर्वाणि) (भूतानि) (आत्मा) आत्मवत् (एव) (अभूत्) भवन्ति। अत्र वचनव्यत्ययेनैकवचनम् (विजानतः) विशेषेण समीक्षमाणस्य (तत्र) तस्मिन् परमात्मनि स्थितस्य (कः) (मोहः) मूढावस्था (कः) (शोकः) परितापः (एकत्वम्) परमात्मनोऽद्वितीयत्वम् (अनुपश्यतः) अनुकूलेन योगाभ्यासेन साक्षाद्द्रष्टुः ॥ ७ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यस्मिन् परमात्मनि विजानतः सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूत् तत्रैकत्वमनुपश्यतो योगिनः को मोहोऽभूत्कः शोकश्च ॥ ७ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसः संन्यासिनः परमात्मना सह चरितानि प्राणिजातानि स्वात्मवद्विजानन्ति यथा स्वात्मनो हितमिच्छन्ति तथैव तेषु वर्त्तन्त एकमेवाऽद्वितीयं परमात्मानं शरणमुपागताः सन्ति तान् मोहशोकलोभादयो दोषाः कदाचिन्नाप्नुवन्ति ये च स्वात्मानं यथावद्विज्ञाय परमात्मानं विदन्ति ते सदा सुखिनो भवन्ति ॥ ७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो !(यस्मिन्)जिस परमात्मा, ज्ञान, विज्ञान वा धर्म में (विजानतः) विशेष कर ध्यान दृष्टि से देखते हुए को (सर्वाणि) सब (भूतानि) प्राणीमात्र (आत्मा, एव) अपने तुल्य ही सुख दुःख वाले (अभूत्) होते हैं (तत्र) उस परमात्मा आदि में (एकत्वम्) अद्वितीय भाव को (अनु, पश्यतः) अनुकूल योगाभ्यास-

से साक्षात् देखते हुए योगि जन को (कः) कौन (मोहः) मूढावस्था और (कः) कौन (शोकः) शोक वा क्लेश होता है ? अर्थात् कुछ भी नहीं ॥ ७ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् संन्यासी लोग परमात्मा के सहचारी प्राणिमात्र को अपने आत्मा के तुल्य जानते हैं अर्थात् जैसे अपना हित चाहते वैसे ही अन्यों में भी वर्त्तते हैं । एक अद्वितीय परमेश्वर के शरण को प्राप्त होते हैं उनको मोह शोक और लोभादि कदाचित् प्राप्त नहीं होते । और जो लोग अपने आत्मा को यथावत् जान कर परमात्मा को जानते हैं वे सुखी सदा होते हैं ॥ ७ ॥

स पर्य्यगादित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता । स्वराड्जगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनः परमेश्वरः कीदृश इत्याह ॥

फिर परमेश्वर कैसा है इस वि० ॥

स पर्य्यगाच्छुक्रमकायमव्रणमस्नाविरꣳ शुद्धमपापविद्धम् । कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूर्याथातथ्यतोऽर्थान्व्यदधाच्छाश्वतीभ्यः समाभ्यः ॥८॥

सः । परि । अगात् । शुक्रम् । अकायम् । अव्रणम् । अस्नाविरम् । शुद्धम् । अपापविद्धमित्यपापऽविद्धम् । कविः । मनीषी । परिभूरिति परिऽभूः । स्वयम्भूरिति स्वयम्ऽभूः । याथातथ्यतऽइति याथाऽतथ्यतः । अर्थान् । वि । अदधात् । शाश्वतीभ्यः । समाभ्यः ॥ ८ ॥

पदार्थः—(सः) परमात्मा (परि) सर्वतः (अगात्) व्याप्तोऽस्ति (शुक्रम्) आशुकरं सर्वशक्तिमत् (अकायम्) स्थूलसूक्ष्मकारणशरीररहितम् (अव्रणम्)

अच्छिद्रमच्छेद्यम् (अस्नाविरम्) नाड्यादिसम्बन्धबन्धरहितम् (शुद्धम्) अविद्यादिदोषरहितत्वात्सदा पवित्रम् (अपापविद्धम्) यत् पापयुक्तं पापकारि पापप्रियं कदाचिन्न भवति तत् (कविः) सर्वज्ञः (मनीषी) सर्वेषां जीवानां मनोवृत्तीनां वेत्ता (परिभूः) यो दुष्टान् पापिनः परिभवति तिरस्करोति सः (स्वयम्भूः) अनादिस्वरूपो यस्य संयोगेनोत्पत्तिर्वियोगेन विनाशो मातापितरौ गर्भवासो जन्म वृद्धिक्षयौ च न विद्येते (याथातथ्यतः) यथार्थतया (अर्थान्) वेदद्वारा सर्वान् पदार्थान् (वि) विशेषेण (अदधात्) विधत्ते (शाश्वतीभ्यः) सनातनीभ्योऽनादिस्वरूपाभ्यः स्वस्वरूपेणोत्पत्तिविनाशरहिताभ्यः (समाभ्यः) प्रजाभ्यः ॥ ८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! यद्ब्रह्म शुक्रमकायमव्रणमस्नाविरं शुद्धमपापविद्धं पर्यगाद्यः कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूः परमात्मा शाश्वतीभ्यः समाभ्यो याथातथ्यतोऽर्थान्व्यदधात्स एव युष्माभिरुपासनीयः ॥ ८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यद्यनन्तशक्तिमदजं निरन्तरं सदामुक्तं न्यायकारि निर्मलं सर्वज्ञं सर्वस्य साक्षि नियन्तृ अनादिस्वरूपं ब्रह्म कल्पादौ जीवेभ्यः स्वोक्तैर्वेदैः शब्दार्थसम्बन्धविज्ञापिकां विद्यां नोपदिशेत्तर्हि कोऽपि विद्वान्न भवेत् न च धर्मार्थकाममोक्षफलं भाप्तुं शक्नुयात् तस्मादिदमेव सदैवोपास्यम् ॥ ८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो ब्रह्म (शुक्रम्) शीघ्रकारी सर्वशक्तिमान् (अकायम्) स्थूल सूक्ष्म और कारण शरीर से रहित (अव्रणम्) छिद्ररहित और नहीं छेद करने योग्य (अस्नाविरम्) नाड़ी आदि के साथ सम्बन्ध रूप बन्धन से रहित (शुद्धम्) अविद्यादि दोषों से रहित होने से सदा पवित्र और (अपापविद्धम्) जो पापयुक्त पापकारी और पाप में प्रीति करने वाला कभी नहीं होता (परि, अगात्) सब ओर से

व्याप्त है जो (कविः) सर्वज्ञ (मनीषी) सब जीवों के मनों की वृत्तियों को जानने वाला (परिभूः) दुष्ट पापियों का तिरस्कार करने वाला और (स्वयम्भूः) अनादि-स्वरूप जिस की संयोग से उत्पत्ति वियोग से विनाश माता पिता गर्भवास जन्म वृद्धि और मरण नहीं होते वह परमात्मा (शाश्वतीभ्यः) सनातन अनादिस्वरूप अपने २ स्वरूप से उत्पत्ति और विनाशरहित (समाभ्यः) प्रजाओं के लिये (याथातथ्यतः) यथार्थ भाव से (अर्थान्) वेद द्वारा सब पदार्थों को (व्यदधात्) विशेष कर बनाता है वही परमेश्वर तुम लोगों को उपासना करने के योग्य है ॥ ८ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जो अनन्त शक्ति युक्त अजन्मा निरन्तर सदामुक्त न्यायकारी निर्मल सर्वज्ञ सब का साक्षी नियन्ता अनादिस्वरूप ब्रह्म कल्प के आरम्भ में जीवों को अपने कहे वेदों से शब्द अर्थ और उनके सम्बन्ध को जनाने वाली विद्या का उपदेश न करे तो कोई विद्वान् न होवे और न धर्म अर्थ काम और मोक्ष के फलों के भोगने को समर्थ हो इसलिये इसी ब्रह्म की सदैव उपासना करो ॥ ८ ॥

अन्धन्तम इत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

के जना अन्धन्तमः प्राप्नुवन्तीत्याह ॥

कौन मनुष्य अन्धकार को प्राप्त होते हैं इस वि० ॥

अन्धन्तमः प्र विशन्ति येऽसंभूतिमुपासते । ततो भूयं इव ते तमो य उ सम्भूत्याᳬ रताः ॥९॥

अन्धम् । तमः । प्र । विशन्ति । ये । असंभूतिमित्यसम्ऽभूतिम् । उपासत इत्युपऽआसते । ततः । भूयऽइवेति भूयःऽइव । ते । तमः । ये । ऊँ इत्यूँ । सम्भूत्यामिति सम्ऽभूत्याम् । रताः ॥ ९ ॥

पदार्थः—(अन्धम्) आवरकम् (तमः) अन्धकारम् (प्र) प्रकर्षेण (विशन्ति) (ये) (असम्भूतिम्) अनाद्यनुत्पन्नं प्रकृत्याख्यं सत्वरजस्तमोगुणमयं जडं वस्तु (उपासते) उपास्यतया जानन्ति (ततः) तस्मात् (भूय इव) अधिकमिव (ते) (तमः) अविद्यामयमन्धकारम् (ये) (उ) वितर्केण सह (संभूत्याम्) महदादिस्वरूपेण परिणतायां सृष्टौ (रताः) ये रमन्ते ते ॥९॥

अन्वयः—ये परमेश्वरं विहायाऽसम्भूतिमुपासते तेऽन्धन्तमः प्रविशन्ति ये सम्भूत्यां रतास्त उ ततो भूय इव तमः प्रविशन्ति ॥ ९ ॥

भावार्थः—ये जनाः सकलजडजगतोऽनादि नित्यं कारणमुपास्यतया स्वीकुर्वन्ति तेऽविद्यां प्राप्य सदा क्लिश्यन्ति ये च तस्मात्कारणादुत्पन्नं पृथिव्यादिस्थूलं सूक्ष्मं कार्यकारणाख्यमनित्यं संयोगजन्यं कार्यं जगदिष्टमुपास्यं मन्यन्ते ते गाढामविद्यां प्राप्याधिकतरं क्लिश्यन्ति तस्मात्सच्चिदानन्दस्वरूपं परमात्मानमेव सर्वे सदोपासीरन् ॥ ९ ॥

पदार्थः—(ये) जो लोग परमेश्वर को छोड़ कर (असम्भूतिम्) अनादि अनुत्पन्न सत्व रज और तमोगुणमय प्रकृतिरूप जड़ वस्तु को (उपासते) उपास्यभाव से जानते हैं वे (अन्धम्, तमः) आवरण करने वाले अन्धकार को (प्रविशन्ति) अच्छे प्रकार प्राप्त होते और (ये) जो (सम्भूत्याम्) महत्तत्वादि स्वरूप से परिणाम को प्राप्त हुई सृष्टि में (रताः) रमण करते हैं (ते) वे (उ) वितर्क के साथ (ततः) उस से (भूय इव) अधिक जैसे वैसे (तमः) अविद्यारूप अन्धकार को प्राप्त होते हैं ॥ ९ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य समस्त जड़ जगत् के अनादि नित्य कारण को उपासना भाव से स्वीकार करते हैं वे अविद्या को प्राप्त होकर क्लेश को प्राप्त होते और

जो उस कारण से उत्पन्न स्थूल सूक्ष्म कार्य्य कारणाख्य अनित्य संयोगजन्य कार्य्य जगत् को इष्ट उपास्य मानते हैं वे गाढ़ अविद्या को पाकर अधिकतर क्लेश को प्राप्त होते हैं इसलिये सच्चिदानन्दस्वरूप परमात्मा की ही सब सदा उपासना करें ॥ ९ ॥

अन्यदित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनर्मनुष्याः किं कुर्युरित्याह ॥
फिर मनुष्य क्या करें इस वि० ॥

अन्यदेवाहुः सम्भवादन्यदाहुरसम्भवात् ।
इति शुश्रुम धीराणां ये नस्तद्विचचक्षिरे ॥१०॥

अन्यत् । एव । आहुः । सम्भवादिति सम्ऽभवात् । अन्यत् । आहुः । असम्भवादित्यसम्ऽभवात् । इति । शुश्रुम । धीराणाम् । ये । नः । तत् । विचचक्षिरऽइति विऽचचक्षिरे ॥ १० ॥

पदार्थः—(अन्यत्) कार्य्यं फलं वा (एव) (आहुः) कथयन्ति (सम्भवात्) संयोगजन्यात्कार्य्यात् (अन्यत्) भिन्नम् (आहुः) कथयन्ति (असम्भवात्) अनुत्पन्नात्कारणात् (इति) अनेन प्रकारेण (शुश्रुम) शृणुमः (धीराणाम्) मेधाविनां विदुषां योगिनाम् (ये) (नः) अस्मान् प्रति (तत्) तयोर्विवेचनम् (विचचक्षिरे) व्याचक्षते ॥ १० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा वयं धीराणां सकाशाद्यद्वचः शुश्रुम ये नस्तद्विचचक्षिरे ते सम्भवादन्यदेवाहुरसम्भवादन्यदाहुरिति यूयमपि शृणुत ॥ १० ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ! यथा विद्वांसः कार्य्यात्कारणाद्वस्तुनो भिन्नं भिन्नं वक्ष्यमाणमुपकारं गृह्णन्ति ग्राहयन्ति तद्गुणान् विज्ञाय विज्ञापयन्त्येवमेव यूयमपि निश्चिनुत ॥ १० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे हम लोग (धीराणाम्) मेधावि योगी विद्वानों से जो वचन (शुश्रुम) सुनते हैं (ये) जो वे लोग (नः) हमारे) प्रति (विचचक्षिरे) व्याख्यान पूर्वक कहते हैं वे लोग (सम्भवात्) संयोगजन्य कार्य्य से (अन्यत्, एव) और ही कार्य्य वा फल (आहुः) कहते (असम्भवात्) उत्पन्न नहीं होने वाले कारण से (अन्यत्) और (आहुः) कहते हैं (इति) इस बात को तुम भी सुनो॥१०॥

भावार्थः—हे मनुष्यो ! जैसे विद्वान् लोग कार्य्यकारण रूप वस्तु से भिन्न २ वक्ष्यमाण उपकार लेते और लिवाते हैं तथा उन कार्य्यकारण के गुणों को जानकर जनाते हैं । ऐसे ही तुम लोग भी निश्चय करो ॥ १० ॥

सम्भूतिमित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः कार्य्यकारणाभ्यां किं किं साधनीयमित्याह ॥

फिर मनुष्यों को कार्य्यकारण से क्या२ सिद्ध करना चाहिये इस वि० ॥

सम्भूतिं च विनाशं च यस्तद्वेदोभयंꣳ सह ।
विनाशेन मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्यामृतमश्नुते॥११॥

सम्भूतिमिति सम्ऽभूतिम् । च । विनाशमिति विऽनाशम् । च । यः । तत् । वेद । उभयम् । सह । विनाशेनेति विनाशेन । मृत्युम् । तीर्त्वा । सम्भूत्येति सम्ऽभूत्या । अमृतम् । अश्नुते ॥ ११ ॥

पदार्थः—(सम्भूतिम्) सम्भवन्ति यस्यां तां कार्य्याख्यां सृष्टिम् (च) तस्या गुणकर्मस्वभावान् (विनाशम्) विनश्यन्त्यदृश्याः पदार्था भवन्ति यस्मिन् (च) तद्गुणकर्मस्वभावान् (यः) (तत्) (वेद) जानाति (उभयम्) कार्य्यकारणस्वरूपं जगत् (सह) (विनाशेन) नित्यस्वरूपेण विज्ञातेन कारणेन सह (मृत्युम्) शरीरवियोगजन्यं दुःखम् (तीर्त्वा) उल्लङ्घ्य (सम्भूत्या) शरीरेन्द्रियान्तःकरणरूपयोत्पन्नया कार्य्यरूपया धर्म्ये प्रवर्त्तयित्र्या सृष्ट्या (अमृतम्) मोक्षम् (अश्नुते) प्राप्नोति ॥ ११ ॥

अन्वयः—हे मनुष्याः! यो विद्वान् सम्भूतिं च विनाशं च सहोभयं तद्वेद स विनाशेन सह मृत्युं तीर्त्वा सम्भूत्या सहामृतमश्नुते ॥ ११ ॥

भावार्थः—हे मनुष्याः! कार्य्यकारणाख्ये वस्तुनी निरर्थके न स्तः किन्तु कार्य्यकारणयोर्गुणकर्मस्वभावान् विदित्वा धर्मादिमोक्षसाधनेषु संप्रयोज्य स्वात्मकार्यकारणयोर्विज्ञातेन नित्यत्वेन मृत्युभयं त्यक्त्वा मोक्षसिद्धिं सम्पादयतेति कार्यकारणाभ्यामन्यदेव फलं निष्पादनीयमिति । अनयोर्निषेधो हि परमेश्वरस्थान उपासना प्रकरणे वेदितव्यः ॥ ११ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो! (यः) जो विद्वान् (सम्भूतिम्) जिस में सब पदार्थ उत्पन्न होते उस कार्यरूप सृष्टि (च) और उसके गुण, कर्म, स्वभावों को तथा (विनाशम्) जिस में पदार्थ नष्ट होते उस कारणरूप जगत् (च) और उसके गुण, कर्म्म, स्वभावों को (सह) एक साथ (उभयम्) दोनों (तत्) उन कार्य्य और कारण स्वरूपों को (वेद) जानता है वह विद्वान् (विनाशेन) नित्यस्वरूप जाने हुए कारण के साथ (मृत्युम्) शरीर छूटने के दुःख से (तीर्त्वा) पार होकर (सम्भूत्या) शरीर इन्द्रिय और अन्तःकरणरूप उत्पन्न हुई, कार्यरूप धर्म में प्रवृत्त कराने वाली सृष्टि के साथ (अमृतम्) मोक्ष सुख को (अश्नुते) प्राप्त होता है ॥ ११ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो! कार्य्यकारणरूप वस्तु निरर्थक नहीं है किन्तु कार्य कारण के गुण कर्म और स्वभावों को जान कर धर्म आदि मोक्ष के साधनों में संयुक्त करके अपने शरीरादि के कार्य कारण को नित्यत्व से जान के मरण का भय छोड़ कर मोक्ष की सिद्धि करो। इस प्रकार कार्य्यकारण से अन्य ही फल सिद्ध करना चाहिये इन कार्य्यकारण का निषेध परमेश्वर के स्थान में जो उपासना उस प्रकरण में करना चाहिये ॥ ११ ॥

अन्धन्तम इत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः। आत्मा देवता। निचृदनुष्टुप् छन्दः। गान्धारः स्वरः ॥

अथ विद्याऽविद्योपासनफलमाह ॥

अब विद्या अविद्या की उपासना का फल कहते हैं ॥

अन्धन्तमः प्र विशन्ति येऽविद्यामुपासते।
ततो भूयं इव ते तमो यऽउ विद्यायांᳬ रताः॥१२॥

अन्धम्। तमः। प्र। विशन्ति। ये। अविद्याम्। उपासतऽइत्युपऽआसते। ततः। भूयऽइवेति भूयःऽइव। ते। तमः। ये। ऊँऽ इत्यूँ। विद्यायाम्। रताः॥१२॥

पदार्थः—(अन्धम्) दृष्ट्यावरकम् (तमः) गाढमज्ञानम् (प्र) (विशन्ति) (ये) (अविद्याम्) अनित्याशुचिदुःखानात्मसु नित्यशुचिसुखात्मख्यातिरविद्येति ज्ञानादिगुणरहितं वस्तु कार्य्यकारणात्मकं जडं परमेश्वराद्भिन्नम् (उपासते) अभ्यस्यन्ति (ततः) (भूय इव) अधिकमिव (ते) (तमः) अज्ञानम् (ये) पण्डितंमन्यमानाः (उ) (विद्या-

याम्) शब्दार्थसम्बन्धविज्ञानमात्रेऽवैदिके आचरणे (रताः) रममाणाः॥ १२॥

अन्वयः–ये मनुष्या अविद्यामुपासते तेऽन्धन्तमः प्रविशन्ति ये विद्यायां रतास्त उ ततो भूय इव तमः प्रविशन्ति ॥ १२ ॥

भावार्थः–अत्रोपमालं०—यद्यच्चेतनं ज्ञानादिगुणयुक्तं वस्तु तज्ज्ञातृ यदविद्यारूपं तज्ज्ञेयं यच्च चेतनं ब्रह्म विद्वदात्मस्वरूपं वा तदुपासनीयं सेवनीयं च यदतो भिन्नं तन्नोपासनीयं किन्तूपकर्त्तव्यं । ये मनुष्या अविद्यास्मितारागद्वेषाभिनिवेशैः क्लेशैर्युक्तास्ते परमेश्वरं विहायातो भिन्नं जडं वस्तूपास्य महति दुःखसागरे मज्जन्ति ये च शब्दार्थान्वयमात्रं संस्कृतमधीत्य सत्यभाषणपक्षपातरहितन्यायाचरणाख्यं धर्मं नाचरन्त्यभिमानारूढाः सन्तो विद्यां तिरस्कृत्याऽविद्यामेव मन्यन्ते तेचाऽधिकतमसि दुःखार्णवे सततं पीडिता जायन्ते ॥ १२ ॥

पदार्थः—(ये) जो मनुष्य (अविद्याम्) अनित्य में नित्य अशुद्ध में शुद्ध, दुःख में सुख और अनात्मा शरीरादि में आत्मबुद्धिरूप अविद्या उस की अर्थात् ज्ञानादि गुण रहित कारणरूप परमेश्वर से भिन्न जड़ वस्तु की (उपासते) उपासना करते हैं वे(अन्धम्, तमः) दृष्टि के रोकने वाले अन्धकार और अत्यन्त अज्ञान को (प्र, विशन्ति) प्राप्त होते हैं और (ये) जो अपने आत्मा को पण्डित मानने वाले (विद्यायाम्) शब्द अर्थ, और इनके सम्बन्ध के जानने मात्र अवैदिक आचरण में (रताः) रमण करते (ते) वे (उ) भी (ततः) उस से (भूय इव) अधिकतर (तमः) अज्ञानरूपी अन्धकार में प्रवेश करते हैं ॥ १२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जो २ चेतन ज्ञानादि गुणयुक्त वस्तु है वह जानने वाला जो अविद्यारूप है वह जानने योग्य है और जो चेतन ब्रह्म तथा विद्वान् का आत्मा है वह उपासना के योग्य है जो इस से भिन्न है वह उपास्य नहीं है किन्तु उपकार लेने योग्य है। जो मनुष्य अविद्या अस्मिता राग द्वेष और अभिनिवेश नामक क्लेशों से युक्त हैं वे परमेश्वर को छोड़ इस से भिन्न जड़ वस्तु की उपासना कर महान् दुःखसागर में डूबते हैं और जो शब्द अर्थ

का अन्वय मात्र संस्कृत पढ़कर सत्यभाषण पक्षपात रहित न्याय का आचरण रूप धर्म नहीं करते अभिमान में आरूढ़ हुए विद्या का तिरस्कार कर अविद्या को ही मानते हैं वे अत्यन्त तमोगुणरूप दुःखसागर में निरन्तर पीडित होते हैं ॥ १२ ॥

अन्यदित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथ जड़चेतनयोर्विभागमाह ॥

अब जड़ चेतन का भेद कहते हैं ॥

अ॒न्यदे॒वाहुर्वि॒द्याया॑ अ॒न्यदा॑हु॒रवि॑द्यायाः ।
इति॑ शुश्रुम॒ धीरा॑णां॒ ये न॒स्तद्वि॑चचक्षि॒रे ॥१३॥

अ॒न्यत् । ए॒व । आ॒हुः । वि॒द्याया॑ः । अ॒न्यत् । आ॒हुः । अवि॑द्यायाः । इति॑ । शु॒श्रु॒म॒ । धीरा॑णाम् । ये । नः॒ । तत् । वि॒च॒च॒क्षि॒र॒ऽइति॑ विऽच॒च॒क्षि॒रे ॥ १३ ॥

पदार्थः—(अन्यत्) अन्यदेव कार्य्यं फलं वा (एव) (आहुः) कथयन्ति (विद्यायाः) पूर्वोक्तायाः (अन्यत्) (आहुः) (अविद्यायाः) पूर्वमंत्रेण प्रतिपादितायाः (इति) (शुश्रुम) श्रुतवन्तः (धीराणाम्) आत्मज्ञानां विदुषां सकाशात् (ये) (नः) अस्मभ्यम् (तत्) विद्याऽविद्याजं फलं द्वयोः स्वरूपं वा (विचचक्षिरे) व्याख्यातवन्तः ॥ १३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! ये विद्वांसो नो विचचक्षिरे विद्याया अन्यदाहुरविद्याया अन्यदेवाहुरिति तेषां धीराणां तद्वचो वयं शुश्रुमेति विजानीत ॥ १३ ॥

भावार्थः—ज्ञानादिगुणयुक्तस्य चेतनस्य सकाशाद्य उपयोगो भवितुं योग्यो न स अज्ञानयुक्तस्य जडस्य सकाशात् यच्च जडात्प्रयोजनं सिध्यति न तच्चेतनादिति सर्वैर्मनुष्यैर्विद्वत्सङ्गेन विज्ञानेन योगेन धर्माचरणेन चानयोर्विवेकं कृत्वोभयोरुपयोगः कर्त्तव्यः ॥ १३ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो ! जो विद्वान् लोग (नः) हमारे लिये (विचचक्षिरे) व्याख्या पूर्वक कहते थे (विद्यायाः) पूर्वोक्त विद्या का (अन्यत्) अन्य ही कार्य वा फल (आहुः) कहते थे (अविद्यायाः) पूर्व मंत्र से प्रतिपादन की अविद्या का (अन्यत्) अन्य फल (आहुः) कहते हैं इस प्रकार उन (धीराणाम्) आत्म ज्ञानी विद्वानों से (तत्) उस वचन को हम लोग (शुश्रुम) सुनते थे ऐसा जानो ॥ १३ ॥

भावार्थः—ज्ञानादि गुण युक्त चेतन से जो उपयोग होने योग्य है वह अज्ञान युक्त जड़ से कदापि नहीं और जो जड़ से प्रयोजन सिद्ध होता है वह चेतन से नहीं। सब मनुष्यों को विद्वानों के संग, योग, विज्ञान और धर्माचरण से इन दोनों का विवेक करके दोनों से उपयोग लेना चाहिये ॥ १३ ॥

विद्यामित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।

स्वराडुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयꣳ सह । अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते ॥१४॥

विद्याम् । च । अविद्याम् । च । यः । तत् । वेद । उभयम् । सह । अविद्यया । मृत्युम् । तीर्त्वा । विद्यया । अमृतम् । अश्नुते ॥ १४ ॥

पदार्थः-(विद्याम्) पूर्वोक्ताम् (च) तत्सम्बन्धिसाधनोपसाधनम् (अविद्याम्) प्रतिपादितपूर्वाम् (च) एतदुपयोगिसाधनकलापम् (यः) (तत्) (वेद) विजानीत (उभयम्) (सह) (अविद्यया शरीरादिजडेन-पदार्थसमूहेन कृतेन पुरुषार्थेन (मृत्युम्) मरणदुःखभयम् (तीर्त्वा) उल्लङ्घ्य (विद्यया) आत्मशुद्धान्तःकरणसंयोगधर्मजनितेन यथार्थदर्शनेन (अमृतम्) नाश रहितं स्वस्वरूपं परमात्मानं वा (अश्नुते) ॥ १४ ॥

अन्वयः-यो विद्वान् विद्यां चाऽविद्यां च तदुभयं सह वेद सोऽविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययामृतमश्नुते ॥ १४ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या विद्याऽविद्ये स्वरूपतो विज्ञायाऽनयोर्जडचेतनौ साधकौ वर्त्तेते इति निश्चित्य सर्वं शरीरादिजडं चेतनमात्मानं च धर्मार्थकाममोक्षसिद्धये सहैव संप्रयुञ्जते ते लौकिकं दुःखं विहाय पारमार्थिकं सुखं प्राप्नुवन्ति यदि जडं प्रकृत्यादिकारणं शरीरादि कार्यं वा न स्यात्तर्हि परमेश्वरो जगदुत्पत्तिं जीवः कर्मोपासने ज्ञानं च कर्तुं कथं शक्नुयात्तस्मान्न केवलेन जडेन न च केवलेन चेतनेनाथवा न केवलेन कर्मणा न केवलेन ज्ञानेन च कश्चिदपि धर्मादिसिद्धिं कर्त्तुं समर्थो भवति ॥ १४ ॥

पदार्थः—(यः) जो विद्वान् (विद्याम्) पूर्वोक्त विद्या (च) और उस के सम्बन्धी साधन उपसाधनों (अविद्याम्) पूर्व कही अविद्या (च) और इसके उपयोगी साधन समूह को और (तत्) उस ध्यानगम्य मर्म (उभयम्) इन दोनों को (सह) साथ ही (वेद) जानता है वह (अविद्यया) शरीरादि जड पदार्थ समूह से किये पुरुषार्थ से (मृत्युम्) मरणदुःख के भय को (तीर्त्वा) उल्लंघ कर (विद्यया) आत्मा और शुद्ध अन्तःकरण के संयोग में जो धर्म उस से उत्पन्न हुए यथार्थ दर्शनरूप विद्या से (अमृतम्) नाश रहित अपने स्वरूप वा परमात्मा को (अश्नुते) प्राप्त होता है ॥ १४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य विद्या और अविद्या को उनके स्वरूप से जानकर इन के जड़ चेतन साधक हैं ऐसा निश्चय कर सब शरीरादि जड़ पदार्थ और चेतन आत्मा को धर्म अर्थ काम और मोक्ष की सिद्धि के लिये साथ ही प्रयोग करते हैं वे लौकिक दुःख को छोड़ परमार्थ के सुख को प्राप्त होते हैं जो जड़ प्रकृति आदि कारण वा-शरीरादि कार्य्य न हो तो परमेश्वर जगत् कि उत्पत्ति और जीव कर्म उपासना और ज्ञान-के करने को कैसे समर्थ हों ? इस से न केवल जड़ न केवल चेतन से अथवा न केवल-कर्म से तथा न केवल ज्ञान से कोई धर्मादि पदार्थों की सिद्धि करने में समर्थ होता-है ॥ १४ ॥

वायुरित्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता ।
स्वराडुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥
अथ देहान्ते किं कार्य्यमित्याह ॥
अब देहान्त के समय क्या करना चाहिये इस वि० ॥

वायुरनिलममृतमथेदं भस्मान्तꣳ शरीरम् ।
ओ३म् क्रतो स्मर क्लिबे स्मर कृतꣳ स्मर ॥ १५ ॥

वायुः । अनिलम् । अमृतम् । अथ । इदम् । भस्मान्तमिति भस्मऽअन्तम् । शरीरम् । ओ३म् । क्रतो इति क्रतो । स्मर । क्लिबे । स्मर । कृतम् । स्मर ॥ १५ ॥

पदार्थः—(वायुः) धनंजयादिरूपः (अनिलम्) कारण-रूपं वायुम् (अमृतम्) नाशरहितं कारणम् (अथ) (इदम्) (भस्मान्तम्) भस्म अन्ते यस्य तत् (शरीरम्) यच्छीर्य्यते-

हिंस्यते तदाश्रयम् (ओ३म्) एतन्नामवाच्यमी-श्वरम् (क्रतो) यः करोति जीवस्तत्सम्बुद्धौ (स्मर) प-र्य्यालोचय (क्लिबे) स्वसामर्थ्याय (स्मर) (कृतम्) यदनु-ष्ठितम् (स्मर) तत् ॥ ५ ॥

अन्वयः–हे क्रतो! त्वं शरीरत्यागसमये (ओ३म्) स्मर क्लिबे परमात्मा-नं स्वस्वरूपं च स्मर कृतं स्मर । अत्रस्थो वायुरनिलममृतं धरति । अ-थेदं शरीरं भस्मान्तं भवतीति विजानीत ॥ १५ ॥

भावार्थः–मनुष्यैर्यथा मृत्युसमये चित्तवृत्तिर्जायते शरीरादात्मनः पृथग्भा-वश्च भवति तथैवेदानीमपि विज्ञेयम् । एतच्छरीरस्य भस्मान्ता क्रिया कार्य्या नातो दहनात्परः कश्चित्संस्कारः कर्त्तव्यो वर्त्तमानसमय एकस्य परमेश्वरस्यैवाज्ञा-पालनमुपासनं स्वसामर्थ्यवर्द्धनञ्चैव कार्य्यम् । कृतं कर्म विफलं न भवतीति मत्वाधर्मेरुचिरधर्मेऽप्रीतिश्च कर्त्तव्या ॥ १५ ॥

पदार्थः–हे (क्रतो) कर्म करने वाले जीव तू शरीर छूटते समय (ओ३म्) इस नाम वाच्य ईश्वर को (स्मर) स्मरण कर (क्लिबे) अपने सामर्थ्य के लिये पर-मात्मा और अपने स्वरूप का (स्मर) स्मरण कर (कृतम्) अपने किये का (स्मर) स्मरण कर । इस संसार का (वायुः) धनंजयादिरूप वायु (अनिलम्) कारणरूप वायु को कारणरूप वायु (अमृतम्) अविनाशी कारण को धारण करता (अथ) इ-सके अनन्तर (इदम्) यह (शरीरम्) नष्ट होने वाला सुखादि का आश्रय शरीर (भस्मान्तम्) अन्त में भस्म होने वाला होता है ऐसा जानो ॥ १५ ॥

भावार्थः–मनुष्यों को चाहिये कि जैसी मृत्यु समय में चित्त की वृत्ति होती है और शरीर से आत्मा का पृथक् होना होता है वैसे ही इस समय भी जानें । इस शरीर को जलाने पर्य्यन्त क्रिया करें । जलाने पश्चात् शरीर का कोई संस्कार न करें । वर्त्तमान समय में एक परमेश्वर की ही आज्ञा का पालन उपासना और अपने सामर्थ्य को बढ़ाया करें । किया हुआ कर्म निष्फल नहीं होता ऐसा मान कर धर्म में रुचि और अधर्म में अप्रीति किया करें ॥ १५ ॥

अग्ने नयेत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः। आत्मा देवता।
निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः॥
ईश्वरः काननुगृह्णातीत्याह॥
ईश्वर किन मनुष्यों पर कृपा करता है इस वि०॥

अग्ने नय॑ सुपथा॑ रा॒ये अ॒स्मान्विश्वा॑नि देव व॒युना॑नि वि॒द्वान्। यु॒यो॒ध्य॒स्मज्जु॑हुरा॒णमेनो॒ भूयि॑ष्ठां ते॒ नम॑उक्तिं विधेम॥ १६॥

अग्ने॑। नय॑। सुपथेति॑ सु॒ऽपथा॑। रा॒ये। अ॒स्मान्। विश्वा॑नि। दे॒व। व॒युना॑नि। वि॒द्वान्। यु॒यो॒धि। अ॒स्मत्। जु॒हु॒रा॒णम्। एनः॑। भूयि॑ष्ठाम्। ते॒। नम॑ऽउक्तिमिति॒ नमः॑ऽउक्तिम्। वि॒धे॒म॥ १६॥

पदार्थः—(अग्ने) स्वप्रकाशस्वरूप करुणामयजगदीश्वर! (नय) गमय (सुपथा) धर्म्येण मार्गेण (राये) विज्ञानाय धनाय वसुसुखाय (अस्मान्) जीवान् (विश्वानि) अखिलानि (देव) दिव्यस्वरूप (वयुनानि) प्रशस्यानि प्रज्ञानानि। वयुनमिति प्रशस्य ना० निघं० ३। ८ प्रज्ञानामसु निघं० ३। ९ (विद्वान्) यः सर्वं वेत्ति सः (युयोधि) पृथक्कुरु (अस्मत्) अस्माकं सकाशात्

(जुहुराणम्) कौटिल्यम् (एनः) पापाचरणम् (भूयिष्ठाम्) बहुतमाम् (ते) तुभ्यम् (नमउक्तिम्) सत्कारपुरःसरां प्रशंसाम् (विधेम) परिचरेम ॥ १६ ॥

अन्वयः—हे देवाग्ने परमेश्वर! यतो वयं ते भूयिष्ठां नमउक्तिं विधेम तस्माद्विद्वांस्त्वमस्मज्जुहुराणमेनो युयोध्यस्मान् राये सुपथा विश्वानि वयुनानि नय माप्य ॥ १६ ॥

भावार्थः—ये सत्यभावेन परमेश्वरमुपासते यथासामर्थ्यं तदाज्ञां पालयन्ति सर्वोपरि सत्कर्त्तव्यं परमात्मानं मन्यन्ते तान् दयालुरीश्वरः पापाचरणमार्गात्पृथक्कृत्य धर्म्यमार्गे चालयित्वा विज्ञानं दत्वा धर्मार्थकाममोक्षान् साद्धुं समर्थान् करोति तस्मात् सर्वे एकमद्वितीयमीश्वरं विहाय कस्याप्युपासनं कदाचिन्नैव कुर्युः ॥ १६ ॥

पदार्थः—हे (देव) दिव्यस्वरूप (अग्ने) प्रकाशस्वरूप करुणामय जगदीश्वर ! जिससे हम लोग (ते) आप के लिये (भूयिष्ठाम्) अधिकतर (नमउक्तिम्) सत्कार पूर्वक प्रशंसा का (विधेम) सेवन करें । इससे (विद्वान्) सब को जानने वाले आप (अस्मत्) हम लोगों से (कुटिलतारूप (एनः) पापाचरण को (युयोधि) पृथक् कीजिये (अस्मान्) हम लोगों को (राये) विज्ञान धन वा धन से हुए सुख के लिये (सुपथा) धर्मानुकूल मार्ग से (विश्वानि) समस्त (वयुनानि) प्रशस्त ज्ञानों को (नय) प्राप्त कीजिये ॥ १६ ॥

भावार्थः—जो सत्यभाव से परमेश्वर की उपासना करते यथाशक्ति उसकी आज्ञा का पालन करते और सर्वोपरि सत्कार के योग्य परमात्मा को मानते हैं उनको दयालु ईश्वर पापाचरणमार्ग से पृथक् कर धर्मयुक्त मार्ग में चला के विज्ञान देकर धर्म अर्थ काम और मोक्ष को सिद्ध करने के लिये समर्थ करता है इससे एक अद्वितीय ईश्वर को छोड़ किसी की उपासना कदापि न करें ॥ १६ ॥

हिरण्मयेनेत्यस्य दीर्घतमा ऋषिः । आत्मा देवता । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

अथान्ते मनुष्यानीश्वर उपदिशति ॥
अब अन्त में मनुष्यों को ईश्वर उपदेश करता है ॥

हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम् ।
योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽसावहम् । ओ३म् खं ब्रह्म ॥ १७ ॥

हिरण्मयेन । पात्रेण । सत्यस्य । अपिहितमित्यपिऽहितम् । मुखम् । यः । असौ । आदित्ये । पुरुषः । सः । असौ । अहम् । ओ३म् । खम् । ब्रह्म ॥ १७ ॥

पदार्थः—(हिरण्मयेन) ज्योतिर्मयेन (पात्रेण) रक्षकेण (सत्यस्य) अविनाशिनः यथार्थस्य कारणस्य (अपिहितम्) आच्छादितम् (मुखम्) मुखवदुत्तमाङ्गम् (यः) (असौ) (आदित्ये) प्राणे सूर्यमण्डले वा (पुरुषः) पूर्णः परमात्मा (सः) (असौ) (अहम्) (ओ३म्) योऽवति सकलं जगत्तदाख्या (खम्) आकाशवद्व्यापकम् (ब्रह्म) सर्वेभ्यो गुणकर्मस्वरूपतो बृहत् ॥१७॥

अन्वयः—हे मनुष्या ! येन हिरण्मयेन पात्रेण मया सत्यस्यापिहितं मुखं विक्रियते योऽसावादित्ये पुरुषोऽस्ति सोऽसावहं खम्ब्रह्मास्म्यो३मिति विजानीत ॥१७॥

भावार्थः—सर्वान्मनुष्यान् प्रतीश्वर उपदिशति । हे मनुष्या ! योऽहमत्राऽस्मि स एवान्यत्र सूर्यादौ योऽन्यत्र सूर्यादावस्मि स एवाऽत्राऽस्मि सर्वत्र

परिपूर्णः खवद्व्यापको न मत्तः किञ्चिदन्यद्बृहदहमेव सर्वेभ्यो महानस्मि मदीयं सुलक्षणपुत्रवत्प्राणप्रियं निजस्य नामों ३ मिति वर्त्तते यो मम प्रेमसत्याचरणभावाभ्यां शरणं गच्छति तस्यान्तर्यामिरूपेणाहमविद्यां विनाश्य तदात्मानं प्रकाश्य शुभगुणकर्मस्वभावं कृत्वा सत्यस्वरूपावरणं स्थापयित्वा शुद्धं योगजं विज्ञानं दत्वा सर्वेभ्यो दुःखेभ्यः पृथक्कृत्य मोक्षसुखं प्रापयामीत्योंइम् ॥ १७ ॥

अत्रेश्वरगुणवर्णनमधर्मत्यागोपदेशः सर्वदा सत्कर्मानुष्ठानावश्यकत्वमधर्माचरणनिन्दा परमेश्वरस्यातिसूक्ष्मस्वरूपदर्शनं विदुषा ज्ञेयत्वमविदुषामविज्ञेयत्वं सर्वत्रात्मभावेन हिंसाधर्मपालनं तेन मोहशोकादित्याग ईश्वरस्य जन्मादिदोषराहित्यं वेदविद्योपदेशः [illegible] कार्य्यकारणात्मकस्य जडस्योपासननिषेधस्ताभ्यां कार्य्यकारणाभ्यां मृत्युं [illegible] र्य्यं मोक्षसिद्धिकरणं जडवस्तुन उपासननिषेधश्चेतनोपासनविधिः [illegible] ज्ञानाऽऽवश्यकत्वं शरीरस्वभाववर्णनं समाधिना परमेश्वरमा- [illegible] रीरत्यागकरणं शरीरदाहादूर्ध्वमन्यक्रियानुष्ठाननिषेधोऽधर्मत्या- [illegible] परमेश्वरप्रार्थनमीश्वरस्वरूपवर्णनं सर्वेभ्यो नामभ्य ओ३मि- [illegible] त्वं च कृतमत एतदर्थस्य पूर्वाऽध्यायोक्तार्थेन सह सङ्ग- [illegible]

[illegible] मनुष्यो ! जिस हिरण्मयेन ज्योतिःस्वरूप (पात्रेण) रक्षक मुझ से [illegible] विनाशी यथार्थ कारण के (अपिहितम्) आच्छादित (मुखम्) मुख [illegible] म अंग का प्रकाश किया जाता (यः) जो (असौ) वह (आदित्ये) प्राण वा सूर्य्यमण्डल में (पुरुषः) पूर्ण परमात्मा है (सः) वह (असौ) परोक्ष रूप (अहम्) मैं (खम्) आकाश के तुल्य व्यापक (ब्रह्म) सब से गुण, कर्म और स्वरूप करके अधिक हूं (ओ३म्) सब का रक्षक जो मैं उस का (ओ३म्) ऐसा नाम जानो ॥ १७ ॥

भावार्थः—सब मनुष्यों के प्रति ईश्वर उपदेश करता है कि हे मनुष्यो ! जो मैं यहां हूं वही अन्यत्र सूर्य्यादि लोक में जो अन्यत्र सूर्य्यादि लोक में हूं वही यहां हूं सर्वत्र परिपूर्ण आकाश के तुल्य व्यापक मुझ से भिन्न कोई बड़ा नहीं मैं ही सब से बड़ा हूं । मेरे सुलक्षणों से युक्त पुत्र के तुल्य प्राणों से प्यारा मेरा निज का नाम

"ओ३म्" यह है जो मेरा प्रेम और सत्याचरण भाव से शरण लेता उस को अन्तर्यामिरूप से मैं अविद्या का विनाश कर उस के आत्मा का प्रकाश करके शुभ गुण कर्म स्वभाव वाला कर सत्यस्वरूप का आवरण स्थिर कर योग से हुए विज्ञान को दे और सब दुःखों से अलग करके मोक्ष सुख को प्राप्त करता हूं। इति ॥ १७ ॥

इस अध्याय में ईश्वर के गुणों का वर्णन अधर्म त्याग का उपदेश सब काल में सत् कर्म के अनुष्ठान की आवश्यकता, अधर्माचरण की निन्दा, परमेश्वर के अति सूक्ष्म स्वरूप का वर्णन, विद्वान् को जानने योग्य का होना, अविद्वान् को अज्ञेयपन का होना, सर्वत्र आत्मा जान के अहिंसाधर्म की रक्षा, उस से मोह शोकादि का त्याग, ईश्वर का जन्मादि दोष रहित होना, वेद विद्या का उपदेश, कार्य्य कारणरूप जड़ जगत् की उपासना का निषेध, उन कार्य्य कारणों से मृत्यु का निवारण कर [illegible] सिद्धि करना, जड़ वस्तु की उपासना का निषेध, चेतन की उपासना [illegible] चेतन दोनों के स्वरूप के जानने की आवश्यकता, शरीर के स[illegible] से परमेश्वर को अपने आत्मा में धर के शरीर त्यागना, [illegible] क्रिया के अनुष्ठान का निषेध, अधर्म के त्याग और धर्म के [illegible] प्रार्थना, ईश्वर के स्वरूप का वर्णन और सब नामों से "ओ३म् [illegible] का प्रतिपादन किया है। इस से इस अध्याय में कहे अर्थ की पूर्वा[illegible] के साथ सङ्गति है यह जानना चाहिये ॥

इति श्रीमत्परमहंसपरिव्राजकाचार्य्याणां श्रीपरमविदुषां विरजानन्दसरस्वतीस्वामिनां शिष्येण श्रीमद्दयानन्दसरस्वती स्वामिना निर्मिते संस्कृतार्य्यभाषाभ्यां समन्विते सुप्रमाणयुक्ते यजुर्वेदभाष्ये चत्वारिंशत्तमोऽध्यायः समाप्तः। समाप्तश्चायंग्रन्थ इति ॥

[illegible] में छपना आरम्भ हुआ [illegible]

[illegible] में छपकर समाप्त हुआ

विज्ञापन ॥

पहिले कमीशन में पुस्तकें मिलती थीं अब नक़द रुपया मिलेगा ॥
डाक महसूल सब का मूल्य से अलग देना होगा ॥

विक्रयार्थ पुस्तकें	मूल्य
ऋग्वेदभाष्य (९ भाग)	३६)
यजुर्वेदभाष्य सम्पूर्ण	१६)
ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका	१।)
वेदाङ्गप्रकाश १४ भाग	४।≡)॥।
अष्टाध्यायी मूल	≡)॥
पंचमहायज्ञविधि	-)॥
निरुक्त	॥=)
शतपथ (१ काण्ड)	।)
संस्कृतवाक्यप्रबोध	=)
व्यवहारभानु	=)
भ्रमोच्छेदन	)॥।
अनुभ्रमोच्छेदन	)॥
सत्यधर्मविचार (मेला चांदापुर) नागरी	-)
" उर्दू	-)
आर्योद्देश्यरत्नमाला (नागरी)	)।
" (मरहठी)	-)
" (अंग्रेज़ी)	)॥।
गोकरुणानिधि	-)
स्वामीनारायणमतखण्डन	-)॥
हवनमन्त्र	)।

विक्रयार्थ पुस्तकें	मूल्य
सत्यार्थप्रकाश	१॥)
संस्कारविधि	॥)
विवाहपद्धति	।)
आर्याभिविनय	≡)
शास्त्रार्थ फीरोजाबाद	-)॥
आ० स० के नियमोपनियम	)।
वेदविरुद्धमतखण्डन	=)
वेदान्तिध्वान्तनिवारण नागरी	)॥।
" अंग्रेज़ी	-)
भ्रान्तिनिवारण	-)
शास्त्रार्थकाशी	)॥।
स्वमन्तव्यामन्तव्यप्रकाश नागरी	)॥
तथा अंग्रेज़ी	)।
मूलवेद साधारण	५)
तथा बढ़िया	५॥)
अनुक्रमणिका	१॥)
सत्यार्थप्रकाश (बंगला)	१॥)
शतपथब्राह्मण पूरा	४)
ईशादिदशोपनिषद् मूल	॥=)

पुस्तक मिलने का पता—

प्रबन्धकर्त्ता
वैदिक यन्त्रालय
अजमेर